आश्विन शुक्ल पक्ष प्रतिपदा 02:58 उपरांत द्वितीया विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

गुरुवार, 3 अक्टूबर 2024

वर्ष 3 , अंक 44, पृष्ठ 16

2 राज्य, 6 संस्करण


मूल्य 5 रुपये

# अमृत विचार

कानपुर नगर

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



थालापति 69 में विजय के साथ काम करेंगी पूजा 15

हमारे सबसे नजदीकी तारे का भी है सौर परिवार 16

## एक नजर

### कोटा के संभागीय आयुक्त के ठिकानों पर तलाशी

**जयपुर।** भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) की कई टीम ने बुधवार को कोटा के संभागीय आयुक्त राजेंद्र विजय से जुड़े कई ठिकानों पर तलाशी ली और 13 आवासीय/व्यावसायिक भूखंडों के दस्तावेज बरामद किए। टीम ने 2.22 लाख रुपये, 335 ग्राम सोने के आभूषण, 11.8 किलोग्राम चांदी के आभूषण और तीन चार पहिया वाहन के अलावा जीवन बीमा पॉलिसी में निवेश संबंधी दस्तावेज, 16 बैंक खाते और एक बैंक लॉकर के दस्तावेज बरामद किए। बताया जा रहा है कि लॉकर की तलाशी अभी ली जानी है। एसीबी ने कोटा संभागीय आयुक्त राजेंद्र विजय के खिलाफ आय से अधिक संपत्ति का मामला दर्ज किया था।

### पंजाब में किसानों का रेल रोको आंदोलन आज

**जैतो।** पंजाब के जैतो में विभिन्न मांगों को लेकर किसान संगठनों ने गुरुवार को दोपहर 12 से ढाई बजे तक रेल रोको आंदोलन का एलान किया है। भारतीय किसान यूनियन एकता सिद्धपुर के प्रदेश अध्यक्ष जगजीत सिंह डल्लेवाल ने बताया कि तीन कृषि कानून वापस लेते समय किसान संगठनों से किए समझौते का पालन न होने, लखीमपुर खीरी कांड में पांच लोगों को कुचल दिए जाने के मामले में ठोस कार्रवाई न होने तथा एमएसपी की गारंटी कानून समेत मुद्दों को लेकर रेल रोको आंदोलन किया जाएगा।

### राजस्थान में कई जगहों पर बम विस्फोट की धमकी

**जयपुर।** राजस्थान में कई जगहों और रेलवे स्टेशनों पर बम विस्फोट करने की धमकी वाला पत्र मिलने के बाद सुरक्षा एजेंसियां सतर्क हो गई हैं। हनुमानगढ़ रेलवे स्टेशन पर मंगलवार को धमकी वाला पत्र मिला। पत्र में दो नवंबर को राजस्थान व मध्य प्रदेश में भी धार्मिक स्थलों में बम विस्फोट की धमकी दी गई है। हनुमानगढ़ के एएसपी प्यारे लाल मीणा ने बताया कि पत्र डाक के जरिए हनुमानगढ़ स्टेशन मास्टर को भेजा गया।

### दिल्ली हवाई अड्डे पर 26 आईफोन मोबाइल जब्त

**नई दिल्ली।** दिल्ली के अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर सीमा शुल्क अधिकारियों ने एक महिला यात्री के बैग में छिपाकर रखे गए आईफोन-16 प्रो मैक्स के 26 मोबाइल फोन जब्त किए। सीमा शुल्क विभाग द्वारा बुधवार को जारी बयान के मुताबिक हांगकांग से दिल्ली आ रही एक महिला यात्री को मंगलवार को इंदिरा गांधी अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर रोका गया। महिला की उम्र 35 से 40 के बीच बताई गई है। सामान की तलाशी पर बैग में टिशू पेपर में लपेटकर रखे गए आईफोन 16 प्रो मैक्स के 26 मोबाइल बरामद हुए।

### मणिपुर के उखरुल में हिंसा, तीन की मौत

**इंफाल।** स्वच्छता अभियान के तहत उखरुल शहर में एक भूखंड की सफाई को लेकर बुधवार को दो समूहों के बीच हुई गोलीबारी में ड्यूटी पर तैनात मणिपुर राइफल्स के एक कर्मी सहित तीन लोगों की मौत हो गई और पांच घायल हो गए। झड़प के बाद निषेधाज्ञा लागू कर दी गई और एक दिन के लिए शहर में मोबाइल इंटरनेट सेवाएं निलंबित कर दी गईं। झड़प में पांच अन्य लोग घायल भी हो गए। अधिकारियों ने बताया कि दोनों पक्ष नगा समुदाय से संबंध रखने वाले अलग-अलग गांव के हैं।

## सड़क को गड्ढामुक्त न करने पर मैनपुरी के दो एई निलंबित

- बलिया में स्वीकृत लंबाई से कम मिली सड़क, एई-जेई पर निलंबन की कार्रवाई

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** शासन ने राज्य की क्षतिग्रस्त सड़कें ठीक नहीं कर पाने का दोषी ठहराते हुए मैनपुरी के दो सहायक अभियंताओं (एई) विनोद कुमार और शिवओम को निलंबित कर दिया है। ये दोनों एई वहां के निर्माण खंड-3 में कार्यरत हैं। इटावा-मैनपुरी राज्य मार्ग, सिरसागंज-किशनी-विधुना राज्य मार्ग, करहल-कुरावली मार्ग और किशनी-जसराना और कीरतपुर-उखांड मार्ग में कई स्थानों पर गड्ढे होने, काम की गुणवत्ता संतोषजनक न होने और समय से काम पूरा न होने के चलते शासन ने इन पर कार्रवाई की है।

वहीं बलिया में स्वीकृत लंबाई से कम काम होने पर भी ठेकेदार को भुगतान किए जाने पर एई बाबर अली और अवर अभियंता (जेई) राहुल सिंह को निलंबित कर दिया गया है। इस बीच यूपी पावर ऑफिसर्स एसोसिएशन ने खंड और सर्कल में दो से तीन महीने काम करने के बाद ही अभियंताओं के खिलाफ निलंबन की कार्रवाई करने पर नाराजगी जताई है।

## न मांग न ही खरीदार, सोना-चांदी भर रही रफ्तार

### सोना 78,000 प्रति दस ग्राम तो चांदी 93, 800 रुपये प्रति किलो, चढ़ती कीमतों से आमजन को चुभ रही सोने-चांदी की चमक

नीरज मिश्र, लखनऊ

- बढ़ते रेट से रोजमर्रा के ग्राहक बाजार में होने लगे कम



**अमृत विचार:** न डिमांड न खरीदार, फिर भी सोने और चांदी की कीमतें रफ्तार बनाए हुए है। वैश्विक पटल पर बनती बडे. युद्ध की विभीषिका से मची उथल-पुथल ने इन दोनों धातुओं की चमक बाजार में इस कदर बढ़ा दी है कि आमजन की पहुंच से अब यह धीरे-धीरे दूर होती जा रही हैं।

जेवरात की खरीदारी आमजन के बजट और जेब पर भारी पड़ती नजर आ रही है। बची कसर बड़े निवेशकों का सोने के प्रति बढ़ता रुझान इसकी चमक को और बढ़ाए हुए है। दशकों बाद पीली और सफेद धातु अपनी सर्वोच्च ऊंचाईयों की ओर बढ़ती नजर आ रही है।

> कीमतों की गति को देखते हुए सर्राफा बाजार अपने चर्मोत्कर्ष की ओर बढ़ता दिख रहा है। मध्य-पूर्व में युद्ध के माहौल ने दोनों धातुओं की चमक बढ़ा दी है। इससे आमजन तो सोने और चांदी की कीमतों को देखकर बड़ी खरीदारी के लिए निर्णय नहीं ले पा रहा है। जैसे-जैसे वैश्विक अनिश्चितता का माहौल बढ़ेगा और सोना और चढ़ेगा। फेड में ब्याज दरों की कटौती भी एक बड़ा कारण है।
> **-सुरेंद्र मेहता,** नेशनल सेक्रेटरी, इब्जा

सोना जहां 78,000 रुपये प्रति दस ग्राम तो चांदी 93,800 रुपये प्रति किलो हो गई है। इसमें तीन प्रतिशत जीएसटी शामिल है।

**लखनऊ सर्राफा बाजार में सोने का भाव**

| माह | सोने की कीमत (प्रति10 ग्राम जीएसटी समेत) |
|---|---|
| 26 सितंबर | 77,100 |
| 02 अक्टूबर | 78,000 |

(नोट- ये आंकडे इब्जा की ओर से दिए गए हैं। इनमें 3 प्रतिशत जीएसटी जुड़ी है।)

स्वर्ण धातु की चमक जहां निरंतर बढ़ रही है तो चांदी भी पीछे नहीं है। सोने के भाव के साथ चांदी भी अपनी नई कीमतों के साथ कदमताल कर रही है। चांदी का भी शानदार प्रदर्शन जारी है। इंडिया बुलियन एंड ज्वैलर्स एसोसिएशन के स्टेट हेड अनुराग रस्तोगी कहते हैं, '' यह सही है कि अब बाजार में आम ग्राहक कम हैं। बढ़ती युद्ध की विभीषिका में अमेरिका और रूस की इंट्री से मची वैश्विक उथल-पुथल ने दोनों धातुओं की कीमतें बढ़ानी शुरू कर दी हैं। कीमतें कहां रुकेंगी, यह कहना मुश्किल है। जल्द ही सोना 80 हजार रुपये प्रति दस ग्राम के भाव को पार करता नजर आएगा तो चांदी भी कीमतों में सिक्स फीगर को छूती दिखेगी।

# बरेली में अवैध पटाखा फैक्ट्री में धमाके से उड़े पांच घर, 3 की मौत

### सिरौली क्षेत्र के कल्याणपुर में हादसा, चार गंभीर, बचाव कार्य में जुटी एसडीआरएफ और पुलिस

- तीन लोगों के मलबे में ही दबे होने की आशंका, कई हैं लापता
- दिवाली नजदीक होने से पटाखों का बड़ा स्टॉक घर में मौजूद था

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** सिरौली के गांव कल्याणपुर के एक घर में अवैध रूप से पटाखे बनाते समय एक के बाद एक हुए भीषण धमाकों से पांच मकान जमींदोज हो गए। इन घरों में मौजूद तीन महिलाओं की मौत हो गई और चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए।

तीन लोगों के मलबे में दबे होने की आशंका है। एसडीआरएफ की टीम अग्निशमन, पुलिस और राजस्व विभाग की टीमों के साथ देर रात तक रेस्क्यू ऑपरेशन में जुटी हुई थी। जेसीबी से मलबा हटाया जा रहा है। पटाखों में हुए धमाके इतने जबर्दस्त थे कि उनकी गूंज करीब दो किमी दूर तक सुनी गई। हादसा बुधवार दोपहर करीब 3.40 बजे रहमान शाह के घर में हुआ जहां पटाखे बनाए जा रहे थे। दिवाली नजदीक होने की वजह से पहले से बने पटाखों का बड़े पैमाने पर स्टॉक मौजूद था। गांव के लोगों के मुताबिक पहला ही विस्फोट इतना जबर्दस्त था कि रहमान के घर की छत और दीवारें उड़ गईं। इसके बाद एक-एक कर कई धमाके हुए और कुछ ही देर में आसपास के चार और घर मलबे के ढेर में तब्दील हो गए। घर में इस दौरान रहमान, उसकी पत्नी छोटी बेगम, बेटे वाहिद की पत्नी तबस्सुम और दो नाती हसन और हस्सान के अलावा बेटी फातिमा और उसका पति नाजिम, नाजिम का भाई नासिर और उसकी पत्नी सितारा मौजूद थे। हादसे में तब्बुसुम और सितारा के साथ पड़ोस के घर में रहने वाली रुखसाना की मौत हो गई। बाकी सभी गंभीर रूप से घायल हो गए। पड़ोस के घरों में कई लोगों के घायल होने की खबर है। कई लोग लापता बताए जा रहे हैं। इनमें रहमान के घर में पटाखे बना रहे उसके दामाद नासिर और दोनों नातियों समेत तीन लोगों के मलबे में दबे होने की आशंका जताई जा रही है। चार गंभीर घायलों को जिला अस्पताल भेजा गया है।



कल्याणपुर गांव में धमाके से क्षतिग्रस्त हुए मकान का मलबा। ● अमृत विचार

### पटाखों के अवैध भंडारण के खिलाफ चलेगा अभियान

**लखनऊ।** बरेली में पटाखा फैक्ट्री में विस्फोट की घटना को गंभीरता से लेते हुए डीजीपी प्रशांत कुमार ने एडीजी, आईजी, पुलिस कमिश्नरेट के अधिकारियों और जिलों के पुलिस कप्तानों को पटाखों के अवैध भंडारण के खिलाफ अभियान चलाने के लिए निर्देशित किया है। डीजीपी ने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बरेली से घटना के संबंध में विस्तृत रिपोर्ट भी मांगी है।

### मुख्यमंत्री ने परिजनों के प्रति जताई संवेदना

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने हादसे का संज्ञान लेने के साथ मृतकों के शोकसंतप्त परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त की है। मुख्यमंत्री ने घायलों का समुचित इलाज कराने का निर्देश दिया है। इसके साथ जिला प्रशासन के अधिकारियों को निर्देश दिया कि घायलों को तत्काल अस्पताल पहुंचाकर उनका समुचित उपचार कराया जाए। इसके बाद एडीजी रमित शर्मा, आईजी राकेश सिंह, डीएम रविंद्र कुमार, एसएसपी अनुराग आर्य समेत कई अफसर कल्याणपुर पहुंचे।

## विदेश में काली कमाई के बदले देश में संपत्ति कुर्क कर सकेगी ईडी

- मद्रास उच्च न्यायालय ने दिया फैसला

**चेन्नई।** मद्रास उच्च न्यायालय ने कहा है कि प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) धनशोधन जांच के तहत और देश के आर्थिक हित में, आपराधिक गतिविधियों के जरिए विदेश में बनाई गई संपत्तियों के बदले देश में उपलब्ध उसके बराबर मूल्य की वैध संपत्तियों को कुर्क कर सकता है। अदालत ने चेन्नई स्थित तीन कंपनियों की ओर से दायर याचिका पर सुनवाई के दौरान यह बात कही, जिसमें तर्क दिया गया था कि उनसे संबंधित व्यक्तियों और शेयरधारकों द्वारा किए गए कथित अपराधों के लिए उन्हें 'उत्तरदायी' नहीं ठहराया जा सकता है।

इन कंपनियों ने कहा कि ईडी द्वारा जब्त की गई उनकी संपत्तियां उनसे जुड़े कथित बैंक ऋण धोखाधड़ी अपराध के काफी पहले खरीदी गई थीं। न्यायमूर्ति एस एम सुब्रमण्यम और न्यायमूर्ति वी शिवगनम की खंडपीठ ने मंगलवार को एक आदेश जारी करते हुए कहा कि धनशोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) की धारा 2(1)(यू) के तहत यह पूरी तरह स्पष्ट है कि ऐसी किसी संपत्ति या उसके समतुल्य मूल्य की 'देश या विदेश में रखी गई' संपत्ति का मूल्य भी 'अपराध से आय' के रूप में समझा जाएगा।

## स्वच्छ भारत बना दुनिया का सबसे सफल जनांदोलन

नई दिल्ली, एजेंसी

- प्रधानमंत्री ने 9,600 करोड़ रुपये की परियोजनाओं का किया उद्घाटन-शिलान्यास

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को स्वच्छ भारत अभियान को इस सदी में दुनिया का सबसे बड़ा और सबसे सफल जन आंदोलन करार दिया। उन्होंने कहा कि विकसित भारत की यात्रा में हर प्रयास 'स्वच्छता से संपन्नता' के मंत्र को मजबूत करेगा। प्रधानमंत्री ने स्वच्छ भारत अभियान आरंभ होने के 10 साल पूरे होने पर यहां एक कार्यक्रम में स्वच्छता से संबंधित 9,600 करोड़ रुपये से अधिक की लागत वाली कई परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया।

प्रधानमंत्री ने अपने संबोधन में स्वच्छता को हर नागरिक के जीवन का अभिन्न अंग बनाते हुए भावी पीढ़ियों में इस मूल्य का संचार करने पर भी जोर दिया। उन्होंने कहा कि आज से एक हजार साल बाद भी जब 21वीं सदी के भारत का अध्ययन होगा तो उसमें स्वच्छ भारत अभियान को जरूर याद किया जाएगा। स्वच्छ भारत मिशन इस सदी में दुनिया का सबसे बड़ा और सबसे सफल जनभागीदारी वाला जन आंदोलन है। इस मिशन ने मुझे ईश्वररूपी जनता-जनार्दन की साक्षात ऊर्जा के भी दर्शन कराए हैं। मोदी ने कहा कि मुख्यमंत्रियों, मंत्रियों और अन्य प्रतिनिधियों ने इस राष्ट्रीय प्रयास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। उन्होंने स्वच्छता पर विशेष ध्यान न देने के लिए कांग्रेस की पूर्ववर्ती सरकारों पर भी निशाना साधा। कहा कि उसने आजादी मिलने के बाद महात्मा गांधी के नक्शे कदम पर चलने का दावा किया, लेकिन उनके दृष्टिकोण की उपेक्षा की।



### स्वच्छता के मुद्दे को लाल किले की प्राचीर से उठाया तो मेरा मजाक उड़ाया गया

प्रधानमंत्री ने कहा कि उन्होंने लाल किले की प्राचीर से स्वच्छता के मुद्दे को उठाया था, लेकिन उनका मजाक उड़ाया गया और कहा गया कि शौचालय के बारे में बात करना प्रधानमंत्री का काम नहीं है। उन्होंने कहा कि लेकिन मैं नहीं रुकूंगा। भारत के प्रधानमंत्री के रूप में मेरी सर्वोच्च प्राथमिकता मेरे साथी नागरिकों के जीवन को आसान बनाना है।

## पुणे में हेलीकॉप्टर क्रैश, तीन की मौत

पुणे, एजेंसी

- मृतकों में हेलीकॉप्टर के दो पायलट और एक इंजीनियर



महाराष्ट्र के पुणे जिले में बुधवार सुबह एक निजी विमानन कंपनी के हेलीकॉप्टर के दुर्घटनाग्रस्त हो जाने और उसमें आग लगने से दो पायलट और एक इंजीनियर समेत कुल तीन लोगों की मौत हो गई। लोकसभा सदस्य और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) के प्रदेश अध्यक्ष सुनील तटकरे को बुधवार को उसी हेलीकॉप्टर से मुंबई से रायगढ़ जाना था। इसे उनकी पार्टी ने किराये पर लिया था।

पुलिस ने बताया कि दिल्ली स्थित निजी कंपनी हेरिटेज एविएशन के हेलीकॉप्टर ने यहां ऑक्सफोर्ड काउंटी गोल्फ कोर्स हेलीपैड से उड़ान भरी और वह मुंबई के जुहू जा रहा था। इस दौरान सुबह 7:40 बजे वह दुर्घटनाग्रस्त हो गया। घटना ऑक्सफोर्ड गोल्फ कोर्स के नजदीक बावधन क्षेत्र के एक पहाड़ी इलाके के पास हुई। पिंपरी चिंचवड़ के पुलिस आयुक्त विनय कुमार चौबे ने कहा कि हादसे में तीन लोगों की मौत हो गई है। पुलिस उपायुक्त विशाल गायकवाड़ ने बताया कि मृतकों में हेलीकॉप्टर के दो पायलट और एक इंजीनियर शामिल हैं। मृतकों की पहचान गिरीश कुमार, प्रीतम सिंह भारद्वाज और परमजीत सिंह के रूप में हुई है। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, क्षेत्र में कोहरे के कारण हेलीकॉप्टर दुर्घटनाग्रस्त हुआ।

### पानी में हेलीकॉप्टर की हुई इमरजेंसी लैंडिंग

**मुजफ्फरपुर।** भारतीय वायुसेना के एक हेलीकॉप्टर में खराबी आने के बाद बुधवार को बिहार के मुजफ्फरपुर जिले में जलभराव वाले इलाके में आपात स्थिति में उतारना पड़ा। हालांकि, पायलट समेत सभी लोग सुरक्षित हैं। मुजफ्फरपुर के एसएसपी राकेश कुमार के अनुसार, हेलीकॉप्टर बाढ़ग्रस्त क्षेत्र में राहत सामग्री गिराने के बाद दरभंगा से लौट रहा था।

## खादी उत्पादों पर 25 प्रतिशत की छूट, मुख्यमंत्री ने की घोषणा

- 108 दिन तक जारी रहेगी यह स्कीम

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने स्वदेशी उत्पादों के ज्यादा से ज्यादा इस्तेमाल की जरूरत पर जोर देते हुए बुधवार को खादी उत्पादों पर 108 दिनों के लिए 25 प्रतिशत की छूट देने की घोषणा की। वे राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती पर उन्हें श्रद्धांजलि देने के बाद क्षेत्रीय गांधी आश्रम में एक सभा को संबोधित कर रहे थे। यहां उन्होंने चरखा चलाया और भजनों का आनंद लिया। साथ ही खादी के वस्त्रों की खरीदारी की, फिर ऑनलाइन पेमेंट भी किया। इसके पहले उन्होंने गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की प्रतिमा पर जाकर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। झाड़ू लगाकर स्वच्छता अभियान चलाया। स्वदेशी वस्तुओं को उपहार के रूप में देने के लिए प्रोत्साहित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि इससे अधिक रोजगार पैदा होंगे और आत्मनिर्भर भारत की अवधारणा को भी साकार करने में मदद मिलेगी। इससे राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के ग्राम स्वराज अभियान के अनुरूप विकसित भारत की अवधारणा को साकार करने में मदद मिलेगी।

## इजराइल ने यूएन महासचिव के देश में प्रवेश पर लगाया प्रतिबंध

यरूशलम, एजेंसी




- ईरान के हमले की निंदा न करने पर लिया फैसला

इजराइल ने संयुक्त राष्ट्र के महासचिव एंटोनियो गुटेरेस को अवांछित घोषित कर उनके देश में प्रवेश पर प्रतिबंध लगा दिया है। इजराइल के विदेश मंत्री इजराइल कैट्ज ने बुधवार को यह जानकारी दी।

कैट्ज द्वारा जारी एक बयान के अनुसार यह निर्णय गुटेरेस द्वारा मंगलवार शाम को इजराइल के खिलाफ ईरानी मिसाइल हमले की निंदा करने से परहेज करने के बाद लिया गया। उन्होंने स्पष्ट किया कि कोई भी व्यक्ति जो इजराइल पर ईरान के जघन्य हमले की स्पष्ट रूप से निंदा नहीं कर सकता है, जैसा कि दुनिया के लगभग हर देश ने किया है, वह इजराइल की धरती पर कदम रखने का हकदार नहीं है। कैट्ज ने कहा कि ऐसे महासचिव जो आतंकवादियों, बलात्कारियों और हमास, हिज्बुल्ला और हूतियों के बाद अब ईरान की ओर से की गई हत्याओं का समर्थन करते हैं, उन्हें संयुक्त राष्ट्र के इतिहास में दाग के तौर पर याद किया जाएगा। कैट्ज ने ईरान को वैश्विक आतंक की जननी भी बताया है। कहा कि इसराइल एंटोनियो गुटेरेस के साथ और उनके बिना भी अपने नागरिकों की रक्षा करना और राष्ट्रीय सम्मान को बनाए रखना जारी रखेगा।

## दिल्ली पुलिस ने बरामद की साढ़े पांच क्विंटल कोकीन

नई दिल्ली, एजेंसी



- बाजार कीमत दो हजार करोड़ रुपये से अधिक

दिल्ली पुलिस ने शहर में अब तक के सबसे बड़े मादक पदार्थ गिरोह का भंडाफोड़ करते हुए 565 किलोग्राम से अधिक कोकीन जब्त की है, जिसकी अनुमानित कीमत करीब 2,000 करोड़ रुपये है। दिल्ली पुलिस के विशेष प्रकोष्ठ के दल ने दक्षिण दिल्ली के महरौली से चार व्यक्तियों को गिरफ्तार भी किया है।

अधिकारियों ने कहा कि गिरफ्तार किए गए व्यक्तियों ने दिल्ली और राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में कोकीन बेचने की योजना बनाई थी। उन्होंने कहा कि विशेष प्रकोष्ठ का दल एक गुप्त सूचना के आधार पर दो महीने से अधिक समय से इस पर काम कर रहा था, जिसके कारण त्योहारी मौसम से ठीक पहले यह खुलासा हुआ। विशेष प्रकोष्ठ के अतिरिक्त आयुक्त प्रमोद कुशवाहा ने बताया कि पुलिस ने गिरफ्तार आरोपियों के पास से पहले 15 किलो कोकीन बरामद की। फिर उनकी निशानदेही पर महिपालपुर स्थित गोदाम से बाकी खेप बरामद की।

## जेलों में जातिगत भेदभाव संबंधी याचिका पर फैसला आज

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट गुरुवार को उस याचिका पर अपना फैसला सुनाएगा, जिसमें आरोप लगाया गया है कि देश के कुछ राज्यों की जेलों में जाति के आधार पर भेदभाव होता है। प्रधान न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ इस याचिका पर फैसला सुनाएगी। सर्वोच्च न्यायालय ने इस वर्ष जनवरी में केंद्र तथा उत्तर प्रदेश और पश्चिम बंगाल सहित 11 राज्यों से याचिका पर जवाब मांगा था। न्यायालय ने याचिकाकर्ता के वकील की इस दलील पर गौर किया कि इन राज्यों की जेल नियमावलियां जेलों के अंदर काम के आवंटन में भेदभाव करती हैं।

**बदलाव की तैयारी** | के. रवीन्द्र नायक, पी. गुरु प्रसाद, एम. देवराज समेत अन्य अधिकारी हैं उदाहरण, संभाल रहे एक साथ कई विभागों की कमान

## अनुभवी आईएएस अफसर को ही अन्य विभाग का प्रभार

अजय दयाल, लखनऊ



- ऑनलाइन कार्यशैली से हो रहे कई विभागों का कामकाज संभालने में आसानी

**अमृत विचार:** उत्तर प्रदेश में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की नजर ऐसे क्षमतावान आईएएस अधिकारियों पर है जो एक साथ कई विभागों का प्रभार न केवल संभाल सकें बल्कि लंबित योजनाओं को तेजी से आगे बढ़ा सकें। इसी कड़ी में आने वाले दिनों में भी अनुभवी, सक्रिय और स्वच्छ छवि वाले आईएएस को एक साथ कई विभागों की जिम्मेदारी सौंपी जा सकती है। अब आईएएस अगर केन्द्रीय प्रतिनियुक्ति पर जाते हैं या रिटायर होते हैं तो उनके विभागों का भी प्रभार मुख्यमंत्री की नजर में चिन्हित 'रिजल्ट ओरिएंटेड' आईएएस को सौंप दी जाएगी।

दरअसल, सरकार के लगभग सभी कामकाज की ऑनलाइन कार्यशैली पर निर्भर होते जा रहे हैं। इतना ही नहीं खुद मुख्यमंत्री भी चौबीस घंटे, सातों दिन काम करने के साथ अपने अफसरों से भी यही उम्मीद रखते हैं। ऐसे में जो आईएएस उनकी इस कार्यशैली को अपना कर सरकार की नीतियों से तालमेल बैठाते हुए समयबद्धता के साथ कदमताल कर रहे हैं उन्हें कई विभागों का कामकाज संभालने में समस्या नहीं आ रही।

हाल ही में अपर मुख्य सचिव नितिन रमेश गोकर्ण सेवानिवृत्त हो गए हैं। उनकी जगह प्रमुख सचिव, राजस्व पी. गुरु प्रसाद को आवास एवं शहरी नियोजन विभाग का अतिरिक्त चार्ज दिया गया है। प्रमुख सचिव सचिवालय प्रशासन के. रवीन्द्र नायक को पशुपालन विभाग और मत्स्य विभाग का भी प्रभार सौंपा गया। आईएएस देवेश चतुर्वेदी के केंद्र सरकार में जाने के बाद आईएएस एम. देवराज को प्रमुख सचिव नियुक्ति एवं कार्मिक बनाया गया। उन्हें नियुक्ति के साथ स्टेट जीएसटी और तकनीकी शिक्षा का भी चार्ज दिया गया है। इसी तरह आईएएस आलोक कुमार, एपीसी मोनिका एसएस गर्ग, मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह, अमृत अभिजात, दीपक कुमार, अनुराग श्रीवास्तव समेत अन्य आईएएस भी हैं जिनके पास कई विभागों का जिम्मा है। बहरहाल, आने वाले दिनों में भी कुछ ऐसे तेजतर्रार आईएएस है जिन्हें अन्य विभागों का भी प्रभार मिल सकता है। इनमें संजय प्रसाद, पार्थ सारथी सेन शर्मा, प्रथमेश कुमार, रितु माहेश्वरी, किंजल सिंह आदि प्रमुख हैं। हालांकि इस विषय पर सेवानिवृत्त नौकरशाहों से मिलीजुली प्रतिक्रिया मिली है। एक महिला पूर्व आईएएस का तर्क है कि ऑनलाइन प्रक्रिया होने से नीतिगत फैसलों संबधी फाइलें एक ऑफिस में बैठकर ही की जा सकती हैं। वहीं, हाल ही में सेवानिवृत्त हुए आईएएस नितिन रमेश गोकर्ण का कहना है कि नीतियों पर निर्णय लेने में समय लगता है। चर्चा, मीटिंग आवश्यक है।

# पत्नी की हत्या कर ट्रैक पर कूदा पति

## ❍ गुजैनी थानाक्षेत्र के पिपौरी में हुई घटना ❍ बेटे की तहरीर पर पिता के खिलाफ हत्या की रिपोर्ट दर्ज

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** गुजैनी थानाक्षेत्र के पिपौरी गांव में प्रापर्टी बेचने के विवाद में पति ने पत्नी की कुल्हाड़ी से सिर पर वार कर हत्या कर दी। इसके बाद पनकी थानाक्षेत्र में स्थित झांसी लाइन पर ट्रेन के आगे कूदकर जान देने का प्रयास किया। गंभीर हालत में उसका इलाज हैलट में चल रहा है। बेटे की तहरीर पर पिता के खिलाफ हत्या की रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। पुलिस हत्यारोपी के होश में आने का इंतजार कर रही है। खून से सनी कुल्हाड़ी और चाकू बरामद की गई है।

पिपौरी गांव अर्शा नगर नई बस्ती निवासी प्रहलाद सैनी के घर में 52 वर्षीय पत्नी शशी सैनी और दो बेटे सतेन्द्र और सुरेंद्र सैनी हैं। बेटे सुरेंद्र ने बताया कि पिता प्रहलाद प्लॉट बेचना चाहते हैं, जबकि मां उसे दोनों बेटों को देना चाहती थीं। इसी बात को लेकर माता-पिता में विवाद चल रहा था। बुधवार सुबह भी दोनों में झगड़ा हुआ और प्रहलाद ने कुल्हाड़ी से पत्नी शशि की हत्या कर दी। इसके बाद प्रहलाद ने झांसी रेलवे लाइन पर ट्रेन के आगे कूदकर आत्महत्या का प्रयास किया। पिता प्रहलाद गंभीर रूप से घायल हो गए जिन्हें पुलिस ने हैलट अस्पताल में भर्ती कराया है। पुलिस और फोरेंसिक टीम ने मौके से खून से सनी कुल्हाड़ी बरामद की। एसीपी नौबस्ता मंजय सिंह ने बताया कि प्रॉपर्टी विवाद में हत्या हुई है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के अनुसार सिर पर दो गहरी चोटें और हेड इंजरी है। अधिक खून बहने से मौत की पुष्टि हुई है। एडीसीपी साउथ मनोज कुमार पांडेय ने बताया कि बेटे सतेन्द्र की तहरीर पर पिता के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज हुआ है। प्रहलाद ने ट्रेन के आगे कूदकर जान देने की कोशिश की।

### काफी देर तक नहीं उठीं तो हुआ शक

- सत्येंद्र ने बताया कि पिछले 15 दिनों से उसकी बेटी सृष्टि की तबियत ज्यादा खराब चल रही है। इस पर उसे फूंक डलवाने के लिए वह रोज की तरह बुधवार सुबह 5 बजे गए थे। वहां से वह तकरीबन 7.30 बजे लौटे तो देखा कि उनकी मां अभी नहीं उठी हैं। गैलरी से होते हुए उनके पोर्शन में गए तो आवाज दी। लेकिन कोई प्रतिक्रिया न आने पर कमरे में बाहर से लगी कुंडी खोलकर अंदर गए तो वह बिस्तर पर लेटी हुई थीं। हाथ और सिर से खून बह रहा था। उनकी मौत हो चुकी थी।



हैलट अस्पताल में भर्ती हत्यारोपी प्रहलाद। अमृत विचार

### 44 गज के प्लॉट को कई बार देख गए थे लोग

- बड़े बेटे सत्येंद्र ने बताया कि उनके घर के पीछे 44 गज का प्लॉट था जिसे पिता प्रहलाद सिंह बेचना चाहते थे। पिता को शुगर होने व पैर में घाव होने के चलते वह प्लॉट बेचर मिले पैसों से अपना इलाज कराना चाहते थे।

### सुरेंद्र को कई वर्ष पहले घर से निकाला था

- प्रहलाद ने छोटे बेटे सुरेन्द्र को कई वर्ष पहले घर से निकाल दिया था, तब से वह पत्नी और बच्चों के साथ अलग किराए पर रह रहा था। बड़ी बहू पूजा ने बताया कि ससुर प्रहलाद बेरोजगार हैं और प्रापर्टी बेचना चाहते हैं। सास उनका विरोध करती थी। ससुर कहते थे कि प्लॉट बेचकर जो रुपया मिलेगा उससे बुढ़ापा आराम से कट जाएगा।

### बहू बोली-शव लेकर घर न आना


- सास की हत्या के बाद घर में चीखपुकार मच गई। इस दौरान बहू पूजा ने पति सत्येंद्र से कहा कि मां का शव लेकर घर न आना। अब चाहे कुछ भी हो जाए ससुर प्रहलाद को वह घर की चौखट भी पार नहीं करने देगी।

# ससुराल आए दामाद को बेरहमी से पीटा, घर लौटते ही हो गई मौत

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

● गंभीर हालत में पहुंचा घर और तोड़ दिया दम, परिजनों का आरोप, शरीर पड़ गया था काला

**अमृत विचार।** बंगाली मोहाल निवासी एक युवक की खलासी लाइन स्थित ससुराल में बेरहमी से पीट-पीटकर हत्या करने का आरोप लगाया गया है। परिजनों का आरोप है वह मरणासन्न हालत में घर लौटा। जब तक परिजन कुछ समझ पाते, उसने दम तोड़ दिया। कोतवाली पुलिस ने मामले की जांच शुरू की।



श्यामू कश्यप।

बर्रा निवासिनी सुनीता और नवाबगंज निवासिनी अनीता ने बताया कि उनके चार भाई रामदीन, श्यामू, रामू व कालू हैं। माता-पिता नहीं हैं। दोनों बहनों ने बताया कि उनका 35 वर्षीय भाई श्यामू कश्यप वायरिंग कारीगर था। उन लोगों का पैतृक आवास कोतवाली थाना क्षेत्र के बंगाली मोहाल में है। श्यामू शादी के बाद पत्नी कामिनी को लेकर अलग कल्याणपुर में कालोनी में रहने लगा था। विवाद के बाद पत्नी कामिनी दोनों बच्चों को लेकर मायके खलासी लाइन चली गई। श्यामू बच्चों के मोह में आए दिन ग्वालटोली खलासी लाइन स्थित ससुराल जाता था। बहनों ने आरोप लगाया कि पत्नी और ससुरालीजन उससे मारपीट करते थे। सोमवार को भी श्यामू ससुराल गया था। वहां पर पत्नी कामिनी, साला और ससुर ने बेरहमी से पीटा। श्यामू किसी तरह बेसुध हालत में बंगाली मोहाल स्थित अपने पैतृक आवास पहुंचा और दम तोड़ दिया। मौत की जानकारी मिलते ही पत्नी और ससुराल वाले भी पहुंचे और आनन-फानन में अंतिम संस्कार कराने का प्रयास करने लगे। श्यामू के भाइयों और बहनों ने विरोध कर दिया। भाई की पत्नी और ससुरालियों पर हत्या का आरोप लगाकर हंगामा शुरू कर दिया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। बहनों का कहना था कि उनके भाई को इतनी बेरहमी से पीटा गया कि शरीर काला पड़ गया था। इस संबंध में कोतवाली इंस्पेक्टर संतोष शुक्ला ने बताया कि परिजनों ने सुसरालियों के खिलाफ हत्या की तहरीर दी है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।



हाथ जोड़कर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग करती बहनें।



घटना की जानकारी देते परिजन। अमृत विचार


# खेत में मिला छेड़छाड़ के आरोपी वृद्ध का शव

कल्याणपुर संवाददाता

▸▸ 30 सितंबर को गांव की युवती ने पुलिस से की थी छेड़छाड़ की शिकायत

▸▸ मंगलवार सुबह से थे लापता, परिजनों ने जताया हत्या का शक

**अमृत विचार।** सचेंडी थानाक्षेत्र में रहने वाले एक बुजुर्ग का शव अर्धनग्न हालत में पनकी स्थित उनके खेत में गहरे गड्ढे में पड़ा मिला। पास में ही बुजुर्ग की साइकिल व कपड़े रखे थे। परिजनों ने हत्या की आशंका जताई है। हाल ही में गांव की एक युवती ने उन पर छेड़छाड़ का आरोप लगाते हुए थाने में तहरीर दी थी। आरोप है, जिसके बाद एक दरोगा ने उनकी पत्नी से अभद्रता कर दी थी।



दुर्गा सिंह चंदेल।

सचेंडी के कला का पुरवा निवासी 65 वर्षीय दुर्गा सिंह धर्मकांटे में पल्लेदारी का काम करते थे। परिवार में पत्नी सुशीला, दो बेटे विपुल सिंह व अमित सिंह हैं। बेटों ने बताया कि रोज की तरह वह मंगलवार सुबह काम पर निकले थे। लेकिन शाम तक नहीं लौटे। पूरी रात नाते रिश्तेदारों और आसपास पता किया लेकिन जानकारी नहीं हुई। बुधवार सुबह उनका शव उन्हीं के खेत में गड्ढे में अर्द्धनग्न हालत में पड़ा मिला। कंधे व दाहिने घुटने के नीचे चोट का निशान होने के चलते परिजनों ने हत्या की आशंका जताई है। छोटे बेटे अमित ने बताया कि पड़ोस में रहने वाली महिला से उनका जमीनी विवाद चल रहा है। 30 सितंबर को पिता पर छेड़छाड़ का आरोप लगाते हुए सचेंडी पुलिस को तहरीर दी थी। जिसको लेकर पिता परेशान थे। बुधवार देर शाम पोस्टमार्टम के बाद आक्रोशित परिजनों ने पनकी थाने के बाहर वृद्ध का शव रखकर हंगामा काटा। पुलिस के समझाने के बाद परिजन गांव रवाना हुए। उनका आरोप था कि दारोगा ने वृद्ध से गाली गलौज की जिसके बाद से वह बहुत परेशान थे। इस संबंध में पनकी थाना प्रभारी मानवेंद्र सिंह ने बताया कि परिजनों से तहरीर प्राप्त होने पर कार्रवाई की जाएगी।

### दरोगा ने की थी अभद्रता

- बेटे अमित के अनुसार पड़ोसी युवती के प्रार्थना पत्र पर मंगलवार सुबह घर भीमसेन चौकी से आए दरोगा ने पिता को दो घंटे में हाजिर करने की बात कही थी। कारण पूछने पर भड़के दरोगा ने परिवार के साथ गाली गलौज की थी। आरोप था कि हाजिर न होने पर परिणाम भुगतने की धमकी दी थी।

# नारकोटिक्स अधिकारी बताकर ठगे 2 लाख

**कल्याणपुर।** ठगों ने मुंबई नारकोटिक्स विभाग का अधिकारी बनकर आइआइटी कर्मी को उसके नाम पर ड्रग पार्सल पकड़े जाने की बात कहकर 2.12 लाख रुपये हड़प लिए।

आईआईटी हाउसिंग सोसाइटी निवासी अंकित पटेल आईआईटी कानपुर में कर्मचारी हैं। अंकित के मुताबिक 13 जून को उनके मोबाइल पर खुद को नारकोटिक्स अधिकारी बताकर एक युवक ने फोन किया। उसने मुंबई एयरपोर्ट पर उनके नाम से एक ड्रग पार्सल पकड़े जाने की जानकारी दी। इसी दौरान शातिर ने वीडियो कॉल करके आधार कार्ड समेत अन्य दस्तावेज सत्यापित करने की बात कही और मनी लांड्रिंग का आरोप लगाकर बैंक खातों की जानकारी ले ली। इसके बाद 3 बार में शातिर ने खाते से 2,12,855 रुपये दूसरे खाते में ट्रांसफर कर लिए।

# कंपनी का चयन पर कार्य शुरू नहीं

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

▸▸ 12 सितंबर को फर्म को जारी किया गया स्वीकृति पत्र

▸▸ 18 दिनों में नगर निगम और कंपनी के बीच अनुबंध नहीं

**अमृत विचार।** यूपी सरकार की महत्वाकांक्षी योजना सीएम ग्रीन रोड इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट शहरी (सीएम ग्रिड्स) में लापरवाही बरती जा रही है। फेज-1 के तहत बनने वाली 4 सड़कों के निर्माण के लिये फर्म डेलटा इरेक्टर्स को स्वीकृति पत्र दिए 18 दिन बीत गये, लेकिन अभी तक नगर नगम और फर्म के बीच अनुबंध गठित नहीं हो सका है। जिसकी वजह से कार्य शुरू नहीं हो सके हैं। यूरिडा के सीईओ महेंद्र बहादुर सिंह ने नगर आयुक्त सुधीर कुमार से इसपर आपत्ति जताई है और जल्द अनुबंध कर सड़क निर्माण कार्य शुरू करने को कहा है।

सीएम ग्रिड योजना के तहत शहर में 130 करोड़ रुपये से चार सड़कों का निर्माण होना है। योजना के लिये टेंडर कराये जा चुके हैं। सड़कों की वित्तीय निविदा खुलने के बाद 12 सितंबर को चयनित फर्म डेलटा इरेक्टर्स को स्वीकृति पत्र भी जारी किया जा चुका है। इससे पहले निर्माण एजेंसी अर्बन रोड इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट एजेंसी (यूरिडा) ने नगर निगम को पत्र लिखकर कार्य शुरू करने से पहले अतिक्रमण हटाने के लिए पत्र लिखा था। अतिक्रमण अभियान चलाने से पहले मुख्य अभियंता ने क्षेत्र के पार्षदों और अतिक्रमण करने वालों के साथ बैठक कर सहयोग मांगा है।

पहले चरण में नगर निगम चार सड़कों के निर्माण में आड़े आने वाले 645 अतिक्रमणकारी चिह्नित किए हैं। इनको नगर निगम ने नोटिस दी है। साथ ही लाल निशान लगाया जा रहा है। सीएम ग्रिड योजना के नोडल अधिकारी दिवाकर भास्कर ने बताया कि सड़कों के निर्माण से पहले अतिक्रमण हटाया जाएगा। सड़क के चौड़ीकरण में आड़े आ रहे सभी अतिक्रमण को हटाया जाएगा। सितंबर में सड़क निर्माण कार्य शुरू होने थे, लेकिन लेटलतीफी की वजह से अभी तक काम शुरू नहीं हो सका है।

### आधुनिक तरीके से होगा सड़कों का निर्माण

- इस योजना में सुरक्षित सड़क और जंक्शन, समान चौड़ाई ट्रैफिक लेन की व्यवस्था, भूमिगत सर्विस की सुविधा, टिकाऊ तकनीक का उपयोग, सार्वजनिक स्थान व स्ट्रीट फर्नीचर की सुविधा, ग्रीन कवर, ग्रीन सड़क पर यूटीलिटी डक्ट फुटपाथ, सौर आधारित स्ट्रीट लाइट की सुविधा दी जाएगी। यह सड़कें स्मार्ट तकनीक से लैस होंगी। जिसमें किसी भी प्रकार की समस्या होने पर भविष्य में सड़क खोदने की आवश्यकता नहीं पड़ेगी। यूटीलिटी डक्ट फुटपाथ की मदद से समस्या को दूर कर दिया जायेगा।

## सार-संक्षेप



बैठक करते मुस्लिम राष्ट्रीय मंच के पदाधिकारी। अमृत विचार

### मुस्लिम राष्ट्रीय मंच ने कानपुर को चार भागों में बांटा

**कानपुर।** मुस्लिम राष्ट्रीय मंच ने कानपुर में संगठन का विस्तार करते हुए पदाधिकारियों की घोषणा की है। कानपुर को चार भागों में बांटकर मंच का विस्तार करने की रणनीति बनाई है। बुधवार को सद्भावना पुलिस चौकी के पीछे परेड में मंच की बैठक हुई जिसमें महात्मा गांधी को याद करने के साथ ही पं. लाल बहादुर शास्त्री को श्रद्धांजलि दी गई। अध्यक्षता समी अंसारी ने की। कार्यक्रम का संचालन प्रांत संयोजक अशफाक सिद्दीकी ने किया। कानपुर पश्चिम का संयोजक एडवोकेट अली अकबर को, आसिफ हुसैन को कानपुर उत्तर एवं महिला प्रमुख रुखसाना को गौ सेवा प्रकोष्ठ उत्तर का संयोजक नियुक्त किया गया। इसी प्रकार महताब आलम को नगर संयोजक, हसीन को युवा कानपुर दक्षिण का संयोजक घोषित किया गया है। प्रांत संयोजक ने सभी पदाधिकारियों को 15 दिन में संगठन को विस्तार करने की जिम्मेदारी सौंपी। इस मौके पर सिराजुल हसन, मोहम्मद नईम, मोहम्मद इमरान, मोहम्मद सिराज, महताब आलम, रियाज रंगरेज, आदि उपस्थित थे।

### शराब के लिए रुपये न देने पर पत्नी को पीटा

**कानपुर।** रेलबाजार थानाक्षेत्र में एक महिला ने आरोप लगाया कि शराब के लिए रुपये न देने पर आरोपी ने उन्हें मारापीटा। जिसके बाद पीड़िता ने रेलबाजार थाने में शिकायत की है। मीरपुर निवासी महिला के अनुसार उनकी शादी फरवरी 2023 में हुई थी। पीड़िता ने बताया कि शादी के कुछ दिन बाद से ही आरोपी ससुरालीजन दहेज की मांग करने लगे। मांग पूरी न होने पर आरोपी मानसिक व शारीरिक रूप से प्रताड़ित करते हैं। पीड़िता के अनुसार उनके पति भी आये दिन शराब पीकर आते हैं और मारपीट करते हैं। आरोप है कि मंगलवार की देर शाम को आरोपी पति ने शराब के लिए रुपये मांगे। न देने पर आरोपी ने उन्हें मारापीटा। साथ ही घर से भगा दिया। इस संबंध में थाना प्रभारी विजय दर्शन शर्मा ने बताया कि मामला दर्ज कर कार्रवाई की जायेगी।

### रेलवे ट्रैक पर गिरकर मौत

**कानपुर।** नजीराबाद थानाक्षेत्र में रावतपुर गांव निवासी 36 वर्षीय राजेश गुप्ता की कोकाकोला क्रासिंग के पास रेलवे ट्रैक पर गिरकर मौत हो गई। परिजनों ने बताया कि वह दादानगर में वह एक फैक्ट्री में काम करता था। घटना के बाद पत्नी रूपा व बच्चे सदमे में हैं। परिजनों ने बताया कि वह दोपहर में तीन बजे निकले थे, इसके बाद घटना हो गई।

# टिकट वापसी के लिए दर्शकों का हंगामा

कार्यालय संवाददाता, कानपुर



यूपीसीए आफिस पहुंचे लोगों ने हंगामा किया। अमृत विचार

▸▸ भारत-बांग्लादेश मैच दो दिन रद होने पर टिकट का पैसा लेने पहुंचे थे लोग

▸▸ वेन्यू डायरेक्टर ने लोगों को शांत कराया, 4-6 अक्टूबर को वापस होंगे पैसे

**अमृत विचार।** भारत-बांग्लादेश टेस्ट मैच में दो दिन बारिश के कारण एक ओवर भी मैच नहीं खेला गया। दर्शकों के हंगामा करने पर यूपीसीए ने टिकट के पैसों की वापसी का ऐलान किया था। बुधवार को सैकड़ों लोग टिकट के पैसे लेने ग्रीनपार्क पहुंचे तो उन्हें अंदर नहीं जाने दिया गया। इस पर लोग हंगामा करने लगे और नारेबाजी करते हुए यूपीसीए ऑफिस पहुंचे, लेकिन वहां कोई नहीं मिला। वेन्यू डायरेक्टर ने फोन पर लोगों को समझाया और आश्वासन दिया कि सभी का पैसा वापस होगा। तब लोग शांत हुए।

28 व 29 सितंबर को बारिश के कारण मैच रद हुआ था। दोनों दिन दर्शकों के हंगामा करने पर यूपीसीए ने लोगों को शांत कराते हुए आश्वासन दिया था कि जो लोग अगले दिन का टिकट लेना चाहते हैं वह काउंटर से बदल सकते हैं। जिन्हें पैसा चाहिए वह लोग 2 अक्टूबर को आएं। यूपीसीए के आश्वासन के अनुसार बुधवार को लोग टिकट का पैसा लेने ग्रीनपार्क पहुंचे तो उन्हें अंदर ही नहीं जाने दिया गया। इस पर लोगों ने हंगामा, नारेबाजी की और किसी तरह अंदर घुसे। वहां यूपीसीए ऑफिस में भी लोगों को कोई नहीं मिला। वेन्यू डायरेक्टर डॉ. संजय कपूर ने लोगों से फोन पर बात कर कहा कि 4 से 6 अक्टूबर के बीच किसी भी दिन टिकट लेकर पहुंचे और पैसा वापस ले सकते हैं। पैसों की वापसी के लिए कांउटर उसी स्थान पर बनाया जाएगा, जहां से लोगों ने टिकट खरीदा है। उन्होंने बताया कि बुधवार को अवकाश के कारण यूपीसीए ऑफिस बंद था।

# युवती नहर में कूदी, युवक ने बचाया

**कल्याणपुर।** एक युवती पुल से पनकी नहर में कूद गई। पास में खड़ी पीआरवी के सिपाही के शोर मचाने पर एक युवक ने नहर में कूद कर युवती को बाहर निकाल लिया। बाद में युवती का पिता उसे अपने साथ लेकर चला गया।

कल्याणपुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत रहने वाली एक युवती बुधवार दोपहर पनकी पुल से नहर में कूद गई। पास खड़ी पीआरवी के सिपाही ने देखा तो शोर मचाया। उस वक्त वहां मौजूद राजेश ने नहर में छलांग लगा दी और युवती को बचा लिया। इस दौरान राजेश के लोअर की जेब में पड़े 810 रुपये पानी में बह गए। कल्याणपुर व अरमापुर पुलिस ने युवती से पूछताछ करने के बाद उसके पिता को सौंप दिया। पिता ने बेटी की मानसिक स्थिति ठीक न होने की बात बताई है।


अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार

क्लासीफाइड

सूचना

सूचित हो कि मैं मो0 लुकमान व मो0 इमरान पुत्रगण स्व0 हकीकुर रहमान व मो0 उस्मान पुत्र स्व0 हककुर रहमान निवासीगण 512/623 पहली लेन निशातगंज महानगर लखनऊ उपरोक्त के अतिरिक्त एक अन्य भाई मो0 इरफान उर्फ फन्नू पुत्र स्व0 रफीकुर रहमान है। जो विगत 20 वर्षो से मेरे सम्पर्क में नहीं है और न ही उसके साथ निवास करते है यह कि मो0 इरफान उर्फ फन्नू से मेरा कोई लेना देना नहीं है उसके द्वारा किये गये किसी भी कृत्य से मेरा कोई वास्ता व सरोकार नहीं होगा। उसके द्वारा किये गये विधि विरुद्ध कार्य अथवा अपकृत्य से मेरा व उनके परिवार जनों का उसके किसी अपकृत्य के प्रति कोई जिम्मेदारी अथवा लेन –देन से कोई वास्ता व सरोकार नही होगा।

सूचना

सूचित हो कि मैं **प्रदीप कुमार त्रिवेदी पूर्व सैनिक आर्मी नं.13933102M EX-TS-NK निवासी– ES-1-B/197, सीतापुर रोड योजना, निकट– इं0कालेज चौराहा, लखनऊ,** मेरी पत्नी का नाम मिथलेश त्रिवेदी है। लेकिन मेरी सर्विस बुक और पीपीओ नं0 एस/020165/88 में मिथलेश कुमारी लिखा है जो कि गलत है। अतः मेरी पत्नी का सही नाम मिथलेश त्रिवेदी मेरी सर्विस बुक और पीपीओ एस/020165/88 में अंकित किया जाय।

सूचना

मैने अपना नाम AFREEN FATIMA ABEDI SYEDA से बदलकर SYEDA AFREEN FATIMAABEDI रख लिया है अब मुझे भविष्य में इसी नाम से जाना वा पहचाना जाये। W/O: NAUSHAD ALI, R/O: 130/2- KACCHI GHARAIYA, CIVIL LINE, JHANSI

आवश्यकता है

वीरेंद्र सिंह रामवती मेमोरियल महाविद्यालय कुरसठ हरदोई (2063) में बीएससी में

**सहायक आचार्य–** विषय रसायन विज्ञान, भौतिक विज्ञान, गणित, जीव विज्ञान, वनस्पति विज्ञान में सहायक आचार्य की आवश्यकता है।

नोट– इच्छुक अभ्यर्थी एक सप्ताह के अंदर महाविद्यालय में कागजात जमा करें।

**प्राचार्य/प्रबंधक**

**मो0: 9936633390, 6388336593**

सूचना

सूचित हो कि **अमर सिंह पुत्र स्व0 चौबे एवं सूरज कान्ती पत्नी अमर सिंह निवासी– नटखेड़ा खरिका, तेलीबाग, लखनऊ** मैने पुत्र धर्म सिंह व पुत्रवधू कुमकुम के चाल –चलन व कृत्यों से अत्यन्त तंग व परेशान अपनी समस्त चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। उपरोक्त द्वारा किये गये किसी भी कृत्य एवं लेने देन से मेरा मेरे परिवार का कोई वास्ता व सरोकार नही होगा। किसी भी घटना के जिम्मेदार वह दोनों स्वयं होंगे।

सूचना

मेरे पुत्र सय्यद तफसीर हसन रिजवी के हाईस्कूल के अंकपत्र व प्रमाणपत्र में अनुक्रमांक 1245781/137 वर्ष 2024 में माता का नाम त्रुटिवश सय्यद अजरा परवीन दर्ज है जबकि सय्यदा अजरा परवीन सही है। **सय्यदा अजरा परवीन पत्नी सय्यद तौकीर हसन रिजवी , हल्लौर जनपद सिद्धार्थनगर**

सूचना

पहले मेरा नाम KRISHNA KUMAR था अब मैंने बदलकर अपना नाम KRISHNA KUMAR SAHNI रख लिया है भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाये S/O: SHIVCHAND, R/O-NAI BASTI TEDIYA CHAHALWA KARI KOT POST GIRIJAPURI COLONY BAHRAICH

सूचना

सूचित हो कि मै **श्रीमती प्रेमा पत्नी स्व0 मोतीलाल निवासी– नटखेड़ा खरिका, तेलीबाग, लखनऊ** मैंने अपने पुत्र कीमती लाल व बड़ी बहू आरती के चाल–चलन, गलत –आचरण कृत्यों से तंग आकर उसे अपनी समस्त चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। उपरोक्त बहु व बेटे द्वारा किये गये कृत्यों के वह स्वयं जिम्मेदार होगें। मेरा व मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।


गतिरोध — युद्ध की आशंका और विदेश मंत्रालय की एडवाजरी पर उठाया कदम

# ईरान में जियारत के लिए रद किया दौरा

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** ईरान-इजरायल के बीच उपजे युद्ध जैसे हालात को देखते हुए विदेश मंत्रालय की एडवाइजरी के बाद शहर से ईरान-इराक में रौजों की जियारत के लिए जाने वाले लोगों ने टूर निरस्त कर दिया है।

ईरान और ईरान में अधिकतर शिया समुदाय के लोग जियारत के लिए जाते हैं। वहां हजरत इमाम हसन, हजरत इमाम हुसैन, हजरत अली समेत ज्यादातर इमाम एवं बुजुर्गों के रौजे मौजूद हैं।

शहर से इस माह के आखिरी सप्ताह में एक बड़ा टूर ईरान व इराक में रौजों की जियारत के लिए जाने वाला था। इसमें ग्वालटोली मकबरा, नवाब दूल्हा हाता पटकापुर, जूही लाल कालोनी के लोग शामिल थे। लेकिन अब इस टूर का इरादा छोड़ दिया गया है। शिया युवा यूनिट के महासचिव नायाब आलम ने बताया कि इस माह शहर के लोगों को ईरान व इराक जाना था लेकिन तनाव के हालात देखते हुए फिलहाल इरादा छोड़ दिया गया है। उधर, पटकापुर के मौलाना हामिद हुसैन ने बताया कि शिया समुदाय के युवा आलिम बनने के लिए ईरान के प्रसिद्ध मदरसों में दीनी तालीम लेते हैं। कई आलिम ईरान से दीनी तालीम लेकर आए हैं और शहर के अनेक युवा ईरान में दीनी तालीम ले रहे हैं।



रामादेवी के पास शिया समुदाय की मजलिस। अमृत विचार

### नसरुल्लाह की मजलिस पढ़ी अमेरिका-इजरायल का कोसा

- **कानपुर।** लेबनान में इजरायली हमले में मारे गए हिजबुल्लाह चीफ हसन नसरुल्लाह की याद में रामादेवी के पास मजलिस हुई जिसमें अजमेर समेत कई स्थानों के शिया आलिम एकत्र हुए। इस मौके पर नसरुल्लाह के मगफिरत की दुआएं की गईं। रामादेवी और फूलबाग स्थित गांधी प्रतिमा पर नसरुल्लाह के समर्थन और अमेरिका-इजरायल के विरोध में प्रदर्शन की तैयारी की गई थी लेकिन प्रदर्शन निरस्त कर दिया गया। शिया आलिम ने रामादेवी में ही हसन नसरुल्लाह की मजलिस पढ़ी और अमेरिका के साथ-साथ इजरायल को कोसा। कहा कि ये सब अमेरिका की शह पर हो रहा है। अमेरिका को सबसे बड़ा आतंकी बताया।

# कर्मचारियों ने डीएवी गेट पर डाला ताला

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

● गांधी जयंती पर छुट्टी की मांग कर रहे थे कर्मचारी

● दो घंटे तक बनी रही असमंजस की स्थिति

**अमृत विचार।** डीएवी कॉलेज में बुधवार को गांधी जयंती पर छुट्टी की मांग कर रहे कर्मचारियों ने गेट पर ताला डालकर कॉलेज खोलने का विरोध जताया। कर्मचारियों ने लगभग दो घंटे तक गेट पर प्रदर्शन भी किया। कर्मचारियों ने कॉलेज गेट पर ही प्रार्थना भी की।

कॉलेज में सुबह लगभग 8 बजे कर्मचारी प्राचार्य एवं प्रबंधन का विरोध करने लगे। कर्मचारी संघ के महामंत्री हरगोविंद सिंह यादव ने कॉलेज के गेट पर ताला डाल दिया। ताला डालने के बाद प्रदर्शनकारियों ने कॉलेज आए शिक्षक और अन्य कर्मचारियों को कॉलेज के भीतर आने से भी रोकना चाहा। पुलिस के आने पर प्रदर्शनकारियों ने काटी गई रजिस्टर्ड छुट्टियों का विरोध करने की बात कही। प्रदर्शन के दौरान वरिष्ठ उपाध्यक्ष धर्मपाल रावत, सतीश चंद्र गुप्ता, अंजनी जायसवाल, शिवपाल सिंह गुर्जर, सागर जायसवाल, जितेंद्र सिंह, अरविंद कुशवाहा व हरिशंकर सहित अन्य मौजूद रहे। उधर कॉलेज के प्राचार्य एके दीक्षित ने कहा कि कॉलेज में जो भी अनुशासनहीनता करेगा उसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

# पार्षदों का मोर्चा, नामांतरण शुल्क अभी न चुकाए जनता

## जनप्रतिनिधियों ने शासन तक पहुंचाई नगर निगम की वसूली

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** बिना किसी अधिनियम, नियम व उपविधि या शासनादेश के नगर निगम द्वारा वसूले जा रहे नामांतरण शुल्क का विरोध तेज हो गया है। पूर्व पार्षदों के साथ कई मौजूदा पार्षदों ने साफ कह दिया है कि विशेष सदन बुलाकर इस मसले पर निर्णय नहीं लिए जाने तक जनता नामांतरण शुल्क नहीं चुकाए। इस बीच भाजपा के जनप्रतिनिधयों ने प्रदेश भर में नामांतरण को लेकर एक नीति बनाने की मांग बुलंद कर दी है।

नगर निगम 7 कारणों के आधार पर नामांतरण शुल्क वसूल कर रहा है। अभिलेखों में दर्ज स्वामी की मृत्यु पर निगम नामांतरण के एवज में 5 हजार रुपये शुल्क लेता है। इसमें 500 रुपये पब्लिकेशन के अलग से वसूल करता है। फैमिली सेटलमेंट, पंजीकृत वसीयत डीड तथा न्यायालय के आदेश वाले मामलों में यह नियम लागू करता है। उधर, पंजीकृत विक्रय, पंजीकृत उपहार डीड, पंजीकृत हिबा (दान) के केस में नगर निगम डीएम सर्किल रेट का 1 फीसदी वसूल कर रहा है। इसके साथ पब्लिकेशन चार्ज भी लेता है। यदि नामांतरण कराने में देरी की जाए तो विलंब शुल्क अलग से वसूला जाता है। इसका ही जमकर विरोध हो रहा है।

पुरानी प्रॉपर्टी खरीदने वाले प्रॉपर्टी में अपना नाम दर्ज कराने को लेकर 1 फीसदी टैक्स जमा करने को मजबूर हैं। नगर निगम में रोज दर्जनों आवेदक नामांतरण कराने को लिए पहुंच रहे हैं, यदि देरी से नामांतरण के लिये आवेदन किया गया है, तो लोगों को हर्जाना भी देना पड़ रहा है। नामांतरण में देरी पर एनुअल रेंटल वैल्यू के अनुसार नगर निगम विलंब शुल्क वसूल करता है।

### विशेष सदन के लिए अभियान

- पूर्व पार्षद फोरम ने बुधवार को नामान्तरण शुल्क व बढ़े गृह कर के साथ एरियर की वसूली वापस लेने के लिये नगर निगम का विशेष सदन बुलाने के लिए पार्षद अंजुली दीक्षित, संतोष साहू व पार्षद अखिलेश वाजपेयी को पत्र दिया।

"मैं अब जब भी मुख्यमंत्री से मिलूंगा। नामांतरण मुद्दे पर बात रखूंगा। यह सीधे जनता की जेब पर डाका है। जो शासनादेश में नहीं है और जिसका कोई नियम नहीं है वह शुल्क कैसे नगर निगम ले सकता है।
– सुरेंद्र मैथानी, विधायक भाजपा

हम लोग जनता के लिये काम कर रहे हैं। नामांतरण शुल्क वसूलने का यदि कोई नियम नहीं है तो जनता पर अतिरिक्त दबाव क्यों है। मैंने पहले भी इसका विरोध किया है। नगर आयुक्त से भी जवाब मांगा है।
– रमेश अवस्थी, सांसद, भाजपा"

## छेड़छाड़ में जेल गए शिक्षक को जमानत

**कानपुर।** काकादेव के एक कोचिंग संस्थान में छात्रा के साथ अश्लीलता करते हुए वायरल हुए वीडियो के बाद जेल भेजे गए आरोपी बायोलॉजी के शिक्षक साहिल सिद्धिकी को न्यायालय ने जमानत दे दी है। इस मामले में छात्रा मजिस्ट्रेटी बयान में अपने साथ अश्लीलता की बात से मुकर गई थी। जिससे शिक्षक को बड़ी राहत मिल गई।

एडीसीपी सेंट्रल महेश कुमार ने बताया कि कोचिंग संचालक आशीष श्रीवास्तव ने छात्रा से अश्लीलता की एफआईआर शिक्षक के खिलाफ दर्ज कराई थी। इसका संज्ञान लेकर कोचिंग संचालक को गिरफ्तार करके शांतिभंग की धारा में जेल भेजा गया था। मजिस्ट्रेटी बयान में छात्रा अपने साथ अश्लीलता की बात से मुकर गई। इस आधार पर शिक्षक साहिल सिद्दीकी को कोर्ट से जमानत मिल गई है।

### आज का मौसम

हल्के बादल छाये रहने के आसार है किंतु वर्षा की कोई संभावना नही है

| 32.2° | 25.8° |
|---|---|
| अधिकतम तापमान | न्यूनतम तापमान |
| सूर्योदय 06 : 02 | सूर्यास्त 05 : 53 |

### शहर में आज

- श्री महाराजा अग्रसेन जी की जयंती, अग्रसेन चौक फूलबाग शाम 6 .30 बजे।
- सोशल आउटरिच कांग्रेस विभाग द्वारा जिलाधिकारी को ज्ञापन, कलेक्ट्रेट दोपहर 12 बजे।
- लखीमपुर जीप कांड में शहीद किसानों को श्रद्धांजलि, गुमटी नं 5 चौक, शाम 5 बजे।

### शारदीय नवरात्र आज से



शारदीय नवरात्र गुरुवार 3 अक्टूबर से शुरू हो रहे हैं। इस बार गुरुवार को माता का आगमन पालकी पर और 12 अक्टूबर को प्रस्थान मुर्गे की सवारी से होगा। 11 अक्टूबर को दुर्गा महानवमी और दुर्गा महाष्टमी का पर्व मनाया जाएगा। 12 अक्टूबर को दशहरा और शारदीय नवरात्र व्रत का पारण किया जाएगा। वैसे तो नवरात्रि का त्योहार 9 दिनों का होता है लेकिन इस बार ये त्योहार 10 दिन का मनाया जाएगा। इस बार 11 अक्टूबर को अष्टमी और नवमी तिथि दोनों पड़ रही है. ऐसे में नवमी तिथि की पूजा का मुहूर्त 12 अक्टूबर को दशहरा के दिन सुबह का निकल रहा है। इस लिहाज से इस बार 9 दिन नहीं 2024 की शारदीय नवरात्र कुल 10 दिन की होगी।

### प्रथम शैलपुत्री



नवरात्र के प्रथम दिन मां शैलपुत्री की पूजा होती है। शैलपुत्री हिमालय की पुत्री हैं। इसी वजह से मां के इस स्वरूप को शैलपुत्री कहा जाता है। इनकी आराधना से हम सभी मनोवांछित फल प्राप्त कर सकते हैं। मां शैलपुत्री को प्रसन्न करने के लिए बीज मंत्र जपना चाहिए। इसके प्रभाव से माता जल्दी ही प्रसन्न होती हैं। देवी शैलपुत्री की पूजा से चंद्र दोष समाप्त होता है। **बीज मंत्र – ह्रीं शिवायै नमः।**

### किदवई नगर में 9 दिन लगातार होगा भंडारा

**कानपुर।** नवरात्र में किदवई नगर विधानसभा में नौ देवी के मंदिरों में नौ दिन नौ भंडारे का आयोजन होगा। यह बात बुधवार को विधायक महेश त्रिवेदी ने प्रेसवार्ता कर बताई। उन्होंने कहा कि यह आयोजन शारदीय नवरात्र में पिछले तीन वर्षों से लगातार हो रहा है। इस बार भी नौ दिन भंडारे का आयोजन होगा। विधानसभा के प्रमुख 9 मंदिरों में नवरात्र में भंडारे का आयोजन किया जा रहा जिसमें लाखों श्रद्धालु प्रसाद ग्रहण करेंगे। उन्होंने शहरियों से भंडारे में आने की अपील भी की।

## टीका लगने के बाद 5वीं के छात्र की मौत

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- अभियान में स्कूल में 27 को लगाई गई थी वैक्सीन
- परिजनों का आरोप, हाथ पड़ गया था काला
- टीकाकरण अधिकारी बोले-जांच कराएंगे

**अमृत विचार।** रावतपुर थानाक्षेत्र में एक स्कूल में सरकारी अभियान के तहत 27 सितंबर को वैक्सीन लगवाने के बाद हालत बिगड़ने से पांचवीं के छात्र की मौत हो गई। परिजनों का आरोप है कि वैक्सीन लगने के बाद से छात्र के कंधे पर काला निशान पड़कर बड़ा होता चला गया। मंगलवार देर रात उसकी हालत बिगड़ी। उसे अस्पताल लेकर पहुंचे जहां इलाज के दौरान उसने दम तोड़ दिया।



अंश सोनी।

रावतपुर गांव स्थित हर मिलाप सोसायटी केशवपुरम निवासी राजेश सोनी ई रिक्शा चालक है। परिवार में पत्नी सावित्री, 9 वर्षीय इकलौता पुत्र अंश और दो बेटियां अंशिका व अवंतिका हैं। मामा अमन ने बताया कि अंश रावतपुर गांव स्थित पीआरके मिशन स्कूल में कक्षा पांच का छात्र था। 27 सितंबर को विद्यालय में टीकाकरण हुआ था। उसके बाएं हाथ में टीका लगा था। आरोप है कि उसका हाथ काला पड़ रहा था। मंगलवार देर रात छात्र की हालत बिगड़ी तो उसे हैलट में भर्ती कराया गया। जहां उपचार के दौरान मौत हो गई। वहीं इस मामले में विद्यालय के प्रबंधक कुंवर पाल सिंह ने बताया कि स्वास्थ्य विभाग ने टीकाकरण किया था। अन्य किसी बच्चे को अभी तक कोई समस्या नहीं हुई है। इस संबंध में स्वास्थ्य विभाग के टीकाकरण अधिकारी यूवी सिंह ने बताया कि टीकाकरण से अन्य किसी बच्चे की हालत खराब होने की कोई भी सूचना नहीं आई है।

मामले की जांच कराई जाएगी। थाना प्रभारी कृष्ण कुमार मिश्रा ने बताया कि पैनल और वीडियोग्राफी से पोस्टमार्टम में मौत का कारण स्पष्ट नहीं होने पर बिसरा सुरक्षित किया गया है। जिसकी रिपोर्ट आने के बाद ही मौत का कारण स्पष्ट होगा। अगर परिजन तहरीर देंगे तो जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

## दहेज के लिए जलाने का प्रयास

कल्याणपुर संवाददाता। नानकारी निवासी अंजली की शादी 21 मई, 2021 को मिर्जापुर खंड़जा निवासी भारत कठेरिया से हुई थी। अंजली के मुताबिक शादी के कुछ दिन बाद ससुरालीजन 2 लाख रुपये दहेज की मांग कर प्रताड़ित करने लगे। 25 सितंबर को ससुरालीजनों ने उसे लाठी-डंडों से पीटा। पेट्रोल छिड़क कर जलाने का प्रयास किया। पुलिस के साथ पहुंचे पिता के चलते उसकी जान बच गई। उसने रिपोर्ट दर्ज कराई है।


डेन्टल इम्प्लान्ट्स एण्ड वेलनेस स्टूडियो
(AN ISO CERTIFIED 9001:2015 DENTAL CLINIC)
डॉ. देविना प्रधान एवं डॉ. लोकेश शर्मा
हमारी क्लीनिक पर सभी तरह के दंत रोगों का परामर्श होता है
समय : सुबह 9:30 बजे से दोपहर 12:30 बजे तक शाम 4:30 बजे से रात 8:00 बजे तक
उपलब्ध सेवायें
तम्बाकू रहित सलाह एवं परामर्श
- रूट कैनाल ट्रीटमेंट (RCT)
- अल्ट्रासोनिक मशीन द्वारा दाँतो की सफाई
- बत्तीसी • दाँतो में कैप लगाना।
- दाँतों के रंग की फिलिंग।
- आड़े–टेड़े दाँतों का इलाज
दाँतो की सफाई पर भारी छूट मात्र 1000/– रू. में
सम्पर्क करें:– मो0: 8173914009, 8009365109
Website: dentalimplantstudio.co.in, Email: dentalimplantswellnessstudio@gmail.com
117/708 'Q' ब्लाक (निकट अनुराग हास्पिटल) शारदा नगर, कानपुर

नवरात्रि की हार्दिक शुभकामनाएं
Chandrabhal Hospital
Multi Speciality Hospital
आयुष्मान योजना से सम्बद्ध
24 घंटे सुविधा उपलब्ध
डा. राजेश बाजपेयी
(MBBS, D.Ortho, Mch.)
हड्डी एवं जोड़ रोग विशेषज्ञ
ICU, NICU, EMERGENCY, MEDICAL STORE
Y-1280, Kidwai Nagar, Near R.B.I. Colony, Kanpur Mob.: 7571810604

नवरात्रि की हार्दिक शुभकामनाएं
Dr. M.K. Prajapati
Managing Director
आयुष्मान योजना के अंतर्गत मुफ्त इलाज
SD HOSPITAL
ICU NICU PICU
133/190 'O' Block, Juhi Hamirpur Road (Near Baradevi Chauraha), Kidwai Nagar, Kanpur •
Helpline : 9336724186, 9389731446

विमला ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशनस
हरदौली रमईपुर-जहानाबाद रोड, कानपुर नगर
Mob. : 8874333333, 9793565758
नर्सिंग - GNM/ANM/B.Sc. N
फार्मेसी - B.Pharma/D. Pharma
इण्टर कालेज - PG to 12th (NCERT)
मेडिकल कालेज - B.A.M.S.*
हे.ऑ. : फैमिली हॉस्पिटल
CGHS/ECHS/ESIC/CAPF से अधिकृत
प्रत्येक माह 26, 27 एवं 28 तारीख को निःशुल्क हेल्थ चेकअप कैम्प
हमीरपुर रोड, नौबस्ता बंबा, कानपुर

आप सभी को
नवरात्रि, दशहरा एवं दीपावली की हार्दिक शुभकामनाएं
GYAN NIKETAN
HR. SEC. SCHOOL
Shastri Nagar, Kanpur
Co- Educational Hindi/ English Medium
From P. G. to Class X




DIRECTOR
Mr. HARPREET SINGH
PRINCIPAL
Mrs. GURVINDER KAUR
Reasonable Fee Structure
100% Result In Board Exams
Shastri Nagar, Kanpur / Mob: 9936324242

# गांधी जयंती पर भी गुटबाजी नहीं भूले कांग्रेसी

## एकता का संदेश देने तिलकहाल और नानाराव पार्क में कांग्रेस के अलग-अलग आयोजित हुए कार्यक्रम

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** गांधी जयंती पर राष्ट्रीय एकता का संदेश देने वाले कांग्रेसी खुद गुटबाजी में उलझे रहे। शहर कांग्रेस ने तिलक हाल में गांधी-शास्त्री को याद किया तो दूसरे गुट के नेताओं ने नानाराव पार्क में कार्यक्रम किया। कांग्रेसियों के दोनों गुट पहले भी प्रमुख अवसरों या कार्यक्रमों में अलग-अलग पहचान दिखाते रहे हैं।



तिलक हाल में गांधी जयंती पर पुष्पांजलि देते कांग्रेसी। अमृत विचार



फूलबाग में गांधी शांति प्रतिष्ठान ने एकता का संदेश दिया।

शहर कांग्रेस कमेटी ने तिलक हाल में बुधवार को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री को नमन किया। सर्वधर्म प्रार्थना में श्रीमद्भागवत गीता, कुरान, बाइबिल व गुरुग्रंथ साहिब के अंशों का पाठ आचार्य संतोष शुक्ला, हाफिज मोहम्मद जैद, पादरी जितेन्द्र सिंह व सरदार जसप्रीत सिंह ने किया। सामूहिक रूप से चरखा चलाया गया। डॉ हलीम उल्ला खां, डॉ आरके जगत व विपिन तिवारी की अगुवाई में तकली से सूत कातकर बापू और शास्त्री के चित्र पर समर्पित किया गया। कांग्रेसियों ने स्वतंत्रता सेनानी, संविधान सभा सदस्य, पूर्व सांसद मुशारिया दीन पासी को भी श्रद्धा सुमन अर्पित किए। कार्यक्रम का संचालन शंकर दत्त मिश्रा ने किया। संयोजक राधेश्याम कश्यप रहे।

आलोक मिश्रा, पूर्व विधायक संजीव दरियाबादी, नौशाद आलम मंसूरी, महेश मेघानी, भूधर नारायण मिश्र, दिलीप शुक्ला, मदन मोहन शुक्ला, लल्लन अवस्थी, नरेश चंद्र त्रिपाठी, श्याम देव सिंह, राजेंद्र शुक्ला, साजिद सर, हीरालाल निषाद, राजेश गौतम उपस्थित रहे।

उधर, दूसरे गुट ने जवाहर लाल नेहरू राष्ट्रीय युवा केंद्र एवं गांधी विचार मंच के बैनर तले नानाराव पार्क स्थित नेहरू युवा केंद्र में गांधी-शास्त्री जयंती पर लक्ष्मी कांत त्रिपाठी की अध्यक्षता में विचार गोष्ठी आयोजित की। इसमें मुख्य अतिथि पूर्व विधायक भूधर नारायण मिश्रा रहे। प्रदेश कांग्रेस महासचिव हरप्रकाश अग्निहोत्री, निजामुद्दीन खां, अतहर नईम, ध्रुव नारायण तिवारी, इखलाक अहमद, ममता तिवारी, डॉ संतोष त्रिपाठी, नरेश त्रिपाठी, बैतुल खां, मेवाती व एखलाक अहमद प्रमुख रूप से शामिल हुए।

### कुछ लोगों को अलग दिखने की आदत: शहर अध्यक्ष

शहर कांग्रेस अध्यक्ष नौशाद आलम मंसूरी का कहना है कि गांधी जयंती पर कार्यक्रम तिलक हाल में था। नानाराव पार्क में दूसरे संगठन का प्रोग्राम था। कांग्रेस के कार्यक्रम में सभी नेता व कार्यकर्ता मौजूद थे, लेकिन कुछ लोगों को अलग दिखने की आदत है।

### पदयात्रा निकाल दिया गांधी जी का संदेश

**कानपुर।** अखिल भारतीय वैश्य एकता परिषद ने बापू का संदेश फैलाने के लिए घंटाघर से बिरहाना रोड होते हुए गांधी प्रतिमा फूलबाग तक पदयात्रा निकाली। भारत माता प्रतिमा घंटाघर पर डॉ.सुमंत गुप्ता, नरेश महेश्वरी, सुरेश गुप्ता, अजय गुप्ता, विनोद गुप्ता ने माल्यार्पण करके पदयात्रा प्रारंभ की। पदयात्रा में एमएलसी सलिल विश्नोई, विधायक अमिताभ बाजपेई, फतेहपुर के विधायक विकास गुप्ता, उन्नाव के विधायक पंकज गुप्ता शामिल रहे। गांधी शांति प्रतिष्ठान ने छोटे भाई नरोना की अगुवाई में फूलबाग में आयोजित कार्यक्रम में आपसी सौहार्द और राष्ट्रीय एकता का संदेश दिया।

## जज की कार पर पथराव करने वाले गिरफ्तार

**कानपुर।** भौंती हाईवे पर ज्यूडिशियल मजिस्ट्रेट की कार पर पथराव करने में पुलिस ने दो आरोपियों को गुड़गांव से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। शनिवार देर रात औरैया में ज्यूडिशियल मजिस्ट्रेट के पद पर तैनात निशा अली अपने भाई राहत अली और ड्राइवर रिजवान के साथ कानपुर से औरैया जा रहीं थीं। सचेंडी हाईवे पर कार सवार दो युवकों ने कार को टक्कर मारने के बाद रास्ता रोककर अभद्रता की थी और कार पर पथराव कर शीशा तोड़ दिया था।

सचेंडी थाने में हत्या के प्रयास समेत अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज कराया गया था। चकरपुर मंडी चौकी प्रभारी सुभाष सिंह ने बताया कि सीसीटीवी फुटेज व सर्विलांस के माध्यम से केशव नगर किदवई नगर निवासी सिद्धांत सिंह व जरौली फेज 1 बर्रा निवासी आशीष कुमार को गुड़गांव से गिरफ्तार किया गया। पूछताछ में उन्होंने बताया कि घटना की रात वह नशे में थे। जाम के दौरान रास्ता न मिलने पर उन्होंने महिला मजिस्ट्रेट से बहस की थी।

## सार-संक्षेप



सभा में डॉ. नईम हामिद को श्रद्धांजलि दी गई। अमृत विचार

### डॉ. नईम हामिद ने गरीबों का मुफ्त इलाज किया

**कानपुर।** आईएमए के पूर्व अध्यक्ष एवं वरिष्ठ सर्जन डॉ. नईम हामिद ने हजारों गरीबों का मुफ्त इलाज किया और लोगों की मदद भी करते थे। उन्होंने मुस्लिम इलाकों से टीबी को दूर भगाने के लिए बड़ा अभियान चलाया। बुधवार को हामिद हॉस्पिटल तलाक महल में डॉ. नईम हामिद को श्रद्धांजलि दी गई। संयोजक डॉ. मुबारक अली थे। वरिष्ठ हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ नदीम फारुकी, डॉ. मोहम्मद गयासुद्दीन अहमद, डॉ. असीमुल्लाह, अख्तर हुसैन अख्तर, शाहिद कामरान, हाफिज मोहम्मद जमील आदि ने विचार रखे।


महापुरुषों के चित्रों पर माला पहनाते केडीए उपाध्यक्ष। अमृत विचार

### महापुरुषों के विचारों को करें आत्मसात

**कानपुर।** केडीए में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री जी की जयंती हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। केडीए उपाध्यक्ष मदन सिंह गर्ब्याल, सचिव अभय कुमार पाण्डेय एवं अन्य अधिकारियों ने पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें नमन किया। मो. शादाब एवं कलाकारों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। वित्त नियंत्रक सुशील कुमार आदि मौजूद रहे।

### बुजुर्गों को धोती-कुर्ता देकर किया सम्मानित

**कानपुर।** समाजसेवी व्यापार सभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष संतोष गहमरी ने गांधी जयंती पर विजयनगर में बच्चों को किताबें व पेंसिल बांटी। 10 बुजुर्गों को धोती–कुर्ता व राहगीरों को फल वितरित कर सम्मानित किया। महात्मा गांधी के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। इस मौके पर डॉ. आनंद झा, अमित यादव, प्रभात पाल, फैजुद्दीन, छोटे लाल, रमाकांत, अमन सेंगर, अरविंद, दीपू, सनम ठाकुर, धीरेंद्र पासवान आदि रहे।

### रेलवे के इंजीनियर की संदिग्ध दशा में मौत

**कानपुर।** रेलबाजार थानाक्षेत्र में रेलवे के सीनियर टेक्निकल इंजीनियर की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। परिजनों ने 25 लाख के लेनदेन के आरोप में उन्हें जहरीला पदार्थ खिलाकर हत्या करने का आरोप लगाया है। पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। सनिगवां निवासी 51 वर्षीय राकेश कुमार शर्मा रेलवे में सीनियर टेक्निकल इंजीनियर के पद पर कानपुर सेंट्रल में तैनात थे। परिवार में पत्नी गीता, दो बेटे प्रियांक व राहुल और दो बेटी खुशी, मुस्कान है। परिजनों ने बताया कि राकेश ने शांति नगर निवासी मित्र को कुछ माह पहले लाल बंगला में मकान दिलाने के लिए 25 लाख रुपये दिये थे। बाद में पता चला वो प्रॉपर्टी पहले से ही बिकी हुई थी। इस पर दोनों में विवाद हुआ। आरोप लगाया कि 23 सितंबर की शाम राकेश आरोपी के घर रुपये मांगने गए थे। जहां पर अचानक उनकी तबियत बिगड़ गई। आरोपी के परिजनों ने फोन कर तबियत बिगड़ने की जानकारी दी। परिजनों ने उन्हें रेलबाजार स्थित एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया। जहां बुधवार को उनकी मौत हो गई। परिजनों ने राकेश को जहरीला पदार्थ खिलाकर हत्या कर देने का आरोप लगाया है।



सत्य और अहिंसा की शपथ दिलाते पुलिस कमिश्नर अखिल कुमार।

### पुलिस कमिश्नर ने दिलाई शपथ, किया सम्मानित

अमृत विचार। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी व भारत रत्न लाल बहादुर शास्त्री की जयंती के अवसर पर पुलिस कमिश्नर ने श्रद्धासुमन अर्पित कर सभी अधिकारियों और कर्मचारियों को सत्य और अहिंसा के मार्ग पर चलने की शपथ दिलाई। उन्होंने पुलिस विभाग के चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों को सम्मानित किया। इस मौके पर एडिशनल पुलिस कमिश्नर कानून व्यवस्था हरीश चंदर, डीसीपी मुख्यालय आरती सिंह व अन्य मौजूद रहे। उधर, अपर पुलिस महानिदेशक कानपुर जोन आलोक सिंह ने उनकी प्रतिमाओं पर माल्यार्पण कर सलामी दी। जेल में जेल अधीक्षक डॉ. बीडी पांडेय ने माल्यार्पण करने के बाद स्वच्छता का संकल्प दिलाया।

## स्वतंत्रता सेनानी व उनके परिजन सम्मानित

### सांसदों-विधायकों ने लगाई झाड़ू

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** राष्ट्रपिता महात्मा गांधी व पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती पर बुधवार को सरसैया घाट स्थित नवीन सभागार में बुधवार को स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत सम्मान समारोह आयोजित हुआ। सांसद रमेश अवस्थी व देवेंद्र सिंह भोले, विधायक बिल्हौर मोहित सोनकर, एमएलसी सलिल विश्नोई, जिलाधिकारी राकेश कुमार सिंह व सीडीओ दीक्षा जैन ने श्रमदान किया। अभियान में उत्कृष्ट कार्य करने वाले लोगों व ग्राम प्रधान, सचिव, पंचायत सहायक व सफाई मित्र को सम्मानित किया गया।



ग्राम प्रधान अमिलिहा मनीष दीक्षित को सम्मानित करते जिलाधिकारी राकेश कुमार सिंह। अमृत विचार

मंडलायुक्त कार्यालय में मंडलायुक्त अमित गुप्ता ने महात्मा गांधी व पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी। कलेक्ट्रेट में जिलाधिकारी राकेश कुमार सिंह ने स्वतंत्रता संग्राम सेनानी डीके सिंह, स्वतंत्रता संग्राम सेनानी संगठन के सत्येंद्र कुमार व सेनानियों के परिजनों को सम्मानित किया। इस मौके पर एडीएम वित्त राजेश कुमार, एडीएम सिटी डॉ. राजेश कुमार, एडीएम रिंकी जायसवाल आदि रहे।

# बारादेवी मंदिर भी बनेगा कॉरिडोर

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- क्षेत्रीय पार्षद की मांग पर सांसद रमेश अवस्थी ने शुरू की पहल
- नगर निगम से 15वें वित्त आयोग से कॉरिडोर बनाने को कहा

**अमृत विचार।** आज से नवरात्र शुरू हो गये हैं। पहले ही दिन शहर के प्राचीन मंदिर बारादेवी को लेकर अच्छी खबर है। बाबा आनंदेश्वर मंदिर कॉरिडोर की तर्ज पर बारादेवी मंदिर कॉरिडोर का भी निर्माण कराने की पहल शुरू हुई है। क्षेत्रीय पार्षद हरी स्वरूप तिवारी के प्रस्ताव पर सांसद रमेश अवस्थी ने नगर निगम से 15वें वित्त आयोग से मंदिर व आस-पास के क्षेत्र के विकास को लेकर पत्र लिखा है। सांसद ने कहा कि प्राचीन मंदिर में प्रतिदिन हजारों की संख्या में भक्त आते हैं। ऐसे में मंदिर का जीर्णोद्धार जरूरी है।

भाजपा के वार्ड 38 पार्षद हरी स्वरूप तिवारी ने इस संबंध में प्रस्ताव पेश किया है। जिसपर सांसद रमेश अवस्थी ने अपनी सहमति जताई है और बारादेवी मंदिर के विकास के लिये नगर निगम को पत्र लिख दिया है। सांसद ने 15वें वित्त



से मंदिर में कॉरिडोर के तहत कार्य करने और इसके साथ ही अवगत करने को कहा है। 1700 वर्ष पुराने इस मंदिर की देवी के प्रति लोगों की गहरी आस्था है। मंदिर की सबसे खास बात यह है कि भक्त अपनी मनोकामना मानकर चुनरी बांधते हैं। जिसकी मन्नत पूरी होती है, वह उस चुनरी की गांठ खोल देता है। यह परंपरा सदियों से चली आ रही है।

### पर्यटन विभाग ने भी कराया है विकास

बारादेवी के मंदिर को पर्यटन स्थल की तर्ज पर विकसित कराये जाने की योजना है। मंदिर में जाने के लिए चार प्रवेश द्वार बने हुए हैं। पिछले वर्ष में किदवई नगर विधायक महेश त्रिवेदी ने मंदिर को पर्यटन स्थल की तर्ज पर विकसित करने के लिए कार्यों का शिलान्यास किया था। जिसके बाद यहां पर सड़क, हरियाली, मेज, बेंच, प्रवेश द्वारा का सुंदरीकरण सहित अन्य कार्य कराए गए हैं।

### प्राचीन है प्रतिमा

वैसे तो मंदिर के रहस्य को लेकर कई कथाएं प्रचलित हैं। मंदिर के लोगों की मानें तो एएसआइ की टीम ने जब यहां का सर्वेक्षण किया था तब यह पाया था कि मंदिर की मूर्ति लगभग 15 से 17 सौ वर्ष पुरानी है।

## ग्वालियर रवाना हुई बांग्लादेश की टीम

**कानपुर।** ग्रीनपार्क स्टेडियम में मंगलवार को 2-0 से टेस्ट सीरीज हारने वाली बांग्लादेश टीम बुधवार को टी-20 सीरीज के लिए ग्वालियर रवाना हुई। टी-20 सीरीज 6 अक्टूबर से शुरू होगी।


ग्वालियर रवाना हुए बांग्लादेश के खिलाड़ी।

ग्रीनपार्क स्टेडियम में टेस्ट सीरीज समाप्त होने के बाद ही टीम इंडिया के सभी खिलाड़ी देर रात तक अपने घरों के लिए रवाना हो गए थे। सिर्फ मो. सिराज और आकाशदीप रुके थे, जो बुधवार सुबह अपने घर के लिए निकले। वहीं बांग्लादेश टीम के पूर्व कप्तान शाकिब अल हसन टी-20 टीम से संन्यास ले चुके हैं, इसलिए वह भी मंगलवार रात ही चले गए थे। बुधवार को बांग्लादेश की बाकी टीम रवाना हुई। टीम होटल से बस से चकेरी एयरपोर्ट पहुंची। वहां 12.20 बजे चार्टर्ड प्लेन से ग्वालियर के लिए रवाना हुई। ग्वालियर में 6 अक्टूबर से टी-20 सीरीज में बांग्लादेश की टीम पसीना बहाएगी।

## बैंक कर्मी बनकर खाते से पार किए 40 हजार

**कानपुर।** साइबर ठग ने बैंक कर्मी बनकर एक युवक को फोन कर क्रेडिट कार्ड की लिमिट बढ़ाने के नाम पर मोबाइल पर एक लिंक भेजा। लिंक को क्लिक करते ही खाते से दो बार में 40 हजार रुपये उड़ गए। पीड़ित ने चकेरी थाने में मामले की शिकायत की है।

चकेरी के शिवकटरा निवासी विनीत कुमार के अनुसार बीती 30 सितंबर को उनके पास अंजान नंबर से फोन आया। फोन करने वाले ने खुद को बैंक कर्मी बताया और क्रेडिट कार्ड लिमिट बढ़ाने का झांसा दिया। इसके बाद आरोपी ने उनके मोबाइल पर एक लिंक भेजा। लिंक को क्लिक करते ही उनका मोबाइल हैंग हो गया। कुछ देर के बाद मोबाइल ऑन करने पर खाते से दो बार में 40 हजार रुपये कट जाने का मैसेज आया। इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक अशोक दुबे ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

### सीएसए का दीक्षांत समारोह 4 को

**कानपुर।** चंद्रशेखर आजाद (सीएसए) कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में 4 अक्टूबर को आयोजित होने वाले 26वें दीक्षांत समारोह में 62 मेधावियों को पदक मिलेंगे। इनमें रितिक कुमार समेत 14 को कुलाधिपति स्वर्ण पदक, 14 को विश्वविद्यालय रजत पदक, 13 को विश्वविद्यालय कांस्य पदक और 21 को प्रायोजित स्वर्ण पदक प्रदान किए जाएंगे।

कारोबार | आज से 6 अक्टूबर तक मोतीझील में लेदर मेला

# उद्यमियों को नई दिशा देगा मेला

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** चर्म निर्यात परिषद (सीएलई) की ओर से मोतीझील में गुरुवार से 6 अक्टूबर तक लगाए जाने वाले लेदर मेला में लोगों को एक्सपोर्ट क्वालिटी के उत्पाद तो उपलब्ध ही होंगे, यह आयोजन लेदर क्षेत्र में कारोबार शुरू करने वाले लोगों का भी मार्गदर्शन करेगा। खरीद पर छूट भी मिलेगी।

सीएलई के पूर्व अध्यक्ष मुख्तारुल अमीन, वर्तमान अध्यक्ष आरके जालान, रीजनल चेयरमैन असद ईराकी और राकेश सूरी ने बताया कि पिछले वित्तीय वर्ष में चर्म उद्योग ने 7 हजार करोड़ के निर्यात के साथ देश में 18 हजार करोड़ रुपये का कारोबार किया है। शहर में 317 लेदर निर्यातक हैं, जिनमें 60 से 70 युवा हैं। यह मेला ऐसे युवाओं को नई दिशा प्रदान करेगा। मेले में जल्दी ही बीटूबी की व्यवस्था की जाएगी, ताकि एक व्यापारी दूसरे व्यापारी से सीधे उत्पादों और कारोबार के संबंध में बातचीत कर सके।



लेदर मेले की जानकारी देते मुख्तारुल अमीन। अमृत विचार

### नामचीन ब्रांड व एक्सपोर्ट क्वालिटी के मिलेंगे उत्पाद

लेदर मेले में फुटवियर, विभिन्न तरह के बैग, वॉलेट, जैकेट, बेल्ट, महिलाओं के सैंडल, जूते, बच्चों के जूते जैसे तमाम उत्पाद उपलब्ध होंगे। मेले में एलन कूपर, मोड्रिबा, एवेटोस, मार्डेंट, पेयर वन, सेल्टिक, कैब्रिन, लकी टोनी, मैकॉ, लग्जरी लेदर, क्यूरो बोल्सा, 2 फिट, एचएक्स, लंदन, ब्लैक हॉर्न व मिडास जैसे ब्रांड प्रदर्शित होंगे।

### बेस्ट स्टाल, प्रोडक्ट और स्टार्ट अप अवार्ड भी मिलेंगे

लेदर मेले में बेस्ट स्टॉल, सबसे बेहतर सोशल मीडिया प्रमोशन, बेस्ट प्रोडक्ट, बेस्ट इंटरप्रेन्योर वुमेन और इनोवेटिव डिजाइन के साथ स्टार्टअप अवार्ड भी दिया जाएगा।


## कार्यालय ग्राम पंचायत अमिलिहा विकास खण्ड़ चौबेपुर, कानपुर नगर

पत्रांक मेमो/पंचम/पन्द्रहवांवित्त/मनरेगा योजनान्तर्गत/सचिव /2024–25/ दिनांक– 01.10.2024

### अल्पकालीन निविदा आमन्त्रण सूचना

कार्यालय ग्राम पंचायत अमिलिहा विकास खण्ड चौबेपुर कानपुर नगर में केन्द्रीय वित्त आयोग /पंचम वित्त/मनरेगा/एस0बी0एम0 वित्तीय वर्ष 2024–25 में ग्राम पंचायत द्वारा निम्नलिखित निर्माण कार्य संचादित किए जाने हेतु आईटम रेट/निर्माण सामग्री आपूर्ति किए जाने के लिए मोहर बन्द निविदा दिनांक 03.10.2024 से 09.10.2024 तक 01 बजे तक आमंत्रित की जाती है। प्राप्त निविदाएँ दिनांक 09.10.2024 को 3 बजे ग्राम पंचायत में गठित समिति द्वारा निविदा दाताओ के समक्ष खोली जाएगी। निविदा के सबंध में विस्तृत जानकारी व निविदा नगद 100 शुल्क जमा कर अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय से किसी भी कार्य दिवस में प्रातः 10 बजे से शाम 4 बजे तक प्राप्त की जा सकती है। बिना कारण बताये किसी भी निविदा को निरस्त करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी को होगा।

**कार्यों का विवरण निम्नवत् है:–**

| क्रं0 सं0 | कार्य व कार्य स्थल का नाम | अनुमानित लागत | कार्य पूर्ण होने की अवधि |
|---|---|---|---|
| 1 | प्रा0वि0 देवपालपुर मे दिव्यांग शौचालय निर्माण कार्य | प्राक्कलन के अनुसार | 20 दिन |
| 2 | प्रा0वि0 भिखारीपुर मे दिव्यांग शौचालय निर्माण कार्य | प्राक्कलन के अनुसार | 20 दिन |
| 3 | प्रा0वि0 जगुआपुरवा मे दिव्यांग शौचालय निर्माण कार्य | प्राक्कलन के अनुसार | 20 दिन |
| 4 | प्रा0वि0 पनउपुरवा मे दिव्यांग शौचालय निर्माण कार्य | प्राक्कलन के अनुसार | 20 दिन |
| 5 | प्रा0वि0 भिखारपुर में कायाकल्पा कार्य | प्राक्कलन के अनुसार | 20 दिन |
| 6 | प्रा0वि0 पनउपुरवा में कायाकल्पा कार्य | प्राक्कलन के अनुसार | 20 दिन |
| 7 | प्रा0वि0 देवापालपुर में कायाकल्पा कार्य | प्राक्कलन के अनुसार | 20 दिन |
| 8 | आगनबाडी केन्द्र निर्माण कार्य | प्राक्कलन के अनुसार | 2 माह |
| 9 | राजाराम सैनी के मकान से वैभव सिंह के घर तक इण्टरलाकिंग व नाली निर्माण | प्राक्कलन के अनुसार | 20 दिन |
| 10 | सोने लाल के घर से हरीराम के घर इण्टरलाकिंग का अवशेष कार्य | प्राक्कलन के अनुसार | 20 दिन |
| 11 | जय प्रकाश पाण्डेय के घर से अमित पाण्डेय के घर तक इण्टरलाकिंग व नाली निर्माण | प्राक्कलन के अनुसार | 20 दिन |
| 12 | पुनीत दुबे के घर से अभिलाश दीक्षित के घर तक नाली व इण्टरलाकिंग निर्माण | प्राक्कलन के अनुसार | 20 दिन |
| 13 | गुड्डू दुबे के घर से सर्वेश सचान के घर तक नाला निर्माण | प्राक्कलन के अनुसार | 15 दिन |
| 14 | आर0के0 शुक्ला कालेज से राजू दुबे के घर तक नाला निर्माण | प्राक्कलन के अनुसार | 20 दिन |
| 15 | बब्लू पाण्डेय के प्लाट से घडी फैक्ट्री तक नाला निर्माण | प्राक्कलन के अनुसार | 25 दिन |
| 16 | राधे गोविन्द के घर से राम विलास के घर तक नाली निर्माण | प्राक्कलन के अनुसार | 15 दिन |
| 17 | गुलाब के घर से रमेश अग्निहोत्री के घर तक इण्टरलाकिंग निर्माण कार्य | प्राक्कलन के अनुसार | 15 दिन |
| 18 | आर0आर0सी0 सेन्टर में अतिरिक्त कार्य | प्राक्कलन के अनुसार | 15 दिन |
| 19 | हरी नारायण के घर से ट्रासफार्मर तक नाली निमार्ण | प्राक्कलन के अनुसार | 15 दिन |
| 20 | रमेश चन्द्र अग्निहोत्री के घर से राम कुमार पाण्डेय के घर तक नाला मरम्मत व निर्माण कार्य | प्राक्कलन के अनुसार | 20 दिन |
| 21 | रामू सैनी के घर से सुनील सिंह के घर से नाला निर्माण व मरम्मत कार्य | प्राक्कलन के अनुसार | 15 दिन |
| 22 | राम सिंह वर्मा के घर से इमाम बक्स के दरवाजे तक नाली मरम्मत कार्य | प्राक्कलन के अनुसार | 15 दिन |
| 22 | धर्मेन्द्र कठेरिया के घर से शिवम् बाथम के घर तक इण्टरलाकिंग व नाली निर्माण | प्राक्कलन के अनुसार | 1 माह |
| 23 | सन्तोष वर्मा के घर से श्याम लाल वर्मा के घर तक इण्टरलाकिंग व नाली निर्माण | प्राक्कलन के अनुसार | 1 माह |
| 24 | आर0आर0सी0सेण्टर हेतु ई0 रिक्शा | प्राक्कलन के अनुसार | 15 दिन |
| 25 | सोनू दीक्षित के दरवाजे से प्रकाश दीक्षित के दरवाजे तक सी0सी0रोड निर्माण | प्राक्कलन के अनुसार | 1 माह |
| 26 | जयराम तिवारी के घर से श्यामू शुक्ला तक सी0सी0रोड निर्माण | प्राक्कलन के अनुसार | 1 माह |
| 27 | पारूल के मकान से सी0सी0रोड तक सी0सी0रोड निर्माण | प्राक्कलन के अनुसार | 1 माह |

**अन्य शर्तें:–**

1. सशर्त निविदा स्वीकार नही की जाएगी।
2. निविदा डालने से पूर्व ठेकेदार/आपूर्ति करने वाली फर्म कार्यस्थल का निरीक्षण कर ले।
3. किसी भी परियोजना पर शासन स्तर पर रोक या विवाद में स्वीकृत कार्य का भुगतान न होगा। समस्त अधिकार अधोहस्ताक्षरी के पास निहित होगे। धनराशि की उपलब्धता के आधार पर भुगतान किया जायेगा

**मनीष दीक्षित**
प्रधान
ग्राम पंचायत–अमिलिहा
विकास खण्ड–चौबेपुर कानपुर नगर

**शिव प्रताप सिंह**
ग्राम पंचायत अधिकारी
ग्राम पंचायत– अमिलिहा
विकास खण्ड–चौबेपुर कानपुर नगर

## एक नजर

### एनपीएस व यूपीएस के विरोध में धरना

**कानपुर** । ऑल इंडिया डिफेंस एंप्लाइज फेडरेशन (एआईडीईएफ) के अखिल भारतीय आह्वान पर बुधवार को गांधी जयंती पर वेलफेयर सेंटर अर्मापुर में एनपीएस व यूपीएस के विरोध में रक्षा असैनिक कर्मचारियों ने धरना दिया। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के चित्र पर माल्यार्पण से धरने की शुरुआत हुई। इस मौके पर असैनिक कर्मचारियों ने शपथ ली कि जब तक कर्मचारियों के ऊपर थोपी गई एनपीएस व यूपीएस को समाप्त नहीं किया जाता और पुरानी पेंशन योजना (ओपीएस) को लागू नहीं किया जाता, तब तक एआईडीईएफ आंदोलन कर रहे संगठनों के नेतृत्व में धरना-प्रदर्शन जारी रखेगा। उन्होंने कहा कि सरकार उनकी जायज मांगों की अनदेखी कर रही है जिसे सहन नहीं किया जाएगा। धरने में उपाध्यक्ष छवि लाल यादव, संयुक्त मंत्री आरके पाराशर, सौरभ कुमार सिंह, पीके चटर्जी, संतोष मिश्रा, विनीत कुमार सिंह, पंकज यादव, रविन्द्र यादव, एमके साहू आदि रहे।

# पंडालों व घरों में आज विराजेंगी मां दुर्गा, होगी जय-जयकार


कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार** । नवरात्र आज से शुरू हो रहे हैं। जगतजननी मां दुर्गा आज पंडालों व घरों में विराजेंगी। पंडालों में मूर्ति स्थापना की तैयारियां बुधवार को जोर पकड़े रहीं। शहर के मंदिरों को सजाया गया है। मंदिरों के बाहर प्रसाद, चुनरी व फल-फूल की दुकानें लग गईं। शाम को बाजारों में खास रौनक देखने को मिली।

### मंदिरों को लाइटों से सजाया गया

- दुर्गा मंदिरों में भव्य दरबार सजाया गया है। पंडालों को महल का रूप दिया गया है। गुरुवार को पहले दिन घरों व मंदिरों में मां के प्रथम स्वरूप शैलपुत्री की आराधना होगी। घरों में कलश स्थापना के साथ ही भक्त व्रत रहेंगे। मंदिरों में दर्शन व पूजन के लिए भक्तों की भीड़ रहेगी। मंदिरों को लाइटों से सजाया गया है। मंदिरों के बाहर नारियल, चुनरी, कलश, दीपक, फल-फूल व प्रसाद की दुकानें लग गई हैं। काली मठिया, तपेश्वरी देवी, बुद्धा देवी, उजियारी देवी, बारह देवी, वैष्णो माता दरबार बर्रा, जंगली देवी आदि मंदिरों में श्रद्धालु दर्शन व पूजन कर मां भगवती को प्रसन्न करेंगे। भक्तों ने घरों में स्थापित करने के लिए मूर्तियां खरीदीं और श्रृंगार कराया।


काली मठिया मंदिर सजाया गया है। अमृत विचार



### कलश स्थापना के शुभ मुहूर्त

- पंचांग के अनुसार शारदीय नवरात्र के पहले दिन कलश स्थापना के लिए दो शुभ मुहूर्त हैं। पहला शुभ मुहूर्त सुबह काल 6 .02 मिनट से लेकर 7 .07 मिनट तक रहेगा। इसके बाद घटस्थापना के लिए दूसरा मुहूर्त दोपहर के समय है। यह मुहूर्त सुबह 11 . 34 मिनट से लेकर दोपहर 12 :21 तक रहेगा। इस दौरान भी कलश स्थापना कर सकते हैं।
- शहर के बारादेवी, तपेश्वरी, जंगलीदेवी उजियारी व काली मठिया मंदिर में प्रतिदिन भक्तों की जबरदस्त भीड़ होती है। इन मंदिरों के बाहर मेला भी लगता है। इन मंदिरों में बैरीकेडिंग पर विशेष ध्यान दिया गया है।


नवरात्र पर खरीदारी के लिए बाजारों में उमड़ी भीड़। अमृत विचार

### बाजरों में उमड़ी भीड़ , भक्तों ने खरीदी पूजन सामग्री

- कानपुर। बाजारों में बुधवार को व्रत व पूजन सामग्री खरीदनें वालों की भीड़ रही। लोगों ने माता के श्रृंगार का सामान, कपड़े, चुनरी, जेवर और भोग आदि की खरीदारी की। पूजन सामग्री खरीदने वालों की सबसे ज्यादा भीड़ शिवाला बाजार में रही। पीतल और अष्टधातु की माता की मूर्तियां भी लोगों ने घरों में स्थापित करने के लिए ली।

### 285 पंडालों में विराजेंगी माता

- कानपुर। शहर के 285 पंडालों में आज माता दुर्गा विराजमान होंगी। किदवईनगर, रतनलालनगर, अशोकनगर, अर्मापुर, मालरोड, मोतीझील, पांडुनगर आदि क्षेत्रों में महल की तरह माता के भव्य पंडाल बनाए गए है। रंग-बिरंगी रोशनी व फूलों से सजे पंडाल में गुरुवार को माता विराजमान होंगी। एडिशनल पुलिस कमिश्नर कानून व्यवस्था हरीश चन्दर ने बताया कि शहर में इस बार 285 पंडालों में दुर्गा की मूर्ति स्थापना होगी।

## यूपीसीडा के सीईओ मयूर माहेश्वरी ने उद्यमियों को निवेश के लिए किया आमंत्रित

# ट्रांस गंगा हाईटेक सिटी के विकास का खाका खींचा

**50** से अधिक निवेशक शामिल हुए कार्यक्रम में

- औद्योगिक, वाणिज्यिक व आवासीय उपयोग के लिए मिलेगा सुनियोजित बुनियादी ढांचा


दीप जलाकर उद्घाटन करते उद्यमी। अमृत विचार


कार्यक्रम में उद्योग जगत के नामचीन लोग मौजूद रहे। अमृत विचार

**इंडस्ट्री कनेक्ट कार्यक्रम**

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार** । शहर के औद्योगिक विकास का खाका खींचने के लिए इंडस्ट्री कनेक्ट कार्यक्रम में यूपीसीडा और उद्यमी एक साथ बैठे। यूपीसीडा ने उद्यमियों को ट्रांसगंगा सिटी प्रोजेक्ट के लाभ और प्रस्तावित सरसैया घाट पुल से कनेक्टिविटी समझायी। पंजाब नेशनल बैंक ने निवेश में आने वाली बाधाएं दूर करने के लिए लोन संबंधी योजनाएं बताईं।

मुख्य अतिथि यूपीसीडा के सीईओ मयूर माहेश्वरी ने कहा कि प्रदेश को 1 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने के मुख्यमंत्री के लक्ष्य को आगे बढ़ाने में यूपीसीडा महत्वपूर्ण योगदान कर रहा है। इसके लिए निर्बाध भूमि अधिग्रहण, वेयरहाउसिंग और लॉजिस्टिक्स क्षेत्र के विकास पर ध्यान केंद्रित किया गया है। कार्यक्रम में उन्नाव स्थित ट्रांस गंगा सिटी पर प्रस्तुति में गंगा नदी के किनारे इसकी रणनीतिक स्थिति और औद्योगिक विस्तार के प्रमुख स्थल के रूप में क्षमता को रेखांकित किया गया। बताया गया कि यह परियोजना औद्योगिक, वाणिज्यिक और आवासीय उपयोग के लिए सुनियोजित बुनियादी ढांचा प्रदान करती है। कार्यक्रम में 50 से अधिक निवेशक शामिल हुए, जिनको यूपीसीडा सीईओ ने बताया कि कैसे प्राधिकरण निवेशक अनुकूल नीतियों को सुविधाजनक बना रहा है। पंजाब नेशनल बैंक ने एमएसएमई प्राइम प्लस और प्रगति प्राइम प्लस जैसी अपनी वित्तीय योजनाएं पेश कीं, जो विकास के लिए वित्तीय समाधान के साथ व्यवसायों का समर्थन करने के लिए डिज़ाइन की गई हैं।

### यह प्रमुख उद्यमी रहे शामिल

- कार्यक्रम में गोल्डी समूह से आकाश गोयनका, जीडी गोयनका से चंदन अग्रवाल, एमकेवी से मनोज गुप्ता, मयूर समूह से सुशील गुप्ता, रिमझिम समूह से रोहित गुप्ता व मर्चेंट चेंबर ऑफ उत्तर प्रदेश से इंडस्ट्री कमेटी के चेयरमैन सुशील शर्मा, होटल लैंडमार्क से विकास मेहरोत्रा, एनआरआई सिटी से एसके पालीवाल शामिल रहे।



उद्घोष की जानकारी देते आयोजक। अमृत विचार

# आईआईटी के उद्घोष में युवा दिखाएंगे हुनर

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- 4 से 6 अक्टूबर तक 19 खेलों में दिखाएंगे दम
- देश के टॉप संस्थानों के 2500 युवा हिस्सा लेंगे

**अमृत विचार** । आईआईटी कानपुर में शुक्रवार से तीन दिवसीय वार्षिक खेल प्रतियोगिता उद्घोष शुरू होगी। तीन दिन तक चलने वाले इस आयोजन में 19 खेल प्रतियोगिताएं होंगी। इन प्रतियोगिताओं में आईआईटी और आईआईएम समेत देश के टॉप संस्थानों के 2500 से ज्यादा प्रतिभागी भाग लेंगे।

यह जानकारी बुधवार को मीडिया प्रमुख प्राची ने दी। उन्होंने बताया कि तीनों दिन में दोपहर में खेल प्रतियोगिताएं व रात में सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। पहली रात में फ्यूजन नाइट, दूसरे दिन ईडीएम नाइट होगी। सांस्कृतिक कार्यक्रमों में बॉलीवुड की बड़ी हस्तियां आएंगी। उद्घोष कमेटी की वंशिका यादव ने बताया कि इस बार खो-खो, महिला क्रिकेट और एक्वेटिक्स को शामिल किया गया है। इनके अलावा क्रिकेट में 18 टीम, फुटबाल में 35 टीम आपस में मुकाबला करेंगी। बास्केटबाल और एथलेटिक्स समेत 19 खेल प्रतियोगिताएं होंगी। कमेटी के सूरज मीना ने बताया कि प्रतियोगिता में दिव्यांग छात्रों के लिए उड़ान का आयोजन किया जा रहा है। इसमें 200 खिलाड़ी छात्र प्रतिभाग करेंगे।

इसमें एथलेटिक्स, आर्चरी, बैडमिंटन, क्रिकेट, चेस, कैरम, टीटी और बास्केटबॉल जैसे खेल शामिल हैं। इन दिव्यांग छात्रों को प्रोत्साहत करने के लिए पैरा बैडमिंटन प्लेयर चिराग बरेठा 5 अक्टूबर की शाम को आईआईटी आएंगे।

## सार-संक्षेप



शिविर में रक्तदान करते रक्तदानी। अमृत विचार

### ब्लड डोनेशन कैंप में बढ़-चढ़कर लिया भाग

**कानपुर** । शहर और उन्नाव के रोटरी क्लब्स ने मिलकर बुधवार को मेगा ब्लड डोनेशन कैंप का आयोजन किया। डीपी भार्गव चैरिटेबल ट्रस्ट, मैकराबर्टगंज में स्व. पीडीजी विवेक गर्ग की स्मृति में आयोजित शिविर में दो दर्जन से अधिक यूनिट रक्तदान हुआ। जसवीर सिंह भाटिया ने कहा कि आयोजन के लिए गर्व महसूस कर रहे हैं। पीडीजी डीसी शुक्ला ने कहा कि रक्तदान सेवा का सबसे सरल साधन है। कार्यक्रम संयोजक गौरव अग्रवाल जैन, अमित खत्री, भक्ति विजय शुक्ला, ओ.पी. अग्रवाल, विश्वनाथ गुप्ता, विजय पुरवार सतबीर सिंह, राजन भार्गव, विवेक गुप्ता, सुधीर परसवानी, अक्षय गुप्ता, आकांषा अग्रवाल, राजीव अग्रवाल, विवेक अग्रवाल आदि थे।


डिप्लोमा फार्मासिस्ट एसोसिएशन के पदाधिकारी चुने गए।

### डिप्लोमा फार्मेसिस्ट एसोसिएशन के मंत्री बने विवेक

**कानपुर** । डिप्लोमा फार्मेसिस्ट एसोसिएशन के मंत्री पद का उप चुनाव हुआ। 180 मतदाताओं ने अपने मताधिकारर का प्रयोग किया। कांटे की टक्कर में विवेक सिंह यादव 1 वोट से विजयी हुये। विवेक ने अपने निकटतम प्रतिद्वंदी शैलेंद्र सचान को हराया। चुनाव अधिकारी दिलीप मिश्रा, राजेश उत्तम रहे और प्रांतीय पर्यवेक्षक के रूप में प्रदेश महामंत्री राजेंद्र सिंह पटेल रहे।


भाजपा नेता जीत प्रताप ने पहलवानों को गदा दिए।

### जीत प्रताप ने पहलवानों को भेंट किया गदा

**कानपुर** । भाजपा नेता जीत प्रताप सिंह ने गांधी जयंती पर अकबरपुर लोकसभा क्षेत्र के ब्लाक कल्याणपुर स्थित विसार गांव में आयोजित विशाल दंगल में बतौर अतिथि भाग लिया। उन्होंने इस अवसर पर पहलवानों को गदा भेंट कर सम्मानित किया। इस अवसर पर आशीष चंदेल, देवेश गुप्ता, रवि सेंगर , राजन राजावत, बीके विश्वकर्मा, ललित मिश्रा , शिवा ठाकुर, आकाश दुबे , अंकित कैथल , टीकम सिंह , महेंद्र पांडे, सुरेश गुप्ता,अजय भदौरिया, पूर्व जिलामंत्री कमल तिवारी मौजूद रहे।


गंगा में खड़े होकर पितृों को जल देते लोग। अमृत विचार

## तर्पण-पूजन करके पितृों को विदाई

**कानपुर** । पितृपक्ष के आखिरी दिन बुधवार को गंगा घाटों पर तर्पण के बाद पितृों को विदाई दी गई। परिजनों ने गंगा स्नान किया, पितृों से क्षमा मांगकर सुख-समृद्धि की कामना की। पितृ विसर्जनी अमावस्या पर तड़के ही परिजन गंगा घाटों पर पहुंचे। घाटों पर गंगा स्नान के बाद सूर्य को जल देकर पितृों का तर्पण किया। घरों में भी श्राद्ध पूजन किया वहीं विश्व हिंदू परिषद ने बुधवार सरसैया घाट पर बलिदानियों का तर्पण कराया। परिषद ने संघ के संस्थापक डॉ. हेडगेवार समेत ज्ञात-अज्ञात क्रांतिवीर, स्वतंत्रता सेनानी, सैनिक, पुलिस कर्मी, श्रीराम जन्मभूमि मुक्ति अभियान के बलिदानियों, पाकिस्तान-बांग्लादेश में हताहत हिंदू समाज के लोगों का तर्पण कराया।

# पूजन के बाद समाजसेवियों का सम्मान

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार** । महाराजा अग्रसेन की जयंती बुधवार को श्री अग्रसेन चौक फूलबाग पर धूमधाम से मनाई गई। पूजन, आरती के बाद प्रसाद वितरण हुआ।

श्री महाराजा अग्रसेन जयंती पर कार्यक्रम श्री महाराजा अग्रसेन वंशज सभा व श्री अग्रवाल सभा की ओर से संयुक्त रूप से किया गया। श्री महाराजा अग्रसेन की मूर्ति पूजन, आरती के बाद समाज के लोगों, सांसद-विधायकों का सम्मान और प्रसाद वितरण किया गया। महराजा अग्रसेन वंशज सभा ने भंडारे का आयोजन किया। जिसमें विधायक अमिताभ बाजपेई, एमएलसी सलिल विश्नोइ, पार्षद विकास जायसवाल, समाजसेवी मुरारीलाल अग्रवाल, सुशील अग्रवाल, कैलाश अग्रवाल, राम किशन जिंदल आदि शामिल हुए।

सभा के पदाधिकारियों ने महाराजा अग्रसेन की आरती उतारी। इस मौके पर वंशज सभा के अध्यक्ष गोविन्द प्रसाद अग्रवाल, आलोक अग्रवाल, अग्रवाल सभा के अध्यक्ष कमल किशोर अग्रवाल, प्रधानमंत्री राम बाबू अग्रवाल, प्रेम प्रकाश अग्रवाल, गोपाल अग्रवाल, उमेश चन्द्र, विजय अग्रवाल, राजेन्द्र अग्रवाल, विवेक गर्ग, मधुप अग्रवाल, प्रवीन राज अग्रवाल, अनुराग अग्रवाल, अतुल, संजीव, विनोद अग्रवाल, महिला मंडल समिति की संध्या, निशी गर्ग, शिल्पी अग्रवाल, कनिष्का आदि रहीं।


अग्रसेन प्रतिमा पर की गई आरती। अमृत विचार

## विवि में पितृों के नाम से रोपित किये गये पौधे

**कानपुर** । छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय के दीन दयाल शोध केन्द्र के तहत संचालित कर्मकांड एवं ज्योतिर्विज्ञान विभाग व स्कूल ऑफ एग्रीकल्चर की ओर से पितृ विसर्जन अमावस्या के अवसर पर 'एक पेड़ पूर्वजों के नाम' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। श्री विश्वेश्वर महादेव मंदिर परिसर में पितरों के नाम पौध रोपण किया गया। सभी को पौधों की वर्षभर देखरेख करने का संदेश भी दिया गया। कुलपति प्रो विनय कुमार पाठक, आयुर्वेदाचार्य डॉ वंदना पाठक, प्रति कुलपति प्रो सुधीर कुमार अवस्थी आदि ने पौधे रोपित किये।

**शुभ घड़ी** — परेड रामलीला में नारद मोह और श्रीराम जन्म की लीला का मंचन किया गया

# राम के जन्म पर अयोध्या में छाईं खुशियां, प्रजा ने की जय-जयकार

कार्यालय संवादाता, कानपुर

**अमृत विचार** । राजा दशरथ के महल में गूंजती राम, लक्ष्मण, भरत और शत्रुघ्न की किलकारियां, खुशियों से झूमती अवध की प्रजा और उपहार लुटातीं महारानी कैकेयी, कौशल्या और सुमित्रा, महल में गूंजते बधाई गीत, पुष्प की वर्षा करते देवता, यह मनोहारी दृश्य रहा परेड स्थित रामलीला मैदान में आयोजित रामलीला का। श्रीराम लीला सोसाइटी परेड की ओर से आयोजित इस उत्सव की शुरुआत मेस्टन रोड स्थित रामलीला भवन से निकाली गई श्रीहरि विष्णु और लक्ष्मी जी की शोभायात्रा से हुई। रास्ते में लोगों ने प्रभु की झांकी पर फूलों की वर्षा की। लीला में प्रथम दिन देवर्षि नारद मोह, विश्व मोहिनी और श्रीहरि विष्णु का विवाह व राम जन्म की लीला का मंचन किया गया। लीला की शुरुआत देवर्षि नारद के मोह से शुरू हुई। ऋषि नारद हिमालय पर भ्रमण कर रहे थे। कंदराओं में भ्रमण करते देवर्षि का मन अचानक तपस्या करने को हुआ। उन्हें तपस्या करते देख देवराज इंद्र का सिंहासन डोल गया। भयभीत देवराज ने कामदेव को देवर्षि का तप भंग करने का आदेश दिया। कामदेव वहां अप्सराओं के साथ पहुंचे पर तप भंग न होने से मायूस कामदेव लौट गये। देवर्षि को अहंकार हो गया। विष्णु जी ने भी उनके अहंकार का नाश करने का निश्चय किया। उधर प्रभु की माया से रची गई नगरी में राजा शीलनिधि ने पुत्री विश्वमोहिनी के विवाह के लिए स्वयंवर का आयोजन किया। विश्वमोहिनी पर मोहित देवर्षि ने भी वहां जाने की अनुमति के साथ ही प्रभु के समान रूप मांगा। प्रभु विष्णु भी वहां पहुंचे और उन्होंने विश्व मोहिनी से विवाह कर नारद के अहंकार को तोड़ दिया। नारद ने उन्हें शाप दिया। उधर, महाराज दशरथ ने गुरु की आज्ञा से पुत्रेष्ठि यज्ञ का आयोजन किया। प्रभु श्रीराम, लक्ष्मण, भरत और शत्रुघ्न का जन्म हुआ तो अयोध्यावासी प्रफुल्लित हो उठे।


माताओं की गोद में राम, भरत, लक्ष्मण और शत्रुघ्न। अमृत विचार

### धनुष भंग होते ही गूंजे श्रीराम के जयकारे

- **कानपुर** । श्री रामलीला कमेटी की ओर से चंद्रिका देवी डिप्टी पड़ाव में बुधवार को रामलीला में धनुष भंग और लक्ष्मण- परशुराम संवाद की लीला का मंचन हुआ। राजा जनक ने अपनी प्रतिज्ञा के तहत सीता स्वयंवर किया। श्रीराम ने अपने आराध्य शिव को प्रणाम कर प्रत्यंचा चढ़ाकर धनुष तोड़ दिया। शिव धनुष टूटने पर भगवान परशुराम का आगमन हुआ। लक्ष्मण-परशुराम संवाद हुआ। कमेटी के अध्यक्ष सुनीत त्रिपाठी, उपाध्यक्ष विजय त्रिवेदी, प्रधानमंत्री विकास बाजपेई, कोषाध्यक्ष पुनीत त्रिपाठी, पार्षद आकर्ष बाजपेई, रंगमंच संयोजक दिनेश शुक्ला, डॉ. अवनीश अहिरवार, रोहित सिंह, सुरेश गुप्ता आदि रहे।

# वाहनों की गति धीमी रखें मोबाइल से बातें नहीं करें

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार** । यातायात सुरक्षा पखवाड़ा के तहत लोगों को आह्वान किया गया कि नशे में वाहन नहीं चलाएं, सीट बेल्ट जरूर लगायें, हेलमेट के बिना दो पहिया वाहन नहीं चलायें।

बुधवार को संभागीय परिवहन कार्यालय कंपाउंड में यातायात जागरुकता रैली को गोविंद नगर विधानसभा के विधायक सुरेंद्र मैथानी, संभागीय परिवहन अधिकारी राकेंद्र कुमार सिंह, संभागीय परिवहन अधिकारी प्रवर्तन विदिशा सिंह ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस मौके पर संभागीय परिवहन अधिकारी राकेंद्र कुमार सिंह ने कहा कि ओवर स्पीड के दौरान टायर फटने, नशे की हालत में वाहन चलाने, वाहन चलाते समय मोबाइल पर बात करने से बड़े हादसे देखने में आए हैं। विधायक सुरेंद्र मैथानी ने कहा कि यातायात नियमों का पालन करें। संभागीय परिवहन अधिकारी प्रवर्तन विदिशा सिंह, सहायक संभागीय अधिकारी आलोक कुमार सिंह ने कहा कि यातायात के नियम जनमानस की सुरक्षा के लिए ही बनाए गए हैं ताकि वे सुरक्षित रहें। एआरटीओ अंबुज भास्कर, कहकशां खातून, आरके वर्मा, डीके सिंह, दीपक जी, आरआई ललित कुमार रहे।

# साढ़ में युवती के साथ गैंगरेप

## सनसनीखेज वारदात में गांव के ही दो युवकों के साथ तीन अन्य दोस्त भी शामिल

संवाददाता, घाटमपुर

**बदहवाश मिली**

- मामले की गहराई से जांच-पड़ताल में जुटी पुलिस
- वारदात के बाद सभी आरोपी अपने घरों से हुए फरार

अमृत विचार: साढ़ थाना क्षेत्र के एक गांव में युवती के साथ गैंगरेप की सनसनीखेज वारदात सामने आई है। बदहवाश हालत में पड़ी मिली युवती को पहले भीतरगांव सीएचसी ले जाया गया, जहां से उसे कानपुर रेफर कर दिया गया। होश आने पर युवती ने जब आपबीती बताई तो पुलिस भी हैरत में पड़ गई। गैंगरेप की बात सामने आने के बाद पुलिस हरकत में आई और आरोपियों की तलाश में जुट गई है।

पूरा मामला साढ़ थाना क्षेत्र के एक गांव का है। युवती के पिता ने बताया कि गांव के ही रहने वाले दो युवकों के साथ तीन अन्य साथियों पर गैंगरेप का आरोप लगाया है। बताते हैं कि युवती ने पुलिस को बताया कि प्रेमी ने उसे मिलने के बहाने बुलाया। इसके बाद उसे गांव के ही एक घर में ले गए, जहां प्रेमी, उसके दोस्त और तीन अन्य युवकों ने उसके साथ बारी-बारी से दुराचार किया। विरोध करने पर उसके साथ मारपीट भी की गई, जिससे वह बदहवाश होकर गिर गई।

घर पहुंचने के प्रयास में वह रास्ते में गिर गई। युवती को रास्ते पर पड़ा देखकर गांव वालों ने परिजनों को सूचना दी। सूचना पर पहुंचे परिजनों ने उसे भीतरगांव सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया, जहां युवती को होश आने के बाद उसने पुलिस को जो आपबीती बताई, उसे सुनकर परिजनों के होश उड़ गए। सामूहिक दुराचार की सूचना पर पहुंचे साढ़ थाना प्रभारी केपी सिंह ने परिजनों से बातचीत की और युवती से मिलकर पूरी जानकारी जुटाई। युवती की हालत को देखते हुए सीएचसी से कानपुर रेफर कर दिया गया। इस घटना के बाद गांव में भी तरह-तरह की चर्चाएं हैं।

### मेडिकल रिपोर्ट के आधार पर होगी कार्रवाई: एसीपी

घाटमपुर एसीपी रंजीत कुमार सिंह ने बताया कि युवती के आरोपी की गहराई से जांच की जा रही है। तहरीर के आधार पर एफआईआर दर्ज की जाएगी और मेडिकल रिपोर्ट के आधार पर कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि युवती ने जो घटनाक्रम बताया है, प्रारंभिक जांच में वह स्पष्ट नहीं हो रहा है। कुछ बातों से विरोधाभास पैदा हो रहा है। फिलहाल पुलिस घटना की गहराई से जांच-पड़ताल कर रही है। जांच के बाद सख्त कार्रवाई की जाएगी।

### तहरीर के आधार पर एफआईआर दर्ज

एडीसीपी मनोज कुमार पांडेय ने बताया कि पिता की तहरीर के आधार पर गांव के ही रहने वाले एक नाबालिग समेत तीन अन्य साथियों के खिलाफ गैंगरेप का मुकदमा दर्ज किया गया है। आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस की टीमें गठित की गई हैं, जो उनकी तलाश में जुटी हैं। एडीसीपी के मुताबिक पिता ने बताया कि रात में बेटी छत पर लेटी थी, तभी दो आरोपी उसे उठा ले गए और गांव के बाहर बाग में वारदात को अंजाम दिया।

### आरोपियों की तलाश में पुलिस की दबिशें तेज

गैंगरेप का सनसनीखेज मामला सामने आने के बाद साढ़ थाने की पुलिस आरोपियों की तलाश में जुट गई है। युवती की जुबानी गैंगरेप की कहानी सुनकर पुलिस सक्रिय हो गई है। साढ़ थानाध्यक्ष केपी सिंह का कहना है कि आरोपियों की तलाश में दबिशें दी जा रही हैं। जल्द ही उन्हें गिरफ्तार किया जाएगा।

# नवरात्र को लेकर मंदिरों में सजावट

बिल्हौर। शारदीय नवरात्र को लेकर कस्बों में प्रतिमा स्थापना के साथ दरबार सजाए गए हैं। पंडाल में मां भगवती का श्रृंगार किया जा रहा है।

तहसील क्षेत्र के उत्तरीपुरा अरौल, बिल्हौर कस्बा, रहीमपुर विषधन, ककवन, नदीहा,तमाम क्षेत्र के हर गांव में हर्षोल्लास के साथ नवरात्र पावन पर्व पर धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। ककवन के प्राचीन सिद्धीपीठ दुर्गा मंदिर में भव्य पंडाल के साथ देवी मां के स्वागत के लिए कमेटी के सदस्य के साथ कस्बावासी उत्साह के साथ 9 दिन देवी के पूजा अर्चन में शामिल रहेंगे। बिल्हौर के सिंह वाहिनी मंदिर में भी हर्षोल्लास के साथ सजावट कर भक्तों ने विशेष पूजन अर्चन की तैयारी की है। उप जिलाधिकारी रश्मि लांबा ने बताया कि पंडालों में सुरक्षा व्यवस्था के लिए भी प्रशासन के सभी अधिकारियों के साथ समन्वय बनाकर काम किया जाएगा, जिससे दुर्गा पूजा के पंडालों में श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न उठानी पड़े।

# 99 फीट ऊंचे ध्वज का लोकार्पण

संवाददाता, सरसौल

**याद आए महापुरुष**

- नर्वल के गणेश सेवा आश्रम में फहराया गया राष्ट्रीय ध्वज
- यूपी विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने किया लोकार्पण



ध्वजारोहण के बाद राष्ट्र गान करते विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना। अमृत विचार

अमृत विचार: पद्मश्री श्यामलाल गुप्त की जन्मस्थली नर्वल के गणेश सेवा आश्रम में उत्तर प्रदेश विधानसभा के अध्यक्ष एवं क्षेत्रीय विधायक सतीश महाना ने 99 फीट ऊंचे राष्ट्रीय ध्वज का लोकार्पण किया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्राथमिक विद्यालय के बच्चो ने झण्डा गीत गाकर किया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने कहा कि यह राष्ट्रीय झंडा हमेशा उन सभी महापुरुषों की याद दिलाएगा, जिन्होंने अपने जीवन को देश के लिए बलिदान कर दिया। यह राष्ट्रीय ध्वज नर्वल की पहचान बताएगा। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र में बहुत अंधेरा होता था, जिस पर हाईमास्क लाइट लगाने का कार्य किया गया है। जल्द ही इयोढ़ी घाट सड़क का चौड़ीकरण होगा, जिससे गंगा घाट जाने वाले लोगों को कोई समस्या नहीं उठानी पड़ेगी।

उन्होंने कहा कि आज दो महापुरुषों की जयंती है। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और देश के पूर्व प्रधानमंत्री लालबहादुर शास्त्री की जयंती के अवसर पर इस राष्ट्रीयध्वज का लोकार्पण किया गया है, जो हमेशा महापुरुषों की याद दिलाएगा। कार्यक्रम में भाजपा जिला मंत्री सुरेंद्र अवस्थी, विनय मिश्रा, रमेश कुशवाहा, भाजयुमो के जिला उपाध्यक्ष रानू शुक्ला, कमलेश द्विवेदी, कमलेश निषाद, अवनेश तिवारी, दीपू ठाकुर, हरिहर सिंह आदि मौजूद रहे।

# पिता की डांट से आहत युवती ने की आत्महत्या

संवाददाता, चौबेपुर

**जांच शुरू**

- चौबेपुर थाना क्षेत्र के निगोहा गांव में घटना के बाद कोहराम
- फोरेंसिक टीम ने घटनास्थल पर छानबीन कर जुटाए साक्ष्य

अमृत विचार। क्षेत्र के निगोहा गांव में बुधवार दोपहर घरवालों की डांट से क्षुब्ध युवती ने घर के पीछे लगे पेड़ के सहारे फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सूचना पर पहुंची थाना पुलिस ने जांच-पड़ताल करने के पश्चात शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा।

निगोहा गांव के रहने वाले राजेश कश्यप खेती-बाड़ी कर परिवार का भरण पोषण करते हैं। बताया जाता है कि परिवार में पत्नी के अलावा तीन बेटियों और एक बेटे में प्रियांशी (22) सबसे छोटी थी। बुधवार की दोपहर राजेश ने किसी बात को लेकर बेटी को डांट लगा दी, जिसके बाद मौका पाकर प्रियांशी ने घर के पीछे लगे पेड़ के सहारे फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली।

ग्रामीणों ने पेड़ पर शव लटका देखा तो परिवार वालों को सूचना दी। सूचना पर परिजनों में कोहराम मच गया। इसके बाद मामले की सूचना पुलिस को दी गई। पुलिस पूछताछ में मृतका के पिता राजेश ने बताया कि घरेलू बातों को लेकर बेटी को समझाया था। इसके बाद उसने ऐसा कदम उठा लिया। फॉरेंसिक टीम ने मौके पर जाकर साक्ष्य जुटाए। प्रभारी निरीक्षक राजेंद्र कांत शुक्ला ने बताया कि घरेलू कलह के चलते युवती द्वारा आत्महत्या किए जाने की बात सामने आई है। पंचनामा के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।



मैच जीतने के बाद घाटमपुर टीम के खिलाड़ियों ने खुशी का इजहार किया। अमृत विचार

# घाटमपुर ने कालपी को हराया

संवाददाता, घाटमपुर

- कालपी टीम को 5 विकेट से करारी शिकस्त दी
- ऋतिक को मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार दिया गया

अमृत विचार: क्रिकेट मैच में घाटमपुर की टीम ने कालपी की टीम को 5 विकेट से हराकर शानदार जीत हासिल की। ऋतिक को मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार दिया गया।

टास जीतकर कालपी की टीम ने पहले बैटिंग करते हुए निर्धारित 30 ओवरों में सभी विकेट खोकर 153 रन बनाए। कालपी की तरफ से बैटिंग करते हुए ऋतुराज ने 44 और लकी ने 19 रन बनाए। घाटमपुर की तरफ से बॉलिंग करते हुए ऋतिक ने 3, जीतू ने 2 और कैप्टन आरुष ने एक व अरशद ने 1 विकेट लिया।

जवाब में घाटमपुर की टीम ने बैटिंग करते हुए 15 ओवरों में 5 विकेट खोकर लक्ष्य को प्राप्त कर लिया। घाटमपुर की तरफ से बैटिंग करते हुए दिव्यांशु ने 55, जीतू ने 45 और रितिक सोनकर ने 38 रन बनाए। कालपी की तरफ से बॉलिंग करते हुए दिव्यांश ने 3 विकेट और अनुकल्प ने 1 विकेट लिया।

इस मैच के मैन ऑफ द मैच रितिक सोनकर को कालपी क्रिकेट कोच कमल सैनी द्वारा दिया गया। बेस्ट बैट्समैन दिव्यांशु त्रिपाठी को रवि पांडे द्वारा दिया गया। बेस्ट बॉलर दिव्यांश को घाटमपुर क्रिकेट एकेडमी के कोच भूप किशोर की ओर से दिया गया। मैच देखने के लिए दर्शकों की खासी भीड़ रही।

# दुकानदार को मारपीट कर लूटपाट, रिपोर्ट

संवाददाता ,चौबेपुर



अमृत विचार। क्षेत्र के तातियागंज पचोर मार्ग पर मंगलवार देर रात दुकानदार के साथ मारपीट व लूटपाट किये जाने का मुकदमा पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने दर्ज किया है। पुलिस ने मामले की रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई शुरू की है।

क्षेत्र के देवपालपुर गांव निवासी राजेंद्र उर्फ पुत्तू पांडे पुत्र स्व शिवनाथ पांडे ने पुलिस को दी तहरीर में बताया है कि मंगलवार देर रात वह कस्बा चौबेपुर स्थित अपनी दुकान बंद कर के स्कॉर्पियो गाड़ी द्वारा घर लौट रहे थे तभी तातियागंज पचोर मार्ग पर शराब ठेके के पास मौजूद गांव के अनुराग पांडे पुत्र जयप्रकाश ,बोल बाजपेई पुत्र अरुण कुमार तथा एक अन्य अज्ञात व्यक्ति ने उनकी गाड़ी को रोक लिया और बेवजह गाली गलौज शुरू कर दी। विरोध करने पर मारपीट की। इस दौरान उक्त लोगों ने गाड़ी की चाबी व मोबाइल फोन छीन लेने के साथ व सोने का लॉकेट पड़ा पुखराज का माला तोड़ दिया। तमाम खोजबीन के बावजूद उक्त चीजें मौके पर नहीं मिलीं। शोरगुल सुन दौड़े आसपास के लोगों को देख उक्त लोग जान से मारने की धमकी देकर मौके से भाग निकले। प्रभारी निरीक्षक राजेंद्र कांत शुक्ला ने बताया कि मामले में मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है।

# गांधी जयंती पर सपा ने की गोष्ठी

बिल्हौर। चौबेपुर ब्लाक के एक लॉन में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती पर एक गोष्ठी का आयोजन किया गया, जहां सपा विधानसभा इकाई के अध्यक्ष विनय यादव ने बापू के चरणों में पुष्पांजलि अर्पित कर राष्ट्र निर्माण में उनके अमूल्य योगदान को याद किया।

अपने वक्तव्य में विनय यादव ने कहा कि महात्मा गांधी के अदम्य साहस व आजादी की जिजीविषा के आगे फिरंगियों ने घुटने टेक दिए। उनके नेतृत्व ने आजादी की लड़ाई को अहिंसक बनाने का भरपूर योगदान दिया। देश ऐसे महापुरुषों के नेतृत्व को पाकर धन्य है और हम सभी सौभाग्यशाली हैं। कार्यक्रम में अरुण शुक्ला, गुड्डी शुक्ला, पूर्व जिला पंचायत सदस्य, राजा दुबे, जगरूप यादव, रमेश गौतम, बीरेंद्र वर्मा, पूरन वर्मा, रोहित वर्मा,अंकित वर्मा, विकाश राजपूत, सुनील यादव, विमल कोरी, कल्लू नेता, सुदेश यादव आदि उपस्थित रहे।

# एसबीओ ने कान्हा गौशाला का देखा हाल, चारा देने का वादा

संवाददाता, घाटमपुर



कान्हा गौशाला का निरीक्षण करते एसबीओ संजय सिंह। अमृत विचार

अमृत विचार: कस्बा स्थित कान्हा गौशाला में गांधी जयंती के उपलक्ष्य में एसबीओ डॉ संजय सिंह ने पहुंचकर कान्हा गौशाला का निरीक्षण किया और अपनी ओर से अच्छी दवाई और हर चार देने का वादा किया, जिससे गौवंशों को भी हरा चारा मिल सके।

डॉ संजय सिंह ने बताया कि बरसात अधिक होने के चलते अक्सर बीमारियां मवेशियों में हो जाती हैं। और पशुओं की बीमारी की रोकथाम के लिए तमाम प्रकार की दवाएं उपलब्ध है। जिसके चलते गौशाला में गायों को दो वर्षों को देखा गया कि कहीं किसी बीमारी से तो नहीं जूझ रहे हैं। जिससे उन्हें समय से इलाज मिल सके।

उन्होंने बताया कि अगर किसी गोवंश को दवा की आवश्यकता है तो उसका निशुल्क इलाज किया जाएगा। इस मौके पर समाचार पत्र विक्रेता संघ के अध्यक्ष टिंकू बाजपेई, गौरव तिवारी,रोहित सोनी, गौ सेवक, सोनू पटेल ,गौरव पांडे सभासदपति, शिवकरन सचान सहित आदि लोग मौजूद रहे।

# बेहतर सफाई व्यवस्था पर किया गया सम्मान

- बगदौधी बांगर के प्रधान राहुल प्रताप सिंह और पंचायत सचिव संजय मिश्रा सम्मानित हुए



सांसद रमेश अवस्थी और देवेंद्र सिंह भोले ने सम्मानित किया।

बिठूर। स्वच्छता ही सेवा अभियान के अंतर्गत राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती के अवसर पर स्वच्छ भारत मिशन के तहत विशिष्ट सम्मान समारोह का आयोजन नवीन सभागार सरसैया घाट में आयोजित किया गया, जिसमें स्वच्छ भारत मिशन के तहत ग्राम पंचायतों को स्वच्छ व साफ रखने वाले ग्राम प्रधान व ग्राम पंचायतों के सचिवों सहित पंचायत में कार्यरत सफाईकर्मियों को जिलाधिकारी राकेश कुमार सिंह की ओर से सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम में कल्याणपुर विकास खंड के अंतर्गत आने वाले बगदौधी बांगर ग्राम पंचायत के सचिव संजय मिश्रा व ग्राम प्रधान राहुल प्रताप सिंह को ग्रामपंचायत उत्कृष्ट बनाये रखने के लिए सम्मानित किया गया।इस मौके पर कई गाँवो के ग्राम प्रधान व सचिव मौजूद रहे।

# अमावस्या पर गंगा घाट में उमड़ी भीड़

शिवराजपुर। बुधवार को खेरेश्वर गंगा घाट पर श्रद्धालुओं ने पृति पक्ष अमावस्या पर गंगा में स्नान करके तर्पण आदि किया।

मान्यता है कि पितृ पक्ष में परिवार के मृत आत्माओं को शांति प्रदान करने के लिए तर्पण किया जाता है यदिव्यक्ति तर्पण नहीं कर पा रहा है तो पितृपक्ष अमावस्या पर केवल एक दिन गंगा स्नान करके गंगाजल से दर्पण कर देने से पूरे वर्ष भर का फल मिल जाता है व कुल के सदस्य द्वारा जल मिलने पर पूर्वज आशीर्वाद देते हैं अमावस्या पर भोर पहर से ही गंगा स्नान करने वालों की भीड़ लगी थी गंगा स्नान के बाद पुरोहितों ने यजमानों केपूर्वजों की मृत आत्माओं कीशांति के लिएतर्पण भी कराया इसी के साथ पूर्वज एक वर्ष के लिए विदा हो गए श्रद्धालुओं ने दान दक्षिणा देकर पुरोहितों को विदा किया।

## सार-संक्षेप



प्रतियोगिता में भाग लेने वाले बच्चों को पुरस्कृत किया गया।

### प्रतियोगिता के विजेता बच्चों का किया गया सम्मान

बिल्हौर। नगर पालिका परिषद में महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री की जयंती पर उनके चित्रों पर माल्यार्पण किया गया। इस मौके पर स्वच्छता ही सेवा पखवाड़े के अंतर्गत प्राइमरी विद्यालय बिल्हौर प्रथम एवं प्राइमरी विद्यालय उर्दू मीडियम में चित्रकला, पॉलीथिन अभियान एवं वेस्ट टू वंडर प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने वाले छात्रों को अध्यक्ष मो. इखलाक एवं अधिशाषी अधिकारी अंजनी मिश्रा ने प्रशस्ति पत्र व उपहार देकर पुरस्कृत किया। गांधी जयंती के मौके पर नगर पालिका परिषद के कई वार्डो में साफ सफाई की व्यवस्था के बारे में जागरूक किया गया और बच्चों को भी साफ-सफाई के बारे में भी जानकारी देते हुए स्वच्छता अपनाने पर जोर दिया गया। इस मौके पर नगर पालिका परिषद के अधिकारियों के साथ लेखाकार जितेंद्र सिंह, अजय सोनकर, ओंकार आदि कर्मचारी मौजूद रहे।

**तारीफ** ब्लॉक क्षेत्र की अमिलिहा ग्राम पंचायत के प्रधान, सचिव और पंचायत सहायक को मिला सम्मान

# स्वच्छता ही सेवा अभियान में ग्राम प्रधान सम्मानित

संवाददाता, चौबेपुर



अमिलिहा प्रधान मनीष दीक्षित का सम्मानित करते जिलाधिकारी राकेश कुमार सिंह।

अमृत विचार। स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत ग्राम पंचायतों में उत्कृष्ट कार्य कराने वाले प्रधानों, ग्राम पंचायत सचिवों व पंचायत सहायकों को गांधी जयंती के अवसर पर जिलाधिकारी द्वारा सम्मानित किया गया। साथ डी एम ने आगे भी इसी तरह के उत्कृष्ट कार्यो के प्रति ग्राम प्रधानों को प्रेरित किया।

स्वच्छ भारत अभियान के अंतर्गत चलाए जा रहे स्वच्छता ही सेवा अभियान में कानपुर जनपद की पांच ग्राम पंचायत के प्रधानों, सचिवों व पंचायत सहायकों को उनके द्वारा ग्राम पंचायत में कराये गए बेहतर कार्यों के लिए गांधी जयंती पर जिलाधिकारी द्वारा सम्मानित किया गया। इसी क्रम में बुधवार को सरसैया घाट स्थित नवीन सभागार में आयोजित विशिष्ट सम्मान समारोह में चौबेपुर ब्लॉक की अमिलिहा ग्राम पंचायत के प्रधान मनीष दीक्षित, ग्राम पंचायत सचिव शिव प्रताप व पंचायत सहायक अनुज सिंह को डी एम राकेश कुमार सिंह द्वारा सम्मानित किया गया।

इस दौरान डीएम ने कहा कि हम सभी को अपने विचारों और कार्यशैली में स्वच्छता को अनिवार्य रूप से अपनाने की आवश्यकता है तभी भारत स्वच्छ व सुंदर बन सकेगा। कहा कि महात्मा गांधी ने जिस भारत का सपना देखा था, उसमें सिर्फ राजनीतिक आजादी ही नहीं,बल्कि एक स्वच्छ एवं विकसित देश की कल्पना भी शामिल थी। हम सभी का कर्तव्य है कि गंदगी को हटाकर उनके सपनों को साकार करें।

गौरतलब है कि इस सम्मान के लिए जिला पंचायत राज अधिकारी मनोज कुमार द्वारा डीएम को प्रेषित की गई रिपोर्ट में ग्राम प्रधानों द्वारा स्वच्छता शिविरों का आयोजन, संपूर्ण स्वच्छता हेतु शपथ कार्यक्रम, एक पेड़ मां के नाम के तहत पौधारोपण , ठोस व तरल कूड़ा प्रबंधन के लिए आरसीसी सेंटर आदि कल्याणकारी योजनाओं को शामिल किया गया था। योजनाओं को साकार करने के लिए ग्राम प्रधानों द्वारा कराए गए उनके उत्कृष्ट कार्यों के लिए उन्हें यह सम्मान दिया गया है। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी दीक्षा जैन ने भी ग्राम प्रधानों को प्रोत्साहित किया। कार्यक्रम में सांसद रमेश अवस्थी,सांसद देवेंद्र सिंह भोले ,विधायक राहुल बच्चा सोनकर, एमएलसी सलिल विश्नोई समेत कई जनप्रतिनिधि व अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे।

### ककवन के ग्राम प्रधान को भी मिला काम का इनाम

बिल्हौर। स्वच्छता ही सेवा पखवाड़े में सक्रिय रूप से भाग लेने वाले ग्राम प्रधानों को कलेक्ट्रेट सभागार में सम्मानित किया गया। बिल्हौर तहसील क्षेत्र से ककवन ग्राम पंचायत को सम्मानित किया गया। इस मौके पर ग्राम प्रधान राजू स्वर्णकार, पंचायत सहायक दीक्षा राठौर व ग्राम पंचायत सचिव बाबू सिंह यादव को सम्मान मिला। इसी तरह बिल्हौर ब्लाक के उत्तरीपूरा ग्राम प्रधान केशव सिंह चौहान को भी सम्मानित किया गया। 15 दिनों से स्वच्छता ही सेवा मिशन अंतर्गत तमाम ग्राम पंचायत में छोटे-छोटे कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा था जिसमें सक्रिय रूप से भूमिका निभाने वाले सभी ग्राम प्रधानों को चयनित कर सम्मानित किया गया इसके साथ ही बैठक के दौरान जिला अधिकारी ने सभी ग्राम प्रधानों को निर्देश देते हुए यह भी कहा कि आने वाले समय में इसी प्रकार की सक्रिय भूमिका बनाए रखें और लोगों को साफ सफाई के प्रति जागरुक करते रहें। इस मौके कानपुर सांसद रमेश अवस्थी, अकबरपुर लोकसभा सांसद देवेंद्र सिंह भोले, सीडीओ दीक्षा जैन, विधायक राहुल बच्चा सोनकर, डीपीआरओ मनोज कुमार, जिला विकास अधिकारी गजेंद्र सिंह, खंड विकास अधिकारी शिवनरेश, दिनेश वर्मा मौजूद रहे।



स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत सम्मान पाकर खिल उठे चेहरे। अमृत विचार

# कोरियां 5वीं श्रेष्ठ पंचायत में शामिल

संवाददाता, घाटमपुर

- गांधी जयंती पर सचिव पंकज पांडेय को प्रतीक चिह्न देकर किया गया सम्मानित

अमृत विचार: स्वच्छता की सेवा अभियान के अंतर्गत विकास खंड क्षेत्र की ग्राम पंचायत कोरियां को पांच श्रेष्ठ ग्राम पंचायतों में शामिल किया गया है। गांधी जयंती पर ग्राम पंचायत अधिकारी पंकज पांडेय और ग्राम प्रधान को प्रतीक चिह्न देकर सम्मानित किया गया।

कोरियां ग्राम पंचायत बड़ी आबादी वाला एक छोटा सा कस्बा है, जहां पुलिस चौकी, बाजार, सब्जी मंडी, बैंक आदि की व्यवस्थाएं हैं। यहां आसपास के गांवों के लोग बाजार करने आते हैं। यहां साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखते हुए ग्राम प्रधान और ग्राम पंचायत अधिकारी पंकज पांडेय ने कूड़ादान सहित तमाम तरह की व्यवस्थाएं की हैं, जिससे गांव साफ सुथरा रहता है।

बुधवार को गांधी जयंती पर कानपुर सांसद रमेश अवस्थी, अकबरपुर सांसद देवेंद्र सिंह भोले ने जिलाधिकारी राकेश कुमार सिंह, मुख्य विकास अधिकारी दीक्षा जैन, जिला विकास अधिकारी गजेंद्र प्रताप सिंह, जिला पंचायत राज अधिकारी मनोज कुमार की उपस्थिति में सचिव पंकज पांडेय को प्रतीक चिह्न देकर सम्मानित किया। घाटमपुर ब्लॉक प्रमुख इंद्रजीत सिंह ने उन्हें बधाई दी है और आगे बेहतर काम करने की अपेक्षा की है।

## एक नजर

### जहरीला पदार्थ खाने से महिला की हालत बिगड़ी

**मंगलपुर।** क्षेत्र के जैतापुर गांव निवासी पुत्तन की पत्नी रंजना ने संदिग्ध परिस्थितियों में जहरीला पदार्थ खा लिया। जिससे उसकी हालत बिगड़ गई। जानकारी होने पर परिजन उसे उपचार के लिए सीएचसी हवासपुर ले गए। जहां ड्यूटी पर मौजूद चिकित्सक डॉ गौरव पॉल ने प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

### परिजनों को दी गई आर्थिक मदद की चेक

**कानपुर देहात।** सहायक श्रमायुक्त रामाशीष ने बताया कि आरपी पॉली प्लास्ट प्राइवेट लिमिटेड में आग लगने से मृतक 6 श्रमिको को क्षतिपूर्ति के रूप में चेक कर्मचारी प्रतिकर आयुक्त के नाम से दिया गया था।जिसे आयुक्त के खाते में जमा कराने के उपरान्त आश्रितों को भुगतान व्यवस्था के अनुरूप मृतक श्रमिकों के आश्रितों के चेक जारी कर परिवारों को दिए गए।

### छात्र को शिक्षक ने पीटा

**शिवली।** कोतवाली शिवली की भाऊपुर चैकी क्षेत्र के इंटर कालेज में पढ़ने वाले छात्र के पिता ने पुलिस को बताया कि उसका लड़का हाईस्कूल का छात्र है। मंगलवार को छात्र ने कॉलेज के एक शिक्षक से लघु शंका के लिए छुट्टी मांगी। आरोप है इससे नाराज होकर शिक्षक ने पिटाई कर दी। छात्र के पिता का कहना है कि छात्र के चोट लगी है। थाना प्रभारी कृष्णानंद राय ने बताया की जांच की जा रही है,कार्रवाई की जाएगी।

### जहर खाने से वृद्धा की मौत

**पुखरायां।** मूसानगर थाना क्षेत्र के पथार गांव में महिला ने जहरीला पदार्थ खा लिया। हालत बिगड़ने पर परिजन सीएचसी लाए, जहां डॉक्टर ने जांच के बाद मृत घोषित कर दिया। परिजन पुलिस को बिना सूचना दिए शव घर ले गए। पथार गांव के अभिषेक कुमार ने बताया कि दादी रामकुमारी (75) ने मंगलवार देर शाम जहरीला पदार्थ खा लिया। हालत बिगड़ने पर परिजनों को जानकारी हो सकी।

### जहरीला कीड़ा काटने से किसान की हालत बिगड़ी

**पुखरायां।** भोगनीपुर कोतवाली क्षेत्र के असेवा गांव निवासी भूपेन्द्र ने बताया कि पिता ज्ञान सिंह (53) खेत गए थे, जहां पर जहरीला कीड़ा काटने से उनकी हालत बिगड़ गई। परिजनों ने सीएचसी पहुंचाया, जहां डॉ .अनूप कुमार ने प्राथमिक उपचार के बाद सुधार न होने पर जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

### चोरी के बाइक के साथ युवक पकड़ा गया

**कानपुर देहात।** गजनेर थाने की पुलिस ने एक व्यक्ति को चोरी की बाइक के साथ पकड़ा है। क्षेत्र के हृदयपुर के रहने वाले आनन्द कुमार ने बाइक चोरी की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। बुधवार को पामा चौकी प्रभारी भागमल ने बताया कि निनाया गांव के पास पामा गांव का रहने वाला सन्दीप चोरी की बाइक के साथ पकड़ा गया। पुलिस उसके साथी की तलाश कर रही है।

### जनपद में नई सर्किल दरें आज से लागू

**कानपुर देहात।** जिलाधिकारी आलोक सिंह के निर्देश पर अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व केशवनाथ गुप्ता ने बताया कि उप्र स्टाम्प (सम्पत्ति का मूल्यांकन) नियमावली पुनरीक्षित कलेक्टर दर सूची 3 अक्टूबर से जिले के छह उप जिला निबन्धन कार्यालयों अकबरपुर, भोगनीपुर, डेरापुर, रसूलाबाद, सिकन्दरा व मैथा में प्रभावी हो जाएगी। नई सर्किल दरों में औद्योगिक स्थापना के उद्देश्य से 0 .40 हेक्टेयर या उससे अधिक कृषि भूमि के विक्रय में निर्धारित मूल्यांकन में 20 प्रतिशत की छूट प्रदान की गई है। पुनरीक्षित सर्किल दरें आधिकारिक वेबसाइट पर उपलब्ध हैं।

# मानदेय संविदा कर्मियों का मांगा गया विवरण

कार्यालय संवाददाता,कानपुर देहात

● अनुदेशकों, शिक्षामित्रों व संविदा कर्मियों को मिल सकता है दिवाली त्योहार पर तोहफा

**अमृत विचार।** योगी सरकार बेसिक शिक्षा विभाग में कार्यरत संविदा कर्मियों को दिवाली पर तोहफा दे सकती है। सेंट्रल पैरिटी नीति के तहत प्रदेश में कार्यरत शिक्षामित्र, अनुदेशक, रसोइये, आंगनबाड़ी कार्यकत्री तथा संविदा एवं आउटसोर्सिंग पर काम कर रहे शिक्षा कर्मियों के मानदेय अथवा वेतन में वृद्धि करने पर सरकार विचार कर रही है।

इसके तहत बेसिक शिक्षा विभाग के दफ्तरों एवं स्कूलों से मानदेय, संविदा, आउटसोर्सिंग एवं दैनिक मजदूरी पर काम करने वाले शिक्षामित्र, अनुदेशक एवं शिक्षणेत्तर कर्मियों का पूरा ब्योरा तलब किया गया है। स्कूल शिक्षा महानिदेशालय ने सोमवार को सभी डायट व निदेशक, एससीआरटी, निदेशक साक्षरता एवं वैकल्पिक शिक्षा, निदेशक एमडीएम समेत समस्त डीआईओएस एवं बीएसए से एक सप्ताह में संबंधित संपूर्ण ब्योरा तलब किया गया है। सेन्ट्रल पैरिटी की नीति अपनाते हुए शासन ने प्रदेश में नियमित के साथ मानदेय एवं संविदा पर कार्य कर रहे शिक्षामित्रों, अनुदेशकों एवं अन्य कर्मियों के अलावा आउटसोर्सिंग एवं दैनिक वेतन पर कार्य करने वाले शिक्षणेत्तर कर्मियों जिनमें आंगनवाड़ी कार्यकत्री तथा रसोइये भी शामिल है। मानदेय अथवा पारिश्रमिक या दैनिक वेतन में वृद्धि किए जाने पर विचार करना शुरू कर दिया है।

# रूरा में रेलवे ट्रैक पर पड़ा मिला फायर सिलेंडर

**जांच शुरू**

कार्यालय संवाददाता,कानपुर देहात

**अमृत विचार।** रूरा थाना क्षेत्र के अंबियापुर रेलवे स्टेशन के पास बुधवार की सुबह डाउन लाइन पर एक फायर सिलेंडर पड़ा मिला। इटावा से कानपुर जा रही मालगाड़ी के चालक ने इसकी सूचना स्टेशन मास्टर को दी, जिसके बाद रेलवे में हड़कंप मच गया। सूचना पर पहुंची जीआरपी ने सिलेंडर को कब्जे में लेकर जांच-पड़ताल शुरू की है।

दिल्ली-हावड़ा रेल लाइन पर इटावा से कानपुर जा रही ईएस 6 मालगाड़ी के चालक ने अंबियापुर स्टेशन के पास डाउन लाइन पर बीच रेल पटरी पर फायर सिलेंडर पड़ा देखा। वाकी-टॉकी से सूचना स्टेशन मास्टर नौशाद अली को दी। सूचना पर जीआरपी चौकी प्रभारी अर्पित तिवारी, आरपीएफ इंस्पेक्टर रजनीश राय पुलिस बल के पास मौके पर पहुंचे और छानबीन शुरू की। आरपीएफ इंस्पेक्टर ने बताया कि प्रथम दृष्टया किसी ट्रेन से फायर सिलेंडर गिरने की संभावना है। फिर भी मामले की जांच की जा रही है।


रेलवे लाइन पर पड़े फायर सिलेंडर को उठाती जीआरपी। अमृत विचार


सिलेंडर मिलने के बाद ट्रैक पर जांच करती पुलिस। अमृत विचार

- दिल्ली-हावड़ा रेलवे लाइन के अंबियापुर स्टेशन के पास डाउन लाइन पर पड़ा था फायर सिलेंडर
- इटावा से कानपुर जा रही मालगाड़ी के चालक ने स्टेशन मास्टर को दी सूचना


अंबियापुर के समीप रेलवे लाइन पर पड़ा था अग्निशमन सिलेंडर।

### किसी ट्रेन से सिलेंडर गिरने की संभावना

- रेलवे ट्रैक पर फायर सिलेंडर पड़ा होने की सूचना मिलते ही रेलवे में हड़कंप मच गया। रेलवे के अधिकारी और पुलिस हरकत में आ गई। आनन-फानन पुलिस और रेलवे कर्मी मौके पर पहुंचे। डाउन लाइन पर आग बुझाने वाला सिलेंडर पड़ा मिला, जिस पर सभी ने राहत की सांस ली। पुलिसकर्मी किसी ट्रेन से सिलेंडर गिरने की बात कह रहे हैं। हालांकि सुरक्षा के लिए लिहाज से पुलिस जांच कर रही है।

# गांधी और शास्त्री जी के विचार आज भी प्रासंगिक

## जनपद में हर्षोल्लास के साथ मनाई गई राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री लालबहादुर शास्त्री की जयंती

कार्यालय संवाददाता,कानपुर देहात

**अमृत विचार।** जिले के सभी सरकारी कार्यालयों व स्कूलों में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और देश के दूसरे प्रधानमंत्री लालबहादुर शास्त्री की जयंती हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। कलेक्ट्रेट परिसर में दोनों महापुरुषों की जयंती पर जिलाधिकारी आलोक सिंह ने चित्रों पर माल्यार्पण किया। उन्होंने कहा कि दोनों विभूतियों के विचार आज भी प्रासंगिक हैं। दोनों ने यही सिखाया कि अपनी बुराइयों पर दृढइच्छा शक्ति से नियंत्रण किया जा सकता है।

उन्होंने गांधी के इस विचार पर जोर देते हुए कहा कि जितनी आवश्यकता हो उतना ही उपयोग करें। क्योंकि प्रकृति मनुष्य की आवश्यकता को पूरा कर सकती है लालच को नहीं। उन्होंने कहा जो बदलाव आप दूसरे में देखना चाहते हैं वह पहले स्वयं में करें। व्यक्ति के विचारों और कर्मो में अंतर नहीं होना चाहिए। संकल्प लेना चाहिए कि हम अपने अन्दर की एक बुराई को त्यागकर जीवन में सकारात्मकता को अपनाएं।


कलेक्ट्रेट में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी व लाल बहादुर शास्त्री की जयंती पर संबोधित करते डीएम आलोक सिंह।


महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री के चित्र पर माल्यार्पण करतीं सीडीओ लक्ष्मी एन.। अमृत विचार

● कलेक्ट्रेट में जिलाधिकारी के साथ जुटे अन्य अधिकारी

इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी प्रशासन अमित कुमार व अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व केशव नाथ गुप्ता ने भी अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम में अपर जिलाधिकारी न्यायिक अमित राठौर, अतिरिक्त मजिस्ट्रेट शालिनी उत्तम, जितेंद्र कटियार, कलेक्ट्रेट के अधिकारीगण व कर्मचारी उपस्थित रहे।

उधर, पुलिस अधीक्षक बीबीजीटीएस मूर्ति ने पुलिस लाइन में दोनों महापुरुषों के चित्रों पर माल्यार्पण कर उनके आदर्शों का स्मरण किया। उन्होंने कहा कि महात्मा गांधी ने सत्य, अहिंसा और सत्याग्रह के बल पर स्वतंत्रता संग्राम का नेतृत्व किया और पूरी दुनिया के लिए एक प्रेरणा बने, जबकि लाल बहादुर शास्त्री ने जय जवान, जय किसान के नारे के साथ देश की सेवा की और सादगीपूर्ण जीवन के माध्यम से नेतृत्व का उत्कृष्ट उदाहरण समाज के सामने प्रस्तुत किया, जिसे हमेशा याद किया जाएगा। पुलिस अधीक्षक ने पुलिसकर्मियों भी सत्यनिष्ठा, अनुशासन, और सेवा भावना के साथ अपने कर्तव्यों का पालन करते हुए देश सेवा मिसाल पेश करें। उन्होंने चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों को उपहार बांटे। इस मौके पर वामासारथी की अध्यक्ष नीवी मूर्ति ने बच्चों को मिठाई बांटी।

### महापुरुषों के आदर्शों को करें आत्मसातः सीडीओ

**कानपुर देहात।** मुख्य विकास अधिकारी लक्ष्मी एन. ने विकास भवन सभागार में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री लालबहादुर शास्त्री के चित्र पर माल्यापण कर उपस्थित समस्त अधिकारियों को शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि बापू की जयंती को पूरा राष्ट्र राष्ट्रीय पर्व के तौर पर मनाता है और उनके सत्य व अहिंसा के विचारों को याद करता है। उन्होंने कहा कि हम सभी को गांधी जी के आदर्शों को अपने जीवन में आत्मसात व अनुश्रवण करना चाहिए। पंचायती राज व्यवस्था को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी लोकतंत्र की बुनियादी इकाई मानते थे। कार्यक्रम में जिला विकास अधिकारी, उपायुक्त स्वत: रोजगार अधिकारी, जिला कार्यक्रम अधिकारी, जिला कृषि अधिकारी, जिला पंचायत राज अधिकारी आदि अधिकारियों ने भी उनके जीवन चरित्र पर प्रकाश डाला। इस मौके पर अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।


गांधी जयंती पर कर्मियों को उपहार भेंट करते एसपीबीबीजीटीएस मूर्ति। अमृत विचार

### जिगना प्रधान और 10 ब्लाक कर्मी सम्मानित

- **संदलपुर।** ब्लाक सभागार में समारोह का आयोजन हुआ, जहां जिगना प्रधान सहित ब्लाक के 10 कर्मियों को प्रतीक चिह्न व प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित किया। ब्लाक प्रमुख राहुल तिवारी ने महात्मा गांधी व लालबहादुर शास्त्री के चित्र पर माल्यार्पण कर शुभारंभ किया। जिगना प्रधान बलराम सिंह को गांव को टीबी मुक्त बनाने में सहयोग के लिए सम्मानित किया गया। उन्होंने कहा कि जब घर और मन स्वच्छ होगा, तभी विकास होगा। समारोह में हवासपुर सीएचसी के अधीक्षक डॉ मुनीश कुमार,भाजपा मंडल अध्यक्ष सुमित दिवाकर,एडीओ पंचायत अश्विनी कुमार,एडीओ समाज कल्याण अधिकारी फूल सिंह निरंजन आदि रहे।

### कांग्रेस की ओर से दलित संवाद और सहभोज

- **कानपुर देहात।** जिला कांग्रेस कमेटी ने महात्मा गांधी व लाल बहादुर शास्त्री के साथ स्वतंत्रता संग्राम सेनानी मसूरियादीन पासी की जयंती मनाई। डेरापुर ब्लाक के लाड़पुर पैठ में दलित संवाद एवं सहभोज का आयोजन हुआ। जिलाध्यक्ष नरेश कटियार ने कहा कि गांधी के देश में समानता और विकास के लिए अंबेडकर संविधान उतना ही ज़रूरी है, जितना कल था। यहां पूर्व प्रधान जगन्नाथ संखवार, समीम कुरैशी, सगीर अहमद, रोहित कटियार, डीपी राठौर, महावीर यादव, आदर्श कटियार, रामबाबू कटियार, मनोज वर्मा, तारिक निजामी, राम अवतार दीक्षित, उपेंद्र शुक्ला, राजेंद्र सचान, रामजी राजपूत, बाबूराम कठेरिया, रामशंकर कठेरिया, अजय यादव, बब्लू कक्का, सुरेश यादव रहे।



रामेश्वर पब्लिक स्कूल में महात्मा गांधी व शास्त्री जी के चित्रों पर पुष्प चढ़ाते शिक्षक।

### भोगनीपुर में भाजपाइयों ने चलाया सफाई अभियान

- **पुखरायां।** सत्य और अहिंसा की राह दिखाने वाले महात्मा गांधी व लाल बहादुर शास्त्री की जयंती पर भाजपा मंडल के कार्यकर्ताओं ने रामस्वरूप ग्राम उद्योग इंटर कॉलेज स्थित गांधी उद्यान में सफाई कर स्वच्छता का संदेश दिया। साथ ही महात्मा गांधी के दिए गए संदेश सत्य और अहिंसा की राह चलने पर चलने की शपथ ली। इस मौके पर पूर्व जिला अध्यक्ष राजेश तिवारी मंडल अध्यक्ष मुकुल पांडेय,नगर पालिका अध्यक्ष पूनम दिवाकर, पूर्व मंडल अध्यक्ष प्रमोद त्रिपाठी जिला अध्यक्ष महिला मोर्चा रेणुका सचान,पूर्व भाजयुमो जिलाअध्यक्ष अंबरीश अग्निहोत्री,सुरेंद्र द्विवेदी ,मंडल मीडिया प्रभारी नरेंद्र कुमार साहू मौजूद रहे।

# झींझक में स्वच्छता रैली निकालकर दिया संदेश

**मंगलपुर।** नगर पालिका परिषद झींझक में बुधवार को गांधी जयंती पर स्वच्छता के प्रति नागरिकों को जागरूक किया गया। नगर के मुख्य मार्गो पर चैयरमैन अमित तिवारी उर्फ सोनू तिवारी व अधिशाषी अधिकारी जेपी मौर्य के नेतृत्व में रैली निकाली गई।

नगर पालिका परिषद कार्यालय से शुरू हुई रैली गांधी नगर, दुर्गेश नगर, बड़ा चौराहा, छोटा चौराहा सहित नगर के मुख्य मार्गों से निकाली गई। इसके पहले चैयरमैन अमित तिवारी उर्फ सोनू तिवारी ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के चित्र पर माल्यार्पण किया।

रैली में आलोक रंजन, ब्रजेश राजपूत, सभासद आशीष दीक्षित, सरोज यादव, अंशू यादव, बिल्लू वर्मा, आशीष बाथम मौजूद रहे।

दूसरी तरफ वीरांगना अवंतीवाई सीएचसी झींझक में श्रीज्वाला देवी ज्ञानदा इंटर कॉलेज के एनसीसी कैडेट, युवा कल्याण विभाग के अधिकारी रिटायर्ड आर्मीमैन, सभासद और अस्पताल स्टाफ के साथ स्वच्छता रैली निकालकर लोगों को जागरूक किया गया। इस मौके पर डॉ. दीपक गुप्ता, एनसीसी एनो लेफ्टिनेंट वीरसिंह पाल, सीटीओ आजाद सिंह व अस्मिता सिंह मौजूद रही।



झींझक में रैली के दौरान मौजूद चेयरमैन और ईओ। अमृत विचार

### राजपुर में स्वच्छता कर्मियों को किया गया सम्मानित

- **राजपुर।** नेहरू युवा केंद्र के वीर अब्दुल हमीद युवा मंडल की ओर से एमएनपी हाईस्कूल सिकंदरा में जयंती मनाई गई। अध्यक्ष मोहम्मद मारूफ ने नगर पंचायत में सफाई सैनिक मिथुन, रवि और गुड्डी देवी बाल्मिक के साथ सफाई नायक नूर अहमद को माला पहनाकर सम्मानित किया। यहां विमलेश कुमार, बृजेंद्र कुमार, शिवांश, नेहा, रूबी, अलशिफा, सलमा बेगम आदि रहे। भारतीय मानवाधिकार परिवार बुंदेलखंड (जोन) के क्षेत्रीय कार्यालय भोगनीपुर में जोन अध्यक्ष मिस्बाहुल ने कार्यक्रम किया, जिसमें इंस्पेक्टर क्राइम जितेन्द्र सिंह ने ध्वज फहराया। प्रभारी बुंदेल खंड जोन निजामुद्दीन, इंजीनियर जियाउल हक, स्वेज मंसूरी, गोपाल सिंह, संजीव चौधरी मौजूद रहे।

### शिवली में भी उत्साह के साथ मनाई गई जयंती

- **शिवली।** महात्मा गांधी व पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती मनाई गई। मैथा तहसील में एसडीएम सुरभि शर्मा व तहसीलदार प्रिया सिंह ने महापुरुषों के चित्रों पर माल्यार्पण किया। कोतवाली में थाना प्रभारी कृष्णानंद राय ने ध्वज फहराया। रामेश्वर पब्लिक स्कूल में प्रबंधक डॉ रामशरण तिवारी ने तिरंगा फहराया। छात्र-छात्राओं को मिष्ठान वितरण किया। प्रधानाचार्य प्रीति दीक्षित ने छात्रों को भारत की स्वतंत्रता में महत्वपूर्ण योगदान देने के लिए महात्मा गांधी के विषय में जानकारी दी। लाल बहादुर शास्त्री के आदर्शों पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर प्रमोद कुमार तिवारी, दीक्षा, कविता, मौर्य, रागिनी, देवांशी ,दीपिका रितिका, पूर्णिमा, पूनम, आदित्य, अनुराग आदि रहे।

**मचेगी धूम** शारदीय नवरात्र के पहले दिन आज होगा मां शैलपुत्री का पूजन, मंदिरों के साथ घरों में कलश स्थापना की तैयारियां

# सजे माता के दरबार, बहेगी भक्ति की बयार

कार्यालय संवाददाता,कानपुर देहात

**अमृत विचार।** शारदीय नवरात्र के पहले दिन आदिशक्ति मां दुर्गा के प्रथम स्वरूप माता शैलपुत्री का पूजन धूमधाम से होगा। इसको लेकर मंदिरों में भव्य सजावट के साथ ही घरों में कलश स्थापना की तैयारियां चलती रहीं। देवी मंदिरों के बाहर सजी दुकानों में पूजन सामग्री व चुनरी आदि की खरीदारी हुई।

मूसानगर नगर पंचायत क्षेत्र के मुक्तानगर यमुना तट पर स्थित पौराणिक सिद्ध पीठ माता मुक्तेश्वरी मंदिर में नवरात्रों को लेकर के भव्य सजावट की गई है। पहले दिन कई जिलों से भक्त माता के दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त करेंगे। मंदिर के पुजारी शिवशंकर अग्निहोत्री ने बताया कि दानवीर राजाबली ने माता मुक्तेश्वरी मंदिर का निर्माण कराया था जिसका वर्णन श्रीमद् भागवत महापुराण में आता है। इसी स्थान पर राजा बली ने 99 यज्ञ कराए थे। यह मंदिर पुरातत्व विभाग के अनुसार करीब 5000 वर्ष पुराना बताया जाता है।

उत्तर वाहिनी यमुना तट लघु गया के नाम से भी प्रसिद्ध है। शिव पुराण के अनुसार इसी स्थान पर माता सती का मुकुट गिरा था । जिससे इनका नाम मुकुटेश्वरी पड़ा।जो अब मुक्तेश्वरी के नाम से जाना जाता है। दुर्गा सप्तशती में भी इनका वर्णन आता है। पुजारी ने बताया की माता मुक्तेश्वरी दिन में तीन रूप बदलती हैं। सुबह पहर कन्या रुप में दोपहर में वयस्क और शाम के समय वृद्ध अवस्था में मां के दर्शन होते हैं। नवरात्र को लेकर मंदिर परिसर में बैरीकेडिंग व पार्किंग व्यवस्था कराई गई है। मुक्तादेवी यमुना घाट पर गहरा कुण्ड होने के कारण घाट के सौ मीटर के दायरे में स्नान करना प्रतिबंधित है।


शिवली के मानशिला मंदिर में सजी देवी प्रतिमा। अमृत विचार


मूसानगर में माता मुक्तेश्वरी का सजा दरबार। अमृत विचार

### कलश स्थापना का शुभ मुहूर्त

- पंडित अनुज तिवारी ने बताया कि घट स्थापना शुभ मुहूर्त में करना ही फलदायी होता है। ऐसे में इस बार कलश स्थापना के लिए दो शुभ मुहूर्त हैं। पहला शुभ मुहूर्त सुबह 6 बजकर 15 मिनट से लेकर सुबह 7 बजकर 22 मिनट तक है। सुबह में घट स्थापना के लिए आपको 1 घंटा 6 मिनट का समय मिलेगा। दूसरा शुभ मुहूर्त- दोपहर में अभिजीत मुहूर्त है। यह बहुत ही शुभ माना जाता है। यह सुबह 11 बजकर 46 मिनट से दोपहर 12 बजकर 33 मिनट तक रहेगा। इस बीच कभी भी कलश स्थापना कर सकते हैं। दोपहर में आपको 47 मिनट का शुभ समय मिलेगा।


आचार्य अनुज तिवारी।

### शिवली क्षेत्र के मंदिरों में पूजन की तैयारी पूरी

- शिवली। कस्बे के अथैया देवी मंदिर, मानसिला मंदिर, पंथा माता, क्षमा माता मंदिर, जागेश्वर, मैथा के सुम्बहा देवी, ज्योति की बगला माता, बैरी की सचुला माता, केशरीनिवादा की गगनी देवी मंदिरों में तैयारियों को बुधवार को अंतिम रूप दिया गया। मानसिला मन्दिर के पुजारी अरुणोदय ने बताया कि भक्तों के लिए ब्रह्ममुहूर्त में मंदिर के पट खुल जाएंगे। शिवली, मैथा, बैरी, औनहा, बाघपुर में पूजन सामग्री की दुकानें सजी रहीं।

### रूरा में खरीदारों की उमड़ी भीड़

- **रूरा।** शारदीय नवरात्र को लेकर बुधवार को कस्बे में पूजा सामग्री की खरीदारी को लेकर काफी चहल-पहल रही। घरों में मातारानी का दरबार सजाने के लिए बाजार में सजावटी सामान की दुकानों पर देर शाम तक खरीदारी चलती रही। वहीं स्थानीय फल मंडी में फलों की जमकर बिक्री होती दिखी। खासकर केला, सेव, मखाना, काजू, किशमिश की भारी मांग बनी रही।

## सार-संक्षेप

### प्रभु राम ने ताड़का का वध कर यज्ञ की रक्षा की

**मंगलपुर।** श्री आदर्श रामलीला कमेटी व्यापारिक मंडल झीझक की ओर से जूनियर हाईस्कूल मैदान में रामलीला में विश्वामित्र द्वारा राजा दशरथ से राम लक्ष्मण को मांगने व ताड़का वध अहिल्या उद्धार की लीला का मंचन किया गया। लीला में रावण का मामा मारीच राक्षसों के साथ सभा में मुनी विश्वामित्र के यज्ञ को विध्वंस करने की योजना बना रहा था। प्रभु श्रीराम के बाणों के आगे राक्षसों की एक न चली, एक ही बाण से मारीच समुद्र तट जा पहुंचा यह देख अन्य असुरों में हड़कंप मच गया। निर्वघ्न यज्ञ समाप्त होने के बाद मिथिला के राजा जनक के निमंत्रण पर मुनी विश्वामित्र श्रीराम, लक्ष्मण के साथ मिथिला को निकल गये, रास्ते में पति के श्रापवश पत्थर बनी अहिल्या का प्रभु ने उद्धार किया ।वही श्री आदर्श रामलीला कमेटी व्यापारिक मंडल झीझक के तत्वावधान में जूनियर हाई स्कूल मैदान में चल रही रामलीला मे महिला दर्शकों की भीड़ बड़ी संख्या मे देखने को मिली ।वही रामलीला मे महिला नृत्य कलाकार द्वारा नृत्य की बेहतरीन प्रस्तुत देकर दर्शकों का मन मोह लिया।


रामलीला का मंचन करते कलाकार।

### नायब तहसीलदार को दी गई विदाई

**शिवली।** मैथा तहसील के नायब तहसील रामलखन भदौरिया के सेवानिवृत्त होने पर तहसील सभागार में विदाई समारोह का आयोजन किया गया। अधिवक्ताओं, लेखपालों व तहसील कर्मचारियों ने माला, प्रतीक चिन्ह देकर व अंगवस्त्र पहनाकर भव्य विदाई दी। इस दौरान एसडीएम सुरभि शर्मा, तहसीलदार डॉ प्रिया सिंह, कानूनगो सुरेंद्र सिंह, नन्दलाल, नायब तहसीलदार अनिल चैधरी, लायर्स एसोसिएशन के महामंत्री राजा तिवारी, एसडीएम पेशकार रंजीत कुमार, लेखपाल सुरजीत सिंह, अटल त्रिपाठी, नितिन बाजपेई, कामता प्रसाद मिश्र, शारदा शंकर लोग मौजूद रहे।

# रघुपति राघव राजा राम, पतित पावन सीता राम की रही गूंज

## जिले भर में महात्मा गांधी व लाल बहादुर शास्त्री को जयंती पर किया गया याद, कई जगह सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन

कार्यालय संवाददाता (उन्नाव)


राष्ट्रपिता व पूर्व पीएम के चित्र पर माल्यार्पण करते जिलाधिकारी गौरांग राठी।


सड़क सुरक्षा पखवाड़ा के शुभारंभ पर प्रचार वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना करते विधायक, जिलाधिकारी व अन्य।

**अमृत विचार।** राष्ट्रपिता महात्मा गांधी व पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती सरकारी कार्यालयों व शासकीय भवनों वं शैक्षणिक संस्थानों में प्रभात फेरी, स्वच्छता जागरूकता रैली, बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ रैली, सांस्कृतिक कार्यक्रम, गोष्ठियां, स्वच्छता प्रतियोगिताएं आदि विभिन्न प्रकार के कार्यक्रम आयोजित किये गये।

कलक्ट्रेट में आयोजित समारोह में जिलाधिकारी गौरांग राठी व पुलिस अधीक्षक दीपक भूकर ने पुलिस लाइन परिसर में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी व पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री के चित्र पर माल्यार्पण क़र श्रृद्धांजलि अर्पित की। साथ ही रामधुन का सामूहिक गायन किया गया। जिलाधिकारी ने कहा कि आज का दिन हम सबके लिए अत्यन्त महत्वपूर्ण है। इस दिन हमारे देश की दो महान विभूतियों ने जन्म लिया था। उनकी वजह से ही आज हमें गर्व से जीने का मौका मिल सका है। इसके लिए हम अपने महापुरुषों के सदैव ऋणी रहेंगे। उन्होंने गांधी जी के बारे में कहा कि गांधी जी का दर्शन व आदर्श आधुनिक समय में भी उतने ही प्रासांगिक है। जितने कि उनके समय में थे। स्वाधीनता से उनका पर्याय केवल अंग्रेजी राज से मुक्ति ही नहीं बल्कि समाज में व्याप्त विभिन्न प्रकार की कुरीतियों से भी मुक्त होना था। वहीं एसपी ने कहा कि विद्रोह करने का गांधीवादी तरीका आज भी पूरी दुनिया में प्रयोग किया जाता है। वहीं विशंभर दयालू त्रिपाठी राजकीय जिला पुस्तकालय में संस्कृति मंत्रालय के सहयोग से हास्य व समाजिक संदेश को देता हुआ कंजूसी पर एक नाटक प्रस्तुत किया गया। वहीं जिला जज प्रतिमा श्रीवास्तव ने प्रभात फेरी निकलवाकर स्वच्छता की शपथ दिलाई। इस मौके पर सदर विधायक सदर पंकज गुप्ता, जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक की उपस्थिति में सड़क सुरक्षा पखवाड़ा का शुभारम्भ प्रचार वाहन व आटो रैली को हरी झंडी दिखाकर कलेक्ट्रेट परिसर से रवाना किया गया। इस दौरान सीडीओ प्रेम प्रकाश मीणा, नरेंद्र सिंह एडीएम वित्त एवं राजस्व, विकास सिंह एडीएम न्यायिक, सिटी मजिस्ट्रेट राजीव राज, भूमि अध्याप्त अधिकारी प्रमेश श्रीवास्तव, जिला विकास अधिकारी संजय पाण्डेय, पीडी तेजवन्त सिंह, जिला प्रोबेशन अधिकारी क्षमानाथ राय सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।


सफीपुर में सफाई कर्मियों को प्रशस्ति पत्र देतीं चेयरमैन गरिमा बाजपेई। अमृत विचार

### प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर याद किया


- सफीपुर संवाददाता के अनुसार, नगर पंचायत कार्यालय में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और पूर्व पीएम लाल बहादुर शास्त्री की जयंती पर विशेष कार्यक्रम आयोजित हुआ। इसमें चेयरमैन गरिमा बाजपेई व ईओ विनीत श्रीवास्तव ने दोनों महापुरुषों की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर उन्हें याद किया। इस दौरान बाबू भगवती चरण वर्मा पार्क में सफाई अभियान चलाया गया। चेयरमैन गरिमा बाजपेई ने कहा कि स्वच्छता अभियान में हमारे सफाई कर्मचारियों का योगदान सराहनीय है। इस दौरान नगर पंचायत के सभी सभासद, वरिष्ठ लिपिक होरी लाल आदि उपस्थित थे। इस इसी क्रम में विकासखंड परिसर में आयोजित कार्यक्रम में विधायक बंबालाल दिवाकर ने गांधी जी को पुष्पांजलि अर्पित की। इस दौरान ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि रमेश रावत, खंड विकास अधिकारी श्वेता त्रिपाठी, वीडियो छोटेलाल व ग्राम प्रधान और सदस्य उपस्थित रहे। तहसील सभागार में एसडीएम नवीन चंद्र, तहसीलदार रामशंकर व स्टाफ ने गांधी जी के चित्र पर माल्यार्पण किया।



बांगरमऊ में राष्ट्रपिता और पूर्व प्रधानमंत्री शास्त्रीजी के वेश में छात्रों के साथ सीओ।

### सत्य और अहिंसा के बल पर...

- बांगरमऊ संवाददाता के अनुसार, क्षेत्र के संडीला रोड स्थित आरएस पब्लिक स्कूल में महात्मा गांधी व पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री जयंती समारोह मनाई गई। समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहे सीओ अरविंद कुमार ने छात्र-छात्राओं को दोनों महापुरुषों के व्यक्तित्व और कृतित्व से सीख लेने की अपील की। सीओ ने कहा कि गांधी जी ने सत्य और अहिंसा के बल पर अंग्रेजी हुकूमत को देश छोड़ने पर मजबूर कर दिया था। कहा कि दोनों महापुरुषों के संदेश जन-जन तक पहुंचाने की जरूरत है। नायब तहसीलदार दीपक गौतम ने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय एकता, दृढ़ता व ईमानदारी की प्रतिमूर्ति थे। स्कूल प्रबंधक रिज़वान अहमद द्वारा अंगवस्त्र एवं मोमेंटो भेंटकर मुख्य अतिथियों का अभिनन्दन किया गया। प्रबंधक रिज़वान अहमद ने बच्चों को स्वच्छता एवं पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक किया। अंत में छात्र छात्राओं को स्वच्छता की शपथ दिलाई गई, विद्यालय परिसर में वृक्षारोपण भी किया गया।


फतेहपुर चौरासी में सफाई कर्मी को प्रशस्ति पत्र देते ब्लाक प्रमुख मनोज निषाद।

### श्रमदान कर पौधरोपण किया

- फतेहपुर चौरासी। विकासखंड मुख्यालय पर ब्लाक प्रमुख मनोज निषाद, बीडीओ अनिल सिंह, नगर पंचायत पंचायत कार्यालय में चेयरमैन मिथलेश जायसवाल, सीएचसी में अधीक्षक संजीव कुमार की अगुवाई में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी व पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री जी की जयंती मनाई गई। साथ ही स्वच्छता कार्यक्रम अंतर्गत राधेश्याम वाजपेई, श्यामानुज पांडे, पवन पांडे, कुलदीप, सुशील आदि सभासदों ने श्रमदान किया तथा एक पेड़ मां के नाम के तहत पौधे रोपे।


हसनगंज में प्रथम आये छात्र को उपहार देते हुए एसडीएम रामदेव निषाद।

### चित्र पर किया माल्यार्पण

- पुरवा। तहसील में उपजिलाधिकारी उदित नारायण सेंगर, तहसीलदार साक्षी राय, ब्लाक में प्रमुख सतीश चौधरी व खंड विकास अधिकारी संतोष श्रीवास्तव, थाना परिसर में कोतवाल राकेश गुप्ता, सीएचसी में अधीक्षक दिनेश कुमार ने महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री के चित्र पर माल्यार्पण कर उनके जीवन पर प्रकाश डाला। इसी तरह असोहा ब्लाक परिसर में प्रमुख आनंद गुप्ता, थाना परिसर में एसओ विमलकांत गोयल, सीएचसी में अधीक्षक बीपी सिंह ने माल्यार्पण किया।



औरास में महापुरुषों के चित्र पर पुष्प अर्पित करते बच्चे। अमृत विचार

### स्वच्छता पखवाड़ा भी मनाया गया

- औरास संवाददाता के अनुसार, ब्लॉक क्षेत्र अंतर्गत सरकारी व अर्ध सरकारी संस्थानों में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी व पूर्व प्रधानमंत्री लालबहादुर शास्त्री की जयंती मनाई गई। इस दौरान स्वच्छता पखवाड़ा भी मनाया गया। कॉन्फिडेंस मांटेसरी स्कूल के प्रबंधक अनुज मिश्रा द्वारा दोनों महापुरुषों की जयंती मनाई गई। नगर पंचायत कार्यालय में नगर अध्यक्ष राकेश कुमार ने प्रतिमा पर माल्यार्पण करके जयंती मनाई गई।

## एक नजर

### लोडर ने बाइक में मारी टक्कर, दो गंभीर

**बिछिया।** लखनऊ-कानपुर हाईवे अंतर्गत दही थानाक्षेत्र के बसीरतगंज के पास बुधवार सुबह तेज रफ्तार लोडर ने बाइक में पीछे से टक्कर मार दी। जिससे बाइक अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गई। जिसमें मैता गांव निवासी वीरपाल व रामविलास गंभीर घायल हो गए। लोगों ने उन्हें एम्बुलेंस से नवाबगंज सीएचसी पहुंचाया। जहां उन्हें गंभीर देख जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। दोनों बाइक सवार किसी काम से उन्नाव जा रहे थे। पुलिस ने दोनो को जिला अस्पताल भेजा है। वहीं, भाग रहे लोडर चालक को राहगीरों ने पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया। एसओ संजीव कुशवाहा ने बताया कि घायलों को जिला अस्पताल भेजा गया है।

### महिला ने निगला जहरीला पदार्थ, रेफर

**बांगरमऊ।** कोतवाली क्षेत्र के गांव सहबाजपुर निवासी केशन पाल शहर में रहकर मजदूरी करता है। घर में उसकी 36 वर्षीय पत्नी सुशीला बच्चों के साथ रहती है। बुधवार को अज्ञात कारणों के चलते सुशीला ने घर में रखा जहरीला पदार्थ निगल लिया। जिससे उसकी हालत बिगड़ने लगी। यह देख जेठ श्रीकांत उसे आनन-फानन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया। जहां डॉक्टर ने उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

### बस की टक्कर से युवक घायल, चालक भागा

**उन्नाव।** आसीवन थानाक्षेत्र के कस्बा हैदराबाद अंतर्गत मोहल्ला आजाद नगर निवासी नईम बुधवार को बघवाकोला गांव जाने के लिए निकला था। तभी चकलवंशी-संडीला मार्ग स्थित कस्बा के हरी चौराहे के पास सड़क पार करते समय संडीला से उन्नाव जा रही निजी बस ने उसकी साइकिल में टक्कर मार दी। इसमें वह गंभीर घायल हो गया। राहगीरों ने उसे मियागंज सीएचसी पहुंचाया। जहां से उसे जिला अस्पताल भेज दिया गया। वहीं हादसे के बाद चालक बस लेकर भाग गया।

### जीने से फिसलकर गिरा युवक, हुई मौत

**उन्नाव।** छत पर बने शौचालय से लौट रहे युवक का जीना उतरते समय पैर फिसलने से संतुलन बिगड़ गया। इससे वह नीचे गिरकर घायल हो गया। परिजन उसे अस्पताल ले गए। लेकिन तब तक उसकी सांसे थम गई। बारासगवर थानाक्षेत्र के पहाड़ी खेड़ा गांव निवासी सुरेश पासी (40) के घर में शौचालय छत पर बना है। मंगलवार रात वह शौच के लिए गया था। वापस लौटते समय पैर गीला होने से वह जीने से नीचे गिर गया।


वृद्धाश्रम में पौधरोपण करते जिलाधिकारी गौरांग राठी। अमृत विचार

## अंतर्राष्ट्रीय वृद्ध दिवस पर वृद्धाश्रम में बुजुर्गों से मिले जिलाधिकारी

संवाददाता फतेहपुर चौरासी उन्नाव

**अमृत विचार।** राष्ट्रपिता महात्मा गांधी व पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती और अंतर्राष्ट्रीय वृद्ध दिवस पर बुधवार को जिलाधिकारी गौरांग राठी ने फतेहपुर चौरासी क्षेत्र के गांव तकिया निगोही स्थित वृद्धाश्रम में पहुंचकर वृद्धजनों को माला पहनाकर व अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया। इस दौरान उनके साथ मुख्य विकास अधिकारी, जिला समाज कल्याण अधिकारी, उप जिलाधिकारी सफीपुर व तहसीलदार सफीपुर मौजूद रहे। गांधी जयंती पर जिलाधिकारी ने वृद्धाश्रम में पौधारोपण किया तथा उप जिलाधिकारी सफीपुर व तहसीलदार द्वारा वृद्धों को फल वितरित किये गए। जिलाधिकारी ने वृद्धाश्रम की सफाई के साथ साथ वृद्धजनों की सुविधाओं को भी देखा। उप जिलाधिकारी सफीपुर को निर्देश दिया कि जो वृद्ध भत्ता लेने के इच्छुक हैं उनको उनके परिजनों से बात कर भत्ते की सुविधा दिलाई जाए। यदि किसी वृद्ध को गंभीर बीमारी है तो उसे रेड क्रॉस सोसाइटी द्वारा सुविधा दिलाई जाए। इस दौरान राम बहादुर सिंह ने जिलाधिकारी को प्रतीकचिन्ह भेंट किया। वहीं मोहनलाल वर्मा ने सीडीओ को प्रतीक चिन्ह दिया।

## पुलिस लाइन में भी याद किये गए राष्ट्रपिता व पूर्व प्रधानमंत्री

कार्यालय संवाददाता (उन्नाव)


पुलिस कर्मियों को शपथ दिलाते एसपी दीपक भूकर। अमृत विचार

**अमृत विचार।** राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती पर पुलिस लाइन में आयोजित कार्यक्रम में एसपी दीपक भूकर ने उनके चित्रों पर माल्यार्पण कर सलामी दी। पुलिस कर्मियों को संबोधित करते हुए एसपी ने कहा कि हमें महापुरुषों के जीवन से प्रेरणा लेनी चाहिए। गांधी जी के सत्य और अहिंसा के आदर्शों को आत्मसात कर हमें अपने जीवन में लागू करना चाहिए। शास्त्री जी के जय जवान, जय किसान के नारे को देश की सेवा का प्रतीक मानते हुए आगे बढ़ना चाहिए। इस मौके पर राष्ट्रीय एकता और अखंडता बनाए रखने की शपथ दिलाई गई। एसपी ने कहा कि गांधी जी के सिद्धांतों के अनुसार जब भी हमें किसी निर्णय में उलझन हो, तो हमें सबसे गरीब व जरूरतमंद की भलाई को ध्यान में रखते हुए निर्णय लेना चाहिए। कार्यक्रम में सफाई कर्मियों को अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया। एएसपी दक्षिणी प्रेमचंद्र ने पुलिस कार्यालय में दोनों महापुरुषों के चित्रों पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी। इसी क्रम में जिले के सभी थाना-कोतवाली में श्रद्धांजलि दी गई। सफाई अभियान भी चलाया गया।

### सपाइयों ने महापुरुषों के चित्रों पर किया माल्यार्पण

**उन्नाव।** समाजवादी पार्टी के सिविल लाइन स्थित कार्यालय में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी व पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री के चित्र पर माल्यार्पण व पुष्प अर्पित कर जिलाध्यक्ष राजेश यादव के नेतृत्व में जयंती मनाई गई। जिलाध्यक्ष ने कहा कि जीवन का सबसे मूल मंत्र अहिंसा ही है। यह मंत्र राष्ट्रपिता ने पूरे विश्व को दिया। वहीं पूर्व प्रधानमंत्री ने जय जवान जय किसान का नारा देकर पूरे देश को एक सूत्र में बांधने का काम किया। वहीं बीते दिनों संस्कृत प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष दिनेश उन्नावी व औरास के पूर्व प्रमुख जगदीश यादव की पत्नी संतोष के निधन पर शोक जताया। पूर्व विधायक सुंदर लाल लोधी, अंकित परिहार, बीतेंद्र यादव, राजेश कुमार साधू, हेमंत पाल, नियाज खान, रजनीकांत श्रीवास्तव, चंद्रपाल पासी, सेवकलाल रावत, नरेंद्र लोधी, बालेंद्र यादव, हरीश किदवई, फैसल रहमान सफवी, सैनिक राजेंद्र यादव, मो. अकरम, आलोक सिंह, पंकज वर्मा, गोविंद यादव, मो सैफ़, छोटेलाल भारतीय, लकी यादव आदि रहे।

**नवरात्र विशेष** सफीपुर क्षेत्र स्थित मंदिर में नवरात्र के दिनों में होती है जबरदस्त भीड़

## आस्था का केंद्र है मां शंकरी देवी मंदिर, दूर-दूर से आते हैं भक्त

बृजेंद्र प्रताप सिंह, सफीपुर

**अमृत विचार।** अश्विन मास शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा के साथ ही नवरात्र की शुरुआत हो रही है। जहां इन पावन दिनों में देवी मंदिरों में भारी भीड़ देखने को मिलती है। वहीं कस्बा स्थित मां शंकरी देवी प्राचीन सिद्धपीठ स्वरूप क्षेत्र की अधिष्ठात्री व आराध्य देवी के रूप में स्थापित हैं। वहीं कस्बे के सलींद रोड स्थित दुर्गा मंदिर, उम्मेदराय बाजार स्थित शीतला मंदिर ब्राह्मण टोला स्थित फूलमती देवी मंदिर, मिर्जापुर गांव स्थित माता हिंगलाज देवी मंदिर में भारी भीड़ रहती है। वहीं तहसील क्षेत्र के ही पंडाखेड़ा स्थित सिद्धपीठ माता मंशादेवी मंदिर के बाबत मान्यता है कि सच्चे मन से जाने वाले भक्तों पर मां की कृपा होती है।


मंदिर में विराजमान मां शंकरी देवी। अमृत विचार

**माता शंकरी देवी मंदिर का इतिहासः** कस्बा स्थित हरदोई-उन्नाव मार्ग किनारे स्थापित मां शंकरी देवी की इस पाषाण मूर्ति को नगर स्थित रानी तालाब में मुगल शासकों ने फेंका था। मां ने नगर के एक महंत को सपना दिया की मुझे तालाब से निकाल कर स्थापित करो। महंत ने नागरिकों को सपना बताया और सुबह नागरिको की मौजूदगी में उसी स्थान से पत्थर ब्राम्हण ने निकाला बस क्या था उसको चंद्रमौली नामक पेड़ के नीचे रख दिया। फिर धीरे- धीरे मंदिर का निर्माण किया गया। जहां पूजन अर्चन होने लगी। मां शंकरी देवी मंदिर के भीतर दुर्लभ प्रजाति चंद्रमौली नामक पेड़ के नीचे एक प्राचीन पाषाण के रूप में विराजमान थी। पुरातत्व व पुरावशेष विभाग लखनऊ द्वारा इस पाषाण पत्थर को सैकड़ों वर्ष पुराना 12वीं सदी का बताया गया है। मंदिर के पुजारी देवकीनंदन ने बताया सदियों पुराना मंदिर क्षेत्र में आस्था का प्रतीक बना हुआ है । नागरिकों और क्षेत्र वासियों के लिए मां आराध्य देवी के रूप में विराजमान है।

**कैसे पहुंचें मां के मंदिरः** जिला मुख्यालय से 27 किमी उन्नाव-हरदोई मार्ग किनारे सफीपुर कस्बे में मां शंकरी देवी माता का प्राचीन सिद्धपीठ मंदिर स्थित है। उन्नाव या हरदोई की ओर से आने वाले भक्त रोडवेज या प्राइवेट बस से आ सकते हैं। वहीं, बालामऊ पैसेंजर भी मुफीद है। जिससे सफीपुर स्टेशन पर उतरकर मंदिर पहुंच सकते हैं।

### मंदिर की विशेषता, यहां से कभी कोई खाली हांथ नहीं लौटा

- मां शंकरीदेवी मंदिर के पुजारी देवकी नंदन के अनुसार नगर के उन्नाव-हरदोई मार्ग किनारे स्थित मां शंकरी देवी मंदिर में वैसे तो रोज ही भारी भीड़ रहती है। किंतु नवरात्र के पावन मौके पर तो हजारों की भीड़ उमड़ती है। मान्यता है कि यहां पूजा करने से लोगों को सुख-समृद्धि मिलती है। नवरात्र में विशेष रूप से नव दिवस पूजन के बाद अंतिम दिन भंडारे के साथ ही पूजन का समापन होता है।

## सार-संक्षेप

### जहरीले कीड़े के काटने से बच्ची की मौत

**उन्नाव।** बिहार थानाक्षेत्र के पनई बुजुर्ग गांव में सोते समय छह वर्षीय बच्ची को जहरीले कीड़े ने काट लिया। उसकी चीख सुन जागे परिजन उसे पास में झाड़फूंक करने वाले के यहां ले गए। लेकिन तब तक उसकी मौत हो गई। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। बता दें कि बिहार के पनई बुजुर्ग निवासी श्रद्धा सिंह (6) पुत्री स्व. कल्लू बेड पर सो रही थी। बुधवार सुबह करीब चार बजे बजे उसे किसी जहरीले कीड़े ने काट लिया। मां नीता ने उसकी हालत बिगड़ती देख परिजनों को जानकारी दी। परिजन उसे पास में एक झाड़फूंक करने वाले के पास ले गए। लेकिन तब तक श्रृद्धा की मौत हो गई। पुलिस ने शव का पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। वह दो भाइयों में अकेली थी। एक वर्ष पूर्व इसके पिता की तालाब में डूबकर मौत हो गई थी। बेटी की मौत से परिजन रो-रोकर बेहाल हैं।

### अमावस्या पर गंगा स्नान कर पितरों को दी विदाई

**उन्नाव।** पितृ पक्ष के अंतिम दिन पितृ विसर्जन अमावस्या पर हजारों श्रद्धालुओं ने गंगा तटों पर पहुंचकर विधिविधान से पूजन तर्पण करके पितरों को विदा किया। बक्सर, परियर, बांगरमऊ और जाजमऊ व शुक्लागंज में भीड़ रही। शास्त्रों के अनुसार, पूर्वजों को तृप्त करने के लिए किए जाने वाले तर्पण लिए पितृ पक्ष के पंद्रह दिन मुख्य रूप से माने जाते है। पितृ पक्ष के प्रथम दिवस से श्रद्धालुओं द्वारा पितरों को तृप्त करने के लिए तर्पण कार्य अपने आचार्य या तीर्थ पुरोहितों की सहायता से किया जा रहा था। अंतिम दिन अमावस्या पर बुधवार को लोगों ने जिले के गंगा तट के घाट पर पहुंच कर वहां मौजूद आचार्यों को दिशा निर्देश में पितृ विसर्जन किया। गंगा स्नान के बाद पितृ विसर्जन कर गंगा में दीपदान किया। अपने अपने पितरो को याद कर गंगा में स्नान किया और घर-परिवार की खुशहाली की कामना की। वही गंगा घाटों पर पुलिस प्रशासन तैनात रहा।

### पकड़ने आए सपेरे को सांप ने डसा, हुई मौत

**बांगरमऊ उन्नाव।** एक मकान में लोगों ने सांप देखा तो उसे पकड़ने के लिये सपेरे को बुलाया। सपेरा सांप को पकड़ने की कोशिश कर रहा था तभी सांप ने उसकी अंगुली में डस लिया। जिससे उसकी हालत बिगड़ने लगी। यह देख सपेरे का साथी उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया। जहां थोड़ी ही देर में ही उसकी मौत हो गई। बता दें कि कानपुर देहात जिला के थाना ककवन अंतर्गत गांव औरौ ताहरपुर निवासी 50 वर्षीय ऋषिनाथ परिवार व गांव के अन्य लोगों के साथ कानपुर नगर के कस्बा अरौल में डेरा डालकर सांप दिखाता था। बुधवार को ऋषिराज कस्बा फतेहपुर चौरासी स्थित शीतला देवी मंदिर के पास सांप दिखा रहा था। तभी कस्बे का एक युवक अपने घर मे सांप पकड़ने की बात कहकर ऋषिनाथ व उसके साथी शिवनाथ पुत्र शमशेर नाथ को अपने घर लेकर पहुंचा। युवक के मकान में सांप पकड़ने के दौरान जहरीले सांप ने अचानक ऋषिराज के दाएं हाथ की अंगुली मे डस लिया। उसका साथी उसे बेहोशी की हालत में सरकारी अस्पताल लेकर आया। जहां इलाज शुरू होने के पहले ही सपेरे की मौत हो गई। सरकारी अस्पताल द्वारा घटना की सूचना पुलिस को दे दी गई है।

### वृद्ध का शव घर पहुंचते छाया मातम, बहे आंसू

**उन्नाव।** घर के बाहर रखे छप्पर के नीचे सोते समय कच्ची दीवार गिरने से मलबे में दबकर वृद्ध की जान चली गई थी। बुधवार को पोस्टमार्टम के बाद शव घर पहुंचा तो परिजनों में कोहराम मच गया। क्षेत्रीय लेखपाल ने निरीक्षण कर आर्थिक सहायता के तहसील प्रशासन को रिपोर्ट देने की बात कही है। बता दें कि आसीवन थानाक्षेत्र के जमलापुर गांव निवासी शिवदयाल (75) घर के बाहर कच्ची दीवार पर रखे फूस के छप्पर के नीचे सोता था। बीती मंगलवार रात अचानक कच्ची दीवार ढह गई। जिससे वहां सो रहा वृद्ध मलबे में दब गया। दीवार गिरने की आवाज सुन बेटे व पड़ोसी दौड़े और किसी तरह मलबा हटाकर उसे बाहर निकालकर सीएचसी पहुंचाया। जहां डाक्टर ने जांच के बाद उसे मृत घोषत कर दिया था। पति की मौत की खबर पर पत्नी शिव देवी बेहाल हो गई। बेटे कुंवारे की सूचना पर पुलिस ने बुधवार को पोस्टमार्टम कराकर शव परिजनों को सौंपा। शव गांव पहुंचा तो परिजन बेहाल हो गए। घटना की सूचना पर लेखपाल परमेश्वर ने निरीक्षण किया।

### मंदिर से जबरन दानपात्र ले जाने वालों पर रिपोर्ट दर्ज

**सफीपुर उन्नाव।** क़स्बा सफीपुर के उन्नाव-हरदोई मार्ग स्थित सिद्धपीठ मां शंकरी देवी मंदिर के दानपात्र का ताला काटकर उसमे रखे हजारों रुपए निकालने व दानपात्र में नया ताला लगाने का मामला उजागर हुआ है। इसे लेकर एसडीएम सफीपुर नवीन चंद्र को शिकायती पत्र सौंपा गया है। एसडीएम ने पुलिस को आदेश दिया कि मामले की जांच करवाकर शंकरी देवी मंदिर की गाटा संख्या 3817 में स्थित जमीन ग्राम सामाज की आबादी में दर्ज है। उसका ताला तोड़कर उससे नगदी निकालना अपराध है। इस पर गंभीर धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर आरोपियों पर कार्रवाई की जाए। आदेश के बाद पुलिस ने तीन लोगों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई शुरू की है। क़स्बे के मोहल्ला सराय सुजात अली निवासी प्रमोद सैनी ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि 28 सितंबर को कस्बे के ब्राह्मण टोला निवासी कमल किशोर दीक्षित व संदीप दो साथियों के साथ मंदिर पहुंचे और दानपात्र का ताला काटकर उसमे रखे रुपये ले गए।

अमृत विचार
www.amritvichar.com

भवन्ति नम्रस्तरव : फलोद्गमै : नवाम्बुभिर्दूरविलम्बिनो घना : ।
अनुद्धता : सत्पुरुषा : समृद्धिभि : स्वभाव एवैष परोपकारिणाम् ॥

वृक्षों पर फल आने से वे झुकते हैं ( नम्र बनते हैं ) ; पानी में भरे बादल आकाश में नीचे आते हैं ; अच्छे लोग समृद्धि से गर्विष्ठ नहीं बनते, परोपकारियों का यह स्वभाव हि होता है ।

## संपादकीय

# बढ़ीं चुनौतियां

ईरान व इजराइल के बीच छिड़े उग्र संघर्ष से पश्चिम एशिया में तनाव बढ़ गया है। इजराइल और हिजबुल्लाह के बीच संघर्ष के नए दौर के साथ बढ़ी भू-राजनीतिक चुनौतियों से सारी दुनिया में चिंता पैदा हो गई है। भारत की मुख्य चिंता संघर्ष का बढ़ना है। ईरान व इजराइल का मौजूदा संघर्ष भारत के लिए आर्थिक चुनौतियों का कारण बनेगा। भारत ने चिंता जताई है और सभी पक्षों से शांति बनाए रखने की अपील की है। पश्चिमी एशियाई देशों में रह रहे भारतीय नागरिकों की सुरक्षा भारत की प्राथिकता में शामिल है। पश्चिमी एशिया में 90 लाख भारतीय हैं। पश्चिमी एशिया के अनिवासी भारतीय प्रति वर्ष लगभग 40 बिलियन अमेरिकी डॉलर घर भेजते हैं जो देश के कुल धन-प्रेषण प्रवाह में 55 प्रतिशत से अधिक की हिस्सेदारी रखता है। पश्चिम एशिया से आयातित तेल पर भारत की निर्भरता, मूल्य अस्थिरता और आपूर्ति व्यवधानों के प्रति उसे संवेदनशील बनाती है। भारत दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा तेल उपभोक्ता और आयातक देश है। भारत का 40 प्रतिशत से अधिक तेल पश्चिम एशिया से आता है। पश्चिम एशिया में ऊर्जा संसाधनों के लिए बढ़ती प्रतिस्पर्द्धा के कारण कीमतें बढ़ सकती हैं तथा आपूर्ति के लिये प्रतिस्पर्द्धा बढ़ सकती है, जिससे भारत के लिए आवश्यक ऊर्जा प्राप्त करना अधिक कठिन हो जाएगा। भारतीय रिज़र्व बैंक के अनुसार भारत को प्राप्त कुल प्रेषण का 82 प्रतिशत पश्चिम एशियाई देशों तथा यहां व्यापक रूप से संलग्न एवं सक्रिय संयुक्त राज्य अमेरिका एवं यूनाइटेड किंगडम से प्राप्त होता है।

गौरतलब है कि पश्चिमी एशिया वह क्षेत्र है जो सैन्यीकरण पर अत्यधिक निर्भर है और वैश्विक हथियारों के आयात में 30 प्रतिशत हिस्सेदारी रखता है। वैश्विक ऊर्जा उपभोग के लिए निष्कर्षण संसाधनों का एक प्रमुख आपूर्तिकर्ता होने के बावजूद, पश्चिम एशिया विभिन्न संघर्षों के कारण बढ़ती अस्थिरता का सामना कर रहा है। ऐसे में तलाशना होगा कि वे कौन-से दृष्टिकोण हैं जिनके माध्यम से पश्चिम एशियाई संघर्ष को हल किया जा सकता है? गाजा के खिलाफ इजराइल का हमला हमास को नष्ट करने और बंधकों की रिहाई सुनिश्चित करने के अपने घोषित मकसदों को अभी तक हासिल नहीं कर पाया है। ऐसे में फिलहाल कहना कठिन है कि पश्चिमी एशिया में कब और किन परिस्थितियों में शांति हो पाएगी। भारत हमेशा शांति की वकालत करता है और तटस्थ रुख रखता है। पश्चिमी एशिया में अशांति को लेकर भारत का जोर है कि पूरे मसले का हल संवाद और कूटनीति से ही निकाला जाए।

# परमाणुवाद: प्राचीन वैशेषिक दर्शन और आधुनिक विज्ञान



डॉ.राजीव अग्रवाल
चिकित्सक, शाहजहांपुर

परमाणु की संरचना और परमाणु को बनाने वाले कणों के विषय में अब विज्ञान ने बहुत उन्नति कर ली है। अब हम द्रव्य को बनाने वाली सूक्ष्मतम इकाइयों के बारे में जानने के बहुत पास हैं। हम जानते हैं कि न्यूट्रान्स और प्रोटॉन्स भी अन्य और छोटे कणों से मिल कर बने होते हैं।

'परमाणुवाद' उस चीज का सिद्धांत है जिससे यह लगभग पूरा ब्रह्मांड बना है। ऊर्जा और द्रव्य से ही यह ब्रह्मांड बना है। परमाणुवाद की विवेचना करते समय इस विषय में प्राचीन भारतीय दर्शन और आधुनिक विज्ञा दोनों को छूना चाहता हूं। यह ऐसे विषयों पर दोनों विचारधाराओं को समझने का प्रयास है।

मनुष्यता के ज्ञान के प्रारंभ में मनुष्य का ज्ञान इस विषय में स्पष्ट नहीं था कि पदार्थ कैसे बना होता है। विभिन्न पदार्थों में क्या मूल अन्तर होता है और यदि हम किसी पदार्थ के टुकड़े करते जाएं तो क्या इसका कोई अंत होगा? क्या पदार्थ निरंतर होता है अथवा कणों के रूप में? मेरी जानकारी के अनुसार उपलब्ध साक्ष्यों और धारणाओं के आधार पर इस विषय में सबसे पहले, लगभग 2600 वर्ष पूर्व (बुद्ध और महावीर के काल में), भारतीय ऋषि कणाद ने विचार किया था।

ऋषि कणाद ने द्रव्य की रचना का 'वैशेषिक दर्शन' दिया था। बाद में अन्य लोगों ने भी उसमें योगदान दिया। इस दर्शन में द्रव्य की संरचना के बारे में विचार करते हुए ऋषि कणाद ने कहा कि द्रव्य (पदार्थ) की रचना बहुत छोटे-छोटे अविभाज्य कणों से मिल कर होती है। उन्होंने इन कणों को 'परमाणु'-परम अणु-का नाम दिया। ये परमाणु चार भिन्न प्रकार के होते हैं। उन्होंने इन विभिन्न प्रकार के परमाणुओं को विशेष नाम दिए। इसलिए इस दर्शन या सिद्धांत को 'वैशेषिक दर्शन' कहते हैं।

मैं यहां इस सिद्धान्त की केवल बाह्य रूपरेखा बताऊंगा। वैसे पदार्थ को समझने के लिए वेदान्त, सांख्य दर्शन और मीमांसा में अलग-अलग सिद्धांत दिए गए हैं और उन सब में पर्याप्त अन्तर है। उनमें तत्वों की संख्या और उनके प्रकारों में अंतर है। लेकिन उस सब में जाना अभी उचित नहीं होगा। वैशेषिक दर्शन में चार 'भूतों' या तत्वों के चार तरह के परमाणु माने गए हैं - पृथ्वी परमाणु, जल परमाणु, तेज परमाणु और वायु परमाणु। पांचवां भूत आकाश है। ये पांच तत्व हैं (क्षिति, जल, पावक, गगन, समीरा)। इस दर्शन के अनुसार वायु परमाणुओं के परस्पर मिलने से द्वयणुक, फिर त्रसरेणु और चतुरणुक आदि की उत्पत्ति होती है। इस प्रकार वायु पैदा होती है। इस वायु में जल परमाणुओं के संयोग से महान जलनिधि पैदा होती है। इस जलनिधि में पृथ्वी परमाणुओं के संयोग से महान तेजोराशि की उत्पत्ति होती है। यह इस वैशेषिक दर्शन की बहुत संक्षेप में रूपरेखा है।

यदि हम परमाणुवाद की आधुनिक धारणा के विकास क्रम को देखें तो हम पाएंगे कि कैसे लगभग 400 वर्ष ईसा पूर्व - अब से लगभग 2400 वर्ष पूर्व - में ग्रीक दार्शनिक ल्युसिपस और उसके शिष्य डैमोक्रिटस ने एटम्स शब्द - जिसका अर्थ 'काटा न जा सकने वाला' होता है - से एटम शब्द दिया था। हम पाएंगे कि कैसे इपीकुरस और लुक्रिटस ने इसको परिवर्धित किया।

यदि हम परमाणुवाद की आधुनिक धारणा के विकासक्रम को देखें तो हम पाएंगे कि कैसे लगभग 400 वर्ष ईसा पूर्व-अब से लगभग 2400 वर्ष पूर्व - में ग्रीक दार्शनिक ल्युसिपस और उसके शिष्य डैमोक्रिटस ने एटम्स शब्द-जिसका अर्थ 'काटा न जा सकने वाला' होता है—से एटम शब्द दिया था। हम पाएंगे कि कैसे इपीकुरस और लुक्रिटस ने इसको परिवर्धित किया, कैसे अन्य प्राचीन दार्शनिकों ने इसमें अपना योगदान दिया।

ज्ञान के इस क्रमिक विकास को देखने पर हम पाएंगे कि कैसे उन्नीसवीं सदी के प्रारम्भ में जॉन डाल्टन ने रासायनिक पदार्थों को एक निश्चित अनुपात में ही रासायनिक क्रियाएं करते हुए देख कर पदार्थ को छोटे-छोटे कणों द्वारा निर्मित होना बताया। कैसे 'ब्राउनियन गति' को छोटे-छोटे कणों की टक्कर से समझाया गया, कैसे उन्नीसवीं और बीसवीं शताब्दियों में बर्नियर, चार्लटन, रॉबर्ट बॉयल, नील्स बोर, एवोगैड्रो और एन्टोनी लैवॉइजियर जैसे, अनेक विधाओं के, वैज्ञानिकों ने इस सिद्धांत को विकसित करने में अपना योगदान दिया। उन्होंने क्या-क्या परीक्षण किए, कैसे-कैसे निष्कर्ष निकाले, कैसे मनुष्यता ज्ञान के पथ पर आगे बढ़ी, यह बहुत रोचक कहानी है।

अब परमाणु-अर्थात् एटम-की आधुनिक परिभाषा है- "पदार्थ का वह सबसे छोटा टुकड़ा जिसमें उस पदार्थ के गुण होते हैं, जो एक रासायनिक तत्व बनाता है, परमाणु कहलाता है।" अब पाया गया है कि परमाणु अविभाज्य नहीं है-इसके टुकड़े हो सकते हैं - लेकिन ऐसा करने पर उन टुकड़ों में उस मूल पदार्थ के गुण नहीं रहेंगे। यह कहानी भी बहुत रोचक है कि कैसे परमाणु को बनाने वाले कणों - न्यूट्रान्स, प्रोटॉन्स और इलेक्ट्रॉन्स-की खोज हुई। विज्ञान के सब विद्यार्थी इस कहानी को कक्षा 8 और 9 में पढ़ते हैं।

परमाणु की संरचना और परमाणु को बनाने वाले कणों के विषय में अब विज्ञान ने बहुत उन्नति कर ली है। अब हम द्रव्य को बनाने वाली सूक्ष्मतम इकाइयों के बारे में जानने के बहुत पास हैं। हम जानते हैं कि न्यूट्रान्स और प्रोटॉन्स भी अन्य और छोटे कणों से मिल कर बने होते हैं। हम जानते हैं कि ये मूलभूत कण-क्वार्क्स, लेप्टॉन्स, बोसॉन्स आदि-क्या होते हैं, तरंग और कण का द्वैत-या एकीकरण क्या होता है, इलेक्ट्रॉन्स की विभिन्न ऊर्जा-स्तरों की कक्षाएं क्या होती हैं और कैसे वह तरंगों के रूप में परमाणु के नाभिक के चारों ओर 'संभावना अनुपातों' में चुपड़े हुए होते हैं। हम जानते हैं कि तत्व क्या होते हैं, कितने होते हैं, उनमें क्या मूल अन्तर होता है और वह रासायनिक क्रियाएं क्यों और कैसे करते हैं। हम जानते हैं कि पदार्थ के भौतिक और रासायनिक गुण क्यों और कैसे होते हैं। हम जानते हैं कि हाइजेनबर्ग का अनिश्चितता का सिद्धान्त क्या होता है और 'क्वांटम मैकेनिक्स' कैसे कण-भौतिकी को संचालित करती है।

मैं जब परमाणुवाद के विषय में प्राचीन भारतीय दर्शन और आधुनिक विज्ञान की धारणाओं को देखता हूं तो मैं पाता हूं कि अपने समय के अनुसार निस्संदेह भारतीय ऋषियों ने नए विचार दिए हैं, खोजें की हैं और आगे बढ़े हैं लेकिन वह सारे विचार पूर्ण नहीं थे, गलतियों से मुक्त नहीं थे-यह मानवता का एक स्वाभाविक गुण है। यही बात आधुनिक धारणाओं के विकास के साथ में है। लेकिन मनुष्य पहले से आगे बढ़ा है, उसने धीरे-धीरे सीखा है और नया ज्ञान प्राप्त किया है। इस इतिहास का अपना महत्व है- बिना नए विचारों की शुरुआत के ज्ञान आगे नहीं बढ़ सकता है लेकिन वह शुरुआत पूर्ण नहीं होती है। संभव है कि ज्ञान के क्रमिक विकास के बारे में हमारे किसी दर्शन के कुछ, या सभी, विद्वानों की आधुनिक धारणाओं से अंतर रखती हुई या उसके विपरीत, धारणाएं हों। वह ज्ञान के क्रमिक विकास की धारणा को न मानते हुए संपूर्ण ज्ञान को सृष्टि के प्रारम्भ में ही ईश्वर द्वारा मनुष्य को दे दिया गया हुआ मानते हों। वह मनुष्य सहित सारी ही जीव-जातियों को सृष्टि के प्रारम्भ में ही ईश्वर द्वारा इसी रूप में उत्पन्न कर दिया गया मानते हों।

वैशेषिक दर्शन में इन चीजों को तत्व कहने का जो भी अर्थ रहा हो, अब हम जानते हैं कि आधुनिक परिभाषा के अनुसार पृथ्वी, जल, वायु, अग्नि और आकाश तत्व नहीं हैं। पृथ्वी यौगिकों का मिश्रण है, जल एक यौगिक है जिसका अणु, दो तत्वों-हाइड्रोजन के दो परमाणुओं और ऑक्सीजन के एक परमाणु-से मिल कर बना होता है, वायु भी विभिन्न तत्वों और यौगिकों के अणुओं का मिश्रण है और अग्नि कुछ तत्वों और यौगिकों के परमाणुओं और अणुओं की 'प्लाज्मा स्थिति' है।

ज्ञान अथाह है। मनुष्य कभी भी संपूर्ण ज्ञान प्राप्त नहीं कर पाएगा लेकिन मनुष्यता की आगे बढ़ने की ललक वह चीज है जिसने उसे गुफा-मानव की स्थिति से आज की स्थिति तक पहुंचाया है और जो उसे और आगे लेकर जाएगी। इस ललक को कायम रखना और अपने इतिहास को महत्व देते हुए आगे की ओर देखना ही विकास का एक सही तरीका हो सकता है। मेरे अनुसार हम परमाणुवाद के विकास क्रम में वैशेषिक दर्शन को ऐतिहासिक महत्व अवश्य दें, हम उसको समझें भी, उससे सीखें भी, लेकिन इस विषय को आधुनिक विज्ञान के सिद्धांतों के अनुसार समझना और समझाना ही उचित है। निरंतर केवल पीछे की ओर ही देखना, सदैव भूतकाल में ही रहना, एक सही तरीका नहीं हो सकता है। संभव है कि कोई मेरी इस अंतिम बात से सहमत न हो और वह प्राचीन ज्ञान को ही महत्व देते हुए उसके अनुसार ही चलना चाहे। यह विभिन्न व्यक्तियों की इच्छा और उनकी विचारधाराओं की बात है।

## प्रसंगवश

# गांधी, कांग्रेस और लोकसेवक

आजाद के बाद कांग्रेस के भविष्य को लेकर गांधी ने अपनी प्रार्थना सभाओं में बहुत कुछ कहा है। वे कांग्रेस के लिए आशंकित, आशान्वित और ऊपरी तौर पर तटस्थ भी होते थे। गांधी ने कहा कांग्रेस पूरे भारत की पार्टी है।

28 जुलाई, 1947 को गांधी ने फिर कहा। मुसलमानों ने भले ही अपना राष्ट्र बना लिया है। लेकिन भारत हिंदू इंडिया नहीं है। कांग्रेस केवल हिंदुओं का संगठन नहीं बन सकती। हिंदुस्तान को रचने वाले मुसलमान कभी नहीं कहते वे भारतीय नहीं हैं। अपनी कमजोरियों के बावजूद हिंदू धर्म ने कभी नहीं कहा उसे बंटवारा चाहिए। कई धर्मों के मानने वालों ने मिलकर हिंदुस्तान बनाया है। वे सब भारतीय हैं।



कनक तिवारी
पूर्व महाधिवक्ता, छ.ग.

गांधी ने 18 नवंबर 1947 को डॉ. राजेंद्र प्रसाद से बातचीत में कहा मौजूदा हालत में तो कांग्रेस को भंग कर देना चाहिए। या फिर बहुत ऊर्जावान व्यक्ति के नेतृत्व में जिंदा रखा जाना चाहिए। यहां गांधी समग्र विचार के बाद कांग्रेस को भंग कर देने का निर्विकल्प प्रस्ताव नहीं रच रहे थे। जाहिर है वे कांग्रेस के नेतृत्व से पूरी तौर पर असंतुष्ट थे। मरने के एक पखवाड़े पहले गांधी ने 16 जनवरी को एक पत्र में लिख दिया था कांग्रेस एक राजनीतिक पार्टी है। इसी रूप में वह कायम रहेगी। उसे राजनीतिक सत्ता मिलेगी तो वह देश की कई पार्टियों में से केवल एक पार्टी कहलाएगी।

इतिहास यह बात हैरत के साथ दर्ज करेगा कि अपनी मौत के एक दिन पहले 29 जनवरी को कांग्रेस संविधान का ड्राफ्ट लिखते जांचते गांधी ने फिर कहा था। कांग्रेस संविधान में शामिल किया जाए। कांग्रेस स्वयमेव खुद को भंग करती है। वह लोकसेवक संघ के रूप में पुनर्जीवित होकर संविधान में लिखे बिंदुओं के आधार पर देश को आगे बढ़ाने के काम के प्रति प्रतिबद्ध होती है।

हरिजन में ''फेसबुक फ्राइडे'' (निर्णायक शुक्रवार) शीर्षक से प्रकाशित अपने लेख में प्यारेलाल लिखते हैं: गांधी जी 29 तारीख को दिन भर इतने व्यस्त रहे कि अंत में थककर चूर हो गए। कांग्रेस-संविधान के मसौदे की ओर इशारा करते हुए उन्होंने कहा: 'मेरा सिर चकरा रहा है फिर भी मुझे इसे समाप्त करना होगा।' गांधीजी ने कांग्रेस का संविधान तैयार करने का कार्य अपने हाथ में लिया था। फिर उन्होंने कहा: ''मुझे डर है कि मुझे देर तक जागना पड़ेगा।''

अगले दिन गांधीजी ने मसौदे में संशोधन करके, ''ध्यान से पढ़ने के लिए'' कहकर प्यारेलाल को दे दिया। गांधीजी ने उनसे कहा कि ''यदि विचार में कहीं अन्तर आ जाए तो उन्हें पूरा कर देना। प्यारेलाल जब मसौदे में संशोधन करके गांधीजी के पास ले गए तो उन्होंने ''आद्योपान्त पढ़ने की अपनी स्वभावगत विशेषता के अनुसार एक-एक मुद्दे को लेकर उसमें जोड़-बदल किए और पंचायतों की संख्या के हिसाब में हुई भूल को ठीक किया।''

भारतीय जनसंघ की स्थापना 1952 में हुई। 1977 में वह जनता पार्टी में विलीन हो गया। अर्थात राजनीतिक दल भंग हो गया। जनता पार्टी का संविधान उस धड़े का भी अनुशासन तंत्र हो गया। 1980 आते आते जनता पार्टी के भारतीय जनसंघ के शामिल तबकों ने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की सदस्यता लेते दोहरी सदस्यता का पचड़ा खड़ा किया इससे जनता पार्टी में टूट हुई और भारतीय जनसंघ के लोगों ने निकलकर भारतीय जनता पार्टी का गठन किया। उसका नया संविधान बना। पार्टी की संरचना में ढांचागत परिवर्तन होकर दूसरी पार्टी में विलीन होने पर भी इसे राजनीतिक पार्टी भारतीय जनसंघ का भंग होना नहीं कहा जा सकता क्योंकि विचारधारा तो कायम रही है। ढांचा बदलता गया।

गांधी इसी तरह कांग्रेस की विचारधारा, संविधान और कार्यक्रम जारी रखना चाहते थे। उसका केवल नाम बदलना बताया। देश में जनता के लिए उसकी केन्द्रीय भूमिका नहीं बदली। उन्होंने कहा कांग्रेस पूरे भारत की पार्टी है। यह भी कि 'यद्यपि भारत का विभाजन हो गया मगर भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस द्वारा प्रयुक्त साधनों से देश को आजादी मिलने के बाद कांग्रेस के अपने मौजूदा स्वरूप में अर्थात एक प्रचार माध्यम और संसदीय तंत्र के रूप में उपयोगिता समाप्त हो गई है। भारत को अपने सात लाख ग्रामों की दृष्टि से जो उसके शहरों और कस्बों से भिन्न हैं सामाजिक, नैतिक और आर्थिक आजादी हासिल करना अभी बाकी है। इस नजर से देखने पर यह साफ होगा कि गांधी और कांग्रेस के रिश्ते को समझना आसान नहीं है। गांधी का लिखा कहा एक तरह से, बल्कि सभी तरह से, एक पिता का संतान पीढ़ी के लिए लिखा संदेश या वसीयत है। वह एक पारिवारिक हलफनामा है। उसके आधार पर गांधी विरोधी विचारधारा अपने मुंह मियां मिट्ठू नहीं बने कि गांधी ने मानो कांग्रेस को खत्म कर देने का कोई ऐलान या फतवा जारी किया था।

# मणिपुर में शांति नहीं कायम हो पा रही



दिनकर कुमार
वरिष्ठ पत्रकार

मणिपुर में मैतेई और कुकी-जो समुदायों के बीच असहज संबंध कई वर्षों से कायम हैं, लेकिन हाल ही में हुई हिंसा की शुरुआत पिछले साल अप्रैल में हुई ।

केंद्र सरकार ने मणिपुर में सशस्त्र बल (विशेष शक्तियां) अधिनियम (अफस्पा) के क्रियान्वयन को अगले छह महीने के लिए बढ़ा दिया है। हालांकि इंफाल घाटी के अंतर्गत आने वाले 19 थाना क्षेत्रों और असम की सीमा से लगे एक क्षेत्र को इससे बाहर रखा गया है। पिछले साल मई से ही अब तक बहुसंख्यक मैतेई और कुकी-जो समुदायों के बीच जातीय हिंसा रुक-रुक कर जारी रही है, जिसमें 200 से ज्यादा लोग मारे गए और 60,000 लोग विस्थापित हुए।

मणिपुर में मैतेई और कुकी-जो समुदायों के बीच असहज संबंध कई वर्षों से कायम हैं, लेकिन हाल ही में हुई हिंसा की शुरुआत पिछले साल अप्रैल में हुई जब उच्च न्यायालय ने राज्य सरकार को मैतेई समुदाय को अनुसूचित जनजाति श्रेणी में शामिल करने की सिफारिश केंद्र सरकार से करने का आदेश दिया। मणिपुर की पहाड़ियों में रहने वाले कुकी और नागा जनजातियों के सदस्यों द्वारा फैसले के खिलाफ विरोध मार्च के बाद 3 मई को राज्य में हिंसा भड़क उठी। मैतेई निवासियों को पहाड़ी जिलों में कुकी-ज़ो और इम्फाल घाटी के क्षेत्रों में कुकी-ज़ो के प्रभुत्व वाले क्षेत्रों में निशाना बनाया गया।

मणिपुर पुलिस ने पिछले दिनों हुए ड्रोन हमलों को अभूतपूर्व करार दिया और कहा कि यह राज्य में संघर्ष में महत्वपूर्ण वृद्धि को दर्शाता है। इसके अलावा पुलिस ने कहा कि संभवतः तकनीकी विशेषज्ञता और समर्थन वाले उच्च प्रशिक्षित पेशेवरों की संलिप्तता से इनकार नहीं किया जा सकता है। हाल के हमलों के बाद सुरक्षा एजेंसियां और पुलिस हथियारबंद ड्रोन के स्रोत और तकनीक की पहचान करने के प्रयास कर रही हैं। एक सुरक्षा एजेंसी के अधिकारी ने दावा किया कि ड्रोन सैन्य ग्रेड के नहीं थे और कहा कि उन्हें मणिपुर में विभिन्न क्षेत्रों से प्राप्त भागों से इकट्ठा किया गया था। संयोग से पड़ोसी राज्य असम में पुलिस ने जून में ड्रोन बनाने के लिए इस्तेमाल किए जाने वाले उपकरणों के साथ एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया था। आरोपी मणिपुर के कांगपोकपी का रहने वाला था।

मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार हथियारबंद ड्रोन 500 मीटर से लेकर 15 किलोमीटर की दूरी से काम कर सकते हैं। उनमें हैंड ग्रेनेड और मोर्टार बम सहित विस्फोटक लोड किए जा सकते हैं और उनमें रोटर सिस्टम होता है, जिससे वे तस्वीरें भी खींच सकते हैं। पुलिस ने हथियारबंद ड्रोन की जांच और अध्ययन करने के लिए एक उच्च स्तरीय समिति का गठन किया है। समिति ऐसे ड्रोन की विशिष्टताओं की जांच करेगी।

हथियारबंद ड्रोन का उपयोग मणिपुर में संघर्ष में एक खतरनाक पहलू को दर्शाता है। पिछले कुछ दिनों में राज्य में हुई हिंसक घटनाएं सरकार द्वारा किए गए दावों के खोखलेपन को उजागर करती हैं। हाल के हमलों से पहले मुख्यमंत्री एन. बीरेन सिंह द्वारा नियुक्त दूतों द्वारा सफलता मिलने की अटकलें भी लगाई जा रही थीं। यह देखना अभी बाकी है कि क्या सरकार वास्तव में हिंसा को रोकने और मणिपुर में मैतेई और कुकी-ज़ो समुदायों के बीच की खाई को पाटने के लिए प्रभावी उपाय कर पाती है।

एम16, एम18 और एम4ए1 कार्बाइन जैसी असॉल्ट राइफलें - अत्याधुनिक हथियार जो राज्य के शस्त्रागार से लूटे नहीं गए थे - मणिपुर जातीय संघर्ष में घुस गई हैं, जिससे सुरक्षा एजेंसियों के लिए नई चुनौतियां खड़ी हो गई हैं।


पिछले साल मई में शुरू हुए संघर्ष के दौरान राज्य के शस्त्रागारों से लगभग 6,000 हथियार लूटे गए थे। सुरक्षा बलों और पुलिस द्वारा विशेष रूप से मैतेई और कुकी-ज़ो पक्षों को अलग करने वाले सीमांत क्षेत्रों में तलाशी अभियान के कारण लगभग 2,600 हथियार बरामद हुए हैं। हालांकि, इनमें से केवल 1,200 हथियार शस्त्रागारों से लूटे गए हैं। लगभग 800 अत्याधुनिक हथियार हैं जिन्हें कहीं और से खरीदा गया है, जबकि शेष 600 देशी कच्चे हथियार हैं। सुरक्षा बलों के सामने एक और चुनौती यह है कि संघर्ष बढ़ने के साथ-साथ तात्कालिक हथियार अधिक कुशल - और घातक - होते जा रहे हैं। हाल ही में 5 किलोमीटर की रेंज वाले तात्कालिक रॉकेट ने मोइरांग शहर में भय पैदा कर दिया - जिसे पहले एक सुरक्षित क्षेत्र माना जाता था।

एक और तरह का हथियार जिसने चिंता पैदा की है, वह है कच्चे बम ले जाने वाले ड्रोन, जिनका इस्तेमाल इंफाल पश्चिम के कोट्रुक गांव पर हमला करने के लिए किया गया था।

## सोशल फोरम

# नेहरू व पटेल में कोई विभेद नहीं

कांग्रेस की किसी भी राज्य कमेटी द्वारा संस्तुति न किए जाने के बाद भी महात्मा गांधी ने सरदार पटेल की बजाय जवाहर लाल को अपने वीटो से प्रधानमंत्री क्यों बनाया? यह सच है कि अपने संगठन कौशल, सबकी सुनने और सुदृढ़ व्यक्तित्व होने के कारण सरदार साहब कांग्रेस संगठन की पहली पसंद थे। जबकि नेहरू तुनुक मिजाज़, अधीर और अपनी एकतरफा चलाने के कारण संगठन की पसंद नहीं थे। इसके विपरीत सारे भारत वर्ष की जनता में नेहरू की अपार लोकप्रियता तथा स्वीकार्यता थी। वह अपने उदात्त चरित्र, सुन्दर देह, सरल स्वभाव तथा जादुई वक्ता होने के कारण भारतीय जन मानस में अपार लोकप्रिय थे। विदेशों में भी एक विश्व नेता के रूप में उनकी सुदृढ़ पहचान थी। और सबसे बढ़ कर, वह एक खरे धर्म निरपेक्ष और उदार पुरुष थे। उनका हृदय विशाल तथा दृष्टि अंतर्राष्ट्रीय थी। गांधी और पटेल दोनों इस तथ्य से अवगत थे। सत्ता की राजनीति से दूर होने के बावजूद एक व्यवहारिक तपस्वी होने के कारण गांधी सत्ता संचालन की बारीकीयों से अवगत थे। अंग्रेज़ों तथा कट्टरपंथी संगठनों द्वारा छिन्न भिन्न कर दिए गए आहत राष्ट्र को नेहरू ही सर्वाधिक एकजुट रख सकते थे, यह गांधी बखूबी जानते थे।



राजीव नयन बहुगुणा
पत्रकार, देहरादून

इसीलिए महान सरदार ने अपना नामांकन वापस लेते हुए नेहरू को संबोधित कर कहा-हम सभी स्वाधीनता सेनानियों में आपका त्याग तथा बलिदान सर्वाधिक है। आप भारतीय जनता के हृदय सम्राट हैं। आपके तहत काम करने में मुझे कोई आपत्ति नहीं। गांधी का निर्णय अचूक साबित हुआ। नेहरू ने एक दलित और शापित राष्ट्र को अग्रणी बना दिया। उनके द्वारा की गई सिर्फ़ दो भूलें घातक सिद्ध हुईं। प्रथम, सरदार पटेल द्वारा हमेशा के लिए प्रतिबंधित किए गए संगठन से प्रतिबंध हटाना। और दूसरा, कुटिल चीन की मैत्री पर सहज विश्वास कर लेना। ये दोनों भूलें पंडित जी की अतिशय सदाशयता और सहज विश्वासी वृत्ति के कारण हुईं। वस्तुतः नेहरू और पटेल में कोई विभेद नहीं कर सकता है।

-फेसबुक वॉल से

# जो अधिकारी याद रह गए

मेरे अधीनस्थ एक एएसपी हुआ करते थे। अपने से सीनियर किसी अधिकारी के आदेश अथवा नेक सलाह को न मानना और उस पर कुछ न कुछ लिखकर उसका विरोध करना उनकी मानसिक मजबूरी थी। इस मजबूरी के कारण उनके साथ एक हादसा भी हो चुका था। वह कुछ माह पहले एसपी के पद पर प्रोन्नत हो चुके थे,परंतु अपने उच्च अधिकारियों का अनावश्यक विरोध करने के कारण शासन ने उन्हें एएसपी के पद पर पदावनत कर दिया था।

मैं तब एक जनपद का एसपी था और उन्हें मेरे अधीन नियुक्त कर दिया गया था। एक दिन उन्होंने मुझे बताया कि वह पदावनति के आदेश पर शासन के विरुद्ध रिट करने जा रहे हैं। मैंने उन्हें राय दे दी कि इससे कोई लाभ नहीं होगा,क्योंकि मेरे अनुमान के अनुसार वह वैसे भी जल्दी ही पुनः प्रोन्नत हो जाएंगे और आईपीएस की सेवा नियमावली के अनुसार उन्हें सीनियरिटी में भी कोई हानि नहीं होगी। हाईकोर्ट में जाने से हो सकता है कि मामला लटक जाए और शासन भी प्रतिकूल हो जाए। कुछ दिन बाद मुझे जवाब देने हेतु हाईकोर्ट का एक नोटिस प्राप्त हुआ,जिसके साथ उनकी रिट की प्रतिलिपि लगी हुई थी, जिसमें आरोप लगाया गया था कि मैंने उन पर दबाव बनाते हुए कहा कि वह कोर्ट न जाएं,नहीं तो शासन उनसे बदला लेगा। मैं आश्चर्यचकित था कि एक मित्रवत सलाह को उन्होंने अपनी रिट में इस भांति उपयोग किया था।



महेश चंद्र द्विवेदी
सेवानिवृत्त आईपीएस, लखनऊ

इस घटना के 20 वर्ष बाद वह अधिकारी फिर मेरे अधीनस्थ एडीजी के पद पर नियुक्त हुए। मैंने एक दिन उनकी किसी नोटिंग पर आपत्ति दर्ज कर दी। बात साधारण थी और मैं समझा कि बात वहीं समाप्त हो जाएगी,परंतु दूसरे दिन मेरी आपत्ति के उत्तर में मुझे उनका एक पूरे पेज का नोट मिला। इसके उत्तर में मैंने एक पंक्ति में अपनी बात दोहराकर फाइल वापस कर दी। अगले दिन मुझे उनका पूरे दो पेज का नोट प्राप्त हुआ। मैंने पहले सोचा कि उन्हें बुलाकर उनसे बात करता हूं,परंतु मैं जानता था कि उन्हें बुलाकर बात करने का कोई फायदा नहीं होगा,वरन आगे कहीं और अधिक लंबी नोटिंग को झेलना पड़ेगा। अतः मैंने उनके नोट के नीचे 'सीन फाइल' लिखकर बाबू को फाइल बंद करने को कह दिया। एक अन्य प्रकार के ऐब्नॉर्मल्स वे होते हैं,जिनमें सिग्नेचरोफोबिया के बजाय डिसीजनोफोबिया पाया जाता है। ये अधिकारी पत्रावलियों पर फ्लावरी लैंग्वेज में लंबी-लंबी नोटिंग लिखते रहते हैं,परंतु कोई आदेश पारित करने का साहस नहीं करते हैं। एक आईपीएस अधिकारी इतने भले और ईमानदार थे कि ईसाई धर्म का होने के कारण पुलिसजन पीठ पीछे उन्हें पादरी कहते थे,परंतु यदि एक फ्यूज्ड बल्ब बदलने का प्रस्ताव भी उनके सामने प्रस्तुत किया जाए,तो पत्रावली पर कोई आदेश देने के बजाय फ्यूज हुए एवं खरीदे जाने वाले बल्व के इतिहास और भूगोल की कम से कम 6-7 जानकारियां प्राप्त करने की जिज्ञासा प्रस्तुत कर देते थे। जिज्ञासाओं का उत्तर ड्राफ्ट करने वाला बाबू इतना खीझ जाता था कि उनका उत्तर देने के बजाय अपनी जेब से बल्व खरीद लेना अधिक सुविधाजनक पाता था।

एक आईजी रैंक के आईपीएस अधिकारी पर भक्तिभाव इतना सवार हो गया था कि कार्यालय में पीत वस्त्र और खड़ाऊं पहनकर आने लगे थे। एक मीटिंग में इस वेश में प्रकट होने पर डीजी ने नाराज होकर उन्हें मीटिंग से बाहर कर दिया। इस पर उन्होंने तमाम धार्मिक ग्रंथों का हवाला देते हुए पीत वस्त्र धारण करने का अपना मूल अधिकार होने का पत्र प्रेषित कर दिया। इस प्रकरण के कारण उनकी प्रोन्नति रोक दी गई। इस पर उन्होंने ऑफिस आने का झंझट ही त्याग दिया और स्वयं को राधा घोषित कर साड़ी-ब्लाउज पहनना और लिपिस्टिक-पाउडर लगाना प्रारंभ कर दिया। शासन द्वारा अन्य विभागीय कार्यवाही का आदेश होने से पूर्व उन्होंने सेवानिवृति ले ली। इन ऐब्नॉर्मल के पक्ष में एक बात अवश्य कहनी पड़ेगी कि इस प्रकार के अधिकारी अपने सेवा काल में पूरे पुलिस विभाग में मुफ्त के मनोरंजन का साधन बने रहते हैं और सेवानिवृति के पश्चात भी अपनी अजीब हरकतों के लिए याद किए जाते हैं। यदि शासन को प्रशासन में रुक्षता कम करना और हास्यमय वातावरण बढ़ाना है तो ऐसे ऐब्नोर्मल्स के चयन हेतु अच्छा खासा कोटा आरक्षित कर देना चाहिए।

# गांधी: एक प्रथम श्रेणी यात्री

इतिहास की कौन सी तिथि लावा बन जाए। केवल इतिहास ही इसका गवाह होता है। 7 जून 1893 दक्षिण अफ्रीका का रेलवे स्टेशन पीटर मेरिटस वर्ग। वक्त इंतजार कर रहा था एक नए इतिहास के जन्म लेने का।

24 साल के एक सांवले नौजवान को कुछ गोरे अधिकारी प्रथम श्रेणी कंपार्टमेंट से धक्का देकर बाहर उतार रहे थे। हालांकि उस जवान के हाथ में प्रथम श्रेणी टिकट था। डरबन और प्रिटोरिया के बीच का।



स्नेह रंजन
वरिष्ठ पत्रकार

वक्त की कारीगरी देखिये। गोरों ने तो नहीं माना वह टिकट। लेकिन छोटा सा वह कागज ब्रिटिश साम्राज्यवाद की रवानगी का परवाना बन जाएगा, यह केवल वक्त ही जानता था। दादा अब्दुल्ला जब इसी नौजवान को मुंबई से दक्षिण अफ्रीका भेज रहे थे। उन्हें क्या पता था कि यह युवा युगों युगों का सरमाया बनेगा।

जिसे पीढ़ियां दर पीढ़ियां अपने दिमागों के ड्राइंग रूम में एक कैनवस बनाकर रखेंगी। जिस पर कुछ भी लिख दो लेकिन कुछ बचा ही रहेगा। और फिर आया 9 जून 1915, मुंबई का अपोलो बंदरगाह। जहां उतरा यह इंसान गांधी बनकर। यही दुबला पतला आदमी जहाज की जितनी सीढ़ियां नीचे उतरता। मानो अंग्रेजों की छाती पर उतने ही कदम ऊपर चढ़ जाता। बेहद सामान्य कद काठी परन्तु असीम व्यक्तित्व। अचानक से बन गया कांग्रेस का शलाका पुरुष। फिर तो इतिहास हर दिन एक नया सफा गढ़ने लगा। और वक्त एकदम ठहर गया गोरों के सांसों की तरह। फिर क्या नहीं हुआ,

चंपारण से लेकर क्विट इंडिया तक। इंग्लैंड के सम्राट, प्रधानमंत्री से लेकर न जाने कितने वायसरायों ने इसे मारना चाहा। लेकिन वक्त ने सबको अंगूठा दिखाया, क्योंकि गांधी को तो सिवाय अपनों के भला कौन मार सकता था। हुआ भी वही। एक अवतार का दैहिक अवसान। पर वे बने रह गए वक्त की रेलगाड़ी के प्रथम श्रेणी यात्री।

# अनियंत्रित कार नाले में गिरने से चालक की मौत

संवाददाता, असोथर

- गम्भीर रूप से घायल चालक को डाक्टरों मृत घोषित किया
- असोथर थाना क्षेत्र के विजयीपुर मार्ग पर हादसा

**अमृत विचार।** निर्माणाधीन असोथर-विजयीपुर मार्ग में भोर पहर तेज गति से चल रही कार अनियंत्रित होकर खिन्नी के पेड़ से टकरा गयी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि स्विफ्ट डिजायर गाड़ी के परखचे उड़ गए। आठ फिट हवा में उछली गाडी गंदा नाला में गिर गयी और चालक की मौत हो गई।

असोथर थाना क्षेत्र अंतर्गत असोथर विजयीपुर मार्ग में गांव कौंडर मोड़ के आगे तेज रफ्तार कार पेड़ से टकराकर नाला में जा गिरी। गंभीर चोट की वजह से कार चालक की जान चली गयी। मृतक राजेश उर्फ ननकू दुबे उम्र 24 वर्ष किशनपुर थाना क्षेत्र के गांव जिहरवा के निवासी था। ननकू दुबे सुबह सात बजे कार से असोथर की ओर जा रहे थे, तभी अनियंत्रित होकर कार पेड़ से टकरा गई और नाले में गिर गई। स्थानीय लोगों ने कार का शीशा तोड़कर युवक को घायल अवस्था में बाहर निकाला और पुलिस को सूचना दिया। मौके पर पहुंची पुलिस एंबुलेंस की मदद से थरियाव के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। पुलिस जेसीबी से कार को बाहर निकालकर थाने लेकर चली गयी। कार में तलासी के दौरान पांच पालीथीन बैग में पानी से भीगा साढ़े आठ किलो ग्राम गांजा बरामद किया गया है। वहीं दो मोबाइल एक कारतूस का खोखा भी मिला है। विभागीय कार्रवाई जारी है। थाना प्रभारी विनोद कुमार मौर्य ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।

# वोट बैंक की राजनीति कर रही है सपा: धर्मवीर प्रजापति

कार्यालय संवाददाता, इटावा

**अमृत विचार।** जिले के प्रभारी मंत्री धर्मवीर प्रजापति ने कहा कि समाजवादी पार्टी वोट बैंक के लिए जाति धर्म की राजनीति कर रही है। भारतीय जनता पार्टी सबका साथ सबका विकास को लेकर काम करती है। किसी के साथ भेदभाव नहीं करती। पत्रकारों के साथ बातचीत में उन्होंने कहा कि इस समय स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है और सभी को इसमें जुटना है।

सपा नेता ने कहा है कि मुस्लिमों की आबादी बढ़ रही है, इसलिए अब भाजपा की सरकार नहीं बन पाएगी, इस बारे में प्रजापति ने कहा कि ऐसा कुछ नहीं है, हम सब भारतीय है और हमें सबसे पहले भारत के लिए सोचना है और भारत के लिए कार्य करना है। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ताओं के सम्मान से बड़ा कुछ भी नहीं है। कार्यकर्ताओं को आश्वस्त करते हुए उन्होनें कहा आप सबके द्वारा प्रशासनिक अधिकारियों के खिलाफ, पुलिस व बिजली व अन्य विभाग के खिलाफ जो भी शिकायतें प्राप्त हो रहीं है उन पर अविलंब कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। कार्यकर्ताओं का किसी भी प्रकार का उत्पीड़न बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।



कार्यकर्ताओं को संबोधित करते प्रभारी मंत्री धर्मवीर प्रजापति। अमृत विचार

- भाजपा किसी के साथ भेदभाव नहीं करती

सदर विधायक सरिता भदौरिया ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में विश्व में भारत का मान सम्मान बढ़ा है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व वाली राज्य सरकार में माफियाओं व गुंडों पर लगातार कार्रवाई की जा रही है। भाजपा जिलाध्यक्ष संजीव राजपूत ने कहा कि सदस्यता अभियान का द्वितीय चरण एक अक्टूबर से 15 अक्टूबर तक चलेगा। तीसरा चरण 16 अक्टूबर से शुरू होकर 31 अक्टूबर तक चलाया जाएगा। संचालन जिला महामंत्री शिवाकांत चौधरी ने किया। पूर्व सांसद द्विय रघुराज शाक्य, प्रेमदास कठेरिया, निवर्तमान जिलाध्यक्ष अजय धाकरे, पूर्व जिलाध्यक्ष व सदस्यता अभियान प्रमुख डा रमाकांत शर्मा, पूर्व विधायक सावित्री कठेरिया, जिला महामंत्री अन्नू गुप्ता, प्रशांत राव चौबे, जिला उपाध्यक्ष विक्रम अग्रवाल, शिवकिशोर धनगर, ममता कुशवाहा, ज्योति वर्मा, जितेंद्र गौड़, राहुल राजपूत, चक्रेश जैन, जिला मीडिया प्रभारी रोहित शाक्य सहित रहें।

स्वच्छता ही सेवा का दिया संदेश

इटावा। उत्तर प्रदेश सरकार में होमगार्ड व नागरिक सुरक्षा राज्यमंत्री धर्मवीर प्रजापति के प्रथम जनपद आगमन पर जिलाध्यक्ष संजीव राजपूत के नेतृत्व में 'सेवा पखवाड़ा' के अंतर्गत नुमाईश मैदान स्थित महापुरुषों की प्रतिमाओं पर माल्यार्पण कर स्वच्छता अभियान के तहत श्रमदान कर 'स्वच्छता ही सेवा' का संदेश दिया गया। उन्होंने वर्ष में कम से कम 100 घंटे व प्रति सप्ताह दो घंटे श्रमदान करने का आग्रह किया। भाजपा जनपद कार्यालय पर जिलाध्यक्ष संजीव राजपूत की अध्यक्षता में आयोजित जिला पदाधिकारी व जनप्रतिनिधियों की बैठक में संगठन द्वारा चलाए जा रहें संगठनात्मक अभियानों की जानकारी लेकर व सदस्यता अभियान की समीक्षा कर दिशा-निर्देश दिए।

### गौशाला में गोवंश के कंकाल मिलना लापरवाही

महेवा, इटावा। प्रभारी मंत्री धर्मवीर प्रजापति महेवा नहर कोठी में चल रही गौशाला का निरीक्षण किया। यहां गोवंशियों के कंकाल मिलने को उन्होंने पूरी तरह लापरवाही बताया। कहा कि दोषियों पर कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। ग्राम प्रधान कुमुद सिंह ने भी अपना पक्ष रखा। महेवा स्थित नहर कोठी में संचालित रही गौशाला में दर्जनों की संख्या में गोवंशियों के कंकाल मिले थे। जिसका वीडियो गौरक्षा दल के सदस्यों ने प्रचलित कर दिया था। प्रभारी मंत्री के साथ जिला अधिकारी अवनीश राय, एसएसपी संजय कुमार वर्मा, एडीएम अभिनव रंजन श्रीवास्तव, मुख्य विकास अधिकारी अजय कुमार गौतम, एसडीएम भरथना सुशांत श्रीवास्तव, बीडीओ सूरज सिंह, एडीओ पंचायत इंद्रपाल सिंह भदौरिया, सीओ अतुल प्रधान, कोतवाली निरीक्षक राकेश कुमार शर्मा, भाजपा जिला अध्यक्ष संजीव राजपूत, पूर्व ब्लॉक प्रमुख अशोक चौबे, भाजपा नेता शिवाकांत चौधरी, कमलेश कठेरिया, दिवाकर पांडे सहित भाजपा, विश्व हिंदू परिषद, गौ सेवा दल के सैकड़ों सदस्य नहर कोठी पहुंचे। निरीक्षण के दौरान जिला अधिकारी अवनीश राय से कई सवाल किये। उनका साफ लहजे में कहना था कि ब्लॉक प्रशासन और ग्राम पंचायत भी पूरी तरह जिम्मेदार है।

# ऑटो में बैठी मां की गोद से फिसली बच्ची, हो गई मौत

## बकेवर से भरथना जाने के लिए बैठी थी ऑटो में

संवाददाता बकेवर, इटावा

**अमृत विचार।** ऑटो में सवार मां के गोद लेने के दौरान उछलकर सड़क पर गिरकर घायल हुई तीन साल की सौम्या की इलाज के दौरान मौत हो गई। इकदिल थाना क्षेत्र के गांव ककरैया के आदेश की पत्नी लीला अपनी तीन साल की बेटी सौम्या के साथ बहन के घर गांव भवानीपुर महेवा से ऑटो से आ रही थी। बकेवर में मायके ऊसराहार जाने के लिए भरथना जाने वाले ऑटो में बैठ गई, ऑटो चलते ही लीला ने बेटी सौम्या को अपनी गोद में बैठाना चाहा तभी अचानक संतुलन बिगड़ने से सौम्या चलते ऑटो से सड़क पर गम्भीर रूप से घायल हो गई। जिला अस्पताल से उसे सैफई मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया था वहां बुधवार सुबह उसकी मौत हो गयी। सूचना पर एसआई हाकिम सिंह ने पहुंचकर उसका बच्ची के शव का पंचनामा भरवाया। एसआई ने बताया कि परिजनों ने पोस्टमार्टम कराने से इंकार कर दिया जिस पर शव परिजनों को सौंप दिया। आदेश कुमार हरियाणा गुरुग्राम में प्राइवेट नौकरी करते हैं। उनके दो बच्चे हैं। सात साल का बेटा देव व तीन साल की बेटी सौम्या थी।

### ट्रेन की चपेट में आने से महिला की चली गई जान

इटावा। कानपुर रेलवे ट्रेक पर महेरा रेलवे फाटक के पास एक लगभग 32 वर्षीय अज्ञात महिला की ट्रेन की चपेट में आने से दर्दनाक मौत हो गई। बुधवार की सुबह करीब साढे ग्यारह बजे लोगों ने इटावा कानपुर रेलवे ट्रैक पर खंबा नंबर 1154/13 के पास एक महिला का शव पड़ा देखा। लोगों की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची। शव को कब्जे में लेकर शिनाख्त कराने का प्रयास किया लेकिन उसकी शिनाख्त नही हो सकी। मृतका के दाहिने हाथ पर पीएमपी गुदा हुआ है। जिसने सफेद रंग की पजामी व सफेद गुलाबी रंग से कढा हुआ सूट पहने हुए है। शिनाख्त न होने पर पुलिस ने शव को मोर्चरी भिजवा दिया है। पुलिस शिनाख्त के प्रयास में लगी है।

# 10 हजार का इनामी शराब तस्कर हुआ गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, इटावा

- 3 फर्जी आरसी, 2 फर्जी मुहर हुईं बरामद

**अमृत विचार।** चौबिया थाना पुलिस ने गस्त के दौरान अवैध रूप से अंग्रेजी शराब की तस्करी करने वाले दस हजार के इनामी एक ट्रक चालक को गिरफ्तार कर लिया। एसएसपी संजय कुमार वर्मा ने बताया कि जनपद में अवैध शराब/मादक पदार्थों की तस्करी, पर रोक लगाने के लिए थाना चौबिया पुलिस द्वारा एक ट्रक को चालक सहित गिरफ्तार किया गया था, ट्रक की तलाशी लेने पर हेलमेट/हार्पिक के कारटून एवं नमक के बोरों के नीचे छिपे कारटून को खोला गया तो उनमें से 396 पेटी अंग्रेजी शराब रॉयल स्टैग/रॉयल चैलेंज कम्पनी (अनुमानित कीमत 45 लाख रूपये) जिसमें ट्रक सहित ( कुल अनुमानित कीमत 65 लाख रूपये ) बरामदगी की गयी थी एवं ट्रक चालक से पूछताछ करने पर अभियुक्त विक्रम ठाकुर का नाम प्रकाश में आया था। मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने आरोपी विक्रम ठाकुर पुत्र बच्चा ठाकुर निवासी कमतौल दरभंगा बिहार को कल्ला बाग तिराहे के पास से समय 13.40 बजे गिरफ्तार किया गया। पूछताछ में बताया कि साथियों के साथ मिलकर हरियाणा के बहादुरगढ़ से बिहार तक अवैध रूप से अंग्रेजी शराब की तस्करी करता था। 8 अगस्त 2024 को मेरा साथी पंकज पुत्र सत्यनारायण निवासी तेलनी पूशो थाना विथान जनपद समस्तीपुर बिहार को पुलिस ने ट्रक में भरी अंग्रेजी शराब के साथ पकड़ लिया था एवं मैं मौका पाकर भाग गया। उसके पास से तीन फर्जी आरसी, दो मुहरें बरामद की।

# तालाब में डूबे युवक का 8 घंटे बाद भी पता नहीं

**राठ, हमीरपुर।** कोतवाली क्षेत्र के बिलरख गांव में स्थित तालाब में नहाने के लिए गए एक युवक के डूबने का मामला सामने आया है। पुलिस के द्वारा तालाब में डूबे हुए युवक की तलाश की जा रही है। तालाब के पास ग्रामीणों की भीड़ एकत्र हो गई। आठ घंटे से अधिक समय बीतने के बाद भी उसका पता न चलने से लोग परेशान दिखे।

जानकारी के अनुसार राठ कोतवाली क्षेत्र के बिलरख गांव का निवासी गोविंददास पुत्र बहोरा जो कि गांव के बाहर स्थित तालाब में नहाने के लिए गया हुआ था। तभी नहाने के दौरान वह तालाब में डूब गया। ग्रामीणों को जब गोविंददास के तालाब में डूबने की भनक लगी तो गांव में हड़कंप मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस के द्वारा तालाब में जाल डालकर एवं अन्य विभिन्न तरीकों से तालाब में डूबे हुए व्यक्ति गोविंददास को बाहर निकालने का प्रयास किया जा रहा है।

# क्षत्रिय स्वाभिमान मंच के होर्डिंग फाड़े, रोष

कार्यालय संवाददाता, इटावा

**अमृत विचार।** क्षत्रिय स्वाभिमान मंच की ओर से 12 अक्टूबर को होने वाले दशहरा महोत्सव के आयोजन से संबंधित होर्डिंग फाड़े जाने से समिति के पदाधिकारियों में रोष है। असामाजिक तत्वों की इस हरकत की निंदा करते हुए पुलिस प्रशासन से कड़ी कार्रवाई की मांग की गई है।

क्षत्रिय स्वाभिमान मंच के इस आयोजन की तैयारियां इन दिनों जोरों पर चल रहीं हैं। शहर में कई जगह होर्डिंग पोस्टर बैनर आदि लगाये गए हैं। इस महोत्सव में संपूर्ण प्रदेश के क्षत्रिय प्रतिभाग कर रहे हैं। प्रस्तावित कार्यक्रम का एक होर्डिंग कालीवांह मंदिर के पास लगाया गया था। जिसे समाज विरोधी असामाजिक तत्वों ने फाड़ दिया। इस घटना से क्षत्रिय समाज में रोष व्याप्त है। इस होर्डिंग में भगवान श्रीराम के चित्र को भी क्षति पहुंचाई गई है। जिसे क्षत्रिय समाज सनातन संस्कृति पर हमला मान रहा है। क्षत्रिय स्वाभिमान मंच के अध्यक्ष विकास भदौरिया उर्फ कुन्नू ने इस घटना को बहुत ही गम्भीरता से लिया है। उन्होंने कहा कि यह पूरी तरह से सामाजिक कार्यक्रम है। इस तरह की हरकत अशोभनीय एवं निंदनीय है। उन्होंने कहा कि 12 अक्टूबर को प्रस्तावित दशहरा महोत्सव के आयोजन की भव्यता को देखते हुए समाज के विरोधी अपना मानसिक संतुलन खो बैठे है। इसी के तहत संगठन के कार्यक्रम की होर्डिंग जो इटावा ग्वालियर रोड पर मंदिर कालीवांह से पहले लगी थी उसे फाड़ दिया है। आसपास और भी होडिंग लगी थी पर मात्र क्षत्रिय स्वाभिमान मंच की ही होर्डिंग को निशाना बनाया। ऐसी घिनौनी हरकतें हम लोगों का हौंसला नहीं तोड़ सकती।

# ट्रक टक्कर से युवक की मौत, दूसरा गंभीर

संवाददाता, सुमेरपुर(हमीरपुर)

**अमृत विचार।** थानाक्षेत्र के बांदा मार्ग पर टेढ़ा के निकट बाइक से आ रहे दो युवकों को ट्रक ने जोरदार टक्कर मार दी। इससे दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों को एंबुलेंस की मदद से प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां पर एक को चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। थानाक्षेत्र के सुरौली बुजुर्ग निवासी संजय वाल्मीकि (25) पुत्र बरातीलाल बैंड बाजा के साथ साउंड सर्विस का भी कार्य करता था। बुधवार को दोपहर करीब 12 बजे यह बाइक से अपने साथी लक्ष्मण निषाद (22) पुत्र रामसागर के साथ साउंड को ठीक करने के लिए कस्बे में आ रहा था। तभी बांदा मार्ग पर टेढ़ा के पास मोड़ पर सामने से आ रहे ट्रक ने जोरदार टक्कर मार दी। जिससे दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों घायलों को एंबुलेंस की मदद से प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां संजय वाल्मीकि को चिकित्सको ने मृत घोषित कर दिया।

### बाइक डिवाइडर से टकराई युवक की चली गई जान

राठ(हमीरपुर)। जरिया थाना अंतर्गत बीरा गांव के पास स्थित बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे पर तेज रफ्तार बाइक डिवाइडर से टकरा गई। बाइक चला रहा युवक गंभीर रूप से जख्मी हो गया। जब तक लोग उसे अस्पताल ले जाते उसकी मौत हो गई। जानकारी के अनुसार मध्य प्रदेश के छतरपुर जनपद के गौरिहार थाना क्षेत्र के सीलप गांव निवासी संतोष पुत्र छोटेलाल उरई से बाइक पर सवार होकर बुंदेलखंड एक्सप्रेस वे के रास्ते वापस अपने गांव सीलप जा रहा था। राठ क्षेत्र के जरिया थाना अंतर्गत बीरा गांव के पास उसकी तेज रफ्तार बाइक का संतुलन बिगड़ा और डिवाइडर से टकरा गई। इससे बाइक गिर गई और गंभीर रूप से जख्मी संतोष की मौके पर ही मौत हो गई। संतोष, उरई में स्थित एक स्टील फैक्ट्री में काम करता था।

# युवक के डूबने की सूचना पर दौड़ी पुलिस

**अछल्दा, औरैया।** अछल्दा थामा क्षेत्र में नदी के पास बने मन्दिर किनारे युवक के जूते मिलने से परिजनों में हड़कंप मच गया। पुलिस को युवक के नदी में डूबने की सूचना मिली तो गोताखोरों के साथ मौके पर पहुंच गई। युवक के मोबाइल की लोकेशन जनपद के बाहर मिलते ही पुलिस ने जांच शुरू की।

थाना इकदिल निवासी बालकपूरा राघव अपनी पत्नी नीशू के साथ मंगलवार को दिल्ली से वापस आकर पत्नी को मायके सेखूपुर मुरादगंज छोड़कर अपने मामा निर्भय निवासी चिमकुनी के यहां आया था। बुधवार सुबह 11 बजे अपनी मामी धन देवी को फोन कर सूचना दी कि अछल्दा -महेवा मार्ग पर गांव चिमकुनी के पास निकली सेंगुर नदी के नजदीक दलदल में फंस गया हैं। यह कहकर फोन काट दिया। इस पर मामा व अन्य ग्रामीणों ने डायल 112 एवं थाना पुलिस को सूचना देकर ग्रामीणों के साथ नदी के पास बने मन्दिर पहुंच गए।

# 2 पशु तस्करों को 5 साल का हुआ कारावास

संवाददाता फतेहपुर



- 12 वर्ष पूर्व हुई थी घटना, 10-10 हजार रुपये अर्थदंड
- जानकारी पर पुलिस ने बरामद किए थे 16 गोवंश

**अमृत विचार।** अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश कोर्ट नंबर तृतीय के न्यायाधीश हरिप्रकाश गुप्ता ने मुठभेड़ में पकडे गए दो पशु तस्करों को पांच पांच साल के कारावास की सजा और दस दस हजार रुपयों के अर्थ दंड से दंडित किया है। घटना मलवा थाना क्षेत्र के कैंची मोड की 23 जुलाई 2012 की है। तत्कालीन थाना अध्यक्ष मुन्ना बाबू पशु तस्करी की सूचना पर आने की सूचना पर कैंची मोड पर पहुंचे थे। तस्करों ने पुलिस पर ट्रक चढ़ाने का प्रयास किया था।

घटना में पुलिस की ओर से जहानाबाद थाने के दारागंज निवासी जुगनू काजी टोला निवासी मुस्तकीम, मलवा थाने के मेवली निवासी पवन पटेल जहानाबाद थाने के मियां टोला निवासी अमरू, ओम प्रकाश व दारागंज के शकील के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया था। पुलिस को 16 गोवंश बरामद हुए थे। तस्करों ने कबूला था कि वह मनकापुर गांव से बिहार तस्करी के लिए गोवंश ले जा रहे थे। सहायक शासकीय अधिवक्ता देवेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि कोर्ट में मंगलवार को अंतिम सुनवाई हुई। आरोपी पवन पटेल, अमरू को दोषी करार देते हुए हत्या के प्रयास और गो तस्करी में 5 साल की कैद और 10 हजार रुपये के अर्थदंड लगाया।

# मुख्यमंत्री भ्रष्टाचार में लगाम लगा ही नहीं सकते : श्यामलाल पाल

कार्यालय संवाददाता, चित्रकूट

- समाजवादी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष ने किया व्यंग्य
- लालापुर के पास सपाइयों ने किया स्वागत

**अमृत विचार।** समाजवादी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष श्यामलाल पाल ने कटाक्ष किया कि प्रदेश के मुख्यमंत्री भ्रष्टाचार के खिलाफ लगाम लगा ही नहीं सकते। इससे लोगों में बहुत आक्रोश है।

बुधवार को महोबा में एक कार्यक्रम में शामिल होने के लिए जाते समय लालापुर के पास सपाइयों ने उनका स्वागत किया। इस दौरान सपा प्रदेश अध्यक्ष ने प्रदेश सरकार को कानून व्यवस्था के मुद्दे पर घेरा। कहा कि लोगों में बहुत ज्यादा आक्रोश है। शोषित, दबे कुचले समाज को यह सरकार अधिकार दे नहीं पा रही। संविधान के हिसाब से जो हक लोगों को मिलना चाहिए, नहीं मिल पा रहा। उन्होंने सपा के पीडीए फार्मूले को लेकर कहा कि इससे हर वर्ग सपा से जुड़ रहा है। हाल ही में हुए सपा विधायक अनिल प्रधान और जिलाध्यक्ष शिवशंकर यादव के बीच हुए विवाद को लेकर प्रदेश अध्यक्ष का कहना था कि जहां बड़ा परिवार होता है, वहां इस तरह के झगड़े होते रहते हैं पर इनको मिल बैठकर सुलझा लिया जाता है। फिलहाल किसी तरह का कोई विवाद नहीं है और पूरी जिला इकाई एकजुट है। सब मिलजुलकर 2027 के चुनाव में पार्टी को विजयी बनाएंगे। इस मौके पर जिलाध्यक्ष शिवशंकर यादव, पूर्व जिलाध्यक्ष अनुज सिंह यादव आदि मौजूद थे।


सपा के प्रदेश अध्यक्ष श्यामलाल पाल का स्वागत करते सपाई। अमृत विचार

खेती-किसानी

मिट्टी की सेहत सुधारने के लिए किसानों ने शुरू की तैयारी, कृषि विभाग अनुदान में देगा बीज

# ढैंचा की खाद से फसलों में होगी बंपर पैदावार


राजेश सिंह, हमीरपुर

**अमृत विचार।** मिट्टी की सेहत सुधारने को किसानों ने तैयारी शुरू कर दी है। इसके लिए कृषि विभाग ने ढैंचा की खेती को बढ़ावा देने के लिए अनुदान में बीज देने का फैसला किया है। अधिकारियों का कहना है कि ढैंचा की खेती से तैयार खाद से फसलों की बंपर पैदावार होगी।

बुन्देलखंड में पिछले कुछ दशकों से केमिकल खाद की डिमांड खेतीबाड़ी के लिए बढ़ी है। हर साल खरीफ और रबी के मौसम में खाद के लिए किसानों को बड़ी जद्दोजहद करनी पड़ती है। ग्रामीण इलाकों में खाद के लिए कई किसानों की जान पर बन आई थी। वहीं पिछले साल कुछ किसान को खाद की भीषण किल्लत में अपनी जान भी गंवानी पड़ी थी। उपनिदेशक कृषि हरीशंकर भार्गव ने बताया कि विभाग से ढैंचा की खेती के लिए किसानों को अनुदान में बीज दिए जाते हैं। इस बार पचास किलो बीज की डिमांड शासन से की गई है। बताया कि ढैंचा की फसल से तैयार खाद से फसलों का बंपर उत्पादन भी होता है।

बताया कि राजकीय कृषि विज्ञान केन्द्र के वैज्ञानिकों ने यहां कुरारा क्षेत्र में ढैंचा की फसल से हरी खाद बनाने के लिए किसानों को जागरूक किया है। खेतों में यह खाद कैसे तैयार होगी और इससे होने वाले फायदे के बारे में किसानों को विस्तार से समझाया गया है। बताया कि ढैंचा फसल से मिट्टी में 15 से 20 टन प्रति हेक्टेयर हरी खाद तैयार होती है। जिसमें मृदा को नाइट्रोजन, पोटैशियम, जस्ता, तांबा, मैंगनीज, लोहा सहित अन्य तत्व मिलते है। इसके इस्तेमाल से खेत में कार्बनिक पदार्थ की मात्रा बढ़ती है।

**ढैंचा की खाद से मिट्टी की भी सुधरेगी सेहत:** उपनिदेशक कृषि हरीशंकर भार्गव ने बताया कि पिछले कई दशकों से किसान खेतीबाड़ी में केमिकल खाद का इस्तेमाल कर रहा है जिससे कृषि भूमि की उर्वरा क्षमता भी खत्म होती जा रही है।


ढैचा की फसल तैयार। अमृत विचार

### फसलों को पोषकतत्वों की मिलेगी बड़ी खुराक

उपनिदेशक कृषि हरीशंकर भार्गव ने बताया कि कृषि भूमि को उपजाऊ बनाने के लिए ढेंचा एक उत्तम विकल्प है और इसके खेतीबाड़ी में इस्तेमाल से फसलों का ज्यादा और अच्छा उत्पादन होता है। बताया कि केमिकल खाद के लगातार इस्तेमाल से खेत की मिट्टी की सेहत बिगड़ गई है। जिसका सीधा असर पर्यावरण पर भी पड़ रहा है। इसलिए किसानों को अब ढेंचा की हरी खाद करना चाहिए। उन्होंने बताया कि ढेंटा की हरी खाद 16 पोषक तत्वों की पूर्ति होगी साथ ही फसलों का उत्पादन भी अच्छा होगा।

# स्ट्रीट लाइट खोलने व बंद करने में पथराव

संवाददाता, फतेहपुर

- दोनों पक्षों से 15 लोगों के खिलाफ पुलिस ने दर्ज की एफआईआर

**अमृत विचार।** मलवां थाना क्षेत्र के धरमपुर मजरे के तारापुर असवार में सोमवार देर शाम दो पक्षों में लाठियां चल गईं। दोनों ओर से पथराव भी किया गया। इसमें दोनों पक्षों से पांच लोग चोटिल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया है। मंगलवार को दोनों पक्षों से 15 लोगों के खिलाफ मुकदमा लिखा गया है। पुलिस जांच में जुट गई।

धरमपुर निवासी निरंजन पुत्र श्याम चरण और दूसरे पक्ष से रघुनाथ पुत्र सोहन के सहन के पास बिजली के पोल में स्ट्रीट लाइट को खोलने और बंद करने के विवाद में लाठी-डंडे चल गए। महिलाओं ने एक-दूसरे पर ईंट-पत्थर भी फेंके। इसमें एक पक्ष से अभिषेक, पवन, शिवचरण पुत्र निरंजन और कमला पत्नी निरंजन लहूलुहान हो गए। दूसरे पक्ष से अंकित पुत्र रघुनाथ को भी गंभीर चोटें आईं। सूचना पर पहुंची पुलिस ने सभी घायलों को एंबुलेंस से जिला अस्पताल भेजा। सहिली चौकी इंचार्ज योगेश यादव ने बताया कि मारपीट में पांच लोगों को गंभीर चोट लगी है। सभी को एंबुलेंस के जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। एक पक्ष से छह और दूसरे पक्ष से नौ लोगों के खिलाफ मारपीट का मुकदमा दर्ज किया गया है।

## सार-संक्षेप

### बस में युवती से छेड़छाड़ में कंडक्टर को भेजा जेल

**सौरिख।** आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस वे पर नोएडा से लखनऊ जाते समय स्लीपर बस में सो रही युवती से छेड़छाड़ व दुष्कर्म के प्रयास में पुलिस ने आरोपी कंडक्टर को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया। लखनऊ निवासी 22 वर्षीय युवती नोएडा में प्राइवेट नौकरी करती है। वह सोमवार रात स्लीपर बस से लखनऊ जा रही थी। उसी समय गोंडा जनपद के देहात कोतवाली क्षेत्र के कंधरा तेजी पंडरी निवासी बस कंडक्टर रिजवान अली ने सो रही युवती से छेड़छाड़ करते हुए दुष्कर्म का प्रयास किया था। घटना की सूचना युवती ने यूपी 112 पुलिस को दी थी। सूचना पर पहुंची पुलिस युवती व आरोपी परिचालक को थाने लाई। जहां पीड़िता ने कंडक्टर के खिलाफ तहरीर देते हुए रिपोर्ट दर्ज कराई थी। मामले में एसपी अमित कुमार आनन्द ने जानकारी देते हुए बताया कि एक अक्टूबर को सुबह 4 बजे डायल-112 पर सूचना प्राप्त हुई कि आगरा-लखनऊ एक्सप्रेसवे पर दिल्ली से लखनऊ जा रही बस मन कंडक्टर ने एक युवती से छेड़छाड़ की। पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए बस कंडक्टर को गिरफ्तार कर लिया।

### मां ने रुपये नहीं दिए तो बेटे ने खाया जहरीला पदार्थ, मौत

**फर्रुखाबाद।** थाना शमशाबाद क्षेत्र के गांव फरीदपुर सैदवाड़ा निवासी स्वर्गीय होतेराम का 18 वर्षीय पुत्र शिवम ने अपनी मां उमा देवी से किसी काम के लिए रुपए मांगे। मां उमा देवी ने कहा कि मेरे पास रुपए नहीं है। तभी युवक शिवम ने बुधवार दोपहर लगभग 2 बजे गांव के बाहर खेत में जाकर जहरीला पदार्थ खा लिया और वहीं गिर गया। तभी गांव वालों ने शिवम को गांव के किनारे खेत में पड़ा देखकर शिवम के चचेरे भाई अर्पित को फोन पर सूचना दी। तभी आनन फानन में अर्पित वहां पर पहुंच बेहोशी हालत में शिवम को पड़ा देखकर निजी वाहन से जिला अस्पताल लोहिया की इमरजेंसी में भर्ती कराया। ड्यूटी पर तैनात डॉक्टर अभिषेक चतुर्वेदी ने युवक शिवम को मृत घोषित कर शव मोर्चरी में रखवा कर पोस्टमार्टम के लिए पुलिस सूचना भेज दी है। वही मां उमा देवी व अन्य परिजनो का रो-रोकर बुरा हाल है।

# प्रयागराज में बनाया जाएगा 'डिजिटल कुंभ म्यूजियम'

## डिजिटल कुंभ म्यूजियम के लिए 21.38 करोड़ रुपए स्वीकृत

राज्य ब्यूरो,लखनऊ

**अमृत विचार।** प्रयागराज में महाकुंभ 2025 का आनन्द लोग डिजिटल माध्यमों से भी ले सकेंगे। पर्यटन विभाग "डिजिटल कुंभ म्यूजियम" बनाएगा, जहां डिजिटल माध्यमों से समुद्र मंथन देखने को मिलेगा। साथ ही अन्य धार्मिक-आध्यात्मिक स्थलों के बारे में भी जानकारी दी जाएगी।

यह जानकारी देते हुए बुधवार को पर्यटन मंत्री जयवीर ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी के विजनरूप प्रयागराज में शिवालय पार्क के पास, अरैल रोड नैनी में डिजिटल कुंभ म्यूजियम बनेगा।

इसके लिए स्वीकृत 21.38 करोड़ रुपए में छह करोड़ रुपए जारी किए जा चुके हैं। संग्रहालय का आकार 10 हजार वर्ग मीटर होगा, जिसमें एक साथ दो हजार से ढ़ाई हजार लोग भ्रमण कर सकेंगे।

उन्होंने यह भी बताया कि डिजिटल म्यूजियम में समुद्र मंथन की 14 रत्नों वाली गैलरी बनाई जाएगी। डिजिटल स्क्रीन समेत अन्य माध्यमों से प्रयागराज महाकुंभ-कुंभ, हरिद्वार,नासिक, उज्जैन कुंभ आदि के बारे में विस्तार से बताया जाएगा। इसके अलावा, लैंडस्केपिंग विकसित की जाएगी। टिकट काउंटर भी बनाया जाएगा। यह म्यूजियम अपने आप में अनोखा गोगा।

- संग्रहालय में एक साथ दो से ढाई हजार लोग कर सकेंगे भ्रमण

### उप्र बनेगा देश का पहला 'गरीबी मुक्त' प्रदेश

**लखनऊ।** राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उत्तर प्रदेश को अगले एक वर्ष में गरीबी मुक्त बनाने का नया संकल्प लिया है। यह देश का पहला ऐसा प्रदेश होगा जो गरीबी मुक्त होगा। प्रत्येक ग्राम पंचायत में सबसे निर्धनतम परिवारों को चिह्नित कर उन्हें गरीबी से बाहर निकाला जाएगा। हर ग्राम पंचायत में 10 से 25 निर्धनतम परिवार चिह्नित किए जाएंगे। फिर उन्हें मुख्य धारा में लाने के लिए मिशन मोड पर इस महाभियान को चलाया जाएगा। सभी निर्धन परिवारों को भोजन व वस्त्र की उपलब्धता के साथ-साथ मकान की सुविधा, अच्छी शिक्षा व चिकित्सा दिलाई जाएगी। उन्हें सुनिश्चित आय से जोड़ने का भी प्रबंध किया जाएगा।

## पूर्व डीजीपी की सलाह का अमिताभ ठाकुर ने समर्थन

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश पुलिस की कार्यशैली को जहां एक ओर विपक्ष कटघरे में खड़ा कर रहा है वहीं, पूर्व आईपीएस भी सवाल खड़े कर रहे हैं। इस कड़ी में पूर्व डीजीपी सुलखान सिंह की एक टिप्पणी का पूर्व आईपीएस अमिताभ ठाकुर ने समर्थन किया है। बुधवार को आजाद अधिकार सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने वीडियो जारी करते हुए कहा कि बीते कुछ सालों में उप्र. पुलिस की अपराधियों से हुई मुठभेड़ को लेकर गंभीर शिकायतें प्राप्त हो रही हैं। इनमें तमाम एनकाउंटर के संदर्भ में उन्होंने स्वयं सवाल उठाए हैं। अमिताभ ठाकुर ने पूर्व डीजीपी सुलखान सिंह की टिप्पणी का संज्ञान लेते पुलिस से अनुरोध किया कि वे सिर्फ नियमसंगत और नियमानुसार कार्रवाई करे। किसी भी स्थिति में किसी भी प्रकार के फर्जी एनकाउंटर के बहकावे में न आएं, क्योंकि कालांतर में अंतिम ठीकरा मात्र उन पर ही फूटता है।

# मां ने ही 8 माह की बच्ची को उतारा था मौत के घाट

- पुत्री के जन्म पर पति ने दिया था ताना गुस्से में उठाया खौफनाक कदम
- मां के खिलाफ हत्या का केस दर्ज, आरोपित को हिरासत में लेकर पूछताछ में जुटी पुलिस

परसपुर, गोंडा

**अमृत विचार :** परसपुर थाना क्षेत्र के अभईपुर गांव के मजरा मेहरबानपुरवा में सेफ्टी टैंक में मिली बच्ची शगुन की मौत के मामले में चौंकाने वाली जानकारी सामने आई है। पुलिस की मानें तो मृतका की मां ने ही अपनी 8 माह की अबोध बेटी को सेफ्टी टैंक में डाल कर उसे मौत के घाट उतार दिया था और घर वालों को बच्ची को जंगली जानवर के उठा ले जाने की कहानी सुनाई थी। आरोपित मां ने अपना जुर्म कबूल भी कर लिया है। हालांकि वह इस घटना को गुस्से में उठाया गया कदम बता रही है।

आरोपित का कहना है कि बेटी के जन्म पर सभी उसे ताना देते थे। घटना वाली रात उसके पति ने भी फोन पर उसके साथ लड़ाई की थी और बेटी पैदा होने पर ताना मारा था। इसके बाद उसने यह खौफनाक कदम उठाते हुए अपनी बेटी को सेफ्टी टैंक में फेंक दिया था। फिलहाल पुलिस ने आरोपित मां के खिलाफ हत्या का केस दर्ज कर लिया है और उसे हिरासत में लेकर पूछताछ में जुटी है।

परसपुर थाना क्षेत्र के अभईपुर गांव के मजरे मेहरबानपुरवा में बीते शनिवार को सीताराम गौतम की 8 महीने की पोती शगुन रहस्यमय तरीके से बिस्तर से लापता हो गयी थी। मासूम के लापता होने से गांव में हड़कंप मच गया था। परिवार और गांव के लोगों की शंका थी कि किसी जंगली जानवर ने मासूम को अपना निवाला बना लिया है। पुलिस व वन विभाग की टीमें बच्ची की तलाश में जुटी थीं, लेकिन लापता बच्ची का सुराग नहीं लग रहा था। सोमवार को पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल की पड़ताल के बाद शगुन का शव उसके घर को पीछे बने सेफ्टी टैंक से बरामद हुआ था। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में पानी में डूबने से बच्ची की मौत की पुष्टि हुई थी। इसके बाद से ही पुलिस इस गुत्थी को सुलझाने में जुटी थी। थानाध्यक्ष दिनेश सिंह ने बताया कि बुधवार को मृतका की मां जगमती को हिरासत में लेकर कड़ाई से पूछताछ की तो उसने अपनी बेटी की हत्या का जुर्म कुबूल कर लिया। जगमती ने पुलिस को बताया कि उसकी बेटी के जन्म पर घर वाले उसे ताना मारते थे। जिससे आए दिन क्लेश होता था। घटना वाली रात उसकी अपने पति माताफेर से फोन पर झगड़ा हुआ था। माताफेर ने भी उसे बेटी को लेकर ताना मारा था। पति की बात से आक्रोशित जगमती आपा खो बैठी और उसने अपनी मासूम बेटी को जिंदा ही सेफ्टी टैंक में फेंक दिया। कुछ देर बाद उसने घर वालों को बताया कि शगुन बिस्तर गायब हो गयी है। आशंका जतायी कि शगुन को कोई जंगली जानवर उठा ले गया है। थानाध्यक्ष दिनेश सिंह ने बताया कि आरोपित के ससुर सीताराम गौतम की तहरीर पर जगमती के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज किया गया है। आरोपित मां जगमती को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है।

### गुब्बारा का टुकड़ा बच्ची के गले में फंसा, दम घुटने से मौत

**प्रयागराज :** प्रयागराज के नवाबगंज इलाके के लालगोपालगंज में गुब्बारा फटने से एक बच्ची की जान चली गई। बच्ची अपने ननिहाल में मां के साथ रहती थी। मौत से उसके ननिहाल में कोहराम मच गया। गांव में भी शोक की लहर फैल गई। गंगापार के उतरांव थाना क्षेत्र के फतूहां गांव निवासी नाज बानो पत्नी इमरान अहमद इन दिनों लालगोपालगंज स्थित मायके में रह रही है। बुधवार को उसकी तीन साल की बेटी सायरा गुब्बारे से खेल रही थी। वह गुब्बारे पकड़ती, पैर से लात मार रही थी। उसी दौरान अचानक गुब्बारा फट गया। गुब्बारे के रबर का एक टुकड़ा उसकी सांस की नली में जाकर चिपक गई। इससे उसको सांस लेने में दिक्कत होने लगी। इसके बाद ननिहाल के लोग उसे लेकर अस्पताल भागे, लेकिन उसने दम तोड़ दिया। मौत की खबर से उसके घर में कोहराम मच गया। गांव में भी मातम छा गया।

# हापुड़ के बिजली अधीक्षण अभियंता समेत 6 निलंबित

- संविदा कर्मी की सेवा समाप्त, प्राथमिकी दर्ज
- मुख्य अभियंता बुलंदशहर क्षेत्र को कारण बताओ नोटिस

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार।** निविदाओं का समय से निस्तारण न करने, भ्रष्टाचार की शिकायत होने व कार्य में शिथिलता पाए जाने पर बिजली अधीक्षण अभियंता हापुड़ अविनाश कुमार व दो उपखंड अधिकारी भूपेंद्र कुमार व देवेंद्र कुमार समेत छह कर्मियों को निलंबित कर दिया गया गया। संविदा कर्मी हिमांशु कुमार की सेवा समाप्त करते हुए कर्मी के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई गई है। दो कर्मचारी स्थानांतरित किए गए हैं, जबकि मुख्य अभियंता बुलंदशहर क्षेत्र को कारण बताओ नोटिस दिया गया है। पश्चिमांचल विद्युत वितरण निगम की प्रबंध निदेशक ईशा दुहन ने यह कार्रवाई की।

हापुड़ क्षेत्र में अधिशासी अभियंता वितरण खंड-द्वितीय पिलखुआ मनीष यादव के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई शुरू की गई है। वर्तमान उपखंड अधिकारी अरविंद कुशवाहा व अवर अभियंता हृदय शंकर प्रजापति को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। अवैध लाइन के निर्माण के मामले में निलंबित कर्मियों में उप खंड अधिकारी के अलावा अवर अभियंता आनंद कुमार, लेखराज सिंह व आशुलिपिक संजीव आनंद शामिल हैं। लेखाकार राजीव कुमार को स्थानांतरित कर मुरादाबाद क्षेत्र से सम्बद्ध किया गया है। इसी तरह, कार्यकारी अधिकारी यतेंद्र कुमार शर्मा को स्थानांतरित कर सहारनपुर क्षेत्र से सम्बद्ध किया गया है।

# युवक पर बाघ ने किया हमला, भर्ती

संवाददाता, महंगापुर/पलिया कलां (लखीमपुर खीरी)

**अमृत विचार:** संपूर्णानगर रेंज के एक गांव में घास काट रहे युवक पर बाघ ने हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। आनन फानन उसे सीएचसी ले जाया गया, जहां से प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। सूचना पाकर मौके पर पहुंची वन विभाग की टीम पेट्रोलिंग कर लोगों को सतर्क कर रही है।

संपूर्णानगर वन रेंज क्षेत्र व खीरी सीमा से लगे ग्राम नहरोसा, पीलीभीत निवासी 45 वर्षीय इसरार शाह गांव के ही किसान कासिम अली के गन्ने के खेत में घास काटने गया था। तभी गन्ने में मौजूद बाघ ने पीछे से हमला कर दिया। शोर सुनकर दौड़े अन्य किसानों ने हो हल्ला किया, जिससे बाघ ने उसे छोड़ दिया। सूचना पर क्षेत्रीय वन कर्मी मौके पर पहुंचे। उधर, घायल मजदूर इसरार को ग्रामीणों की मदद से पलिया सीएचसी लाया गया। जहां पर चिकित्सकों ने उसकी हालत गंभीर देखते हुए इमरजेंसी उपचार कर जिला अस्पताल रेफर कर दिया। ग्रामीणों ने बताया इस घटना के बाद जब अनेक ग्रामीण बाघ का पीछा करते हुए गन्ने के खेत में पहुंचे तो वहां पास के एक गन्ने के खेत में गाय का अधखाया शव भी पाया गया। जिसे देखकर ग्रामीण भयभीत हो गए।



बाघ के हमले के बाद वन कर्मियों के साथ मौके पर जाते ग्रामीण। अमृत विचार

> नहरोसा के युवक पर हमले की सूचना पर मौका मुआयना किया है, जिसमें बाघ के पग चिन्ह पाए गए हैं। इसके लिए हमारी टीम पेट्रोलिंग कर ग्रामीणों को सतर्क कर रही है।
>
> –अनिल कुमार, वन क्षेत्राधिकारी– संपूर्णानगर

## बस अड्डे पर लगी टीवी स्क्रीन पर दिखेगी बस की लाइव लोकेशन

**लखनऊ।** बस अड्डे पर लगी टीवी स्क्रीन पर अब बसों की लाइव लोकेशन दिखाई पड़ेगी। यात्रियों को आवागमन के संबंध में पूरी जानकारी सहज ही मिल जाएगी। आलमबाग और अवध बस अड्डे पर लगी टीवी स्क्रीन पर अब बसों की लाइव लोकेशन नजर आएगी। इसकी शुरुआत गुरुवार से होगी। निगरानी के लिए मुख्यालय और क्षेत्रीय प्रबंधक कार्यालय पर कमांड सेंटर बनाए गए हैं। बस अड्डे पर लगी स्क्रीन पर बसों की लोकेशन भेजी जाएगी। अधिकारियों ने बताया कि बसों की लाइव लोकेशन के लिए प्रदेश के 100 बस स्टेशनों पर स्क्रीन लगाई गई हैं। क्षेत्रीय प्रबंधक आरके त्रिपाठी ने बताया कि लखनऊ में आलमबाग बस टर्मिनल और अवध बस स्टेशन पर इसकी सहूलियत मिलेगी।

## सार-संक्षेप

### नाम के लोकपाल, जांच के लिए नहीं दे रहे रिकार्ड

**लखनऊ :** जनपद पर मनरेगा में भ्रष्टाचार की जांच व श्रमिकों की शिकायतों का समाधान करने के लिए लोकपाल की तैनाती तो कर दी गई लेकिन, वह अपने स्वतंत्र अधिकार का इस्तेमाल नहीं कर पा रहे हैं। भ्रष्टाचार की जो शिकायतें मिली उनकी जांच के लिए बीडीओ अभिलेख नहीं दे रहे हैं। इससे केंद्र सरकार की मंशा अधूरी है।इस वर्ष जून में मनरेगा लोकपाल के पद पर आरआर जैसवार की नियुक्त की गई है। जिन्हें विकास भवन में कड़ी मशक्कत और उच्च स्तर पर पत्राचार करने पर कार्यालय आवंटित हुआ। लेकिन, संसाधन निजी खर्च से जुटाए हैं। तैनाती से सिर्फ एक वर्ष का वेतन मिला है। जबकि कार्यों की बात करें तो माल, मलिहाबाद, बीकेटी में भ्रमण, जनसुनवाई व मोबाइल पर आईं भ्रष्टाचार की शिकायतों की जांच नहीं कर पाए हैं। जांच के लिए संबंधित बीडीओ द्वारा अभिलेख नहीं दिए गए। जबकि केंद्र ने लोकपाल को स्वतंत्र अधिकार दिए हैं। इसके बाद भी वह अधिकारियों से पत्राचार करना पड़ रहा है। इस मामले पर सीडीओ अजय जैन से बात करने का प्रयास किया तो फोन नहीं उठा।

### ट्रेनिंग से लौट रहे बाइक सवार दरोगा की चीनी मांझे से कटी गर्दन

**लखनऊ/आलमबाग।** वीआईपी रोड पर बुधवार दोपहर ट्रेनिंग कर लौट रहे उपनिरीक्षक के गले में चीनी मांझा फंस गया। जब तक वह बाइक रोकते, मांझे की धार से गर्दन कट गई। पीछे से आ रहे होमगार्ड ने आनन फानन में घायल उपनिरीक्षक को लोकबंधु अस्पताल पहुंचाया। परिवार को सूचना दी। चार टांके लगाने के बाद डॉक्टरों ने घायल को छुट्टी दे दी। इंस्पेक्टर पीके सिंह ने बताया की एडीजी जोन लखनऊ कार्यालय में तैनात 54 वर्षीय उपनिरीक्षक आसिफ अली कृष्णानगर कोतवाली परिसर में टाइप टू आवास में परिवार संग रहते हैं। वर्तमान में उनकी बाराबंकी में ट्रेनिंग चल रही है। बुधवार दोपहर करीब 3 :00 बजे ट्रेनिंग से अपनी मोटरसाइकिल से घर लौट रहे थे। जैसे ही वे वीआईपी रोड स्थित पकरी पुल के पास पहुंचे, तभी मांझा उनकी गर्दन को रेतता हुआ निकल गया। किसी तरह खुद को संभालते हुए बाइक रोकी। गर्दन कटने से खून की धार बहने लगी।

# विपक्षी दल जातिवाद, वैमन्यस्ता फैला रहे

- भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के वार्षिक सम्मेलन में बोले राष्ट्रीय अध्यक्ष रविकांत गर्ग
- अपराधियों पर हो रही पुलिस कार्रवाई पर सवाल उठाने वाले दलों पर साधा निशाना

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं व्यापारी कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष रविकांत गर्ग ने कहा कि प्रदेश स्तर पर तीन करोड़ व्यापारी का प्रतिनिधित्व हमारा संगठन करता है। व्यापारी को सम्मान दिलाने के लिए हर लड़ाई लड़ने को तैयार हैं। व्यापारियों के साथ घटना करने वालों पर हो रही पुलिस की कार्रवाई को लेकर विपक्षी दल जातिवाद और वैमन्यस्ता फैला रहे हैं, जो निंदनीय है।

वह मंगलवार देर रात संगठन की सीबीगंज इकाई की ओर से मिनी बाईपास स्थित एक बैंक्वेट हॉल में आयोजित वार्षिक सम्मेलन में बतौर मुख्य अतिथि बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि व्यापारियों की सुरक्षा को लेकर वह मुख्यमंत्री से मिल चुके हैं। अपराधियों का संरक्षण किसी भी कीमत पर बर्दाश्त न करने का संकल्प लिया गया है। कोई भी राजनीतिक दबाव और अधिकारी व्यापारियों का शोषण नहीं कर पाएंगे।

विशिष्ट अतिथि मुख्य संरक्षक एवं कैंट विधायक संजीव अग्रवाल ने कहा कि बरेली स्तर पर हर एक व्यापारी को सम्मान दिलाने का काम करता रहा हूं और आगे भी करता रहूंगा। बोले कि जिले में अगर किसी व्यापारी को कोई समस्या हो तो 24 घंटे बिना संकोच मिलकर अपनी समस्या बता सकता है। उसकी समस्या का हर संभव समाधान कराया जाएगा। जिला पंचायत अध्यक्ष रश्मि पटेल ने कहा कि इसी प्रकार से व्यापारी एकजुट हों। देश को और राष्ट्र को ताकत प्रदान करते रहें।

महानगर अध्यक्ष अनिल अग्रवाल ने जीएसटी विभाग की ओर से व्यापारियों के खाते सीज करने की कार्रवाई का मामला उठाया। कहा कि खाते सीज करके उच्चाधिकारियों की ओर से जिस तरह से व्यापारियों को दबाव में लेने का काम किया जा रहा है, इसके विरोध में लखनऊ में संगठन की अगुवाई में व्यापारी जीएसटी कमिश्नर नितिन बंसल से मुलाकात कर समस्या रखेंगे। वार्षिक सम्मेलन का मुख्य उद्देश्य है कि व्यापारी एकजुट हों। जिलाध्यक्ष विकास अग्रवाल ने कहा कि यह सम्मेलन एकता का परिचय देता है। बड़ा सम्मेलन इसी वर्ष किया जाएगा। मंडलीय स्तर पर भी सम्मेलन होंगे। इस दौरान सीबीगंज के 20 व्यापारियों को सम्मानित किया गया।

जिला संयुक्त महामंत्री अनुज गुप्ता, शंकर लाल गंगवार, धीरेंद्र गंगवार, उपाध्यक्ष कुमार गौरव शर्मा, राजीव अग्रवाल बॉबी, संयुक्त महामंत्री विक्की बग्गा, संजू, पारस अग्रवाल, जिला युवा अध्यक्ष ऋषभ अग्रवाल, महानगर युवा अध्यक्ष मनजीत सिंह आदि रहे।

# पेड़ पर चढ़ी नगर निगम की गाड़ी, हवा में लटकी



इस तरह पेड़ पर चढ़ी नगर निगम की गाड़ी। अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** महानगर में बाइक सवार को बचाने के चक्कर में नगर निगम की तेज रफ़्तार गाड़ी अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पेड़ पर ही चढ़ गई और काफी देर तक हवा में ही लटकी रही। चालक और अन्य कर्मचारियों ने गाड़ी को पेड़ से उतरने के लिए निगम की जेसीबी बुलानी पड़ी, जिसने हवा में लटकी हुई नगर निगम के प्रवर्तन दल लिखी मैजिक गाड़ी को पेड़ से नीचे उतारा।

दरअसल घटना बुधवार सुबह की बताई जा रही है। जब कटघर क्षेत्र स्थित रामगंगा पुल के नजदीक अटल घाट रोड से निकल रही नगर निगम की प्रवर्तन दल लिखी मैजिक गाड़ी बाइक को बचाने के चक्कर में अनियंत्रित होकर सड़क किनारे एक पेड़ पर चढ़ गई। गाड़ी का पिछला पहिया जमीन पर टिका था जबकि तीन हवा में लटक गये। इसे देखने के लिए आसपास के लोग मौके पर पहुंचे। ड्राइवर की सूझबूझ से किसी भी प्रकार की कोई जनहानि नहीं हुई है। नगर निगम प्रवर्तन दल के प्रभारी एसके शाही ने बताया कि गाड़ी का इस्तेमाल सफाई कर्मचारी कर रहे हैं। यह वाहन गुलाबबाड़ी स्टोर के अन्तर्गत संचालित हो रही है। घटना कैसे हुई इसकी जानकारी नहीं है। स्टोर के सुपरवाइजर महेंद्र सिंह पप्पे ने बताया कि वाहन चालक रईस आलम गाड़ी लेकर जा रहा था।

### बोर्ड बैठक आज, 3,108 बसों की खरीद पर लगेगी मुहर

**लखनऊ।** उप्र राज्य सड़क परिवहन निगम की बोर्ड बैठक गुरुवार को मुख्यालय में अपराह्न होगी। इसमें 3,108 नई बसों के खरीद पर मुहर लगेगी। विभिन्न मॉडलों में 1,000 करोड़ से खरीदी जाने वाली नई बसों का एजेंडा बोर्ड के सामने रखा जाएगा। इस पर मंजूरी मिलने के बाद बस खरीद प्रक्रिया तेजी से आगे बढ़ेगी। 120 और नई इलेक्ट्रिक बसों खरीदने के प्रस्ताव पर विचार होगा। इसी के साथ ही रोडवेज बसों से होने वाले हादसों के रोकथाम को लेकर भी तकनीकी चर्चा होगी। परिवहन निगम के प्रवक्ता अजीत सिंह ने बताया कि मुख्यालय के हर अनुभागों से एजेंडा एकत्र कर लिया गया हैं। निदेशक मंडल में अध्यक्ष प्रमुख सचिव परिवहन के अलावा सभी सदस्य मौजूद रहेंगे। बैठक में आय-व्यय का ब्यौरा रखा जाएगा।


## कार्यालय ग्राम पंचायत इन्दलपुर शिवराजपुर विकास खण्ड चौबेपुर, कानपुर नगर

पत्रांक मेमो/पंचम/पन्द्रहवांवित्त/मनरेगा योजनान्तर्गत/सचिव /2024–25/ दिनांक– 01/10/2024

**अल्पकालीन निविदा आमन्त्रण सूचना**

कार्यालय ग्राम पंचायत इन्दलपुर शिवराजपुर विकास खण्ड चौबेपुर कानपुर नगर में केन्द्रीय वित्त आयोग /पंचम वित्त/मनरेगा/एस0बी0एम0 वित्तीय वर्ष 2024–25 में ग्राम पंचायत द्वारा निम्नलिखित निर्माण कार्य संचादित किए जाने हेतु आईटम रेट/निर्माण सामग्री आपूर्ति किए जाने के लिए मोहर बन्द निविदा दिनांक 03.10.2024 से 07.10.2024 तक 01 बजे तक आमंत्रित की जाती है। प्राप्त निविदाएँ दिनांक 08.10.2024 को 3 बजे ग्राम पंचायत में गठित समिति द्वारा निविदा दाताओ के समक्ष खोली जाएगी। निविदा के सबंध में विस्तृत जानकारी व निविदा नगद 100 शुल्क जमा कर अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय से किसी भी कार्य दिवस में प्रातः 10 बजे से शाम 4 बजे तक प्राप्त की जा सकती है। बिना कारण बताये किसी भी निविदा को निरस्त करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी को होगा।

**कार्यों का विवरण निम्नवत् है:–**

| क्र0सं0 | कार्य व कार्य स्थल का नाम | अनुमानित लागत | कार्य पूर्ण होने की अवधि |
|---|---|---|---|
| 1 | आगनबाडी केन्द्र का निर्माण कार्य | प्राक्कलन के अनुसार | 1 माह |
| 2 | आर0आर0सी0 केन्द्र का निर्माण | प्राक्कलन के अनुसार | 1 माह |
| 3 | राम शंकर के घर से नन्दराम के घर तक सी0सी0रोड निर्माण | प्राक्कलन के अनुसार | 1 माह |
| 4 | रोड से सुनील शुक्ला के घर तक नाली मरम्मत | प्राक्कलन के अनुसार | 1 माह |
| 5 | रोड से छेदीलाल के खेत तक सी0सी0रोड निर्माण | प्राक्कलन के अनुसार | 1 माह |
| 6 | नीरज के घर से प्रकाश के घर तक नाली मरम्मत | प्राक्कलन के अनुसार | 1 माह |
| 7 | इण्टरलाकिंग रोड से नन्दराम के खेत तक सी0सी0रोड निर्माण | प्राक्कलन के अनुसार | 1 माह |
| 8 | डामर रोड से मुल्लू के घर तक सी0सी0रोड निर्माण | प्राक्कलन के अनुसार | 1 माह |

**अन्य शर्तेः–**

1. सशर्त निविदा स्वीकार नही की जाएगी।
2. निविदा डालने से पूर्व ठेकेदार/आपूर्ति करने वाली फर्म कार्यस्थल का निरीक्षण कर ले।
3. किसी भी परियोजना पर शासन स्तर पर रोक या विवाद में स्वीकृत कार्य का भुगतान न होगा। समस्त अधिकार अधोहस्ताक्षरी के पास निहित होगे। धनराशि की उपलब्धता के आधार पर भुगतान किया जायेगा

**अनीता शुक्ला**
प्रधान
ग्राम पंचायत–इन्दलपुर शिवराजपुर
विकास खण्ड–चौबेपुर कानपुर नगर

**अरन्दि पाल**
ग्राम विकास अधिकारी
ग्राम पंचायत– इन्दलपुर शिवराजपुर
विकास खण्ड–चौबेपुर कानपुर नगर


**अराधना** | राम मंदिर सहित 5000 मंदिरों के गर्भगृह में स्थापित होंगे कलश

# नवरात्र में उपवास पर रहेंगे रामलला, फलाहार लेंगे

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** शारदीय नवरात्र महापर्व पर राममंदिर में रामलला नौ दिन उपवास रखेंगे। इस दौरान उन्हें फलहार व्यंजनों का भोग लगाया जाएगा। मुख्य पुजारी आचार्य सत्येंद्र दास ने बताया कि रामलला के गर्भग्रह में भी मंत्रोच्चार के साथ कलश स्थापित किया जाएगा। वहीं विभिन्न शक्तिपीठों के साथ राम मंदिर सहित 5000 मंदिरों के गर्भगृह में कलश स्थापना कर नौ दिवसीय अनुष्ठान प्रारंभ होगा। सभी मठ-मंदिरों में प्रतिदिन दुर्गा सप्तशती का पाठ और धार्मिक अनुष्ठान संपन्न कराया जाएगा।



नवरात्र पर मुख्य रूप से शक्तिपीठ छोटी देवकाली, बड़ी देवकली और जालपा मंदिर सहित अन्य देवी मंदिरों मे आस्था का मेला लगेगा। ब्रह्म मुहूर्त से सभी मंदिरों के कपाट खोल दिए जाएंगे और सुबह से ही मां का दर्शन करने के लिए भक्त पहुंचेंगे। इसको लेकर मंदिरों में व्यापक इंतजाम किए गए हैं।

छोटी देवकाली मंदिर के पुजारी अजय द्विवेदी ने बताया कि नवरात्र को लेकर मंदिरों में विशेष व्यवस्था की गई है।

## शिवलिंग की स्थापना को एमपी से पहुंचीं चार शिलाएं

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** राम मंदिर के परकोटे में बनने वाले छह मंदिरों में से एक मंदिर में भोलेनाथ की आराधना की जाएगी। जिसके लिए इस मंदिर में लगभग साढ़े तीन फीट ऊंचे शिवलिंग की स्थापना होगी। मध्य प्रदेश के नर्मदा नदी के तट से चार शिवलिंग की शिलाएं अयोध्या पहुंची हैं। जिसमें एक शिला का चयन करने के लिए श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय, मंदिर निर्माण समिति के अध्यक्ष नृपेंद्र मिश्र समेत अन्य ट्रस्टियों ने कारसेवकपुरम में रखी गई शिलाओं का निरिक्षण किया।

रामलला के प्राण प्रतिष्ठा के बाद मंदिर के प्रथम तल पर राम दरबार और परकोटे के मंदिरों में स्थापित होने वाले देवी-देवताओं की मूर्तियों को स्थापित करने की तैयारी पर मंथन शुरू कर दिया गया है। मंदिर निर्माण समिति के तीन दिवसीय बैठक के एक दिन पहले बुधवार को मंदिर परिसर में चल रहे निर्माण कार्य का निरीक्षण किया गया। इस दौरान मंदिर के कार्यों को और तेज करने के लिए मैनपावर बढ़ाने का निर्देश दिया गया है। मंदिर निर्माण समिति के अध्यक्ष नृपेंद्र मिश्र की अध्यक्षता में हुई बैठक के दौरान समीक्षा करते हुए एलएन्डटी के अधिकारियों ने निर्माण की विस्तृत जानकारी प्रोजेक्टर के माध्यम से दी। बैठक में मौजूद रहे तीर्थ क्षेत्र के सहयोगी गोपाल जी राव ने बताया कि पहले दिन राम मंदिर, परकोटा और सप्त मंडपम के निर्माण को देखा गया है। यात्री सुविधा केंद्र के प्रथम तल के ऊपर चल रहे कार्यों की भी जानकारी ली गई। उन्होंने बताया कि अक्टूबर माह में ही यात्री सुविधा केंद्र का कार्य पूर्ण कर लिया जाएगा।

## एक नजर

### आयोगों के अध्यक्ष आज ग्रहण करेंगे कार्यभार

**अमृत विचार, लखनऊ :** गोसेवा आयोग के नवनियुक्त अध्यक्ष श्याम बिहारी गुप्ता के साथ ही एससीएसटी आयोग के अध्यक्ष बैजनाथ रावत, उपाध्यक्ष बेचन राम व जीत सिंह खरवार समेत बाकी सदस्य तीन अक्टूबर को कार्यभार ग्रहण करेंगे। गोमतीनगर स्थित भागीदारी भवन में इसके लिए कार्यक्रम आयोजित किया गया है। समाज कल्याण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) असीम अरुण मुख्य अतिथि होंगे। मालूम हो कि करीब ढाई साल से दोनों आयोगों में खाली अध्यक्ष, उपाध्यक्ष व सदस्य के पदों पर शासन ने पिछले दिनों नियुक्ति की है।

### इस माह घोषित हो सकते हैं विधानसभा उप चुनाव

**अमृत विचार, लखनऊ :** प्रदेश में खाली चल रही 10 सीटों पर विधानसभा उप चुनाव की घोषणा इस माह होने की संभावना है। मुख्य निर्वाचन अधिकारी की ओर से जिला निर्वाचन अधिकारियों को तीन अक्टूबर से पहले मतदाता सूची दुरुस्त करने के निर्देश दिए गए हैं। निर्देश के तहत अधिकतम 1500 मतदाताओं के आधार पर नए मतदान बूथों को बनाने की तैयारी चल रही है।

### महिला सम्मान योजना के लिए 30 लाख स्वीकृत

**अमृत विचार, लखनऊ :** राज्य सरकार ने उत्तर प्रदेश रानी लक्ष्मीबाई महिला सम्मान कोष योजना के तहत 30 लाख रुपए स्वीकृत कर दिए हैं। इस सिलसिले में शासनादेश जारी किया गया है। शासनादेश के अनुसार यह धनराशि आउटसोर्सिंग सेवाओं पर खर्च की जाएगी। सूत्रों का कहना है कि योजना के तहत आउटसोर्सिंग सेवाओं में कर्मियों के वेतन का बकाया चल रहा है। अब उन्हें बकाए का भुगतान जल्द हो सकेगा।

### अभियंताओं के निलंबन पर आंदोलन की तैयारी

**अमृत विचार, लखनऊ :** बिजली अभियंताओं के निलंबन को लेकर ऊर्जा निगमों में रोष बढ़ रहा है। बिजली अभियंता आंदोलन की तैयारी शुरू कर रहे हैं। पावर आफीसर्स एसोसिएशन ने इस प्रकरण में सरकार से उच्च स्तरीय जांच कराने की मांग की।

# ऑनलाइन होगी 40 जिलों की ग्राम पंचायतों की कुंडली

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** 40 जिलों की ग्राम पंचायतों के परिवार रजिस्टर जल्द ऑनलाइन दिखेंगे।

पंचायती राज विभाग ने पहले चरण के पायलट प्रोजेक्ट में शामिल बांदा, इटावा, बहराइच, मेरठ व गाजीपुर के मैनुअली रजिस्टर डिजिटल करने की प्रक्रिया पूरी कर ली है। साथ ही दूसरे चरण के 35 जिलों में 99 फीसदी कार्य पूर्ण कर लिया है। सभी रजिस्टर 6 अक्टूबर को स्कैन करने के लिए कंपनियों को सौंपे जाएंगे और विभाग की वेबसाइट पर अपलोड होंगे। इससे ग्रामीण ऑनलाइन मकान नंबर, परिवार के सदस्यों की संख्या, नाम, पता, उम्र, शिक्षा, कार्य समेत अन्य विवरण देख सकेंगे। इन रिकार्ड की ज्यादातर योजनाओं संबंधित कार्यों में जरूरत पड़ती है। जो एक क्लिक पर पूरी कुंडली खोल सकेंगे और प्रधान व सचिव के चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे।

**पहले चरण के पांच व दूसरे के 35 जिलों के डिजिटल होंगे परिवार रजिस्टर**

पहले चरण के पांच जिलों के परिवार रजिस्टरों का मिलान किया जा रहा है। साथ ही 35 जिलों का कार्य लगभग पूर्ण हो गया है। निदेशक ने 6 अक्टूबर तक सभी से रजिस्टर मांगे हैं, जो कंपनियों को देकर ऑनलाइन किए जाएंगे।

-अभय कुमार शाही, उपनिदेशक, पंचायती राज निदेशालय

**दूसरे चरण में शामिल जिले**

लखनऊ, बरेली, पीलीभीत, शाहजहांपुर, बदायूं, गोरखपुर, महारागंज, देवरिया, कुशीनगर, वाराणसी, जौनपुर, चंदौली, बुलंदशहर, हापुड़, गाजियाबाद, गौतमबुद्ध नगर, बागपत, लखीमपुर खीरी, सीतापुर, हरदोई, उन्नाव, रायबरेली, चित्रकूट, हमीरपुर, महोबा, झांसी, जालौन, ललितपुर, अयोध्या, बाराबंकी, अम्बेडकर नगर, सुल्तानपुर, अमेठी, शामली व सहारनपुर।

**सुरक्षित रहेगा रिकार्ड**

डिजिटाइजेशन का उद्देश्य ग्रामीणों का विवरण ऑनलाइन करके हमेशा के लिए सुरक्षित रखना है। जबकि मैनुअली रजिस्टर का रखरखाव सही से नहीं हो पाता है। इस वजह से खो व फट जाते हैं। नई व्यवस्था में इस तरह की परेशानी नहीं होगी और पारदर्शिता के साथ रिकार्ड सुरक्षित रहेंगे। समय-समय पर रजिस्टर की बजाय जन्म, मृत्यु समेत अन्य विवरण ऑनलाइन दर्ज किया जाएगा।

## 5 से फिर बारिश के आसार

**अमृत विचार , लखनऊ :** बंगाल की खाड़ी कम दबाव बनने के कारण एक बार फिर मौसम का मिजाज फिर बदलेगा। मौसम विज्ञान केंद्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. दानिश ने बताया कि 5 से 7 अक्टूबर तक हल्की से मध्यम बारिश हो सकती है। उसके बाद ही पूर्वी उत्तर प्रदेश से मानसून की विदाई के बारे में पता चलेगा। हालांकि पश्चिमी उत्तर प्रदेश से मानसून की विदाई शुरू हो गई। 4 अक्टूबर को मौसम साफ रहने का अनुमान है। बुधवार को लखनऊ का अधिकतम तापमान 35.3 और न्यूनतम तापमान 25.3 डिग्री सेल्सियस रहा।

# दलित छात्र के आईआईटी में प्रवेश का खर्च देगी राज्य सरकार

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** मुजफ्फरनगर के रहने वाले दलित छात्र अतुल कुमार को आईआईटी धनबाद में प्रवेश दिलाने के लिए राज्य सरकार आगे आई है। सुप्रीम कोर्ट के हस्तक्षेप और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के संज्ञान में आने के बाद अब छात्रवृत्ति योजना के अंतर्गत समाज कल्याण विभाग आईआईटी में लगने वाली पूरी फीस को स्कॉलरशिप के रूप में देगी।

**सुप्रीम कोर्ट के हस्तक्षेप और मुख्यमंत्री के संज्ञान में आने के बाद हुआ निर्णय**

समाज कल्याण मंत्री असीम अरुण ने छात्र के परिजनों से फोन पर बात की और उन्हें आश्वासन दिया कि राज्य सरकार छात्र की पूरी पढ़ाई के लिए आर्थिक सहायता प्रदान करेगी। साथ ही, योगी सरकार ने आईआईटी धनबाद से भी संपर्क कर एडमिशन प्रक्रिया को पूरा करने के लिए आवश्यक कदम उठाए हैं।

# बिना सुनवाई खारिज नहीं हो सकेगी मेरिट पर पदोन्नति

## ज्येष्ठता और मेरिट आधारित पदोन्नति की नई गाइडलाइन जारी

धीरेंद्र सिंह, लखनऊ

**अमृत विचार :** राज्य की सेवाओं में ज्येष्ठता और मेरिट आधारित पदोन्नति की नई गाइडलाइन जारी की गई है। इससे जिन सरकारी अधिकारियों व कर्मचारियों के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्यवाही लंबित है या जिनके आचरण की जांच चल रही है, उनकी मेरिट आधारित चयन में पदोन्नति रोकी नहीं जाएगी, जब तक की पूरी सुनवाई का अवसर न दिया जाए।

मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह ने सभी शीर्ष अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि बदली गई गाइडलाइन को तत्काल प्रभाव से लागू करें। यह आदेश प्रदेश के करीब 18 लाख अधिकारियों-कर्मचारियों, शिक्षकों-शिक्षणेत्तर कर्मियों पर अक्टूबर माह से लागू हो गए हैं। हालांकि ऐसे मामलों में सुप्रीम कोर्ट से भी व्याख्या की गई है। अब सरकार से भी उसी अनुसार शासनादेश जारी करके राहत दी गई है।

**राज्य की सेवाओं में आरोपों से घिरे अधिकारियों और कर्मचारियों को मिलेगी राहत**

मुख्य सचिव की ओर से सभी अपर मुख्य सचिव, प्रमुख सचिव और सचिवों को भेजे गए आदेश में स्पष्ट किया गया है कि 27 सितंबर 2019 के माध्यम से मेरिट आधारित चयन में अपनाई जाने वाली प्रक्रिया में तय मार्गदर्शक सिद्धांत और व्यवस्था में बदलाव किया गया है। अब इसके प्रस्तर 7 के उप प्रस्तर (5) की व्यवस्था में स्पष्ट किया गया है कि किसी कार्मिक को किसी दंडादेश के विद्यमान रहते ज्येष्ठता आधारित चयन में पदोन्नति पर विचारण के समय चयन समिति द्वारा संबंधित कार्मिक के विरूद्ध पारित दंडादेश के संबंधित आरोपों व अनियमितताओं की गंभीरता व प्रकृति, दंड के परिणाम आदि पर समुचित विचारण कर निर्णय लिया जा सकेगा।

**राजस्व कर्मियों की कहीं और नहीं लगेगी ड्यूटी**

**अमृत विचार, लखनऊ :** राज्य सरकार ने सभी जिलाधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि खरीफ फसलों की कटाई के दौरान राजस्व कर्मियों को अन्य ड्यूटी में न लगाया जाए। सिर्फ विशेष परिस्थितियों में ही ऐसा किया जा सकेगा, जिसका कारण बताना अनिवार्य होगा। इसके अतिरिक्त उपजिलाधिकारी और तहसीलदारों को फसल कटाई प्रयोगों के संपादन की समीक्षा का भी निर्देश जारी किया गया है। वहीं प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के अंतर्गत बीमा कंपनियों के प्रतिनिधियों द्वारा भी 30 प्रतिशत क्रॉप कटिंग प्रयोगों का अवलोकन कराने के निर्देश दिए गए।

## यूपी मेडिकल काउसिंल में चुने गए राजधानी के चार चिकित्सक

**अमृत विचार, लखनऊ :** यूपी मेडिकल काउंसिल की आठ सदस्यीय गवर्निंग बॉडी में केजीएमयू में प्लास्टिक सर्जरी विभागाध्यक्ष प्रो. विजय कुमार, इंडोक्राइन सर्जरी विभागाध्यक्ष प्रो. आनन्द कुमार मिश्रा, हजरतजंग स्थित डॉ.श्यामा प्रसाद मुखर्जी अस्पताल के सर्जन डॉ.आनन्द मिश्र और इंडियन मेडिकल एसोसिएशन लखनऊ के पूर्व अध्यक्ष पीके पैथोलॉजी को बतौर सदस्य शामिल किया गया है।

# नकली नोट कांड में 15 लोगों पर कसा शिकंजा

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** कुशीनगर में नकली नोट सप्लाई करने वाले गिरोह के सदस्यों से जुड़े 15 लोगों को एटीएस ने चिह्नित किया है। इनमें से 10 से एटीएस ने थाने बुलाकर पूछताछ भी की है। आसपास के इलाके में रहने वाले इन लोगों से उनकी लंबी बातचीत का ब्योरा भी मिला है।

मालूम रहे कि कुशीनगर पुलिस ने 24 सितंबर को तमकुहीराज कस्बे से 5.62 लाख के नकली नोट के साथ दस लोगों को पकड़ा था। इनका सरगना समाजवादी पार्टी के लोहिया वाहिनी का राष्ट्रीय सचिव रफी उर्फ बबलू है।

एटीएस ने गिरफ्तार आरोपियों से सीधा संपर्क रखने वाले तमकुहीराज एवं पिपरा कनक में स्थित मदरसे से जुड़े कुछ लोगों को भी पूछताछ के लिए बुलाया है। जाली करेंसी कांड के गिरफ्तार नौशाद खान, मोहम्मद रफी एवं हासिम अंसारी तमकुहीराज कस्बा स्थित एक मदरसे के प्रबंधकीय कमेटी के सदस्य हैं। पिपरा कनक मदरसे के एक वरिष्ठ पदाधिकारी के बेटे का काफी नजदीकी रिश्ता था।

**विदेशी कनेक्शन खंगाल रही एनआईए**

नकली नोट के कारोबार का नेपाल कनेक्शन की जानकारी होने के बाद एनआईए ने भी इस मामले में जांच शुरू कर दिया है। एनआईए की टीम ने नेपाल और अन्य देशों से नकली नोट के कारोबारियों के कनेक्शन तलाश रही है। इसके लिए स्थानीय टीम को सक्रिय कर दिया है। दो दिन तक केंद्रीय टीम ने तमकुहीराज कस्बा में डेरा डाल रखा था।

**कुशीनगर में 5.62 लाख के नकली नोटों के साथ पुलिस ने पकड़े थे दस लोग**

# सिपाही तक के फील्ड मूवमेंट पर नजर रख सकेंगे उच्चाधिकारी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** आने वाले दिनों में राजधानी में बैठे पुलिस के बड़े अफसर सभी 75 जिलों में सिपाही तक के फील्ड मूवमेंट पर नजर रख सकेंगे। न केवल घटना की तत्काल फुटेज इन अफसरों के सामने होती बल्कि उनके स्तर से पुलिस सक्रियता की भी लाइव मॉनिटरिंग होती रहेगी। यह सबकुछ संभव हो सकेगा ऐप से यानि निकट भविष्य में लागू होने जा रहे पुलिस का ई-बीट सिस्टम फोर्स के चुनिंदा खाकीधारियों के ढुलमुल रवैये को भी दुरुस्त करेगा।

**पुलिस के ढुलमुल रवैये को दुरुस्त करेगा पुलिस का ई-बीट सिस्टम**

ई-बीट सिस्टम एप के प्रयोग से अपराध नियंत्रण और बेहतर कानून व्यवस्था मजबूत होगी। फिलहाल इसके लिए बाराबंकी को पायलट प्रोजेक्ट टेस्टिंग के रूप में चुना गया है। परिणाम देखने के बाद इसे अन्य जिलों में भी लागू किया जाएगा। जिले के पुलिसकर्मियों को स्मार्ट ई-बीट एप्लीकेशन के संचालन और इसकी बारीकियों को लेकर प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

दरअसल, यह एक ऐप आधारित सिस्टम है जो हर पुलिसकर्मी के मोबाइल पर इंस्टाल रहेगा। इस ऐप के जरिए बीट पर तैनात पुलिसकर्मी की न केवल हाजिरी लग सकेगी बल्कि उच्चाधिकारियों द्वारा उसकी मॉनिटरिंग भी की जा सकेगी। इस ऐप के जरिए बीट सिपाही अपनी बीट की हर छोटी बड़ी घटना की रिपोर्ट और फोटो अपलोड करेंगे। इससे उच्चाधिकारियों को तुरंत उनके क्षेत्र की गतिविधियों की जानकारी हो जाएगी। इसमें जीपीएस का भी प्रयोग होगा ताकि बीट कांस्टेबल को रियल टाइम में ट्रैक किया जा सके।

# कृषि विज्ञान केंद्र किसानों को नई तकनीक का देंगे प्रशिक्षण

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** राज्य सरकार का जोर किसानों की आय में वृद्धि करने का है। उत्तर प्रदेश में 89 कृषि विज्ञान केंद्र (केवीके) हैं। हर केंद्र द्वारा अपने कार्य क्षेत्र के दो-दो गांवों को गोद लिया जाएगा। केंद्र के वैज्ञानिक किसानों को रबी फसल सत्र 2024-25 को लेकर नई-नई तकनीकों से अवगत भी कराएंगे।

कृषि विज्ञान केंद्रों की तरफ से अक्टूबर में होने वाली रबी गोष्ठियों में राज्य कृषि विश्वविद्यालयों की तरफ से विशेष स्टॉल लगाए जाएंगे। विशेष कार्यक्रम को लेकर कृषि विज्ञान केंद्रों के अध्यक्ष, राज्य विवि व कृषि विभाग के अधिकारियों के साथ चार अक्टूबर की शाम वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग भी होगी।

**अक्टूबर में होंगी रबी गोष्ठियां, दो-दो गांवों को गोद लेंगे कृषि विज्ञान केंद्र**

कृषि विज्ञान केंद्रों के माध्यम से प्रगतिशील किसानों के अनुभवों के जरिए अन्य किसानों को भी नई तकनीक से लाभान्वित किया जाएगा। किसानों को कृषि अनुसंधान में हो रहे नवाचार, नई तकनीकी पद्धतियों से जानकारी और रोजगार से जुड़े व्यावसायिक प्रशिक्षण भी दिए जाएंगे।

## लद्दाख मुद्दे को बड़े चश्मे से देखने की जरूरत : अखिलेश

**अमृत विचार, लखनऊ :** सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने कहा है कि लद्दाख मुद्दे को बड़े चश्मे से देखने की जरूरत है। अगर चारागाह पर धीरे-धीरे कब्जा होता जाएगा तो लद्दाख के पश्मीना चरवाहों की भेड़-बकरियों और उनसे जुड़े उत्पादों के लिए घोर संकट पैदा हो जाएगा।

लद्दाख को राज्य का दर्जा दिलाने की मांग को लेकर आन्दोलन कर रहे सोशल एक्टीविस्ट सोनम वांगचुक का समर्थन करते हुए सपा प्रमुख ने कहा कि लद्दाख के लिए उठ रही आवाज को दबाना, देश के लिए चुनौती बन रही एक बड़ी दखलंदाजी से मुंह मोड़ना है।

# अस्पतालों में हवाई अड्डों जैसी सुरक्षा चाहते हैं डॉक्टर

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** मेरठ मेडिकल कॉलेज में सोमवार रात को जूनियर डॉक्टर की पिटाई के मामले को लेकर यूपी रेजीडेंट्स डॉक्टर्स एसोसिएशन ट्रस्ट (यूपीआरडीए) ने मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर मेडिकल कॉलेज व अस्पतालों को हवाई अड्डे की तरह सुरक्षित क्षेत्र घोषित करने की मांग की है। साथ ही एसआईटी गठित कर हमलावरों की गिरफ्तारी की मांग भी की है।

यूपीआरडीए ट्रस्ट के अध्यक्ष डॉ. हरदीप जोगी का कहना है कि किसी भी मेडिकल कॉलेज या अस्पताल में डॉक्टरों की सुरक्षा के वायदे पूरे नहीं किए गए। ट्रस्ट के सेक्रेटरी डॉ.दिव्यांश ने कहा कि अस्पतालों में सुरक्षा कमेटी गठित की जाए और प्रत्येक मेडिकल कॉलेज-अस्पताल व संस्थानों का सुरक्षा ऑडिट कराया जाए। किसी भी घटना को लेकर तत्काल प्राथमिकी दर्ज की जाए। ट्रस्ट के उपाध्यक्ष डॉ.शुभांशु ने कहा कि अगर कोई ठोस कार्रवाई नहीं होती है तो हम लोग पुनः आन्दोलन को मजबूर होंगे।

**मेरठ मेडिकल कॉलेज में पिटाई मामले पर मुख्यमंत्री को पत्र लिख सुरक्षा का मुद्दा उठाया**


## वर्ग पहेली-210

**बाएं से दाएं**

1. एक प्रकार का मीठा व्यंजन।
3. 1. सुनार का तराज़ू 2. लौहशलाका।
5. 1. जीवन के निर्वाह और रक्षा का उपाय या साधन, जीविका 2. रोज़ी-रोटी का प्रबंध।
8. 1. किसी दूसरे को बीनने या छांटने के काम में प्रवृत्त करना, चुनवाना 2. सिलाई आदि की सहायता से धागे से कपड़ा बनाना, बुनवाना।

**ऊपर से नीचे**

2. रोष से भरा, रोषयुक्त, रोषपूर्ण।
4. 1. दूर करना, हटाना 2. बंद करना 3. छिपाना 4. आच्छादित करना, ढकना 5. विचार या इच्छा को दबाना 6. रोकना 7. आत्मसंयम, आत्मनिग्रह 8. निग्रह 9. पसंद करना, चुनना 10. समाप्ति।
6. 1. मोटरयान
7. 1. चार कोनों वाला, चौखूंटा 2. जिसके या जिसमें चार कोण हो 3. चौकोर, चतुष्कोण।




### वर्ग पहेली -209 का हल

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| ■ | 1 ए | ■ | 2 अ | र | 3 ना |
| ■ | क | ■ | रु | ■ | गां |
| ■ | म | ■ | णो | ■ | ग |
| 4 हि | त | वा | द | ■ | ■ |
| फ़ा | ■ | ■ | य | ■ | 5 जि |
| 6 ज़ | ख़ | नी | ■ | ■ | ग |
| ती | ■ | ■ | 7 प | ने | री |

## सुडोकू-123

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | 5 | | | |
| 3 | | 5 | | | | 8 | 9 | 2 |
| | 4 | 7 | 3 | 9 | | | | |
| 8 | | 4 | | 2 | 6 | | | 7 |
| | 3 | | | | | | 8 | |
| 1 | | | 4 | 8 | | 6 | | 5 |
| | | | | 5 | 9 | 4 | 1 | |
| 5 | 6 | 8 | | | | 2 | | 9 |
| | | | 7 | | | | | |

### सुडोकू - 122 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 9 | 1 | 3 | 5 | 6 | 2 | 7 | 8 |
| 3 | 7 | 6 | 9 | 8 | 2 | 5 | 4 | 1 |
| 2 | 5 | 8 | 4 | 7 | 1 | 3 | 6 | 9 |
| 5 | 8 | 7 | 6 | 9 | 4 | 1 | 3 | 2 |
| 9 | 6 | 3 | 2 | 1 | 5 | 7 | 8 | 4 |
| 1 | 4 | 2 | 8 | 3 | 7 | 6 | 9 | 5 |
| 8 | 2 | 4 | 5 | 6 | 3 | 9 | 1 | 7 |
| 7 | 3 | 9 | 1 | 2 | 8 | 4 | 5 | 6 |
| 6 | 1 | 5 | 7 | 4 | 9 | 8 | 2 | 3 |

# प्रयागराज के डिजिटल कुंभ म्यूजियम में दिखेगा समुद्र मंथन

राज्य ब्यूरो,लखनऊ

**अमृत विचार :** प्रयागराज में महाकुंभ 2025 का आनन्द लोग डिजिटल माध्यमों से भी ले सकेंगे। पर्यटन विभाग डिजिटल कुंभ म्यूजियम बनाएगा, जहां डिजिटल माध्यमों से समुद्र मंथन देखने को मिलेगा। साथ ही अन्य धार्मिक-आध्यात्मिक स्थलों के बारे में भी जानकारी दी जाएगी।

**म्यूजियम के लिए 21.38 करोड़ रुपए स्वीकृत,एक साथ ढाई हजार लोग कर सकेंगे भ्रमण**

यह जानकारी देते हुए बुधवार को पर्यटन मंत्री जयवीर ने बताया कि प्रयागराज में शिवालय पार्क के पास, अरैल रोड नैनी में डिजिटल कुंभ म्यूजियम बनेगा। इसके लिए स्वीकृत 21.38 करोड़ रुपए में छह करोड़ रुपए जारी किए जा चुके हैं। संग्रहालय का आकार 10 हजार वर्ग मीटर होगा, जिसमें एक साथ दो हजार से ढ़ाई हजार लोग भ्रमण कर सकेंगे।

उन्होंने बताया कि डिजिटल म्यूजियम में समुद्र मंथन की 14 रत्नों वाली गैलरी बनाई जाएगी। डिजिटल स्क्रीन समेत अन्य माध्यमों से प्रयागराज महाकुंभ-कुंभ, हरिद्वार,नासिक, उज्जैन कुंभ आदि के बारे में विस्तार से बताया जाएगा।

### एक क्लिक पर मिलेगी चित्रकूट के दर्शनीय स्थलों की जानकारी


**अमृत विचार, लखनऊ :** अगर आप चित्रकूट घूमने का योजना बना रहे है तो आपको एक क्लिक पर वहां के दर्शनीय स्थलों का नाम, महत्व, दर्शन के समय समेत समग्र जानकारी मिल जाएगी। इतना ही नहीं आप कैसे पहुंचेंगे, कहां रुक सकते हैं यह सब जानकारी मिलेगी। बस आपको अपने मोबाइल फोन में चित्रकूट टूरिज्म एप इंस्टाल करना होगा। पर्यटन एवं संस्कृति विभाग के इस एप के बारे में बताते हुए मंत्री जयवीर सिंह ने कहा कि एप में पर्यटन स्थलों के साथ-साथ खान-पान और वायुमार्ग, रेलमार्ग या फिर सड़क मार्ग से आवागमन संसाधनों की भी जानकारी दी गई है। साथ ही ठहराव स्थलों की जानकारी देने के साथ-साथ बुकिंग की सुविधा भी उपलब्ध है। एप में ही महाकुंभ, चित्रकूट महोत्सव, रामनवमी, राष्ट्रीय रामायण मेला आदि की जानकारी दी गई है। महाकुंभ में विशेष स्नान की तिथियां, महत्व आदि के बारे सूचना दी गई है।

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 3 अक्टूबर गुरुवार 2024 संवत-2081, शक संवत 1946 मास-आश्विन, पक्ष-शुक्ल पक्ष, तिथि-प्रतिपदा 4 अक्टूबर 02 .58 तक तत्पश्चात द्वितीया।

### आज का पंचांग




दिशाशूल-दक्षिण। ऋतु-शरद। चन्द्रबल- मेष, कर्क, कन्या, वृश्चिक, धनु, मीन। ताराबल-अश्विनी, कृत्तिका, रोहिणी, मृगशिरा, आर्द्रा, पुष्य, मघा, उत्तरा फाल्गुनी, हस्त, चित्रा, स्वाति, अनुराधा, मूल, उत्तराषाढ़ा, श्रवण, धनिष्ठा, शतभिषा, उत्तराभाद्रपद। नक्षत्र-हस्त 03 .32 तक तत्पश्चात चित्रा।

**मेष** — आज विरोधियों के साथ समझौता हो सकता है। समाज में आपकी ख्याति में वृद्धि होगी। कार्यक्षेत्र में अधिकारियों की आज्ञा का पालन करना पड़ेगा। बेकार की बातों पर ध्यान न दें। गूढ़ विषयों का अध्ययन करने में रुचि जागृत होगी। धार्मिक कार्यों में सहभागिता बढ़ेगी।

**वृष** — आज आपके अच्छे व्यवहार से लोग प्रसन्न होंगे। मित्रों से अपने प्रेम की अभिव्यक्ति कर सकते हैं। सामाजिक कार्य में आपका मन लगेगा। अनावश्यक तनाव को अपने ऊपर हावी न होने दें। विद्यार्थी आज नया सीखने का प्रयास करेंगे। आपकी सलाह से लोगों को लाभ होगा।

**मिथुन** — आज अपनी क्षमताओं को विकसित करने का प्रयास करेंगे। आज मित्र आपसे मिलने घर आ सकते हैं। शत्रुओं से आपको सावधान रहना चाहिए। शेयर मार्केट से लाभ प्राप्त होगा। व्यापार में नया प्रयोग कर सकते हैं। परोपकार में धन खर्च करेंगे।

**कर्क** — आज सरकारी कार्यों में आपको काफी अच्छा लाभ प्राप्त होगा। कार्यक्षेत्र में आपको उच्च पद सौंपा जा सकता है। जीवनसाथी के साथ रोमांटिक पलों का आनन्द उठायेंगे। अविवाहित लोगों का विवाह तय हो सकता है। घर में कोई उत्सव हो सकता है।

**सिंह** — आज अचल संपत्ति की ख़रीदारी कर सकते हैं। इष्ट मित्रों का सहयोग प्राप्त होगा। अति आत्मविश्वास के कारण नुकसान हो सकता है। परिजनों के साथ संवाद बनाकर रखें। मन का तनाव दूर होगा। जीवन में तरक्की के नए अवसर बनेंगे।

**कन्या** — आज आपका मूड काफी अच्छा रहेगा। स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं से छुटकारा मिल सकता है। धर्म कार्यों में मन लगेगा। जॉब में उच्च पद प्राप्त होने की संभावना है। मनोनुकूल काम होने से आप प्रसन्न रहेंगे। कारोबार में बढ़ोत्तरी होने के योग बन रहे हैं।

**तुला** — आज निरर्थक कार्यों में समय बर्बाद होगा। आपकी सोच के अनुसार काम नहीं होंगे। विद्यार्थियों को एकाग्रता में कमी महसूस होगी। माता के स्वास्थ्य की चिंता हो सकती है। दवाइयों पर धन खर्च हो सकता है। क्रोध पर नियंत्रण रखें।

**वृश्चिक** — आज आप पुराने मित्रों के माध्यम से आर्थिक सहयोग प्राप्त होगा। कार्यशैली में बदलाव ला सकते हैं। आपके ऊपर से काम का दबाव कम होगा। कला जगत से जुड़े लोगों को सम्मान प्राप्त हो सकता है। आय की स्थिति मजबूत रहेगी।

**धनु** — आज परिवार के लोगों को आप समय देंगे। स्वास्थ्य समस्याओं में सुधार होगा। वैवाहिक जीवन का तनाव दूर होगा। काम करने के तरीके में बदलाव ला सकते हैं। आपके आत्मविश्वास में वृद्धि होगी।

**मकर** — आज राजनीतिक विषयों पर ज्यादा बहसबाजी न करें। विवादित मामले उभरने की आशंका है। उधार दिया हुआ धन फंस सकता है। उच्च शिक्षा के लिए विदेश यात्रा कर सकते हैं। घरेलू खर्चों में वृद्धि होगी। कोई महत्वपूर्ण काम पूर्ण हो सकता है।

**कुंभ** — आज स्वास्थ्य कमजोर रहने की संभावना है। पेट में जलन महसूस हो सकती है। शाम के समय जीवनसाथी के साथ डिनर के लिए जा सकते हैं। शत्रु पक्ष को कमजोर आंकने की गलती न करें। घर में साफ-सफाई का ध्यान रखें। बच्चों की परेशानियों को समझें।

**मीन** — आज नए कार्यों की शुरुआत करने के लिए दिन शुभ है। जॉब में आपको प्रशंसा प्राप्त होगी। साझेदारी में काम करने से लाभ मिलेगा। परिवार में विवाह को लेकर चर्चा हो सकती है। सहकर्मियों के साथ अपने संबंध अच्छे रखें। आपकी आय में वृद्धि होगी।

## आज की फिल्में

B4U MOVIES
जीवन युद्ध — सुबह : 08 .48
गब्बर शेर — शाम : 04 .03

&pictures
पुलिस पॉवर — सुबह : 10 .07
लाडला — रात : 07 .07

SONY PIX
ओलम्पस हास् फालेन — सुबह : 09 .49
स्पाइडर मैन — शाम : 06 .40

ZEE CINEMA
क्रिश 3 — सुबह : 11.01
गदर 2 — रात : 08 .00

colors CINEPLEX
साजन — सुबह : 11.25
दिल है तुम्हारा — शाम : 06 .50

### आज की सुपरहिट फिल्म




जी सिनेमा पर रात :08 .00 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

पत्नी- मैं हमेशा के लिए घर छोड़ कर जा रही हूं।
पति- मैं भी बंगाली बाबा के पास जा रहा हूं
पत्नी- मुझे मागने के लिए...
पति- नहीं, ये बताने के लिए की कृपा आनी शुरू हो गयी है...

टीचर- लड़कियां अगर पराया धन होती है तो लड़के क्या होते है??
गप्पू- सर चोर होते है!
टीचर – वो कैसे??
गप्पू- क्योकि चोरों की नजर हमेशा पराये धन पर होती है।

अमृत विचार
www.amritvichar.com

## एक नजर

### चोरों ने महिला से किया सामूहिक दुष्कर्म

**भुवनेश्वर।** भुवनेश्वर में दो चोरों ने घर में लूटपाट के बाद महिला से सामूहिक दुष्कर्म किया। पुलिस ने बुधवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने घटना के सिलसिले में दो लोगों को हिरासत में लिया है और जांच जारी है। पुलिस ने बताया कि यह घटना रविवार देर दो बजे मैत्री विहार इलाके की है। एक फ्लैट में महिला दो साल की बेटी के साथ थी और घटना के समय फ्लैट में कोई पुरुष नहीं था। पुलिस ने संदेह जताया कि चोर डंडे के सहारे इमारत में घुसे होंगे। शिकायत के अनुसार चोरों ने पहले चाकू दिखा कर महिला के गहने और मोबाइल फोन लूटे। इसके बाद उन्होंने महिला के साथ सामूहिक दुष्कर्म किया और धमकी दी कि अगर वह मदद के लिए चिल्लाई तो वे उसकी बेटी को मार देंगे।

### तीन बालिकाओं की चोरल नदी में डूबने से मृत्यु

**खरगोन।** मध्यप्रदेश के खरगोन जिले के बलवाड़ा थाना क्षेत्र में बुधवार को दो बहनों समेत तीन बालिकाओं की चोरल नदी में डूबने से मृत्यु हो गई। पुलिस के अनुसार मृतकों में करौंदिया ग्राम की अंशिका खेडेकर (10), उसकी बहन मीनाक्षी(12) और एक अन्य करिश्मा कछाया (14) है। वे निमाड़ में मनाया जाने वाला त्योहार संजा माता के विसर्जन को कुंडिया ग्राम के चोरल नदी परिजनों के साथ गई थी।

### एक ही परिवार के चार लोग घर में मिले मृत

**नागपुर।** महाराष्ट्र के नागपुर जिले में बुधवार सुबह दंपति और उनके दो बेटे घर में मृत मिले। पुलिस ने आत्महत्या का संदेह जताया। अधिकारी ने बताया कि घर में मिले कथित सुसाइड नोट से पता चला है कि धोखाधड़ी के मामले में बेटे की गिरफ्तारी से परिवार तनाव में था। कुछ पड़ोसियों ने मोवाड गांव निवासी परिवार के घर में सन्नाटा पसरा देखा और पुलिस को सूचित किया।

# झारखंड में हिंदुओं-आदिवासियों की घट रही संख्या

## मोदी ने झामुमो पर घुसपैठियों का समर्थन कर वोट बैंक की राजनीति करने का लगाया आरोप

हजारीबाग (झारखंड), एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को कहा कि झारखंड में हिंदुओं और आदिवासियों की जनसंख्या घट रही है और उन्होंने झामुमो नीत गठबंधन सरकार पर राज्य की पहचान, संस्कृति और विरासत की कीमत पर घुसपैठियों का समर्थन करके वोट बैंक की राजनीति करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि माटी, बेटी, रोटी को बचाने के लिए अब ऐसी ताकतों को बाहर करने का समय आ गया है।

मोदी ने भाजपा की परिवर्तन यात्रा के समापन पर आयोजित कार्यक्रम में कहा कि झारखंड में बेटी, माटी, रोटी की रक्षा करने और भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाने को परिवर्तन का समय आ गया है। झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के नेतृत्व वाला



हजारीबाग में आयोजित सभा के दौरान प्रधानमंत्री मोदी को कलश भेंट करती महिला।

गठबंधन खतरनाक खेल खेल रहा है, जो घुसपैठियों को संरक्षण देते हुए लोगों की पहचान, संस्कृति और परंपराओं को खतरे में डाल रहा है। परिवर्तन यात्रा सभी 81 विधानसभा क्षेत्रों से होकर गुजरी और इसने 5,400 किलोमीटर की दूरी तय की। एक पखवाड़े में मोदी की झारखंड की यह दूसरी यात्रा है, जहां 81 सदस्यीय विधानसभा के लिए चुनाव होने हैं और मौजूदा विधानसभा का कार्यकाल पांच जनवरी को समाप्त होगा। अपने आगमन पर मोदी ने एक विशेष खुले वाहन से भीड़ का अभिवादन किया और आदिवासी समुदाय के सदस्यों से बातचीत की। महिलाओं ने उन्हें परिवर्तन यात्रा के दौरान एकत्र की मिट्टी से भरा एक कलश भेंट किया।

### 83,700 करोड़ से अधिक की विकास परियोजनाओं की शुरुआत

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को झारखंड में 83,700 करोड़ रुपये से अधिक की विकास परियोजनाओं की शुरुआत की और राज्य की प्रगति के प्रति अपनी सरकार की प्रतिबद्धता दोहराई। उन्होंने जनजातीय विकास के महत्व पर जोर देते हुए कहा कि इस जनसांख्यिकी के लिए महात्मा गांधी का दृष्टिकोण हमारी परिसंपत्ति है। मोदी ने धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान की शुरुआत की जिसे 79,150 करोड़ रुपये की लागत से क्रियान्वित किया जाएगा। इसका उद्देश्य देशभर में आदिवासी समुदायों के लिए व्यापक और समग्र विकास सुनिश्चित करना है।

### नीरज की मां के हाथ का बना चूरमा खाकर प्रधानमंत्री हुए भावुक

**नई दिल्ली।** भारतीय भाला फेंक स्टार नीरज चोपड़ा की मां के हाथ का बना चूरमा खाकर प्रधानमंत्री मोदी भावुक हो गए। मोदी ने नीरज की मां को पत्र लिखा और उनका धन्यवाद किया। मोदी ने पत्र में लिखा कि कल आयोजित भोज में मेरी नीरज से मुलाकात हुई। उन्होंने मुझे आपके हाथों का बना चूरमा दिया। नीरज अक्सर मुझसे इस चूरमे की चर्चा करते हैं, लेकिन आज इसे खाकर मैं भावुक हो गया। आपके अपार स्नेह और अपनेपन से भरे इस उपहार ने मुझे मेरी मां की याद दिला दी।

# भरोसा तोड़ने वालों के सरदार हैं प्रधानमंत्री मोदी : खरगे

चंडीगढ़, एजेंसी

- चरखी दादरी की चुनावी सभा में कांग्रेस अध्यक्ष ने लगाया आरोप

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने हरियाणा की जनता से किए वादे पूरे नहीं करने के लिए बुधवार को भाजपा पर निशाना साधा। उन्होंने आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री मोदी भरोसा तोड़ने वालों के भी सरदार हैं।

चरखी दादरी की चुनावी सभा में उन्होंने कहा कि हरियाणा की जनता इस चुनाव में कांग्रेस को जिताने का फैसला कर चुकी है। आज राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और दूसरे प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती है। कहना नहीं चाहता लेकिन आज के सत्ताधारी लोग कितना सच बोलते है और कितना झूठ। खरगे ने आरोप लगाया कि मोदी तो भरोसा तोड़ने वालों के भी सरदार हैं। उनके सैकड़ों झूठ आप लोग देख चुके हैं। खाते में 15 लाख देने से लेकर महंगाई कम करने और सालाना दो करोड़ नौकरी, ये सब झूठ कुछ निकला। खरगे ने कहा कि 10 सालों में मोदी की डबल इंजन सरकार ने जवान और किसान दोनों को बर्बाद किया।

### यह लड़ाई अन्याय और दुष्टों के खिलाफ : प्रियंका गांधी



**चंडीगढ़।** कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी वाड्रा ने लोगों से भाजपा को सत्ता से बेदखल करने का आह्वान किया और कहा कि यह दुष्टों, अन्याय और असत्य के खिलाफ लड़ाई है। प्रियंका ने जुलाना में पहलवान विनेश फोगाट के पक्ष में प्रचार के दौरान रैली को संबोधित किया। रोजगार, अग्निवीर सैन्य भर्ती योजना और किसानों के कल्याण सहित अन्य मुद्दों को लेकर राज्य की भाजपा नीत सरकार पर हमला करते हुए प्रियंका गांधी ने आरोप लगाया कि सत्तारूढ़ पार्टी ने हर स्तर पर लोगों को धोखा दिया है।

# हाथ में तिरंगा लेकर सिद्धारमैया के जूते खोलने पर विवाद

बेंगलुरु, एजेंसी

- बेंगलुरु में गांधी जयंती के कार्यक्रम में आए थे मुख्यमंत्री

कांग्रेस के कार्यकर्ता द्वारा हाथ में तिरंगा लिए कर्नाटक के मुख्यमंत्री के जूते उतारने का वीडियो सामने आने के बाद भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बीवाई विजयेंद्र ने सिद्धारमैया और सत्तारूढ़ पार्टी से देश और राष्ट्रीय ध्वज का अपमान करने के लिए लोगों से माफी मांगने को कहा।

यह घटना बुधवार को उस समय हुई, जब मुख्यमंत्री महात्मा गांधी को श्रद्धांजलि देने पहुंचे थे। वीडियो में पार्टी कार्यकर्ता जब मुख्यमंत्री सिद्धारमैया के जूते उतार रहा था, तब मौके पर मौजूद एक अन्य व्यक्ति को कार्यकर्ता के हाथों से झंडा लेते देखा गया। यह कथित वीडियो एक्स पर साझा करते हुए विजयेंद्र ने मुख्यमंत्री पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि गुलामी की जंजीरों से मुक्त होकर भारत आज विश्व में अग्रणी राष्ट्र है। राष्ट्रवाद, राष्ट्रीय ध्वज, राष्ट्रभक्त ये सब कांग्रेस के लिए हमेशा निरर्थक रहे हैं। कांग्रेसियों ने गांधी जयंती पर राष्ट्रीय ध्वज को गुलामी के प्रतीक के रूप में पेश किया और मुख्यमंत्री ने इस पर कोई आपत्ति भी नहीं जताई।

### अपराध शाखा ने की गोविंदा से पूछताछ

**मुंबई।** मुंबई की अपराध शाखा के अधिकारियों ने रिवॉल्वर से गोली चलने से घायल अभिनेता गोविंदा से मुलाकात की और उनसे पूछताछ की। अधिकारियों ने बुधवार को बताया कि मुंबई अपराध शाखा ने घटना की जांच शुरू कर दी है। गोविंदा की लाइसेंसी रिवॉल्वर से चली गोली उनके पैर में लगी थी जिसे चिकित्सकों ने निकाल दिया है। किसी ने इस मामले में अभी तक कोई शिकायत दर्ज नहीं कराई है। वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक दया नायक की अगुवाई में अपराध शाखा के दल ने अस्पताल का दौरा किया और अभिनेता से घटना के बारे में बातचीत की।

# रिहाई के बाद फिर से हिरासत में लिए गए वांगचुक, बेमियादी अनशन जारी

नई दिल्ली, एजेंसी

- दिल्ली की सीमा से वांगचुक सहित 150 लोगों को पुलिस ने लिया था हिरासत में

पर्यावरण कार्यकर्ता सोनम वांगचुक और लद्दाख के 150 अन्य लोगों ने दोबारा हिरासत में लिए जाने के बाद बेमियादी अनशन बुधवार को भी जारी रखा। उन्होंने कहा कि शांति और लोकतंत्र को प्रदर्शित करने वाले दिवस गांधी जयंती पर उनके अधिकारों को कुचल दिया गया है।

वांगचुक दिल्ली चलो पदयात्रा का नेतृत्व कर रहे थे, जो एक महीने पहले लेह से शुरू हुई थी। उन्हें सोमवार रात हिरासत में लिया गया। लेह एपेक्स बॉडी के समन्वयक जिगमत पलजोर ने बुधवार सुबह जारी बयान में कहा कि 24 घंटे से अधिक समय से जारी उनकी हिरासत अवैध है। पलजोर ने कहा कि हम पदयात्री खुद को एक खतरनाक स्थिति में पा रहे हैं। हमें 24 घंटे से ज्यादा समय से हिरासत में रखा गया है। यह हिरासत अवैध है, 24 घंटे की अवधि बीत चुकी है और हमें मजिस्ट्रेट के सामने पेश किया जाना चाहिए। कुछ समूहों को 24 घंटे में रिहा कर दिया गया और फिर थाने वापस बुला लिया गया। बीती रात को पुलिस ने हमें जबरन एक अज्ञात स्थान पर ले जाने का प्रयास किया, लेकिन हम विरोध में डटे रहे। पलजोर ने कहा कि बवाना थाने में हमारे फोन जब्त कर लिए गए हैं, जिससे हम बाहरी दुनिया से कट गए हैं।

# बंगाल के प्रवासी मजदूर की चेन्नई में भूख से मौत

- राज्यपाल ने की तृणमूल सरकार की आलोचना

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल के राज्यपाल सीवी आनंद बोस ने चेन्नई में कथित तौर पर भुखमरी के कारण राज्य के एक प्रवासी श्रमिक की मौत पर बुधवार को चिंता व्यक्त की और मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की आलोचना करते हुए कहा कि उनके संवैधानिक सहयोगी लोगों की जिंदगियों के साथ खिलवाड़ कर रहे हैं। बोस ने यह टिप्पणी पूर्व मेदिनीपुर जिले के एक प्रवासी मजदूर की सोमवार को तमिलनाडु की राजधानी में भूख से मौत होने के मद्देनजर की है। उन्होंने राज्य के प्रवासी श्रमिकों की दुर्दशा पर भी चिंता व्यक्त की जिन्हें आजीविका की तलाश में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। बोस ने कहा कि क्या ममता बनर्जी गांधीजी के प्रिय दरिद्र नारायण की देखभाल इस तरह करती हैं? सबको सन्मति दे भगवान।

# ठाणे : मध्याह्न भोजन खाने के बाद 45 बच्चे पड़े बीमार

ठाणे (महाराष्ट्र), एजेंसी

- पुलिस ने विद्यालय प्रबंधन के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की

महाराष्ट्र में ठाणे शहर के पास निजी विद्यालय में मध्याह्न भोजन खाने के बाद संदिग्ध रूप से खाद्य विषाक्तता से 45 बच्चों के बीमार पड़ने के बाद पुलिस ने विद्यालय प्रबंधन के खिलाफ एक प्राथमिकी दर्ज की है। अधिकारियों ने बुधवार को यह जानकारी दी।

शुरुआत में आठ से 11 वर्ष की आयु के 38 बच्चों को मंगलवार को दोपहर के भोजन के बाद चक्कर आने, सिरदर्द और पेट में दर्द होने की शिकायत के बाद कलवा शहर के सिविल अस्पताल में भर्ती कराया गया था। देर रात सात और बच्चों को भर्ती कराया गया, जिससे बच्चों की संख्या 45 हो गयी है। एक बच्चे के परिजन की शिकायत पर कलवा पुलिस ने स्कूल प्रबंधन तथा खाद्य आपूर्तिकर्ता के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की है। अस्पताल के चिकित्सा प्रभारी डॉ. अनिरुद्ध मलगांवकर ने बताया कि बच्चों के स्वास्थ्य पर नजर रखी जा रही है।

# सिद्दारमैया की पत्नी के अनुरोध पर 14 भूखंडों का आवंटन रद

भूखंड आवंटन मामला

**बेंगलुरु।** कर्नाटक में मैसूर शहरी विकास प्राधिकरण (मुडा) आवंटन घोटाले में बुधवार को आए मोड़ में मुख्यमंत्री सिद्दारमैया की पत्नी के अनुरोध पर 14 विवादास्पद भूखंडों का आवंटन रद कर दिया गया। एक अधिकारी ने बताया कि मुडा ने यह कदम मुख्यमंत्री की पत्नी बीएम पार्वती द्वारा विवादित भूखंडों को वापस करने के अभूतपूर्व अनुरोध के बाद उठाया है, जिससे मुख्यमंत्री और उनके परिवार पर भूमि आवंटन में अनियमितताओं के आरोपों से जुड़े विवाद में नई जान फूंकी गई है। मुख्यमंत्री के बेटे डॉ. यतीन्द्र सिद्दारमैया ने मां की ओर से मुडा कार्यालय में 14 विवादित प्लॉट्स को छोड़ने की औपचारिक अर्जी दी। मुडा के आयुक्त रघुनंदन ने बिना समय बर्बाद किए श्रीमती सिद्दारमैया को आवंटित भूखंडों को रद कर दिया।

# महालया पर रात भर विरोध-प्रदर्शन

कोलकाता, एजेंसी

डॉक्टर से दुष्कर्म-हत्या का मामला

- प्रदर्शनकारियों ने नदियों में दीप प्रवाहित और डॉक्टर की आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की
- कूचबिहार में प्रदर्शन के तहत तड़के अभया का तर्पण मार्च निकाला

कोलकाता के आरजीकर अस्पताल की चिकित्सक से हुई दरिंदगी के विरोध में पश्चिम बंगाल में महालया के अवसर पर रात भर प्रदर्शन हुए। महालया को दुर्गा पूजा के साथ ही त्योहारों की शुरूआत का प्रतीक माना जाता है। कोलकाता में प्रदर्शनकारियों ने नदियों में दीप प्रवाहित किए और चिकित्सक की आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की, वहीं कूचबिहार में विरोध प्रदर्शन के तहत तड़के अभया का तर्पण मार्च निकाला गया।

हिंदू पूर्वजों की याद में महालया पर तर्पण करते हैं। कोलकाता में रूबी क्रॉसिंग, ललित कला अकादमी के बाहर, जादवपुर 8-बी स्टैंड, श्यामबाजार, ठाकुरपुकुर, वीआईपी रोड और दमदम पार्क में विरोध प्रदर्शनों में महिलाओं ने हिस्सा लिया। दक्षिण- 24 परगना के कूचबिहार, मालदा, कैनिंग और डायमंड हार्बर, उत्तर 24 परगना के सोदपुर और बारासात तथा हुगली के उत्तरपाड़ा एवं अन्य जिलों में भी ऐसी सभाएं हुईं। अकादमी ऑफ फाइन आर्ट्स के पास रेणुछाया मंच पर प्रदर्शन में हिस्सा लेने वाली लेखिका-कार्यकर्ता शताब्दी दास ने कहा कि न्याय की मांग करते हुए हमारा विरोध देवी पक्ष के दौरान त्योहार के सभी चार दिनों में जारी रहेगा।

# प्रशांत किशोर ने बनाया अपना राजनीतिक दल जन सुराज पार्टी

पटना, एजेंसी



- विदेश सेवा के पूर्व अधिकारी मनोज भारती बने कार्यकारी अध्यक्ष

चुनाव रणनीतिकार से नेता बने प्रशांत किशोर ने बुधवार को जन सुराज पार्टी के नाम से अपना राजनीतिक दल गठित करने की घोषणा की। किशोर ने मधुबनी में जन्मे भारतीय विदेश सेवा के पूर्व अधिकारी मनोज भारती को पार्टी का कार्यकारी अध्यक्ष नियुक्त किया और कहा कि भारती मार्च तक इस पद पर रहेंगे। मार्च में पार्टी के संगठनात्मक चुनाव होंगे।

पटना के वेटनरी कॉलेज मैदान में बुधवार को आयोजित कार्यक्रम के दौरान किशोर ने यह घोषणा की। पूर्व केंद्रीय मंत्री देवेंद्र प्रसाद यादव, राजनयिक से नेता बने पवन वर्मा और पूर्व सांसद मोनाजिर हसन सहित कई हस्तियां मौजूद थीं। किशोर ने चंपारण से राज्य की तीन हजार किमी पदयात्रा शुरू करने के ठीक दो साल बाद इस पार्टी का गठन किया है।

## कारोबार/कृषि

### कानपुर

अनाज (प्रति क्वि.) गेहूँदड़ा 2700–2750 आर.आर.21 2800–2850 गेहूँफारम 2900–2950 जौ 2300–2400 ज्वार 2000–4000 बाजरा 2250–2300 मकाई 2400–2500 दलहन (प्रति क्वि.) चना 7100–7200 अरहर 8500–9000 मसूर 5500–5600 मटर 3600–3700 उड़दहरा 11500–12000 उड़दकाला 7500–8500 मूँग 7500–8000 दाल (प्रति क्वि.) अरहरफूल 15300–15400 अरहर स्पेशल 12100–12200 चनादाल 8800–8900 मटरदाल 4450–4550 मसूरमलका 7100–7150 मसूरदाल 7300–7350 उड़ददाल 9000–13800 उड़द धोवा 10000–12800 मूँगदाल 8500–9700 मूँग धोवा 9500–11000 चावल (प्रति क्वि.) अरवा 2800–4000 बासमती न01.10500–11000 सेला 3000–4000 बासमती न02. 7000–8000 आटा–मैदा (प्रति 50 किग्रा.) आटा 1600–1700 मैदा 1670–1720 सूजी 1700–1750 चक्कीआटा (ब्राण्डेड 50 किग्रा.) शाहपसंद 1570–1590 तिलहन (प्रति क्वि.) लाही 5900–6000 अलसी 4500–4600 अण्डी 4600–4700 तिल्ली 11000–11500 मूँगफली दानाषिवपुरी 9400–11200 बटाली 8800–11200 सेहुआं 4000–4500 सरसों एक्सपेलर सरसों कोल्हू 15000–15100 अलसी 12200–12300 अण्डी 14000–14200 रिफाइण्ड (प्रति टिन) सोयाबीन 19700–1979 खली (प्रति क्वि.) सरसों 2550–2600 अलसी 5150–5200 अण्डी 1400–1450 वनस्पति (प्रति टिन 15 ली.) बावर्ची 1970–1974 मयूर 1970–1974 गुड़ (प्रति क्वि.) मंगलौरलड्डू 4800–5200 देशीभेली–4600–4700 शक्करदाना (प्रति क्वि.) एम.30.–4200–4240 मिल डिलीवरी (कर सहित) खाण्डसारी (प्रति क्वि.) घीदेशी (प्रति क्वि.) खुर्जा –60000–60100 औरय्या 51300–51400 माधौगढ़ 53300–53400 ब्राण्डेडदेशी घी (प्रति टिन) अनिक 8100 पातीराम 7800 रतन एगमार्क 8100 अमृतगोल्ड 7800 वारदाना (प्रति सैकड़ा) 3 वी.एस. 5200–6500 हरापट्टा 7000–7200 वी.टी. 8600–8800

# शेयर बाजार में तेजी से निवेशकों की संपत्ति हुई 110.57 लाख करोड़

## बीएसई में सूचीबद्ध कंपनियों की पूंजी बढ़कर 5.67 लाख करोड़ डॉलर

नई दिल्ली, एजेंसी



- सेंसेक्स ने 2024 में 12,026.03 अंक यानी 16.64 प्रतिशत की लगाई छलांग
- घरेलू स्तर पर मजबूत तरलता म्यूचुअल फंड उद्योग में रिकॉर्ड निवेश से प्रेरित

तेजी के रथ पर सवार घरेलू शेयर बाजार में इस साल मानक सूचकांकों के लगातार नए रिकॉर्ड स्तर पर पहुंचने के बीच निवेशकों की संपत्ति में 110.57 लाख करोड़ रुपये की भारी बढ़ोतरी दर्ज की गई है। इस साल अबतक बीएसई में सूचीबद्ध कंपनियों के कुल बाजार पूंजीकरण (मार्केट कैप) में 1,10,57,617.4 करोड़ रुपये की बढ़ोतरी दर्ज की गई है। इन कंपनियों का कुल पूंजीकरण बढ़कर 4,74,86,463.65 करोड़ रुपये (5.67 लाख करोड़ डॉलर) हो गया है।

बीएसई में सूचीबद्ध कंपनियों का बाजार मूल्यांकन 27 सितंबर को 477.93 लाख करोड़ रुपये के सर्वकालिक उच्चस्तर पर पहुंच गया था। उसी दिन सेंसेक्स ने 85,978.25 अंक के अपने सर्वकालिक उच्चस्तर को छुआ था। बीएसई के मानक सूचकांक सेंसेक्स ने कैलेंडर वर्ष 2024 में अब तक 12,026.03 अंक यानी 16.64 प्रतिशत की छलांग लगाई है। सेंसेक्स साल की शुरुआत में 72,271.94 अंक के स्तर पर था। इस तेजी का फायदा निवेशकों को अच्छे रिटर्न के रूप में मिला है। विश्लेषकों ने बाजारों में तेज उछाल का श्रेय घरेलू स्तर पर तरलता की बेहतर स्थिति के साथ भारतीय अर्थव्यवस्था की मजबूत बुनियाद को दिया है। स्वस्तिका इन्वेस्टमार्ट लिमिटेड के शोध प्रमुख संतोष मीणा ने कहा कि इस साल घरेलू स्तर पर मजबूत तरलता देखने को मिली है। यह म्यूचुअल फंड उद्योग में रिकॉर्ड निवेश से प्रेरित है। मीणा ने कहा कि भू-राजनीतिक तनाव के बावजूद वैश्विक बाजार भी इस तेजी में मददगार रहे हैं। अमेरिका में ब्याज दरों में कटौती चक्र की शुरुआत भारत जैसे उभरते बाजारों के लिए एक महत्वपूर्ण सकारात्मक कारक रही है। इससे निवेशकों की धारणा को बढ़ावा मिला है और जोखिमपूर्ण परिसंपत्तियों में तरलता का प्रवाह बढ़ा है। सेंसेक्स वर्ष 2023 में 11,399.52 अंक यानी 18.73% उछला था। इस दौरान निवेशकों की संपत्ति 81.90 लाख करोड़ बढ़ी थी। कंपनियों का बाजार मूल्यांकन पिछले साल पहली बार चार लाख करोड़ डॉलर पर पहुंचा था।

### मिडकैप- स्मॉलकैप के प्रदर्शन से मिला अच्छा लाभ

मीणा ने कहा कि विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) के बिकवाली दबाव के बावजूद भारतीय इक्विटी बाजार रिकॉर्ड ऊंचाई पर पहुंचने में सफल रहे। खासकर मिडकैप और स्मॉलकैप सूचकांकों ने बेहतर प्रदर्शन किया और कई शेयरों के ऊंचाई पर पहुंचने से खुदरा निवेशकों ने अच्छा लाभ कमाया। इस साल अबतक बीएसई मिडकैप सूचकांक में 12,645.24 अंक यानी 34.32% और स्मॉलकैप में 14,777.09 अंक यानी 34.62% की वृद्धि हुई है। मेहता इक्विटीज लिमिटेड के वरिष्ठ उपाध्यक्ष (शोध) प्रशांत तापसे ने कहा कि हाल के सप्ताहों में तेज उछाल फेडरल रिजर्व की ब्याज दरों में कटौती का नतीजा है। उम्मीद है कि आरबीआई भी द्विमासिक समीक्षा बैठक में इसी तरह का कदम उठाएगा।

### निवेशकों को मिलेगी राशि रोकने की यूपीआई सुविधा

**नई दिल्ली।** पात्र शेयर ब्रोकरों को एक फरवरी से ग्राहकों को शेयर की खरीद–बिक्री को लेकर यूपीआई (यूनिफाइड पेमेंट इंटरफेस) आधारित ब्लॉक व्यवस्था के उपयोग की अनुमति देनी होगी या फिर वे कारोबारी खाते में तीन सुविधाओं की पेशकश करेंगे। इस कदम से निवेशकों की स्थिति मजबूत और सशक्त होगी। पात्र शेयर ब्रोकर (क्यूएसबी) को कारोबार के मौजूदा तरीके के अलावा, इन दो विकल्पों में से एक की पेशकश करनी होगी। एक कारोबारी खाते में तीन सुविधाओं के तहत बचत खाते, डीमैट खाते और कारोबारी खाते को जोड़ा जाता है। इस मामले में, ग्राहकों के बैंक खाते में उनकी धनराशि होगी और शेष राशि पर ब्याज मिलेगा। एनटीटी डेटा पेमेंट सर्विसेज इंडिया के मुख्य वित्त अधिकारी राहुल जैन ने कहा कि ऐसे समय में जब यूपीआई भुगतान में महत्वपूर्ण वृद्धि देखी जा रही है, यह पहल मजबूत सुरक्षा के साथ बेहतर पारदर्शिता, ब्याज आय और भुगतान में सुगमता के साथ निवेशकों को सशक्त और लाभान्वित करेगी। इसके अतिरिक्त, इस कदम से कोष प्रबंधन में सुधार होगा और निवेशकों के लिए सुविधा बढ़ेगी।

# ऑप्शन ट्रेडिंग : कम जोखिम, अधिक मुनाफा का मौका

ऑप्शन ट्रेडिंग एक वित्तीय अनुबंध है जो निवेशक को किसी संपत्ति (जैसे शेयर या कमोडिटी) को एक निश्चित समयावधि में निर्धारित कीमत पर खरीदने या बेचने का अधिकार देता है, लेकिन वह इसके लिए बाध्य नहीं होता। इसमें दो मुख्य प्रकार होते हैं : कॉल ऑप्शन (खरीदने का अधिकार) और पुट ऑप्शन (बेचने का अधिकार)। यह निवेशकों को कम जोखिम में अधिक मुनाफा कमाने का अवसर देता है, लेकिन इसके साथ जटिलता और समय सीमा जैसे जोखिम भी जुड़े होते हैं। सही रणनीति अपनाने से ऑप्शन ट्रेडिंग में जोखिम को मैनेज करते हुए मुनाफा कमाया जा सकता है। ऑप्शन ट्रेडिंग को उन्नत निवेश तकनीक माना जाता है, इसलिए इसमें प्रवेश करने से पहले इसे अच्छी तरह से समझना आवश्यक है। आइये इस पर विचार किया जाए ...

### कॉल ऑप्शन

यह खरीदने का अधिकार देता है। इसे खरीदने वाला व्यक्ति भविष्य में एक निश्चित कीमत पर किसी संपत्ति को खरीद सकता है। यदि कीमत ऊपर जाती है, तो खरीदार लाभ कमा सकता है।

### पुट ऑप्शन

यह बेचने का अधिकार देता है। इसे खरीदने वाला भविष्य में एक निश्चित कीमत पर किसी संपत्ति को बेच सकता है। यदि कीमत गिरती है, तो इसे खरीदने वाला व्यक्ति लाभ कमा सकता है।




### महत्वपूर्ण बिंदु

- **प्रीमियम :** ऑप्शन खरीदने के लिए भुगतान की गई कीमत।
- **एक्सपायरी डेट :** वह तारीख जब ऑप्शन का अधिकार समाप्त हो जाता है।
- **स्ट्राइक प्राइस :** वह तय मूल्य जिस पर ऑप्शन होल्डर खरीद या बेच सकता है।
- **कम निवेश, उच्च नियंत्रण :** ऑप्शन खरीदने के लिए कम पूंजी की जरूरत होती है, लेकिन यह आपको बड़ी संपत्ति पर नियंत्रण देता है, जिससे मुनाफे की संभावना बढ़ती है।
- **हेजिंग :** ऑप्शन का उपयोग पोर्टफोलियो को संभावित नुकसान से बचाने के लिए किया जा सकता है, विशेषकर अनिश्चित बाजार स्थितियों में।

### जोखिम

- **लिवरेज :** कम निवेश में बड़ी मात्रा में संपत्ति पर नियंत्रण पाना संभव होता है।
- **लचीलापन :** आप बाजार के किसी भी दिशा में संभावित लाभ कमा सकते हैं, चाहे वह ऊपर जाए या नीचे।
- **रिस्क हेजिंग :** ऑप्शन का उपयोग आपके पोर्टफोलियो को संभावित नुकसान से बचाने के लिए किया जा सकता है।
- **समय सीमा :** ऑप्शन की समय सीमा होती है, और अगर समय सीमा समाप्त हो जाए और आपके ट्रेड का मूल्य उस दिशा में न जाए, तो पूरा प्रीमियम खोने का जोखिम रहता है।
- **जटिलता :** ऑप्शन ट्रेडिंग की रणनीतियां समझने में कठिन हो सकती हैं और इसके लिए गहरी जानकारी की जरूरत होती है।
- **उच्च अस्थिरता :** ऑप्शन कीमतें बाजार में तेज उतार–चढ़ाव के कारण जल्दी बदल सकती हैं, जिससे अधिक जोखिम हो सकता है।
- **समय क्षय :** ऑप्शन का मूल्य समय के साथ घटता है, खासकर जब वे अपने एक्सपायरी डेट के करीब आते हैं।

# कोल इंडिया की अपनी चार पुरानी वॉशरी के मौद्रीकरण की तैयारी

**नई दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी कोल इंडिया लिमिटेड (सीआईएल) अपनी चार पुरानी वॉशरी को पट्टे पर देकर पैसे जुटाने के विकल्प तलाश रही है। इसके अलावा कोयला आपूर्ति के दीर्घकालिक समझौतों के साथ पट्टा अनुबंधों को जोड़ने की योजना भी है। सीआईएल के इस कदम का उद्देश्य अपनी संपत्तियों का अधिकतम लाभ उठाकर मौद्रिक क्षमता विकसित करना है।



कोल इंडिया ने कहा कि हम अपनी चार पुरानी वॉशरी के मौद्रीकरण की संभावनाएं तलाश रहे हैं। कोयले को वॉशरी में साफ किया जाता है और उसके बाद उसे बिजली संयंत्रों को भेजा जाता है। घरेलू कोयला उत्पादन में 80% से अधिक योगदान देने वाली यह कंपनी महानदी कोलफील्ड्स लिमिटेड (एमसीएल) में लखनपुर के इब वैली में एक गैर-कोकिंग कोयला वॉशरी स्थापित करके अपने पोर्टफोलियो में विविधता ला रही है।

# ब्याज दरें तय करते समय खाद्य कीमतों को बाहर रखने के पक्ष में नहीं राजन

नई दिल्ली, एजेंसी



- आरबीआई के पूर्व गवर्नर बोले- मुद्रास्फीति ऐसे समूह को लक्षित करे, जिसमें उपभोक्ता के उपभोग वाली चीजें हों

नीतिगत दर निर्धारण के समय खाद्य कीमतों को गणना से बाहर रखे जाने के सुझावों के बीच भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के पूर्व गवर्नर रघुराम राजन ने खाद्य कीमतों को मुख्य मुद्रास्फीति में जगह न दिए जाने से असहमति जताई। उन्होंने कहा है कि इससे केंद्रीय बैंक के प्रति लोगों का भरोसा कम होगा।

राजन ने कहा कि मुद्रास्फीति एक ऐसे समूह को लक्षित करे, जिसमें उपभोक्ता के उपभोग वाली चीजें हों। यह मुद्रास्फीति के बारे में उपभोक्ताओं की धारणा और अंततः मुद्रास्फीति की उम्मीदों को प्रभावित करता है। उन्होंने कहा कि जब मैं गवर्नर बना था, उस समय भी हम पीपीआई (उत्पादक मूल्य सूचकांक) को लक्षित कर रहे थे। लेकिन इसका एक औसत उपभोक्ता के समक्ष पेश होने वाली चुनौतियों से कोई लेना-देना नहीं होता है। राजन ने कहा कि ऐसे में जब आरबीआई कहता है कि मुद्रास्फीति कम है तो पीपीआई पर नजर डालें। अगर उपभोक्ता अलग तरह की चुनौतियों का सामना कर रहे हैं तो वे वास्तव में यह नहीं मानते कि मुद्रास्फीति कम है।




# बुमराह नंबर वन, यशस्वी और कोहली की छलांग

दुबई, एजेंसी

कानपुर टेस्ट में छह विकेट लेने वाले भारतीय तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह हमवतन रविचंद्रन अश्विन को पछाड़ते हुए टेस्ट रैंकिंग में नंबर वन गेंदबाज बन गए हैं। इसके अलावा बल्लेबाजी रैंकिंग में यशस्वी जयसवाल तीसरे पायदान और विराट कोहली छठें स्थान पर पहुंच गए हैं।

अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) की जारी ताजा रैंकिंग के अनुसार गेंदबाजी में बुमराह 870 अंकों के साथ पहले पायदान पर है। वहीं आर अश्विन 869 अंक के साथ दूसरे स्थान पर पहुंच गये है। यह दूसरी बार है जब बुमराह टेस्ट रैंकिंग में नंबर वन बने हैं। इससे पहले फरवरी में भी वह नंबर वन गेंदबाज बने थे और वह ऐसा करने वाले पहले भारतीय तेज गेंदबाज थे। कानपुर टेस्ट में दो अर्धशतकों के साथ प्लेयर ऑफ द मैच बनने वाले सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल अब बल्लेबाजो की टेस्ट रैंकिंग में तीसरे स्थान पर आ गए हैं, वहीं विराट कोहली ने शीर्ष 10 में वापसी करते हुए छठे स्थान पर पहुंच गये। कोहली ने कम स्कोरिंग वाले कानपुर टेस्ट में 47 और नाबाद 29 का स्कोर खड़ा किया था। न्यूजीलैंड के खिलाफ गाले में खेले गए दूसरे टेस्ट में नाबाद 182 रन बनाने वाले कामिंडु मेंडिस अब बल्लेबाजों की रैंकिंग में 11वें स्थान पर हैं, वहीं बांग्लादेश के मेहदी हसन मिराज अब टेस्ट क्रिकेट के शीर्ष पांच ऑलराउंडर्स में शुमार हो गए हैं।



### साउदी ने छोड़ी कप्तानी, लेथम की अगुवाई में भारत से भिड़ेगी न्यूजीलैंड की टीम

**नई दिल्ली।** श्रीलंका के खिलाफ न्यूजीलैंड को 2-0 से हार के बाद टिम साउदी ने टेस्ट की कप्तानी छोड़ दी है और भारत के खिलाफ 16 अक्टूबर से शुरु होने वाली श्रृंखला के लिए टॉम लेथम को टीम का कप्तान बनाया है। साउदी ने न्यूजीलैंड के लिए कुल 14 टेस्ट मैचों में कप्तान की है, जिसमें न्यूज़ीलैंड को छह में जीत और छह में हार का सामना करना पड़ा। 2022 में केन विलियमसन के कप्तानी छोड़ने के बाद साउदी को कप्तान बनाया गया था। हाल ही में श्रीलंका के गाले में न्यूजीलैंड को पारी की हार का सामना करना पड़ा था। यह न्यूजीलैंड की टेस्ट में लगातार चौथी हार थी। साउदी ने इस वर्ष पिछले आठ टेस्ट में मात्र 12 विकेट लिए। श्रीलंका में भले ही उन्होंने दोनों मैच खेले लेकिन भारत में संभव है कि परिस्थितियों के हिसाब से जरूरी टीम कॉम्बिनेशन को सुनिश्चित करने के लिए उन्हें मौका नहीं मिल पाए। लेथम ने इससे पहले 2020 से लेकर 2022 तक न्यूजीलैंड की कप्तानी कर चुके हैं। उनकी अगुवाई में न्यूजीलैंड ने नौ टेस्ट मैच खेले हैं।

# बाबर ने सीमित ओवरों की कप्तानी छोड़ी

लाहौर, एजेंसी

काम का दबाव कम करने और बल्लेबाजी पर ध्यान केंद्रित करने का हवाला देते हुए बाबर आजम ने एक वर्ष में दूसरी बार पाकिस्तान के सीमित ओवरों की कप्तानी से इस्तीफा दे दिया है।

बाबर ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर अपनी लंबी पोस्ट में बाबर ने लिखा कि मैं आप लोगों के साथ एक खबर साझा करने जा रहा हूं। मैंने पाकिस्तान की पुरुष क्रिकेट टीम से इस्तीफा देने का फैसला लिया है। मैंने पिछले महीने ही पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) को इस संबंध में सूचित कर दिया था। उन्होंने लिखा टीम का नेतृत्व करना मेरे लिए सम्मान की बात है, लेकिन अब समय आ गया है कि मैं पद छोड़ दूं और अपनी खेल भूमिका पर ध्यान केंद्रित करूं। कप्तानी एक अच्छा अनुभव रहा है, लेकिन इसने काम का बोझ भी बढ़ा दिया है। मैं अपने प्रदर्शन को प्राथमिकता देना चाहता हूँ, बल्लेबाजी का आनंद लेना चाहता हूँ और अपने परिवार के साथ गुणवत्तापूर्ण समय बिताना चाहता हूँ, जिससे मुझे खुशी मिलती है। उन्होंने कहा पद छोड़ने से मुझे आगे बढ़ने में स्पष्टता मिलेगी और मैं खेल और व्यक्तिगत विकास पर अधिक ऊर्जा केंद्रित कर पाऊँगा।

### अलग-अलग कप्तानों की नियुक्ति कर सकता है पीसीबी

**कराची।** व्यस्त अंतर्राष्ट्रीय कैलेंडर और सीमित ओवरों के कप्तान पर बढते दबाव के मद्देनजर पाकिस्तान में तीनों प्रारूपों के लिए अलग-अलग क्रिकेट कप्तानों की नियुक्ति की जा सकती है। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड बाबर आजम को वनडे टीम की कप्तानी देने वाला था लेकिन उन्होंने अपनी बल्लेबाजी पर फोकस करने के लिये बुधवार की रात कप्तानी से इस्तीफा दे दिय। भीतरी सूत्रों का मानना है कि सीमित ओवरों के मुख्य कोच गैरी कर्स्टन या चयन समिति के लिए अगला कप्तान चुनना आसान नहीं होगा। सूत्र ने कहा मुहम्मद रिजवान सीमित ओवरों के कप्तान हो सकते हैं। सूत्र ने कहा कि ऐसी संभावना है कि पीसीबी वनडे और टी-20 के लिए अलग कप्तान और टेस्ट के लिए अलग कप्तान चुने।

## खेल डायरी

### दिवांशी, मुकेश ने 25 मीटर पिस्टल स्पर्धा में जीते स्वर्ण

**लीमा।** भारतीय निशानेबाजों दिवांशी, मुकेश नेलवल्ली ने आईएसएसएफ जूनियर विश्व चैंपियनशिप शानदार प्रदर्शन करते हुए 25 मीटर पिस्टल स्पर्धा में दो स्वर्ण पदक जीते। पेरू की राजधानी लीमा में मंगलवार को दिवांशी ने महिलाओं की 25 मीटर पिस्टल स्पर्धा के फाइनल में वापसी करते हुए शानदार जीत दर्ज करते हुए स्वर्ण पदक अपने नाम किया ।अपने पहले 11 शॉट्स में से सात में चूकने के बावजूद 18 वर्षीय दिवांशी ने संभावित 50 में से 35 का स्कोर दर्ज करने के लिए वापसी की और इटली की क्रिस्टीना मैग्नानी को दो अंकों से पीछे छोड़ दिया। भारतीय निशानेबाज जबरदस्त प्रदर्शन का सामना करने से पहले दोनों निशानेबाज पांच शॉट की अंतिम सीरीज में 31 के स्कोर पर बराबरी पर थे। फ्रांस की हेलोइस फोरे ने 30 के स्कोर के साथ कांस्य पदक जीता। वहीं मुकेश नेलवल्ली ने हमवतन सूरज शर्मा को पीछे छोड़ते हुए पुरुष वर्ग का खिताब जीता।

### तुर्किये को हराकर भारतीय मिश्रित टीम क्वार्टरफाइनल में

**नई दिल्ली।** भारत ने ग्रुप ई के आखिरी मैच में तुर्किये को 110-99 से हराकर चीन में चल रही बीडब्ल्यूएफ विश्व जूनियर मिश्रित टीम बैडमिंटन चैम्पियनशिप के क्वार्टर फाइनल में जगह बना ली। बैडमिंटन विश्व महासंघ (बीडब्ल्यूएफ) ने पहली बार रिले स्कोरिंग प्रणाली का इस्तेमाल विश्व जूनियर मिश्रित टीम चैंपियनशिप में किया जिसमें विजेता टीम को मुकाबला जीतने के लिए दस मैचों में 110 अंक तक पहुंचना होता है। पिछले मैचों में पेरू, अजरबैजान और मॉरीशस को हरा चुके भारत के लिए तुषार सुवीर ने शुरूआत की लेकिन मेहमत कान तोरेमिस से 7-11 से हार गए। एन श्रीनिधि और यू रेशिका ने 22-18 से जीत दर्ज की। इसके बाद लड़कियों के एकल और युगल मुकाबलों में भारत ने बाजी मारी। अब भारत का सामना इंडोनेशिया से होगा।

### भारत की अंडर-19 टीम ने ऑस्ट्रेलिया को हराया

**चेन्नई।** निखिल कुमार के नाबाद अर्धशतक की मदद से भारत अंडर 19 टीम ने पहले अनधिकृत टेस्ट के तीसरे दिन ऑस्ट्रेलिया अंडर 19 टीम को दो विकेट से हराया। सातवें नंबर पर उतरे कुमार ने 71 गेंद में नाबाद 55 रन बनाए जिसकी मदद से भारत ने आखिरी घंटे में जीत दर्ज की। इससे पहले लेग स्पिनर मोहम्मद इनान ने 79 रन देकर छह विकेट चटकाए जिससे ऑस्ट्रेलिया अपनी दूसरी पारी में 214 रन ही बना सका। जीत के लिए 212 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए भारत के लिए नित्य पंड्या (86 गेंद में 51) और केपी कार्तिकेय (52 गेंद में 36) ने इसके बाद 71 रन की साझेदारी की। प्लेयर आफ द मैच कुमार को समर्थ नगराज ने आठवें विकेट के लिये मैच जिताने वाली 47 रन की साझेदारी की।

# अल्काराज ने जीता चीन ओपन

## आर्यना सबालेंका ने मैडिसन कीज को हराया, क्वार्टरफाइनल में कैरोलिना से होगा मुकाबला



बीजिंग, एजेंसी

स्पेन के कार्लोस अल्काराज ने लगातार सात अंक जुटाकर निर्णायक टाइब्रेकर में शीर्ष वरीयता प्राप्त यानिक सिनेर को 6-7, 6-4, 7-6 से हराकर चीन ओपन खिताब जीत लिया। तीसरी वरीयता प्राप्त अल्काराज ने गत चैंपियन सिनेर के खिलाफ इस साल तीनों मुकाबले जीते हैं। इसके साथ ही उन्होंने इस इतालवी प्रतिद्वंद्वी के 14 मैचों के विजय अभियान पर भी रोक लगा दी।

सिनेर के लिए फोकस कर पाना थोड़ा मुश्किल था क्योंकि शनिवार को ही विश्व डोपिंग निरोधक एजेंसी (वाडा) ने कहा है कि वह डोपिंग के मामले में उन्हें क्लीन चिट दिये जाने के फैसले के खिलाफ अपील करेगी। वाडा ने उन पर एक या दो साल का प्रतिबंध लगाने की मांग की है। सिनेर को मार्च में दो बार प्रतिबंधित पदार्थ के सेवन का दोषी पाया गया था लेकिन एक स्वतंत्र ट्रिब्यूनल ने उन्हें अगस्त में क्लीन चिट दे दी थी।



बीजिंग के नेशनल टेनिस सेंटर में चाइना ओपन के महिला एकल में अमेरिका की मैडिसन कीज के खिलाफ जीत के बाद प्रशंसकों के साथ सेल्फी लेती बेलारूस की आर्यना सबालेंका। ● एजेंसी

महिलाओं की विश्व रैंकिंग में दूसरे स्थान पर काबिज बेलारूस की आर्यना सबालेंका ने बुधवार को यहां मैडिसन कीज को सीधे सेट में 6-4, 6-3 से हराकर चीन ओपन टेनिस टूर्नामेंट के क्वार्टरफाइनल में प्रवेश करने के साथ ही अपने करियर की सर्वश्रेष्ठ 15 लगातार जीत की बराबरी की।

तीन बार की ग्रैंडस्लैम विजेता सबालेंका ने अगस्त में सिनसिनाटी ओपन टूर्नामेंट जीतकर इस सिलसिले की शुरुआत की थी और उन्होंने पिछले महीने अमेरिकी ओपन का खिताब हासिल कर इस विजय अभियान को जारी रखा। उन्होंने इस साल की शुरुआत में ऑस्ट्रेलियाई ओपन भी जीता था। इससे पहले सबालेंका ने 2020-21 के सत्र में लगातार 15 मैच जीते थे। 26 वर्षीय सबालेंका अब क्वार्टरफाइनल में चेक गणरज्य की कैरोलिना मुचोवा से भिड़ेंगी, जिन्होंने स्पेन की क्रिस्टीना बुक्सा को 6-2, 6-0 से हराया।

# सुमित शंघाई मास्टर्स के पहले दौर में बाहर

**शंघाई।** भारतीय टेनिस स्टार सुमित नागल का खराब प्रदर्शन शंघाई मास्टर्स टेनिस टूर्नामेंट में भी जारी रहा जहां उन्हें बुधवार को यहां पहले दौर में ही सीधे सेटों में हार का सामना करना पड़ा।

यह 27 वर्षीय भारतीय खिलाड़ी चीन के वू यिबिंग के सामने खास चुनौती पेश नहीं कर पाया और 6-3, 6-3 से हारने के कारण उनका अभियान पहले दौर में ही समाप्त हो गया। नागल अगस्त में अमेरिकी ओपन के पुरुष एकल में पहले दौर में नीदरलैंड के टालोन ग्रिक्सपुर से हारकर बाहर हो गए थे। अमेरिकी ओपन के बाद वह पहली बार किसी टूर्नामेंट में भाग ले रहे थे। नागल हाल में स्वीडन के खिलाफ डेविस कप मुकाबले में नहीं खेले थे जिसके कारण अखिल भारतीय टेनिस संघ (एआईटीए) के साथ उनका विवाद हो गया था। नागल पिछले कुछ समय से पीठ की चोट से जूझ रहे हैं।

- **मोनफिल्स ने दामिर को हराकर दूसरे दौर में किया प्रवेश**

दूसरी ओर शंघाई मास्टर्स टूर्नामेंट में फ्रांस के अनुभवी खिलाड़ी गेल मोनफिल्स ने दामिर दजुमहुर को 6-4, 6-3 से पराजित करके दूसरे दौर में प्रवेश किया। 38 वर्षीय मोनफिल्स अगले दौर में अर्जेंटीना के सेबेस्टियन बाएज का सामना करेंगे। इसके अलावा आर्थर रिंडरकनेच ने अमेरिका के रीली ओपेल्का को 6-4, 7-6 (5) से तो नीदरलैंड्स के बोटिक वॉन डे जैंड्सचुल्प ने पाब्लो कैरेनो बुस्टा को 7-6 (5), 6-2 से हराया। एलेक्जेंडर मुलर ने भी एक सेट से पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए इटली के लुका नार्डी को 4-6, 6-1, 6-1 से शिकस्त दी।

# पाकिस्तान से 6 को भिड़ेगी टीम इंडिया

- **महिला टी-20 विश्वकप में का कार्यक्रम हुआ जारी, दो ग्रुपों में भाग लेंगे 10 टीमें**

दुबई, एजेंसी

संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) में गुरुवार से शुरू हो रहे आईसीसी महिला टी-20 विश्वकप के नौवें संस्करण में होने वाले भारतीय टीम के मुकाबलों का कार्यक्रम जारी किया है। भारत का अभियान शुक्रवार को न्यूजीलैंड के खिलाफ मुकाबले से शुरू होगा। यह मैच दुबई इंटरनेशनल स्टेडियम में होगा।

वहीं भारत बनाम पाकिस्तान मैच रविवार छह अक्टूबर को खेला जाएगा। इस टूर्नामेंट में दुनिया की शीर्ष 10 टीमें दो समूहों में तीन से 20 अक्टूबर तक खिताब के हासिल करने के लिए स्पर्धा करेंगी। सभी टीमें राउंड-रॉबिन प्रारूप में ग्रुप स्टेज मुकाबले खेलने के बाद, प्रत्येक ग्रुप से शीर्ष दो टीमें सेमीफाइनल में पहुंचेंगी। भारत, ऑस्ट्रेलिया, प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान, न्यूजीलैंड और श्रीलंका के साथ ग्रुप ए में है। ग्रुप बी में द. अफ्रीका, इंग्लैंड, वेस्टइंडीज, बांग्लादेश और स्कॉटलैंड है।

**महिला टी-20 विश्वकप में भारतीय टीम के मैच**

| तिथि | मैच | समय | चरण | स्थान |
|---|---|---|---|---|
| 4 अक्टूबर | भारत बनाम न्यूजीलैंड | शाम 7 :30 | ग्रुप ए | दुबई |
| 6 | भारत बनाम पाकिस्तान | दोपहर 3 :30 | ग्रुप ए | दुबई |
| 9 | भारत बनाम श्रीलंका | शाम 7 :30 | ग्रुप ए | दुबई |
| 13 | भारत बनाम ऑस्ट्रेलिया | शाम 7 :30 | ग्रुप ए | शारजाह |
| 17 | क्वालीफाई करने पर | शाम 7 :30 | सेमीफाइनल 1 | दुबई |
| 18 | क्वालीफाई करने पर | शाम 7 :30 | सेमीफाइनल 2 | शारजाह |
| 20 | क्वालीफाई करने पर | शाम 7 :30 | फाइनल | दुबई |

### एसए20 नीलामी में सबसे महंगे बिके रीजा

**जोहानिसबर्ग।** दक्षिण अफ्रीका के सलामी बल्लेबाज रीजा हेंडरिक्स एसए 20 लीग के 2025 सत्र से पहले हुई नीलामी में सबसे महंगे बिके जिन्हें एमआई केपटाउन ने 43 लाख रैंड (करीब दो करोड़ सात लाख रूपये) में खरीदा । हेंडरिक्स को नीलामी से पहले जोबर्ग सुपर किंग्स ने फारिग कर दिया था लेकिन उन्होंने यूएई में आयरलैंड के खिलाफ लगातार दो अर्धशतक जमाए। आयोजकों द्वारा जारी विज्ञप्ति के अनुसार सुपर किंग्स ने श्रीलंका के गेंदबाज मथीषा पथिराना को अपना वाइल्ड कार्ड खिलाड़ी चुना है। उन्होंने आईपीएल में चेन्नई सुपर किंग्स के लिये अच्छा प्रदर्शन किया है लेकिन एसए 20 में पहली बार खेलेंगे।

# सरफराज के नाबाद दोहरे शतक से मुंबई मजबूत

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** ईरानी ट्राफी मैच के दूसरे दिन मुंबई के धाकड़ बल्लेबाज सरफराज का बल्ला झूम कर चला। 276 गेंदों पर 25 चौके और चार छक्कों की सहायता से 221 रन की नाबाद पारी खेलकर सरफराज ने बता दिया कि टीम इंडिया में उनका चयन अनायास नहीं है। शेष भारत के खिलाफ मुंबई ने खेल खत्म होने तक नौ विकेट खोकर 536 रन बना लिए थे। आजमगढ़ के मूल निवासी सरफराज ने आज की एक अंतहीन पारी में अपनी पूरी लय में दिखायी दिये। उन्होने प्रथम श्रेणी क्रिकेट करियर का अपना 14वां शतक शान के साथ पूरा किया।



जश्न मनाते सरफराज खान। ● अमृत विचार

**ईरानी ट्राफी**

- **मैच के दूसरे दिन मुंबई ने 9 विकेट पर 536 रन बनाए**
- **मुंबई के कप्तान अजिंक्य रहाणे शतक से चूके मुकेश कुमार ने 4 विकेट लिए**

लखनऊ के अटल बिहारी बाजपेयी इकाना स्टेडियम में बुधवार को मैच के पहले दिन मुंबई ने कल अर्थात मंगलवार को चार विकेट खोकर 237 रन बनाए थे। मैच के दूसरे दिन 270 रन के योग पर मुंबई का पांचवां विकेट गिरा। कप्तान अजिंक्य रहाणे उस समय आउट हो गए जब वह अपने शतक से मात्र 3 रन दूर थे। यश दयाल की गेंद पर वह विकेटकीपर ध्रुव चंद्र जुरैल को आसान कैच दे बैठे। रहाणे ने 234 गेंद का सामना करते हुए सात चौके और एक छक्के की बदौलत 97 रनों की पारी खेली। तनुश कोटियान ने 124 गेंदों पर छह चौकों की मदद से 64 रन की अर्धशतकीय पारी खेली। निचले क्रम पर शार्दुल ठाकुर ने 59 गेंदों पर चार चौके और एक छक्के की मदद से 36 रन बनाए। शेष भारत की ओर से मुकेश कुमार ने 109 रन देकर चार विकेट लिए। जबकि यश दयाल और प्रसिद्ध कृष्णा दो-दो विकेट मिले।

## बॉलीवुड हलचल



### थलापति 69 में विजय के साथ काम करेंगी पूजा

**मुंबई।** जानीमानी अभिनेत्री पूजा हेगड़े, फिल्म थलापति 69 में दक्षिण भारतीय स्टार थलापति विजय के साथ काम करती नजर आएंगी। केवीएन प्रोडक्शंस ने इस बात की जानकारी दी है कि पूजा हेगड़े, अखिल भारतीय मैग्नम ओपस थलापति 69 में मुख्य अभिनेत्री होंगी। यह बहुप्रतीक्षित पैन इंडिया फिल्म थलापति विजय की अंतिम फिल्म हो सकती है। थलापति विजय और पूजा हेगड़े फिल्म बीस्ट में अपने पिछले सहयोग के बाद दूसरी बार फिर से साथ आ रहे हैं। फिल्म का गाना अरेबिक कुथु एक चार्टबस्टर बन गया और पूरे देश में बेहद लोकप्रिय हुआ। इस जोड़ी के साथ वापस आने से थलापति 69 को लेकर उत्साह और भी बढ़ गया है। केवीएन प्रोडक्शंस ने अपने इंस्टाग्राम हैंडल के माध्यम से आधिकारिक तौर पर घोषणा करते हुए कहा, शानदार जोड़ी को एक बार फिर बड़े पर्दे पर वापस ला रहे हैं। हम जानते हैं कि आप पहले ही इसे समझ चुके हैं, लेकिन आधिकारिक तौर पर पूजा हेगड़ेका स्वागत है।

### वेब सीरीज गांधी का संगीत तैयार करेंगे ए.आर. रहमान

**मुंबई।** ग्रैमी पुरस्कार विजेता, दिग्गज संगीतकार ए.आर. रहमान बहुप्रतीक्षित वेब सीरीज गांधी का संगीत तैयार करेंगे। गांधी जयंती के अवसर पर, भारत के अग्रणी कंटेंट स्टूडियो में से एक अप्लॉज एंटरटेनमेंट यह घोषणा करते हुए बेहद उत्साहित हैं कि ग्रैमी पुरस्कार विजेता, संगीत के दिग्गज ए.आर. रहमान उनकी बहुप्रतीक्षित वेब सीरीज, गांधी के लिए संगीत तैयार करने के लिए ऑनबोर्ड पर आए हैं। वेबसीरीज गांधी का निर्देशन हंसल मेहता करेंगे। अप्लॉज एंटरटेनमेंट के प्रबंध निदेशक समीर नायर ने कहा गांधी सिर्फ एक सीरीज नहीं है, यह मानवीय भावना के विजय पर एक वैश्विक कथा है। ए.आर. रहमान का संगीत इस प्रतिष्ठित कहानी को दुनिया भर के दर्शकों के साथ गुंजायमान करने के लिए एक भावपूर्ण आयाम प्रदान करेगी। रहमान के स्कोर के साथ, मेरा मानना है कि हम वास्तव में कुछ खास बना रहे हैं, एक ऐसी शृंखला जो मनोरंजन भी करती है और प्रेरित भी करती है। ए.आर. रहमान ने कहा, गांधीजी के युवा जीवन को देखना एक रेवलेशन है, सत्य, जीवन और कई अन्य चीजों के साथ उनका एक्सपेरिमेंट उनके किरदार के विकास को दर्शाता है। मैं अप्लॉज एंटरटेनमेंट के सहयोग से और हंसल मेहता के स्पष्ट निर्देशन में इस कहानी के लिए संगीत देने के लिए बेहद सम्मानित महसूस कर रहा हूं। हंसल मेहता ने कहा, गांधी एक ऐसी कहानी है,जो पीढ़ियों को प्रेरित करती रहती है। ए.आर. रहमान का इस यात्रा में हमारे साथ शामिल होना वास्तव में एक सपने के सच होने जैसा है। उनके संगीत में कहानी कहने की कला को ऊंचा उठाने की अनूठी क्षमता है। गांधी के जीवन की भावनात्मक और आध्यात्मिक बारीकियों को सामने लाने के लिए उनसे बेहतर और कोई नहीं है।

### मिथ्या सीजन 2 में नजर आएंगे नवीन कस्तूरिया

**मुंबई।** अभिनेता नवीन कस्तूरिया मिथ्या के दूसरे सीजन में काम करते नजर आएंगे। नवीन कस्तूरिया ने टीवीएफ पिचर्स और एस्पिरेंट्स में अपनी भूमिकाओं से दर्शकों का दिल जीता है। मिथ्या की टीम में शामिल होने को लेकर उत्साहित नवीन ने कहा, मैं मिथ्या सीजन 2 का हिस्सा बनकर रोमांचित हूं, जहां मैं एक महत्वाकांक्षी लेखक की भूमिका निभाऊंगा। यह एक ऐसी भूमिका है जो कई मायनों में मेरी अपनी यात्रा से मेल खाती है। जब मैं पहली बार जब मुंबई आया, तो मैंने सोचा कि लेखन से ही फिल्म उद्योग में मेरा प्रवेश होगा। मेरा मानना है कि पढ़ने और कहानी कहने का जुनून मुझे अपने प्रदर्शन को समृद्ध करने में मदद करता है, जिससे मैं चरित्र के साथ गहराई से जुड़ पाता हूं। गौरतलब है कि मिथ्या का पहला सीजन वर्ष 2022 में आया था। इसमें हुमा कुरेशी, अवंतिका दासानी, रजित कपूर और परमब्रत चटर्जी सहित अन्य कलकारों ने अभिनय किया था। रोहन सिप्पी द्वारा निर्देशित यह रहस्य नाटक एक हिंदी प्रोफेसर जूही अधिकारी के इर्द-गिर्द घूमती है, जो एक छात्रा यानी रिया पर साहित्यिक चोरी का आरोप लगाती है, लेकिन रहस्य और झूठ के जाल में फंस जाती है। जूही यानी हुमा एक प्रतिष्ठित लेखिका की बेटी रहती हैं और यह साबित करने की कोशिश करती है कि रिया की उपलब्धियों का उनकी प्रतिभा से कोई लेना-देना नहीं है।

# चैंपियंस लीग : डॉर्टमुंड की 7-1 से बड़ी जीत



‹‹ नीदरलैंड के आइंडहोवन फिलिप्स स्टेडियम में पीएसवी आइंडहोवन और स्पोर्टिंग सीपी के बीच चैंपियंस लीग के शुरुआती चरण के फुटबॉल मैच के दौरान बाएं हाथ के हिडेमासा मोरीटा ने पीएसवी गुस टिल्ड के साथ गेंद के लिए की प्रतिस्पर्धा।

लंदन, एजेंसी

- **बार्सिलोना, मैनचेस्टर सिटी और आर्सेनल भी जीते**

करीम अडेमी के पहले हाफ में की गई हैट्रिक के दम पर बोरुसिया डॉर्टमुंड ने सेल्टिक को घरेलू मैदान पर 7-1 के बड़े अंतर से हराया, जबकि बार्सिलोना और मैनचेस्टर सिटी ने भी यूएफा चैंपियंस लीग फुटबॉल प्रतियोगिता में अपनी पहली जीत दर्ज की।

डॉर्टमुंड की जीत इस प्रतियोगिता में जर्मनी की किसी टीम की दूसरी बड़ी जीत है। इससे पहले में बायर्न म्यूनिख ने दिनामो जाग्रेब को 9-2 से शिकस्त दी थी। बार्सिलोना के लिये रॉबर्ट लेवांडोव्स्की ने दो गोल दागे जिससे टीम ने यंग बॉयज पर 5-0 से आसान जीत हासिल की। मैनचेस्टर सिटी ने स्लोवन ब्रातिस्लावा को 4-0 से पराजित किया। मैनचेस्टर सिटी को अपने शुरुआती मैच में इंटर मिलान से 0-0 से ड्रॉ से संतोष करना पड़ा था तो बार्सिलोना को मोनाको से 2-1 से हार मिली थी। अन्य मुकाबलों में आर्सेनल ने पेरिस सेंट जर्मेन को 2-0 से पराजित किया। इंटर मिलान ने रेड स्टार बेलग्रेड को 4-0 से और टूर्नामेंट में पदार्पण करने वाले ब्रेस्ट ने भी साल्जबर्ग को इतने ही स्कोर से हराया। इसके अलावा बेयर लीवरकुसेन ने जर्मनी में एसी मिलान को 1-0 से हराया जबकि स्पोर्टिंग लिस्बन ने पीएसवी आइंडहोवन को और प्राग ने स्टटगार्ट को 1-1 की बराबरी पर रोका।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शंभू दयाल वाजपेयी द्वारा प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर,इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित एवं 14/76-एल सिविल लाइन्स, कानपुर नगर 208001 (उ.प्र.) से प्रकाशित। संपादक-**शंभू दयाल वाजपेयी**, कार्यकारी संपादक- दिग्विजय सिंह* 0512-2548300 (कार्यालय), ईमेल- amritvicharkanpur@gmail.com, आर.एन.आई नं0-UPHIN/2022/85730 *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी।(नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र कानपुर होगा)।

